Website- edristi.in

नवत्रा

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

वर्ष - 3 >>> अंक - 9 >>> मार्च, 2020

NAMASTE नमस्ते

TRUMP

दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम, 2020

प्रथम पृष्ठ

ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेन्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेन्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए।

दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं

करेन्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों। माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा।ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं। आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हुए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं।हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है।आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (फरवरी,2020) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं।ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

Table of Contents

राष्ट्रीय परिदृश्य 11

अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा 11

जम्मू -कश्मीर में पहला वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 12

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अधिकार प्राप्त 'प्रौद्योगिकी समूह' का गठन 12

मोंगला बंदरगाह की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव 14

सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने हेतु उच्चतम न्यायालय की मुहर 14

रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान का नाम परिवर्तित 15

पीएमएफबीवाई और आरडब्ल्यूबीसीआईएस को नया रूप देने को मंजूरी 16

नवाचार डेमो डे शृंखला की शुरुआत 17

NCRB की रिपोर्ट 18

सड़क सुरक्षा पर तीसरा वैश्विक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन, 2020 19

बायोएशिया शिखर सम्मेलन, 2020 19

स्कूल स्वास्थ्य राजदूत पहल (School Health Ambassador Initiative) 20

जलवायु परिवर्तन, महासागर स्वास्थ्य पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, (Clim Fish Con-2020), ... 21

भारत में तेंदुए की आबादी में कमी 21

उत्तर प्रदेश बजट, 2020-21 22

समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन लागू करने वाला देश का पहला राज्य 26

दिल्ली विधानसभा चुनाव-2020 26

पहला भारत-अफ्रीका रक्षा मंत्री कॉन्क्लेव, 2020 27

23वां राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन, 2020 27

समुद्री सुरक्षा सहयोग पर चौथा पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, 2020 28

केंद्र सरकार द्वारा नई रामसर साइट अधिसूचित 29

822 खिलाड़ियों का बीमा कराने वाला देश का पहला राज्य 29

भारत-रूस गंगा-वोल्गा सभ्यताओं का संवाद, 2020 30

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा चिकित्सा गर्भपात (संशोधन) विधेयक, 2020 मंजूर 31

भारत में अफ्रीकी चीता को बसाने की अनुमति 31

'वाक थ्रू' एवियरी का उद्घाटन 32

राज्य विधान परिषद भंग करने का प्रस्ताव 33

केंद्रीय बजट-2020-21 34

आर्थिक समीक्षा 2019-20 40

ब्राजील के राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा 42

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य 44

ब्रिटेन की नई अंक आधारित वीजा प्रणाली 44

भूटान द्वारा भारतीय पर्यटकों के आगमन पर शुल्क 44
प्राइस वॉटरहाउस कूपर्स (PwC) सीईओ सर्वे 45
जी-20 देशों के वित्त मंत्री एवं केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक, 2020 46
द टाइम्स हायर एजुकेशन इमर्जिंग इकोनामीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2020 46
33वां अफ्रीकन यूनियन शिखर सम्मेलन, 2020 47
ब्राजील में 'यारावायरस' 48
वन ट्रिलियन ट्रीज इनिशिएटिव 48
UMAS और एनर्जी ट्रांजिशन्स कमीशन का अध्ययन 49
वर्ल्ड एम्पलॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक : ट्रेंडर्स, 2020 50
मालदीव पुनः राष्ट्रमंडल का 54वां सदस्य बना 51
G-77 की अध्यक्षता गुयाना को हस्तांतरित 51
अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक, 2020 52
वर्ष 2019 का ऑक्सफोर्ड हिंदी शब्द 53
आर्थिक परिदृश्य 54
सेबी : निवेश सलाहकारों के पात्रता नियमों में संशोधन 54
RBI का लेखा वर्ष 55
टॉप 500 बैंकिग ब्रांड्स, 2020 55
अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि (USTR) की सूची में भारत का विलोपन 56
ग्रीनविच एसोसिएट्स एलएलसी का अधिग्रहण 57
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड का अधिग्रहण 57
नीपको का अधिग्रहण 58
कैश इज किंग, बट डिजिटल इज डिवाइन 58
यूरो-6 (बीएस-6) 59
नेल्को द्वारा उड़ान के दौरान ब्रॉडबैंड सेवाएं देने हेतु साझेदारी 60
बैबको होल्डिंग्स इंक 60
GSTN: आईटी प्रणाली में सुधार के लिए पैनल का गठन 61
ICICI बैंक की 'iBox' सुविधा 61
क्रूड (कच्चा) इस्पात उत्पादन, 2019 62
रिलायंस जियो की UPI पेमेंट सेवा लांच 62
रीटेल पेमेंट सिस्टम पर केंद्रित न्यू अम्ब्रेला एंटाइटी 63
वैश्विक यातायात सूचकांक 63
भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार 64
भारत में लिथियम के भंडार की खोज 65
नागपुर ऑरेंज की पहली खेप दुबई के लिए रवाना 65
ONGC सबसे अधिक लाभदायक कंपनी : DPE सर्वेक्षण 66

एनकोरोना वायरस के प्रसार पर अंकुश हेतु एशियाई विकास बैंक द्वारा नई निधि की मंजूरी 67
कृषि निर्यात हेतु पहला जागरूकता कार्यक्रम 67
राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर-रोलिंग स्टाक : RFID टैग संयोजन 68
रत्न और आभूषण क्षेत्र हेतु सीएफसी की स्थापना 68
संयुक्त अरब अमीरात में प्राकृतिक गैस का विशाल भंडार 69
ऑनलाइन लॉटरी योजनाओं की ब्रिकी पर प्रतिबंध 70
महाराष्ट्र में नए बंदरगाह की स्थापना 70
एलायंस एयर के विभाजन को मंजूरी 71
मध्य प्रदेश हाइब्रिड नवकरणीय ऊर्जा एवं एनर्जी स्टोरेज नीति 71
छठवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति, 2019-20 72
हिन्दुस्तान फ्लोरोकार्बन्स लिमिटेड 73
औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 74
भुगतान एवं फिनटेक कंपनी 'पेयू' द्वारा 'पेसेंस' का अधिग्रहण 74
बीमाकृत बैंकों में जमाकर्ताओं के लिए बीमा कवरेज बढ़ा 75
पंजाब राज्य कृषि विकास बैंक हेतु ऋण स्वीकृत 76
वोडाफोन m-pesa : RBI द्वारा CoA (आवंटित अधिकार प्रमाणपत्र) का रद्दीकरण 76
टीवी विज्ञापनों के मानदंड : ASCI के नये कोड 77
CEO पे रेशियो, 2019 77
संचार क्षेत्र : मोबाइल के प्रीपेड प्लान के साथ जीवन बीमा की पेशकश 78
वैज्ञानिक परिदृश्य 79
रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी 79
सौर संचालित मानव रहित विमान PHASA-35 79
इसरो द्वारा निगरानी उपग्रहों की लॉन्चिग योजना 79
भारत रूस रक्षा सौदा 80
राड-500 81
घोंघे की नई प्रजाति 81
एक्सएमएम-2599 (XMM-2599) 82
मेडिकल डिवाइसों को औषधि का दर्जा 83
नवजात ग्रह 2MASS1155-7919b 83
कार्बन डिस्क्लोजर प्रोजेक्ट इंडिया एनुअल रिपोर्ट-2019 84
भारत में विदेशी स्वामित्व वाले उपग्रहों का निर्माण 85
'साइंस एंड एप्लायड रिसर्च एलायंस एंड स्पोर्ट' केंद्र 86
दिसंबर, 2020 तक भारतीय नौसेना को तीसरी स्कॉर्पीन पनडुब्बी प्राप्त होगी 87
परमाणु क्षमता संपन्न क्रूज मिसाइल राड-2 का सफल परीक्षण 88
'साथी' (SATHI) पहल 88

युवा विज्ञानी कार्यक्रम (युविका), 2020 का दूसरा संस्करण 89
स्पिट्जर स्पेस टेलीस्कोप सेवामुक्त 90
कम लागत वाले प्रक्षेपण यान का निर्माण 90
तेल आधारित ड्रग डिलिवरी द्वारा कवक जनित रोगों की चिकित्सा 91
ब्रह्मोस मिसाइल एवं सुखोई-30 एम.के.आई लड़ाकू विमान 92
क्लासिकल स्वाइन फीवर से बचाव हेतु टीका विकसित 92
हाइड्रोजन ईंधन के उत्पादन हेतु IIT मद्रास की इको फ्रेंडली प्रौद्योगिकी 93
डब्ल्यूएचओ ने कोरोना वायरस से हुई बीमारी को नया नाम दिया 93
एकीकृत वायु रक्षा शस्त्र प्रणाली 94
संयुक्त सैन्य अभ्यास सम्प्रीति (SAMPRITI)-2020 94
खेल परिदृश्य 95
टेनिस 95
बंगलुरू ओपन, 2020 95
W25 नोनथाबुरी टेनिस टूर्नामेंट, 2020 95
क्रिकेट 96
अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भारतीय क्रिकेटर का संन्यास 96
भारतीय क्रिकेट टीम का न्यूजीलैंड दौरा, 2020 96
आईसीसी महिला चैंपियनशिप, 2017-20 97
अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप, 2020 98
IPL फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू ने बदला नाम 98
अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूनतम टीम स्कोर की बराबरी 99
भारत-ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड महिला त्रिकोणीय शृंखला, 2020 99
टेस्ट क्रिकेट में 5 लाख रन बनाने वाली पहली टीम 100
हॉकी 100
जूनियर पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप, 2021 का आयोजन 100
एफआईएच हॉकी स्टार अवॉर्ड्स, 2019 101
54वां अखिल भारतीय बॉम्बे गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट, 2020 102
फुटबॉल 102
एएफसी चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण के लिए अर्हता प्राप्त करने वाला पहला भारतीय फुटबॉल क्लब 102
अंडर-17 महिला विश्वकप फुटबॉल टूर्नामेंट, 2020 103
एएफसी महिला एशिया कप, 2022 104
शतरंज 104
34वां कांस ओपन चेस टूर्नामेंट, 2020 104
केर्न्स कप, 2020 105
बैडमिंटन 105

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप, 2020 105
प्रीमियर बैडमिंटन लीग, 2020 106
मुक्केबाजी 106
64वीं बोक्सकाई ईस्तवान मेमोरियल इंटरनेशनल मुक्केबाजी टूर्नामेंट, 2020 106
गोल्डेन गर्ल चैंपियनशिप, 2020 107
बिलियडर्स/स्नूकर/स्क्वैश 108
सीनियर नेशनल बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप, 2020 108
टेबल टेनिस 109
हंगेरियन ओपन, 2020 109
81वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतरराज्यीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप, 2020 109
खेल विविध 110
चेन्नई एनटीटी एएसटीसी ट्रायथलन एशिया कप, 2020 110
भारत का पहला ग्रीन-रेटेड क्रिकेट स्टेडियम 111
ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को 6 करोड़ रुपये देने की घोषणा 112
आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कोलकाता फुल मैराथन, 2020 112
पोल वॉल्ट में नया विश्व रिकॉर्ड 113
7 शहरों में हाई परफारमेंस केंद्र बनाने की घोषणा 113
रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज टी 20 टूर्नामेंट का मुख्य प्रायोजक 114
सिक्स डे बर्लिन, 2020 115
चर्चित स्थल 116
केवडिया 116
छत्तीसगढ़ राज्य के 28वें जिले का गठन 116
कावेरी डेल्टा क्षेत्रः संरक्षित कृषि क्षेत्र की घोषणा 117
सलेम (तमिलनाडु) में एससीएफ क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन 118
हरियाणा में साइंस सिटी की स्थापना 118
ओडिशा का पहला आभासी पुलिस स्टेशन 119
'लाल डोरा' से मुक्त देश का पहला गांव 119
कदियाम 120
देश का पहला पशु युद्ध स्मारक 120
उत्तर प्रदेश का पहला गौअभयारण्य 121
विश्व का सबसे बड़ा ध्यान केंद्र 121
झरिया 122
पुरस्कार/सम्मान 123
दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड, 2020 123
लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स, 2020 123

डैन डेविड प्राइज, 2020 124
ईएसपीए क्रिकइंफो अवॉर्ड्स, 2019 125
65वां फिल्मफेयर अवॉर्ड, 2020 126
लेप्रोसी के लिए अंतरराष्ट्रीय गांधी पुरस्कार 127
तटरक्षक पदक, 2020 127
92वां ऑस्कर पुरस्कार, 2020 128
राष्ट्रीय कालिदास सम्मान, 2017 एवं 2018 129
25वां देवीशंकर अवस्थी स्मृति सम्मान, 2020 130
ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2020 130
टायलर पुरस्कार, 2020 131
पद्म पुरस्कार, 2020 132
प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पुरस्कार, 2020 134
कृषि कर्मण पुरस्कार-2017-18 135
योजना/परियोजना 137
20-20 सिस्टर सिटीज 137
श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्रामीण मिशन का चौथा वार्षिक समारोह 138
जयललिता की जयंती (बालिका संरक्षण दिवस के रूप में) 138
बेजोस अर्थ फंड 139
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-द्वितीय 140
आस्कदिशा (ASKDISHA) चैटबॉट 141
कोलकाता में ईस्ट वेस्ट मेट्रो रेल कॉरिडोर के पहले चरण का उद्घाटन 141
पठन मिशन (Reading Mission) की शुरुवात 142
युवाओं के लिए इंटर्नशिप योजना 142
उड़ान के तहत उत्तराखंड में पहली हेलीकॉप्टर सेवा 143
उझ बहु-उद्देशीय (राष्ट्रीय) परियोजना 143
वाईएसआर पेंशन कनुका योजना 144
मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना 145
आयोग/समिति 145
कृषि निर्यात पर उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह का गठन 145
15वें वित्त आयोग द्वारा रक्षा और आंतरिक सुरक्षा पर समूह का गठन 146
बीसीसीआई की 3 सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति 146
ऑपरेशन/अभियान 147
'प्यार का पौधा' अभियान 147
दूसरा बिम्सटेक आपदा प्रबंधन अभ्यास, 2020 148
अजेय वारियर-2020 148

ऑपरेशन वनीला 149
सम्मेलन/समारोह 149
अखिल भारतीय जनजातीय कामगार सम्मेलन 149
पहला भारत-बांग्ला पर्यटन उत्सव, 2020 150
अंतरराष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन, 2020 150
वन्य जीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर 13वां सीओपी सम्मेलन, 2020 151
नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए बिम्सटेक देशों का सम्मेलन, 2020 151
मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस, 2020 152
'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान 152
नेशनल आर्गेनिक फूड फेस्टिवल, 202 153
पहली बार हॉर्नबिल महोत्सव का आयोजन 153
5वीं भारत-रूस रक्षा उद्योग बैठक 154
राष्ट्रीय जल सम्मेलन, 2020 154
9वां अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव, 2020 155
विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन, 2020 155
12वां दक्षिण एशिया सम्मेलन, 2020 156
कलाम सम्मेलन-2020 156
संधि/समझौता 157
NTPC एवं RSDCL के मध्य समझौता 157
ओडिशा : स्टार्टअप्स के उन्नयन हेतु MSME एवं HDFC बैंक में समझौता 157
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के साथ समझौता 158
ट्विटर द्वारा क्रोमा लैब्स का अधिग्रहण 158
ईईएसएल-बीएसएनएल में समझौता 159
भारत-म्यांमार में समझौता 160
भारत-श्रीलंका में समझौता 160
भारत-पुर्तगाल में समझौता 161
आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय-टेली एजूकेशन में समझौता 162
भारत-आइसलैंड में समझौता 162
किसानों के सहायतार्थ राज्य सरकार एवं 11 कृषि संस्थानों के मध्य समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर 163
एचईएमआरएल और रोसबोरोनएक्सपोर्ट में समझौता 163
आईओसीएल और रोजनेफ्त में समझौता 164
मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में दक्षता बढ़ाने हेतु समझौता 165
ब्रू-रियांग समझौता 165
एपीडा (APEDA) और CSIR-CFTRI के मध्य समझौता 166
विधि/न्याय 167

प्रदर्शन विनियमन अधिनियम को लागू किया जाना 167
सहायक प्रजनन तकनीक नियमन विधेयक, 2020 167
केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 22वें भारतीय विधि आयोग के गठन को मंजूरी 169
उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन एवं नियमन) नियमावली, 2020 170
5 आईआईटी संस्थानों को समावेषण हेतु मंजूरी 171
राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग विधेयक, 2019 में संशोधन 171
राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग विधेयक, 2019 में आधिकारिक संशोधनों को मंजूरी 172
इंटरनेट सेवा मूल अधिकार 173
वर्ष/दिवस/सप्ताह 173
अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 173
विश्व सामाजिक न्याय दिवस 174
सेट्रल एक्साइज डे 174
राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह 175
विश्व रेडियो दिवस 175
मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस 176
विश्व पैंगोलिन दिवस 176
विज्ञान में महिलाओं एवं बालिकाओं का अंतरराष्ट्रीय दिवस 177
विश्व यूनानी दिवस 177
विश्व दलहन दिवस 178
राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 178
राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 179
महिला जननांग विकृति के विरुद्ध शून्य सहनशीलता का अंतरराष्ट्रीय दिवस 179
विश्व कैंसर दिवस 180
पुस्तकें 180
पुस्तक-डेथ; एन इनसाइड स्टोरीः ए बुक फॉर ऑल दोज हू शैल डाई 180
पुस्तक-हू इज भारत माता 181
पुस्तक-इंफिनिटी वेरायटी ऑफ आर्मी लाइफ 181
पुस्तक-द थिन माइंड मैप 182
पुस्तक-द एयर, एक्ट 1981 182
पुस्तक-भारत में उद्यमिता 183
पुस्तक-कलकत्ता नाइट्स 183
विविध 184
क्रशर एवं कन्वेयर सिस्टम की आधारशिला 184
हिमाचल की पहाड़ी नस्ल की गाय 184
देश की पहली तैरने वाली जेटी और आव्रजन सुविधा केंद्र 185

धनुषकोडी में बनेगा एक नया प्रकाश स्तंभ 185
बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र 186
हिम्मत प्लस ऐप 187
विश्व का सबसे छोटा सोने का सिक्का 187
काशी-महाकाल एक्सप्रेस 188
सोनभद्र जिले में नई तहसील का सृजन 188
दुनिया के सबसे पुराने बांस के जीवाश्म का शंकुधारी में परिवर्तन 189
पहला बुलेट प्रूफ बैलिस्टिक हेलमेट 190
देश की पहली अंतर-शहर (Inter-City) इलेक्ट्रिक बस सेवा 190
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक 191
सबसे ऊंचे स्थान पर फैशन शो का रिकॉर्ड 191
पर्वतारोहियों के लिए नीति 192
13वां अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (बांग्लादेश), 2020 192
मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला 193
सरदार वल्लभभाई पटेल केंद्र 193

राष्ट्रीय परिदृश्य

अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा

प्रश्न-24-25 फरवरी, 2020 के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत की राजकीय यात्रा पर रहे। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) विगत 60 वर्षों में वह भारत की यात्रा पर आने वाले अमेरिका के 10वें राष्ट्रपति हैं।

(ii) डोनाल्ड ट्रंप अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम जाने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बने।

(iii) दोनों देशों के बीच तीन अरब डॉलर (21.5 हजार करोड़ रुपये) के रक्षा समझौतों पर औपचारिक सहमति बनी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (ii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 24-25 फरवरी, 2020 के मध्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत की राजकीय यात्रा पर रहे।
- यह उनकी भारत की पहली यात्रा रही।
- इस यात्रा में उनके साथ उनकी पत्नी एवं प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप, बेटी एवं सलाहकार इवांका ट्रंप और दामाद जारेड कुश्नर शामिल रहे।
- गौरतलब है कि विगत 6 वर्षों में भारत आने वाले वे अमेरिका के 7वें राष्ट्रपति हैं।
- यात्रा के प्रथम दिन की शुरुआत अहमदाबाद (गुजरात) में हुई।
- यहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रोड शो किया।
- वह अपनी पत्नी मेलानिया ट्रंप के साथ अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम जाने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बने।
- इसके अलावा, यात्रा के दौरान उन्होंने अहमदाबाद स्थित विश्व के सबसे बड़े स्टेडियम सरदार पटेल (मोटेरा) स्टेडियम में आयोजित 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम को संबोधित किया।
- यहां उन्होंने लगभग 1 लाख लोगों को संबोधित किया।
- उनके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस कार्यक्रम को संबोधित किया।
- इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप और मेलानिया ट्रंप ने आगरा स्थित ताजमहल का अवलोकन किया।
- यात्रा के दूसरे दिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का राष्ट्रपति भवन में 'गार्ड ऑफ ऑनर' के साथ औपचारिक स्वागत किया गया।
- जहां उन्होंने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- 25 फरवरी, 2020 को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच प्रतिनिधि मंडल स्तर की द्विपक्षीय वार्ता संपन्न हुई।
- वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने वर्तमान वैश्विक समस्याओं यथा आतंकवाद, द्विपक्षीय व्यापार तथा क्षेत्रीय मुद्दे से संबंधित विषयों पर चर्चा की।
- वार्ता के पश्चात दोनों देशों के बीच तीन अरब डॉलर (21.5 हजार करोड़ रुपये) के रक्षा समझौतों पर औपचारिक सहमति बनी।

- समझौते पर हस्ताक्षर दोनों देशों के रक्षा विभागों द्वारा बाद में किया जाएगा।
- इसके तहत भारतीय नौसेना के लिए 24 एमएच हेलीकॉप्टर की खरीद तथा भारतीय थल सेना के लिए 6 अपाचे हेलीकॉप्टर की खरीद शामिल है।
- इसके अलावा, दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, चिकित्सा उत्पादों की सुरक्षा और हर घर तक गैस पहुंचे सहित तीन समझौते हुए।
- उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका के बीच वैश्विक रणनीति साझेदारी विश्वास, साझा मूल्यों, अपसी सम्मान और समझ पर आधारित है।
- यात्रा के दौरान मेलानिया ट्रंप ने दिल्ली के सर्वोदय को-एड स्कूल की हैप्पीनेस क्लास का दौरा किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mea.gov.in/incoming-visit-detail.htm?32416/State+Visit+of+the+President+and+the+First+Lady+of+the+United+States+of+America

जम्मू -कश्मीर में पहला वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन

प्रश्न-जम्मू-कश्मीर में अप्रैल में होने वाले पहले वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन की तैयारियों के तहत, देशभर के किन प्रमुख शहरों में 17 फरवरी से 9 मार्च तक रोड शो का आयोजन नहीं होगा?

(a) बंगलुरू(b) हैदराबाद(c) अहमदाबाद (d) दिल्ली एवं इंदौर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2020 से देश के प्रमुख शहरों में रोड शो का आयोजन शुरू किया गया।
- यह रोड शो जम्मू-कश्मीर में अप्रैल में होने वाले पहले वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का हिस्सा हैं।
- प्रत्येक रोड शो जम्मू-कश्मीर में निवेश करने के लिए विशिष्ट क्षेत्रों को प्रदर्शित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- रोड शो का आयोजन 9 मार्च तक किया जाएगा।
- जिन प्रमुख क्षेत्रों में रोड शो आयोजित किए जाएंगे उनमें शामिल हैं- बंगलुरू, कोलकाता, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई एवं अहमदाबाद।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.theweek.in/wire-updates/business/2020/02/15/des63-jk-investment-officers.html

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अधिकार प्राप्त 'प्रौद्योगिकी समूह' का गठन

प्रश्न-19 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसकी अध्यक्षता में एक अधिकार प्राप्त 'प्रौद्योगिकी समूह' के गठन को मंजूरी दी?

(a) वित्त सचिव(b) सीईओ, नीति आयोग(c) प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार भारत सरकार(d) रक्षा सचिव

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ.के. विजय राघवन की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय प्रौद्योगिकी समूह के गठन को मंजूरी दी।
- यह प्रौद्योगिकी समूह निम्न कार्य करेगा-

1. प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्ता के लिए विकसित की जाने वाली प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी खरीददारी रणनीति पर संभावित सर्वश्रेष्ठ सलाह देना।

2. नीतिगत पहलों और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के उपयोग के बारे में इन-हाउस विशेषज्ञता विकसित करना।

3. सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान संगठनों में विकसित/विकसित की जा रही सार्वजनिक क्षेत्र प्रौद्योगिकी की निरंतरता सुनिश्चित करना।

- इस प्रौद्योगिकी समूह के कार्य के तीन स्तंभ इस प्रकार हैं-

1. पूंजीगत सहायता,

2. खरीददारी सहायता और

3. अनुसंधान एवं विकास प्रस्ताव पर मदद करना।

- प्रौद्योगिकी समूह निम्नलिखित कार्य सुनिश्चित करेगा-

1. कि भारत के पास आर्थिक विकास और सभी क्षेत्रों में भारतीय उद्योग के सतत विकास के लिए नवीनतम तकनीकों के प्रभावी, सुरक्षित और संदर्भ के हिसाब से उपयोग के लिए आवश्यक नीतियां और रणनीतियां हों।

2. प्राथमिकताओं के आधार पर सरकार को सलाह देना और सभी क्षेत्रों में उभरती प्रौद्योगिकियों पर अनुसंधान की रणनीतियां बनाना।

3. पूरे भारत में प्रौद्योगिकियों के अद्यतन नक्शे, इसके मौजूदा उत्पादों और विकसित की जा रही तकनीकों का रख-रखाव करना।

4. चयनित महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए स्वदेशीकरण रोडमैप विकसित करना।

5. सरकार को इसके प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्ता और खरीद रणनीति पर सलाह देना।

6. सभी मंत्रालयों और विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों को विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल और नीति पर विशेषज्ञता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना। इसके लिए क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण को विकसित करने पर भी जोर देना।

7. विश्वविद्यालयों और निजी कंपनियों के साथ मिलकर सभी क्षेत्रों में सहयोग और अनुसंधान को प्रोत्साहित करते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों/प्रयोगशालाओं में सार्वजनिक क्षेत्र की प्रौद्योगिकी की स्थिरता के लिए नीतियां बनाना।

8. अनुसंधान एवं विकास के लिए प्रस्तावों के पुनरीक्षण में लागू होने वाले सामान्य शब्दावली और मानक तैयार करना।

मोंगला बंदरगाह की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव

प्रश्न-18 फरवरी, 2020 को मोंगला बंदरगाह की क्षमता बढ़ाने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। यह बंदरगाह किस देश में स्थित है?

(a) भूटान(b) नेपाल(c) बांग्लादेश (d) म्यांमार

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2020 को बांग्लादेश की राष्ट्रीय आर्थिक परिषद की कार्यकारी समिति ने मोंगला बंदरगाह की क्षमता बढ़ाने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।
- उपयोगकर्ताओं हेतु बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु इस बंदरगाह की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है।
- इस परियोजना की अनुमानित लागत राशि 6014 करोड़ टका (Tk) है।
- भारत 4459 करोड़ टका की परियोजना के लिए लाइन ऑफ क्रेडिट के रूप में 530 मिलियन डॉलर के बराबर राशि प्रदान करेगा।
- मोंगला बंदरगाह की क्षमता में वृद्धि होने पर यह 15 मिलियन टन कार्गो और TEUs नामक मानक 20 फीट आकार के 4 लाख शिपिंग कंटेनरों को संभालने में सक्षम होगा।
- इस परियोजनान्तर्गत बंदरगाह पर दो कंटेनर टर्मिनल और संबंधित बुनियादी सुविधाओं का निर्माण शामिल है।
- इस परियोजना के पूरा होने पर बीबीआईएन (भूटान, बांग्लादेश, भारत, नेपाल) क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा।
- यह परियोजना जून, 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है।
- मोंगला बांग्लादेश में दूसरा सबसे बड़ा समुद्री बंदरगाह है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में भारत बांग्लादेश ने चट्टोग्राम और मोंगला बंदरगाहों के उपयोग पर एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=381596

सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने हेतु उच्चतम न्यायालय की मुहर

प्रश्न-उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने के पक्ष में निर्णय दिया। इस निर्णय से क्या प्रभाव पड़ेगा।

(a) सशस्त्र बलों में लिंग भेदभाव की समाप्ति(b) सभी नागरिकों को अवसरों की समानता मिलने को बढ़ावा

(c) देश में विकासवादी प्रक्रिया को बढ़ावा (d) उपर्युक्त तीनों

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2020 को उच्चतम न्यायालय ने सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने हेतु अपनी मुहर लगा दी।

- उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली हाईकोर्ट के वर्ष 2010 के एक फैसले को बरकरार रखा जो महिलाओं को सेना में स्थायी कमीशन देने के पक्ष में था।
- न्यायमूर्ति डी.वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की पीठ ने कहा कि सेना में महिला अधिकारियों की नियुक्ति एक विकासवादी प्रक्रिया है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा 'सभी नागरिकों की अवसर की समानता और लैंगिक न्याय सेना में महिलाओं की भागीदारी का मार्गदर्शन करेगा।
- न्यायालय ने, केंद्र के महिलाओं की शारीरिक विशेषताओं पर विचारों को खारिज कर दिया।
- न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि सशस्त्र बलों में लिंग आधारित भेदभाव समाप्त करने के लिए सरकार की ओर से मानसिकता में बदलाव आवश्यक है।
- शीर्ष न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए यह कहा है कि महिलाओं को सेना के 10 विभागों में स्थायी कमीशन दिया जाए।
- न्यायालय के इस निर्णय के बाद महिलाओं को युद्ध क्षेत्र छोड़कर बाकी सभी स्थानों पर तैनाती मिलने का रास्ता साफ हो गया है।
- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सेना में उन सभी महिला अधिकारियों को तीन महीने के अंदर स्थायी कमीशन देने का भी निर्देश दिया, जो इसका विकल्प चुनते हैं।
- इस नए निर्णय के बाद सेना में महिला अधिकारियों की नियुक्तियों की सभी शर्तें उनके पुरुष समकक्षों जैसी हो जाएंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bbc.com/news/world-asia-india-51528141

रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान का नाम परिवर्तित

प्रश्न-फरवरी, 2020 में केंद्र सरकार ने रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान का नाम परिवर्तित कर किसके नाम पर रखे जाने का निर्णय किया है?
(a) सुषमा स्वराज (b) अटल बिहारी वाजपेयी (c) मनोहर पर्र्िकर (d) निर्मल चंद सूरी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में केंद्र सरकार ने रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान का नाम परिवर्तित कर मनोहर पर्र्िकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान रखने का निर्णय किया।
- यह निर्णय दिवंगत पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्र्िकर की विरासत और उनकी प्रतिबद्धता के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए किया गया है।
- रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान रक्षा मंत्रालय के अधीन एक निपक्ष स्वायत्त निकाय है।
- इस संस्थान की स्थापना वर्ष 1965 में नई दिल्ली में की गई थी।
- इस संस्थान का उद्देश्य रक्षा और सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन और अनुसंधान करना है।
- ज्ञातव्य है कि मनोहर पर्र्िकर 9 नवंबर, 2014 से 14 मार्च, 2017 तक भारत के रक्षामंत्री रहे।
- पर्र्िकर के कार्यकाल में ही पठानकोट और उरी में आतंकवादी हमला हुआ था।

पीएमएफबीवाई और आरडब्ल्यूबीसीआईएस को नया रूप देने को मंजूरी

प्रश्न-19 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसी आईएस) को नया रूप देने हेतु मंजूरी प्रदान की। इन दोनों योजनाओं के कुछ मानकों/प्रावधानों में प्रस्तावित संशोधन के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) बीमा कंपनियों को दोनों योजनाओं के अंतर्गत व्यवसाय का आवंटन 3 वर्षों के अवधि के लिए किया जाएगा।

(b) दोनों योजनांर्गत नामांकन सभी किसानों के लिए स्वैच्छिक बनाया जाएगा।

(c) प्रीमियम सब्सिडी में केंद्रीय हिस्सा पूर्वोत्तर राज्यों के लिए मौजूदा 50:50 साझा व्यवस्था से बढ़ाकर 90 प्रतिशत किया जाएगा (दोनों योजनाओं हेतु)।

(d) इन परिवर्तनों को पूरे देश में रबी सीजन, 2020 से लागू किया जाएगा।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) को नया रूप देने हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- यह मंजूरी फसल बीमा योजना को लागू करने में वर्तमान चुनौतियों के समाधान के लिए प्रदान की गई है।
- संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) के कुछ मानकों/प्रावधानों में संधोधन प्रस्तावित हैं, जो निम्नलिखित हैं-
- बीमा कंपनियों को दोनों योजनाओं के अंतर्गत व्यवसाय का आवंटन 3 वर्षों की अवधि के लिए किया जाएगा।
- राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को वित्त का आकार या सांकेतिक औसत पैदावार का जिला स्तरीय मूल्य (एनएवाई) किसी भी जिले के फसल (पीएमएफबीवाई/आरडब्ल्यूबीसीआईएस दोनों) के लिए बीमित राशि के रूप में न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) चुनने का विकल्प उपलब्ध होगा।
- अन्य फसलों के लिए फसल के खेत मूल्य पर विचार होगा, जिसका अभी न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित नहीं है।
- दोनों योजनाओं के अंतर्गत केंद्रीय सब्सिडी असिंचित क्षेत्रों/फसलों के लिए 30 प्रतिशत तक प्रीमियम दरों के लिए सीमित होगी और सिंचित क्षेत्रों/फसलों के लिए 25 प्रतिशत होगी।
- दोनों येाजनाओं के अंतर्गत 50 प्रतिशत या उससे अधिक सिंचित क्षेत्र वाले जिलों को सिंचित क्षेत्र/जिले के रूप में माना जाएगा।
- योजना लागू करने में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए लोचशीलता होगी और उनके पास प्रतिबंधित बुआई, आपदा, मध्य सीजन में विपरित परिस्थिति एवं फसल कटाई बाद के नुकसानों जैसे अतिरिक्त जोखिम कवर/विशेषताओं में से कोई एक या अनेक चुनने का विकल्प होगा।
- राज्यों द्वारा संबंधित बीमा कंपनियों को निर्धारित समय सीमा से आगे प्रीमियम सब्सिडी में विलंब करने की स्थिति में राज्यों के बाद के सीजन में येाजना को लागू करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- दोनों योजनांतर्गत खरीफ तथा रबी सीजन हेतु इस प्रावधान को लागू करने की कटऑफ तिथि क्रमिक वर्षों में क्रमशः 31 मार्च और 30 सितंबर निर्धारित है।
- फसल नुकसान/अनुमति योग्य दावों के आकलन हेतु दो चरणीय प्रक्रिया अपनायी जाएगी, जो परिभाषित अंतर मैट्रिक्स पर आधारित होगी।
- योजनांतर्गत नामांकन सभी किसानों के लिए स्वैच्छिक बनाया जाएगा।
- भारत सरकार तथा योजना लागूकर्त्ता राज्य सरकार प्रशासिनिक खर्चों हेतु योजना के कुल आवंटन का कम से कम 3 प्रतिशत का प्रावधान करेंगी।

- इन परिवर्तनों को पूरे देश में खरीफ सीजन, 2020 से लागू किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1603678

नवाचार डेमो डे श्रृंखला की शुरुआत

प्रश्न-निम्नलिखित कथनों में कौन सा-से कथन सत्य है/हैं?
(i) 5 फरवरी, 2020 को अटल इनोवेशन मिशन (AIM) ने कई मंत्रालयों जैसे- MSME, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय और नीति आयोग के साथ मिलकर नवाचार डेमो डे की एक शृंखला की शुरुआत की।
(ii) इस शृंखला का उद्देश्य सरकारी वित्तपोषित नवाचार को प्रदर्शित करना है।
(iii) इस अवसर पर कृषि और खाद्य प्रसंस्करण की 30 से अधिक सरकारी समर्थित तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।
(a) केवल (i) (b) (i) व (ii) (c) (i) व (iii) (d) उपरोक्त सभी
उत्तर—(d)
संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2020 को अटल इनोवेशन मिशन (AIM) ने कई मंत्रालयों जैसे MSME, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय और नीति आयोग के साथ मिलकर नवाचार डेमो डे की एक शृंखला की शुरुआत की।
- इस शृंखला का उद्देश्य सरकारी वित्तपोषित नवाचार के प्रदर्शन के लिए उद्यमियों, कार्पोरेट भागीदारों और सेक्टर शिक्षाविदों को एक साथ लाना है।
- इस अवसर पर कृषि और खाद्य प्रसंस्करण की 30 से अधिक सरकारी समर्थित तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।
- इन मंत्रालयों द्वारा प्रौद्योगिकीयों को अपनाकर प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए किसानों और युवाओं को प्रशिक्षित करना है।
- इस मिशन द्वारा भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाया जाएगा।
- वर्तमान में खाद्य पदार्थों का 10% प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के रूप में बेचा जाता है। लेकिन इस मिशन द्वारा इसे 50% तक बढ़ाया जाएगा।
- इस तरह पहला आयोजन खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और कृषि व किसान मंत्रालय के साथ मिलकर अटल इन्क्यूवेशन सेंटर (AIC) उद्यमिता और प्रबंधन प्रक्रिया इंटरनेशनल (EMPI) बिजनेस स्कूल द्वारा नई दिल्ली में किया गया।
- **अटल नवाचर मिशन (Atal Inovation Mission)**
- अटल नवाचार मिशन (AIM) देश में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा की गई एक प्रमुख पहल है।
- AIM का उद्देश्य, देश में नवाचार परितंत्र पर नजर रखना और नवाचार परितंत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए वृहद संरचना को सृजित करना है, ताकि विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए समूचे नवाचार चक्र पर विशिष्ट छाप छोड़ी जा सके।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199031

NCRB की रिपोर्ट

प्रश्न-निम्नलिखित कथनों में से कौन- सा कथन सत्य हैं?

(i) वर्ष 2011 में, सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों और महिलाओं की तस्करी पर अपनी रिपोर्ट देने के लिए एक पैनल का गठन किया था।

(ii) पैनल ने वर्ष 2019 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

(iii) NCRB की रिपोर्ट के अनुसार मुंबई व कोलकाता में तस्करी की अधिकतम संख्या दर्ज की गई।

(iv) NCRB की स्थापना 1986 में की गई थी।



कूट :

(a) 1 व 2(b) 1, 2 व 3(c) 1, 3, 4 (d) उपरोक्त सभी

उत्तर—(d)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में NCRB द्वारा बच्चों एवं महिलाओं की तस्करी से संबंधित रिपोर्ट जारी की गई।
- वर्ष 2011 में, सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों और महिलाओं की तस्कारी पर अपनी रिपोर्ट देने के लिए एक पैनल का गठन किया था।
- इस पैनल ने लापता बच्चों और महिलाओं की तस्करी के आंकड़ों को संकलित करने के लिए NCRB (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) की सिफारिश की थी।
- पैनल ने वर्ष 2019 में ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी लेकिन NCRB द्वारा इसे फरवरी, 2020 में जारी किया गया।
- रिपोर्ट के अनुसार, तस्करी के सामान्य कारण यौन शोषण, बाल श्रम और घरेलू मदद है।
- मुंबई और कोलकाता में तस्करी की अधिकतम संख्या दर्ज की गई।
- NCRB की रिपोर्ट के अनुसार- महाराष्ट्र में लापता महिलाओं की अधिकतम संख्या तथा मध्य प्रदेश में गुमशुदा बच्चों के मामलों की अधिकतम संख्या बताई गई हैं।
- ओडिशा ने महिलाओं के लापता मामलों में अधिकत वृद्धि दर्ज की। वर्ष 2018 में ओडिशा में वृद्धि का प्रतिशत लगभग 143% था। (संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार भी)
- NCRB के अनुसार-गुमशुदा महिलाओं की संख्या (वर्ष 2018) (शीर्ष तीन राज्य/जिला)
- NCRB के अनुसार-गुम बच्चों की संख्या (वर्ष 2018) (शीर्ष तीन राज्य/जिला)
- **राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB)**
- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की स्थापना वर्ष 1986 में अपराध और अपराधियों की सूचनाओं को एकत्रित करने के लिए की गई थी।
- NCRB को वर्ष 2009 में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो को अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (CCTNS) की निगरानी, समन्वय, व कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई।
- 21 अगस्त, 2017 को, NCRB ने राष्ट्रीय डिजिटल पुलिस पोर्टल लांच किया।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है तथा यह भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ncrb.gov.in/missingwomen/Missingpage-merged.pdf

सड़क सुरक्षा पर तीसरा वैश्विक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन, 2020

प्रश्न-19-20 फरवरी, 2020 के मध्य सड़क सुरक्षा पर तीसरा वैश्विक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन, 2020 कहां आयोजित किया जाएगा?

(a) स्टॉकहोम(b) पेरिस(c) दोहा (d) नागपुर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 19-20 फरवरी, 2020 के मध्य सड़क सुरक्षा पर तीसरा वैश्विक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (3rd Global Ministerial Conference on Road Safety), 2020 स्टॉकहोम, स्वीडन में आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) "वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करना, 2030" (Achieving Global Goals 2030) है।
- यह कार्यक्रम विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सह-प्रायोजित है।
- इस सम्मेलन में 80 से अधिक देशों के मंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया।
- इसके अलावा, इसमें विश्वभर के उद्योग एवं अनुसंधान अंतरराष्ट्रीय संस्थान एवं संगठन के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।
- इस दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्य एजेंडा सड़क सुरक्षा को वैश्विक स्तर पर प्रमुखता देना तथा सुरक्षित सड़कों के लिए विश्व समुदाय की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराना था।
- सम्मेलन में सदस्य देशों के प्रतिनिधि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्य 2030 को हासिल करने के लिए रोड-मैप तैयार किया।
- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने इस सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.roadsafetysweden.com/

बायोएशिया शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-17-19 फरवरी, 2020 के मध्य एशिया का सबसे बड़ा जैव प्रौद्योगिकी एवं जीवन विज्ञान मंच 'बायोएशिया शिखर सम्मेलन' कहां आयोजित किया गया है?

(a) कोलकाता(b) हैदराबाद(c) नई दिल्ली (d) बंगलुरू

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17-19 फरवरी, 2020 के मध्य एशिया का सबसे बड़ा जैव प्रौद्योगिकी एवं जीवन विज्ञान मंच 'बायोएशिया शिखर सम्मेलन (Bio Asia Summit), 2020' हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित किया गया।
- इस तीन दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)-"Today for Tomorrow" है।
- स्विट्जरलैंड इस सम्मेलन का भागीदार देश है।
- इसका आयोजन तेलंगाना सरकार द्वारा किया गया है।
- इस सम्मेलन में 37 देशों के लगभग 2000 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

- उल्लेखनीय है कि यह सम्मेलन वैश्विक उद्योग के नेताओं, शोधकर्ताओं, नीति निर्धारकों, नवप्रवर्तकों और निवेशकों को एक मंच प्रदान करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://2020.bioasia.in/

स्कूल स्वास्थ्य राजदूत पहल (School Health Ambassador Initiative)

प्रश्न-12 फरवरी, 2020 को भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से नई दिल्ली में 'स्कूल स्वास्थ्य राजदूत पहल'की शुरुआत की गई। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-
(1) यह पहल आयुष्मान भारत के एक भाग के रूप में कार्य करेगा।
(2) इसका उद्देश्य स्कूल जाने वाले बच्चों के विकास और शैक्षिक उपलब्धियों को बढ़ावा देना है।
(3) स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा पाठयक्रम और प्रशिक्षण सामग्री हेतु 11 विषयों को सूचीबद्ध किया गया है।
(4) एनसीईआरटी द्वारा, छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, हर दिन उन्हें एक घंटे का प्रशिक्षण देने का प्रबंध किया गया है, जिसके लिए 30 हफ्ते का पाठयक्रम तैयार किया गया है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कूटः
(a) 1 और 2(b) 2 और 3(c) 1, 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2020 को भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से नई दिल्ली में 'स्कूल स्वास्थ्य राजदूत पहल' के लिए एक नया पाठ्यक्रम जारी किया गया।
- यह पहल आयुष्मान भारत के एक भाग के रूप में शुरू की गई है।
- पहल के तहत-प्रत्येक सरकारी स्कूल में दो शिक्षकों की पहचान 'स्वास्थ्य और कल्याण राजदूतों' के रूप में की जाएगी।स्कूल हेल्थ एंबेसेडर पहल का उद्देश्य स्कूल जाने वाले बच्चों के विकास और शैक्षिक उपलब्धियों को बढ़ावा देना है, जो उनके कल्याण को बढ़ावा देते हैं।
- इसका उद्देश्य निवारक, प्रोत्साहन और सकारात्मक स्वास्थ्य की अवधारणा को मजबूत करना है, जो आयुष्मान भारत योजना के स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का एक मूलभूत हिस्सा है।
- यह पहल अन्य सरकारी पहलों जैसे ईट राइट अभियान, फिट इंडिया अभियान और बच्चों के स्वास्थ्य के समग्र विकास के लिए पोषण अभियान से जुड़ी होगी।
- NCERT ने छात्रों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए, हर दिन एक घंटे का प्रशिक्षण आयोजित करते हुए, 24 सप्ताह का पाठ्यक्रम तैयार किया है।
- प्रशिक्षण सामग्री एनसीईआरटी और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई है।
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण सामग्री के 11 विषयों को सूचीबद्ध किया है।
- प्रशिक्षण संबंधी उद्देश्यों को पूरा करने के लिए, एक 40 सदस्यीय राष्ट्रीय संसाधन समूह का गठन किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1603051

जलवायु परिवर्तन, महासागर स्वास्थ्य पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, (Clim Fish Con-2020),

प्रश्न-12-14 फरवरी, 2020 के मध्य जलवायु परिवर्तन, महासागर स्वास्थ्य पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (Clim Fish Con), 2020 कहां आयोजित किया जा रहा है?
(a) कोच्चि(b) विशाखापत्तनम(c) लक्षद्वीप(d) चेन्नई **उत्तर-(a)**

संबंधित तथ्य

- 11-14 फरवरी, 2020 के मध्य जलवायु, परिवर्तन, महासागर स्वास्थ्य पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (Clim Fish Con), 2020 कोच्चि, केरल में आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) "एक सुरक्षित भविष्य के लिए जलवायु परिवर्तन-प्रभावी अनुकूलन' (Climate Change-Effective Adaptation for a Secure Future" है।
- इस सम्मेलन का आयोजन CUSAT स्कूल ऑफ इंडस्ट्रियल फिशरीज और फिशरीज डिपार्टमेंट, केरल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।
- इस सम्मेलन में शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, उद्यमियों, मछुआरों तथा किसानों सहित 12 देशों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- सम्मेलन में बदलते जल विज्ञान चक्र और महासागर के संरक्षण से निपटने की रणनीतियों आदि के बारे में चर्चा की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.climfishcon.org/wp-content/uploads/2019/06/CLIMFISHCON-EXPO-2020.pdf

भारत में तेंदुए की आबादी में कमी

प्रश्न-फरवरी, 2020 में, सेंटर फॉर वाइल्डलाइफ स्टडीज (CWS) और भारतीय वन्यजीव संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा तेंदुए की आबादी से संबंधित एक अध्ययन किया गया। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-
(a) अध्ययन के अनुसार भारत में तेंदुओं की आबादी में गिरावट का मुख्य कारण प्राकृतिक और मानवीय हस्तक्षेप है।
(b) तेंदुओं की जनसंख्या के संबंध में अब तक का यह चौथा और सबसे विस्तृत शोध था।
(c) पश्चिमी घाट के क्षेत्रों में तेंदुओं की जनसंख्या में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है।
(d) अध्ययन ने सुझाव दिया है कि तेंदुए भारत में बाघों की तरह ही संरक्षण की मांग करते है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कूटः
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3 (c) 1 और 4 (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में, सेंटर फॉर वाइल्डलाइफ स्टडीज (CWS India) और वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (WII) के वैज्ञानिकों ने तेंदुए की आबादी से संबंधित एक अध्ययन किया।
- WII और CWS का यह शोध भारत में तेंदुए की आबादी के आनुवंशिकी और जनसांख्यिकी पैटर्न पर पहला और सबसे विस्तृत शोध था।

- अध्ययन के अनुसार, कई बड़े मांसाहारी जो पारिस्थितिक तंत्र की स्थिरता और कार्यप्रणाली को बनाए रखते हैं, प्राकृतिक और मानवीय दवाबों के कारण घटते आकार का सामना कर रहे हैं।
- रिपोर्ट यह बताती है कि भविष्य के संरक्षण के प्रयासों के लिए तेंदुए (बिल्ली परिवार का सदस्य) की आबादी पर विस्तृत, परिदृश्य स्तर के पारिस्थिक अध्ययन की आवश्यकता है।
- डेक्कन पठार के अर्द्धशुष्क क्षेत्रों में 90%, शिवालिक क्षेत्रों में 90% और तराई क्षेत्रों में 88% तेंदुओं की आबादी में गिरावट देखी गई है।
- वहीं दूसरी ओर पश्चिमी घाट के क्षेत्रों में जनसंख्या के आकार में अपेक्षाकृत कम (75%) गिरावट देखी गई है।
- चार वर्षों में एक बार हुई बाघों की जनगणना के विपरीत, तेंदुए के लिए कोई समर्पित जनगणना नहीं है अर्थात ये भारत में बाघों की तरह ही संरक्षण की मांग करते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sci-tech/energy-and-environment/scientists-find-75-90-decline-in-leopard-population-in-india/article30762223.ece

उत्तर प्रदेश बजट, 2020-21

प्रश्न-18 फरवरी, 2020 को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2020-24 के लिए बजट विधानसभा में पेश किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) प्रस्तुत बजट का आकार 5,12,860.72 करोड़ रुपये है।
(ii) वर्ष 2020-21 का बजट उत्तर प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है।
(iii) बजट में शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिए 'मुख्यमंत्री शिक्षुता (अप्रेंटिसशिप) योजना' प्रस्तावित है।
(iv) बजट में 12 विश्वविद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव है।
(a) केवल (i), (ii) एवं (iii)(b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (iii) एवं (iv)(d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2020 को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए बजट विधानसभा में पेश किया।
- उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के इतिहास का यह अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया गया है।
- प्रस्तुत बजट का आकार 5,12,860.72 करोड़ रुपये है।
- पिछली बार के बजट के मुकाबले यह 33,159 करोड़ ज्यादा है।
- प्रस्तुत बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर की ओर अग्रसर करने में सहायक होगा।
- प्रस्तुत बजट में शिक्षित बेरोगार युवकों के लिए 'मुख्यमंत्री शिक्षुता (अप्रेंटिसशिप) योजना प्रस्तावित है।
- इस योजना के तहत 2,500 रुपये प्रतिमाह की धनराशि प्रशिक्षण भत्ते के रूप में प्रदान की जाएगी।
- युवाओं के स्वरोजगार के लिए प्रत्येक जनपद में 'युवा हब' स्थापित किया जाएगा।
- बजट में 7 विश्वविद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव है।
- इसमें जेवर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे अयोध्या में एयरपोर्ट सहित 11 अन्य एयरपोर्ट के लिए धनराशि प्रस्तावित।
- बजट में फसल बीमा योजना का लाभ पहली बार मूल किसान के साथ ही बटाईदार को सुलभ कराने की व्यवस्था की गई।

- निराश्रित गोवंश के लिए आश्रय स्थल, गोवंश के भरणी-पोषण एवं उन्नत नस्ल के विकास हेतु बजट व्यवस्था प्रस्तावित है।
- बजट में 10,967.87 करोड़ रुपये की नई योजनाएं सम्मिलित की गई हैं।
- राजकोषीय घाटा 53,195.46 करोड़ रुपये अनुमानित है जो वर्ष के लिए अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 2.97 प्रतिशत है।
- राज्य की ऋणग्रस्तता सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 28.8 प्रतिशत अनुमानित है।
- उ.प्र. बजट, 2020-21 की अन्य प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं-
- ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' योजना के अंतर्गत कन्या भ्रूण हत्या की रोक-थाम के लिये जागरूकता कार्यक्रम 68 जनपदों में संचालित किया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना हेतु 1 हजार 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत निराश्रित महिलाओं तथा उनके बच्चों के भरण पोषण हेतु 500 रुपये की धनराशि प्रतिमाह सीधे लाभार्थियों के खाते में प्रेषित की जाती है। इस योजनांतर्गत 1 हजार 432 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- **युवाओं के लिये**
- प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार तथा रोजगार से जोड़ने के लिये दो महत्वपूर्ण योजनायें-मुख्यमंत्री शिक्षुता (Apprenticeship) प्रोत्साहन योजना तथा युवा उद्यमिता विकास अभियान (YUVA) प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया गया है।
- प्रदेश में लाखों की संख्या में प्रशिक्षित युवाओं को युवा उद्यमिता विकास अभियान (YUVA) के द्वारा रोजगार से स्वावलम्बन की ओर बढ़ाने हेतु अभिनव पहल की जा रही है। प्रदेश के प्रत्येक जिले में YUVA HUB स्थापित किया जाएगा जो इच्छुक युवाओं को परियोजना, परिकल्पना से लेकर 1 वर्ष तक परियोजनाओं को वित्तीय मदद के साथ संचालन में सहायता प्रदान करेगा।
- उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सहारनपुर, आजमगढ़ एवं अलीगढ़ में 03 नये राज्य विश्वविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में पुलिस फोरेन्सिक यूनिवर्सिटी की स्थापना प्रस्तावित प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त, जनपद प्रयागराज में ''लॉ यूनिवर्सिटी'' की स्थापना प्रस्तावित है। गोरखपुर में आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना प्रस्तावित है।
- जनपद मिर्जापुर, प्रतापगढ़, बस्ती एवं गोंडा में इंजीनियरिंग कॉलेजों की स्थापना की जा रही है। आजमगढ़ एवं अंबेडकर नगर में इंजीनियरिंग कॉलेजों का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है।
- पुलिस बल आधुनिकीकरण योजना हेतु 122 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं के निर्माण हेतु 60 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- सेफ सिटी लखनऊ योजना हेतु 97 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- उत्तर प्रदेश पुलिस फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी की स्थापना हेतु 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- ''साईबर क्राइम प्रीवेन्शन अगेन्स्ट वीमेन एंड चिल्ड्रेन' हेतु 3 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- जनपद लखनऊ, गोरखपुर तथा बदायूं में महिला पी.ए.सी. वाहिनियां स्थापित हैं।
- प्रदेश में 76 महिला थाने स्थापित हैं। जनपद लखीमपुर खीरी में दो महिला थाने तथा अन्य सभी जनपदों में एक-एक महिला थाना स्थापित है।
- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में ''महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर संस्थान'' लहरतारा में होमीभाभा कैंसर हॉस्पिटल और बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में ''सुपर स्पेशिएलटी ब्लॉक'' क्रियाशील हो चुके हैं।

- पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहार वाजपेयी जी की स्मृति में लखनऊ में एक नये चिकित्सा विश्वविद्यालय माननीय अटल बिहारी वाजपेयी, चिकित्सा विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा है तथा किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय का एक सैटेलाइट सेंटर बलरामपुर में स्थापित किया जा रहा है।
- वर्ष 2020-2021 में खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य 641 लाख 74 हजार मीट्रिक टन एवं तिलहन उत्पादन का लक्ष्य 13 लाख 90 हजार मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है।
- वर्ष 2018-2019 में 581.03 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 604 लाख 15 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ जो अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड उत्पादन है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 13 लाख से अधिक आवासों का निर्माण कराया गया है।
- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत 2 करोड़ 61 लाख परिवारों के लिये शौचालय निर्माण के साथ प्रदेश ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- मनरेगा योजनांतर्गत वर्तमान में 20 नवंबर, 2019 तक 14 करोड़ 59 लाख मानव दिवस रोजगार के अवसर सृजित किये गये।
- पहली बार वनटांगिया, मुसहर, कोल एवं थारू जनजाति के 38 वन ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित किया गया, जिससे वन क्षेत्रों में बसे इन गांवों के गरीबों को आवास, चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, बिजली एवं राशन कार्ड आदि मूलभूत सुविधाएं मिल सकीं।
- श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के अंतर्गत प्रदेश में तीन चरणों में कुल 19 क्लस्टर चयनित किये गये हैं।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना हेतु 1 हजार 357 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- बुंदेलखंड क्षेत्र में सौर विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से 4 हजार मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन के लिये ग्रीन इनर्जी कॉरीडोर का निर्माण कराये जाने का निर्णय लिया गया है।
- जैव ऊर्जा उद्यम प्रोत्साहन कार्यक्रम के अंतर्गत बायोडीजल, बायो एथेनॉल, मेथेनॉल, बायोगैस, बायो सी.एन.जी. उत्पादन इत्यादि परियोजनाओं को प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है।
- प्रदेश के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में 2 हजार 727 सोलर आर.ओ. वाटर संयंत्रों की स्थापना करायी गयी है।पं. दीन दयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना में विकास खंड के एक या दो ग्रामीण बाजारों में सामुदायिक प्रकाश की व्यवस्था सोलर स्ट्रीट लाईट संयंत्रों से कराये जाने की योजना संचालित की गयी है।
- लखनऊ, गाजियाबाद तथा नोएडा में मेट्रो रेल संचालित है। दिल्ली से मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम का कार्य प्रगति में है जिसके लिये 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- कानपुर मेट्रो रेल परियोजना भारत सरकार द्वारा अनुमोदित करते हुये परियोजना की लागत 11 हजार 76 करोड़ रुपये अनुमोदित की गयी है। परियोजना की कुल लंबाई 32 किलोमीटर है। कानपुर मेट्रो पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। परियोजना हेतु 358 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- आगरा मेट्रो रेल परियोजना भारत सरकार द्वारा 8 हजार 379 करोड़ रुपये की लागत से अनुमोदित की गयी है। परियोजना की कुल लंबाई 29 किलोमीटर है। परियोजना हेतु 286 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- गोरखपुर तथा अन्य शहरों के लिये मेट्रो रेल हेतु प्रस्ताव तैयार किये जा रहे हैं जिसके लिये 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- लखनऊ में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल की स्थापना हेतु 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- लखनऊ, प्रयागराज, आगरा, गाजियाबाद, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, मथुरा एवं शाहजहांपुर में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन का निर्णय लिया गया है। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग नीति-2019 का प्रख्यापन किया गया है। प्रदेश में 700 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों की व्यवस्था की जा रही है।
- स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जनपद ओ.डी.एफ. घोषित हो चुके हैं।

- स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत प्रदेश के 10 शहरों लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, सहारनपुर, बरेली, झांसी, मुरादाबाद तथा अलीगढ़ में लगभग 20 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।
- केंद्र सरकार द्वारा चयनित 10 नगर निगमों के अतिरिक्त शेष 07 नगर निगमों-मेरठ, गाजियाबाद, अयोध्या, फिरोजाबाद, गोरखपुर, मथुरा-वृन्दावन एवं शाहजहांपुर को राज्य स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया है।
- **बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा**
- शिक्षा को बेहतर करने के लिय सतत प्रयास किये जा रहे हैं। स्कूल चलो अभियान के तहत 01 करोड़ 80 लाख बच्चों का नामांकन कराया गया।
- ऑपरेशन शिक्षा कायाकल्प के माध्यम से 91 हजार 236 स्कूलों में बेहतर सुविधाएं दिये जाने का कार्य किया जा रहा है। 15 हजार प्राथमिक विद्यालयों तथा 1 हजार उच्च माध्यमिक विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित किया गया।
- प्रदेश के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर स्कूली शिक्षा उन्नयन हेतु समग्र शिक्षा अभियान का क्रियान्वयन प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस हेतु 18 हजार 363 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- प्रदेश के स्कूलों में एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यक्रम लागू किया गया है। प्रदेश के निजी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों से ली जाने वाली फीस को विनियमित करने के लिये उत्तर प्रदेश स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) विधेयक, 2018 लागू किया गया है।
- उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिये राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत 111 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- वर्ष 2018-2019 में प्रदेश में दुग्ध उत्पादन 305 लाख मीट्रिक टन रहा। वर्ष 2019-2020 में दुग्ध उत्पादन का लक्ष्य 340 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। अक्टूबर, 2019 तक 175 लाख मीट्रिक टन दूध का उत्पादन हुआ है।
- **पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य**
- उत्तर प्रदेश में वर्ष 2018 में 28 करोड़ 88 लाख से अधिक पर्यटन आये, जिनमें भारतीय पर्यटकों की संख्या 28 करोड़ 50 लाख एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या 37 लाख 80 हजार है।
- अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन 26 अक्टूबर, 2019 को पुनः किया गया तथा इस अवसर पर 4 लाख 04 हजार 26 से अधिक दीप जलाये गये। यह एक नया कीर्तिमान था जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में सम्मिलित किया गया।
- अयोध्या में उच्च स्तरीय पर्यटक अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 85 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। अयोध्या में तुलसी स्मारक भवन के सुदृढ़ीकरण हेतु 10 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित हैं।
- जनपद वाराणसी में सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना के लिये 180 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- प्रदेश की सांस्कृतिक एवं प्राचीन धरोहरों को संरक्षित किये जाने के उद्देश्य से जनपद हापुड़ में गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के विकास, गोरखपुर में रामगढ़ ताल में वाटर स्पोर्ट्स के विकास, महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर हेलीपोर्ट का निर्माण, 46 पर्यटन विकास योजनाओं का क्रियान्वयन इत्यादि कतिपय महत्वाकांक्षी योजनायें प्रस्तावित हैं।
- जनपद गोरखपुर के रामगढ़ ताल में वॉटर स्पोर्ट्स के विकास हेतु 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- श्री काशी विश्वनाथ मंदिर विस्तारीकरण एवं सौन्दर्यीकरण योजना हेतु 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के अंतर्गत वैदिक विज्ञान केंद्र के निर्माण हेतु 18 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

- वर्ष 2030 तक वनावरण एवं वृक्षावरण 15 प्रतिशत तक किये जाने का लक्ष्य है जिसके लिये विभिन्न वृक्षारोपण योजनाओं में सड़क, रेलवे लाइन तथा कृषकों की निजी भूमि पर वृहद स्तर पर बीहड़, खादर व अवनत वन भूमि, सामुदायिक भूमि तथा कृषकों की निजी भूमि पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराने की कार्य योजना है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://budget.up.nic.in/budgetbhashan/budgetbhashan2020_2021.pdf
http://budget.up.nic.in/khand2part1/khand2part1_2020_2021.pdf

समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन लागू करने वाला देश का पहला राज्य

प्रश्न-14 फरवरी, 2020 को कौन-सा राज्य समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना?
(a) छत्तीसगढ़(b) राजस्थान(c) दिल्ली (d) मध्य प्रदेश

उत्तर—(d)
संबंधित तथ्य

- 14 फरवरी, 2020 को मध्य प्रदेश समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना।
- मध्य प्रदेश ने अति-गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन (C-SAM)) को अभियान के स्वरूप में प्रारंभ किया गया है।
- यह अभियान दो चरणों में क्रियान्वित किया जाएगा।
- पहले चरण (20 फरवरी, 2020 तक) में प्रदेश के 97 हजार 135 आंगनवाड़ी केंद्रों पर अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जायेगा।
- दूसरे चरण में केंद्र आधारित पांच दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण और निर्धारित मेडिसिन प्रदान किया जाएगा।
- इसमें 12 सप्ताह तक पोषण, अवलोकन और परामर्श तथा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण दिवसों पर मासिक स्वास्थ्य और पोषण की जांच की जाएगी।
- साथ ही, लगभग 80 से 85 प्रतिशत बच्चों का समुदाय स्तर पर पोषण प्रबंधन भी किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20200214N16&LocID=1

दिल्ली विधानसभा चुनाव-**2020**

प्रश्न-16 फरवरी, 2020 को आम आदमी पार्टी, (AAP) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
(i) 11 फरवरी, 2020 को घोषित दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम में आम आदमी पार्टी को सर्वाधिक 65 सीटें प्राप्त हुईं।
(ii) चुनाव परिणाम में भारतीय जनता पार्टी को 8 सीटें प्राप्त हुईं।
(iii) अरविंद केजरीवाल ने लगातार तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल (ii) एवं (iii)(b) केवल (iii)(c) केवल (i) एवं (ii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2020 को आम आदमी पार्टी (APP) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में लगातार तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया।
- दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- इसके अलावा उपराज्यपाल ने अरविंद केजरीवाल के मंत्रिमंडल के 6 सदस्यों को मंत्री पद की शपथ दिलाई।
- जिसमें मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और राजेंद्र पाल गौतम शामिल रहे।गौरतलब है कि 11 फरवरी, 2020 को घोषित 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम में आम आदमी पार्टी को सर्वाधिक 62 सीटें (मत प्रतिशत-53.57) प्राप्त हुई।
- जिसमें भारतीय जनता पार्टी को 8 सीटें (मत प्रतिशत 38.51 प्रतिशत) प्राप्त हुई।
- जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस (INC) मात्र 4.26 मत प्रतिशत के साथ एक भी सीट प्राप्त नहीं कर सकी।

संबंधित लिंक भी देखें…

http://results.eci.gov.in/DELHITRENDS2020/partywiseresult-U05.htm

पहला भारत-अफ्रीका रक्षा मंत्री कॉन्क्लेव, 2020

प्रश्न-6 फरवरी, 2020 को पहला भारत-अफ्रीका रक्षा मंत्री कॉन्क्लेव, 2020 कहां आयोजित हुआ?
(a) नई दिल्ली(b) जयपुर(c) लखनऊ (d) भुवनेश्वर

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 6 फरवरी, 2020 को पहला भारत-अफ्रीका रक्षा मंत्री कॉन्क्लेव लखनऊ (उ.प्र.) में किया गया।
- यह भारत-अफ्रीका फोरम IV के लिए मंत्री स्तर पर पैन अफ्रीका कार्यक्रमों की शृंखला में पहला आयोजन है।
- इस कॉन्क्लेव में रक्षा और सुरक्षा में भारत-अफ्रीका की भागीदारी हेतु उच्च प्राथमिकता के अनुरूप अफ्रीका से 14 अफ्रीकी देशों के रक्षा मंत्रियों सहित 154 से अधिक प्रतिनिधियों, संसद सदस्य, 19 रक्षा एवं सेवा प्रमुखों और 38 अफ्रीकी देशों के 8 स्थायी सचिवों ने भाग लिया।
- सम्मेलन की समाप्ति पर 'लखनऊ घोषणा-पत्र' को अपनाया गया।

संबंधित लिंक भी देखें…
https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199072

23वां राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन, 2020

ss

प्रश्न-7-8 फरवरी, 2020 के मध्य '23 वां राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन' कहां संपन्न हुआ ?
(a) इंदौर (b) भोपाल(c) शिलांग(d) मुंबई

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 7-8 फरवरी, 2020 के मध्य 23वां राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन (23rd National Conference on e-Governance), 2020 मुंबई (महाराष्ट्र) में आयोजित किया गया।
- यह सम्मेलन सार्वजनिक सेवा वितरण में कार्रवाई की रणनीति के लिए नीति निर्माताओं, चिकित्सकों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों का एक मंच है।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) भारत 2020 : डिजिटल परिवर्तन (India 2020 : Digital Transformation) था।
- इसका आयोजन प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत विभाग (DARPG) द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से किया गया था।
- ज्ञातव्य है कि 22वां राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन 8-9 अगस्त, 2019 के मध्य शिलांग, मेघालय में आयोजित किया गया था।
- इस सम्मेलन में आयुष्मान भारत ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार (For Excellence in Government Process Re-engineering for Digital Transformation) जीता।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1602516

समुद्री सुरक्षा सहयोग पर चौथा पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-6-7 फरवरी, 2020 के मध्य समुद्री सुरक्षा सहयोग पर चौथा पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन कहां संपन्न हुआ?
(a) कोच्चि (b) विशाखापत्तनम(c) चेन्नई (d) पुणे
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 6-7 फरवरी, 2020 के मध्य समुद्री सुरक्षा सहयोग पर चौथा पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, 2020 चेन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित हुआ।
- इसका आयोजन विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ऑस्ट्रेलिया तथा इंडोनेशिया की सरकारों के साथ मिलकर किया गया।
- सम्मेलन में लगभग 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें ईएएस के भागीदार देशों के लगभग 50 प्रतिनिधि, विदेश मंत्रालय के अधिकारी भारतीय नौसेना के अधिकारी, शिक्षाविद तथा अनुसंधान विद्वान शामिल हुए।
- गौरतलब है कि आसियान को नेतृत्व वाले ईएएस संगठन को मजबूत करने हेतु प्रतिबद्ध राष्ट्र के रूप में भारत समुद्री सुरक्षा सहयोग सहित ईएएस लक्ष्यों में सकारात्मक योगदान देता रहा है।
- सम्मेलन में समग्र समुद्री सुरक्षा, क्षेत्रीय नीली अर्थव्यवस्था की ओर अवस्थांतर भारत की इंडोपैसिफिक महासागरों की पहल और भविष्य के तहत समुद्री सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

- ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व इसका पहला सम्मेलन नवंबर, 2015 में नई दिल्ली में, दूसरा नवंबर, 2016 में गोवा में और तीसरा जून, 2018 में भुवनेश्वर आयोजित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/india-to-host-eas-conference-in-chennai/1726136

केंद्र सरकार द्वारा नई रामसर साइट अधिसूचित

प्रश्न-28 जनवरी, 2020 को केंद्र सरकार ने देश की कितनी झीलों (वेटलैंड) को रामसर साइट घोषित किया?
(a) 5 (b) 1 (c) 6 (d) 2
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य



- 28 जनवरी, 2020 को केंद्र सरकार ने देश की 10 और अति महत्वपूर्ण झीलों (वेटलैंड) को रामसर साइट घोषित किया।
- इनमें उत्तर प्रदेश की छह, पंजाब की तीन व महाराष्ट्र की एक झील शामिल है।
- इसके साथ ही देश में अब रामसर श्रेणी की कुल 37 झीलें हो गई हैं।
- इसके तहत जिन 10 नई झीलों को रामसर साइट घोषित किया गया है, उनमें उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की नवाबगंज झील, इटावा जिले की सरसई नवार, गोंडा जिले की पार्वती अगरा, मैनपुरी जिले की समन, हरदोई जिले की सांडी और रायबरेली की समसपुर झील शामिल **हैं।**
- पंजाब की केशवपुर मिनी-(Keshopur Miani), नांगल और व्यास संरक्षण **रिजर्व** झील तथा महाराष्ट्र की नंदूर मदमेश्**वर** झील भी इस श्रेणी में शामिल हैं।
- मौजूदा समय में विश्वभर में रामसर कैटेगरी की लगभग 2000 झीलें है।
- क्या है रामसर श्रेणी?
- रामसर ईरान के एक शहर का नाम है, जहां 1971 में वेटलैंड को बचाने को एक बड़ा सम्मेलन हुआ था।
- कई देशों ने सम्मेलन में झीलों को बचाने का संकल्प लिया था।
- तब से जिन झीलों को इस संरक्षित श्रेणी में रखा जाता है, उन्हें रामसर श्रेणी के नाम से जाना जाता है।
- इसमें किसी झील के शामिल होने को काफी अहम माना जाता है, क्योंकि इस श्रेणी में आने के बाद उस झील के संरक्षण के लिए पूरी दुनिया मदद देती है।
- गौरतलब है कि प्रतिवर्ष '2 **फ**रवरी' को 'विश्व वेटलैंड दिवस' मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=197705

822 खिलाड़ियों का बीमा कराने वाला देश का पहला राज्य

प्रश्न-822 खिलाड़ियों को बीमा प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य कौन है?
(a) उत्तर प्रदेश(b) झारखंड(c) मध्य प्रदेश (d) हरियाणा
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2020 को मध्य प्रदेश के राजस्व और परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने राज्य अकादमी के 822 खिलाड़ियों का बीमा कराए जाने की घोषणा की।822 खिलाड़ियों का बीमा कराने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है।यह उद्घोषणा उन्होंने भोपाल स्थित टी.टी. नगर स्टेडियम में 7 दिवसीय राज्य स्तरीय गुरुनानक देव जी प्रांतीय ओलंपिक खेल प्रतियागिता के शुभारंभ करने के अवसर पर की।
- यह प्रतियोगिता मध्य प्रदश के मुख्यमंत्री कमलनाथ की पहल पर शुरू की गई है।
- शुभारंभ समारोह में उन्होंने 'खेलो इंडिया' यूथ गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करके सम्मानित भी किया।मध्य प्रदेश सरकार विधानसभा क्षेत्रवार प्रत्येक विधायक को लोकप्रिय खेलों के विकास हेतु 5 लाख रुपये तक का अनुदान स्वीकृत करने का अधिकार प्रदान किया।
- ज्ञातव्य है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रांतीय ओलंपिक खेल का उद्देश्य पारंपरिक खेलों के अलावा कॉमनवेल्थ, एशियन और ओलंपिक खेलों के लिए प्रदेश की प्रतिभाओं को तैयार करना और उन्हें प्रतिभा के प्रदर्शन हेतु अधिकतम अवसर प्रदान करना है।
- गुरुनानक देवजी प्रांतीय ओलंपिक प्रतियोगिता में 10 संभागों के खिलाड़ी 10 खेलों में भागीदारी कर रहें है।**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://indiaeducationdiary.in/madhya-pradesh-is-the-first-state-to-insure-822-players/

भारत-रूस गंगा-वोल्गा सभ्यताओं का संवाद, **2020**

प्रश्न-22 जनवरी, 2020 को भारत रूस गंगा-वोल्गा सभ्यताओं का संवाद कहां संपन्न हुआ ?
(a) मास्को(b) वाराणसी(c) सेंटपीटर्सबर्ग (d) नई दिल्ली
उत्तर—(d)
संबंधित तथ्य

- 22 जनवरी, 2020 को भारत-रूस गंगा -वोल्गा सभ्यताओं का संवाद, 2020 नई दिल्ली में संपन्न हुआ।
- इस संवाद का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से विदेश मंत्रालय द्वारा किया गया था।
- उल्लेखनीय है कि संवाद का विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओर रूसी संघ के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच विचार- विमर्श से निकला था।
- इस संवाद में भारत-रूस द्विपक्षीय सहयोग के संदर्भ में शिक्षा, संस्कृति और सभ्यता, उद्यमशीलता और नवाचार तथा अंतर्देशीय नेविगेशन सहित व्यापार मार्ग आदि विषयों पर चर्चाएं की गईं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/32321/IndiaRussia_GangaVolga_Dialogue_of_Civilizations_January_22_2020

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा चिकित्सा गर्भपात (संशोधन) विधेयक, 2020 मंजूर

प्रश्न-29 जनवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चिकित्सा गर्भपात (संशोधन) विधेयक, 2020 को मंजूरी दी। इसके तहत विधेयक ने गर्भपात की समयसीमा को 20 हफ्ते से बढ़ाकर कितने हफ्ते करने का प्रावधान है?

(a) 30 सप्ताह (b) 25 सप्ताह (c) 24 सप्ताह (d) 32 सप्ताह

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 जनवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चिकित्सा गर्भपात (संशोधन) विधेयक 2020 को मंजूरी दी।
- प्रस्तावित विधेयक द्वारा चिकित्सा गर्भपात अधिनियम, 1971 में संशोधन किया जाएगा।
- गर्भावस्था के 20 सप्ताह तक गर्भपात कराने के लिए एक चिकित्सक की राय लेने की जरूरत का प्रस्ताव और गर्भावस्था के 20 से 24 सप्ताह तक गर्भपात कराने के लिए दो चिकित्सकों की राय लेना जरूरी होगा।
- विशेष तरह की महिलाओं के गर्भपात के लिए गर्भावस्था की सीमा 20 से बढ़ाकर 24 सप्ताह करना, जिन्हें एमटीपी नियमों में संशोधन के जरिए परिभाषित किया जाएगा।
- इनमें दुष्कर्म पीड़ित, सगे-संबंधियों के साथ यौन संपर्क की पीड़ित और अन्य असुरक्षित महिलाएं (दिव्यांग महिलाएं, नाबालिग) भी शामिल होंगी।
- मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच में पाई गई शारीरिक भ्रूण संबंधी विषमताओं के मामले में गर्भावस्था की ऊपरी सीमा लागू नहीं होगी। मेडिकल बोर्ड के संगठक, कार्य और अन्य विवरण कानून के नियमों के तहत निर्धारित किए जाएंगे।
- जिस महिला का गर्भपात कराया जाना है, उनका नाम और अन्य जानकारियां उस वक्त कानून के तहत निर्धारित उसके खास व्यक्ति के अलावा किसी और के सामने प्रकट नहीं किया जाएगा।
- महिलाओं के लिए उपचारात्मक, सुजनन, मानवीय या सामाजिक आधार पर सुरक्षित और वैध गर्भपात सेवाओं का विस्तार करने के लिए चिकित्सा गर्भपात (संशोधन) विधेयक, 2020 लाया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pmindia.gov.in/en/news_updates/cabinet-approves-the-medical-termination-of-pregnancy-amendment-bill-2020/

भारत में अफ्रीकी चीता को बसाने की अनुमति

प्रश्न-हाल में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निम्न में से किस अफ्रीकी देश से अफ्रीकी चीता को भारत में बसाने हेतु ले आने की अनुमति दी गई है?

(a) केनिया(b) दक्षिण अफ्रीका(c) नैरोबी (d) नामीबिया

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2020 को सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में भारत में अफ्रीकी देश नामीबिया से चीता को लाकर बसाने की अनुमति दी है। हालांकि न्यायालय ने पहले उनके लिए उपयुक्त स्थान की तलाश करने को निर्देशित किया है। यह अनुमति एक प्रायोगिक तौर पर है।

- **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण** (National Tiger Conservation Authority) द्वारा नामीबिया से अफ्रीकी चीता को भारत लाए जाने की इस आधार पर अनुमति मांगी गई थी कि दुर्लभ भारतीय चीता देश में लगभग विलुप्त हो चुका है।
- चीते को बसाने हेतु सर्वश्रेष्ठ उपयुक्त स्थान का चयन करने हेतु **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण** को मार्ग दर्शन हेतु एक समिति का गठन शीर्ष न्यायालय द्वारा किया गया है, जिसमें भारतीय वन्य जीव विभाग के पूर्व निदेशक रंजीत सिंह, भारत के वन्य जीव के महानिदेशक धनंजय मोहन एवं डीआईजी, वन्य जीव, पर्यावरण और वन मंत्रालय सम्मिलित हैं।शीर्ष न्यायालय द्वारा परियोजना की निगरानी की जाएगी और समिति हर चार महीने में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।शीर्ष न्यायालय ने यह भी कहा कि अफ्रीकी चीता के बसाने का फैसला उचित सर्वेक्षण के बाद लिया जाएगा और चीता को ले आने की कार्यवाही राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के विवेक पर होगी।
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा शीर्ष न्यायालय को बताया गया कि वर्ष 2018 में IUCN द्वारा नामीबिया से चीता को लाए जाने का अनुमोदन प्राप्त हो चुका है तथा इनके द्वारा चीता को बसाने की सभी आवश्यकताओं का अनुपालन किया गया है।
- फुर्ती और रफ्तार के लिए जाना जाने वाला चीता अंधा धुंध शिकार, तस्करी और प्राकृतिक आवास में गिरावट के चलते सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं।
- Zoological Society of London एवं Panthera and wildlife Conservation Society की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में लगभग 7100 चीते ही बचे हैं।
- भारत में चीता वर्ष 1952 में विलुप्त घोषित कर दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/news/variety/sc-allows-introduction-of-african-cheetah-in-india/article30676830.ece

'वाक थ्रू' एवियरी का उद्घाटन

प्रश्न-हाल में निम्न में से किस शहर में चिड़ियाघर में भारत का प्रथम एवं सबसे बड़ा 'वाक थ्रू' एवियरी का उद्घाटन किया गया है?

(a) कोलकाता(b) बंगलुरू(c) चेन्नई (d) मुंबई

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 26 जनवरी, 2020 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर **वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान और चिड़ियाघर** में देश के पहले और सबसे बड़े 'वाक थ्रू' एवियरी का उद्घाटन किया गया।
- 18200 वर्गफुट एवं 44 फीट (या पांच मंजिला इमारत) ऊंची विस्तारित एवियरी में 100 से अधिक दुर्लभ प्रजातियां, विदेशी एवं आम पक्षियां उसी तरह निवास करेंगी जैसे कि वे अपने प्राकृतिक वातावरण में रहती हैं।
- आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जलीय पक्षियों के लिए एक अलग बाड़ा है।
- इस एवियरी में धीरे-धीरे और अधिक पक्षियों को सम्मिलित किए जाने की योजना है।
- एक छोटा पुल भी एवियरी से होकर गुजरता है, जिसे आम जनता के लिए पक्षियों को करीब से देखने के लिए खोला जाएगा।

- इस उद्यान लकड़बग्घा, तेंदुआ, लोमड़ी, मद्रासी तालाब कछुवे, बारहसिंगा, मृग इत्यादि जैसे जानवरों के लिए 17 विशेष बाड़े, जिसमें **हंबोल्ट पेंगुइन** के लिए भारत का पहला वातानुकूलित बाड़ा बनाया गया है।
- उपरोक्त के अतिरिक्त एशियाई शेर के लिए अनुभाग बनाये गये हैं।
- **वीरमाता जीजाबाई गोखले** उद्यान एवं चिड़िया घर को **"बाईकुला जू"** के नाम से भी जाना जाता है।
- यह चिड़िया घर मुंबई के मध्य में बाईकुला में अवस्थित है।
- यह मुंबई का सबसे पुराना सार्वजनिक उद्यान है।
- इस उद्यान का पूर्व नाम रानी का बाग (मूल नाम-विक्टोरिया गार्डेन) था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इसका नाम महाराष्ट्र के प्रथम सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज की माता के नाम पर वीरमाता जीजाबाई भोंसले उद्यान एवं चिड़ियाघर कर दिया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/travel/destinations/indias-tallest-and-biggest-aviary-opens-in-mumbai/as73665202.cms

राज्य विधान परिषद भंग करने का प्रस्ताव

प्रश्न-जनवरी, 2020 में किस राज्य की विधानसभा में विधान परिषद को भंग करने का प्रस्ताव पारित किया गया है।
(a) आंध्र प्रदेश(b) तेलंगाना(c) महाराष्ट्र (d) कर्नाटक

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी, 2020 को आंध्र प्रदेश विधान सभा में विधान परिषद को भंग करने का प्रस्ताव पारित किया।
- यह प्रस्ताव पारित होने के बाद राज्य सरकार आगे की प्रक्रिया हेतु केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव भेजेगी।
- आंध्र प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ताम्मिनेई सीताराम ने राज्यों में विधान परिषदों के गठन या निरस्तीकरण से संबंधित अनुच्छेद 169(1) के तहत इस प्रस्ताव को बहुमत से स्वीकार किया।
- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार हाल ही में राज्य के उच्च सदन अर्थात विधान परिषद में तीन राजधानियों से संबंधित विधेयकों (आंध्र प्रदेश विकेंद्रीकरण और समावेशी विकास तथा आंध्र प्रदेश कैपिटल रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी विधेयक) को पारित नहीं करा सकी थी, जिसके बाद यह कदम उठाया गया है।
- आंध्र प्रदेश की 58 सदस्यीय विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल वाईएसआर कांग्रेस के मात्र 9 सदस्य हैं, जिस कारण वह अल्पमत में है।
- भारत के 6 राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में मौजूदा समय में विधान परिषद है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 171 के तहत किसी राज्य में विधानसभा के अलावा एक विधान परिषद के गठन का प्रावधान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/opinion/editorial/abolition-politics/article30668936.ece

केंद्रीय बजट-**2020-21**

प्रश्न-1 फरवरी, 2020 को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्त वर्ष 2020-21 का केंद्रीय बजट पेश किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) बजट में कृषि, सिंचाई और ग्रामीण विकास के लिए 10 सूत्री कार्य योजना का प्रस्ताव।

(ii) बजट में सार्वजनिक और निजी भागीदारी के माध्यम से भारतीय रेल द्वारा किसान रेल सेवा शुरू करने का प्रस्ताव।

(iii) बजट में पुलिस संबंधी विज्ञान, फॉरेंसिक विज्ञान, साइबर-फॉरेंसिक, इत्यादि के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुलिस विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना करने का प्रस्ताव।

(iv) बजट में राष्टीय तकनीकी वस्त्र मिशन शुरू करने का प्रस्ताव।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (ii), (iii) एवं (iv)(b) केवल (i) एवं (ii) (c) केवल (iii) एवं (iv)(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्त वर्ष 2020-21 का केंद्रीय बजट पेश किया।
- केंद्रीय बजट 2020-21 "जीवन को सरल बनाने" की संपूर्ण विषय-वस्तु पर तैयार किया गया है।
- केंद्रीय बजट, 2020-21 की मुख्य बातें इस प्रकार हैं-
- **केंद्रीय बजट में जीवन सुगमता को तीन प्रमुख विषयों के रूप में रेखांकित किया गया है-**
- कृषि, सिंचाई और ग्रामीण विकास
- आरोग्य, जल और स्वच्छता
- शिक्षा और कौशल
- कृषि, सिंचाई और ग्रामीण विकास के लिए 16 सूत्री कार्य योजना
- निम्नलिखित 16 सूत्री कार्य योजना के लिए 2.83 लाख करोड़ रुपये का आबंटन।
- कृषि, सिंचाई और संबंधित गतिविधियों के लिए 1.60 लाख करोड़ रुपये।
- ग्रामीण विकास और पंचायती राज के लिए 1.23 लाख करोड़ रुपये।
- **कृषि ऋण**
- 2020-21 के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य तय।
- पीएम-किसान लाभार्थियों को केसीसी योजना के तहत लाने का प्रस्ताव।
- नाबार्ड की पुनर्वित्त योजना को और विस्तार देना।
- जल संकट से जूझ रहे 100 जिलों के लिए वृहद उपायों का प्रस्तावों।
- **नीली अर्थव्यवस्था**
- 2024-25 तक मत्स्य निर्यात को एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाना।
- 2022-23 तक देश में 200 लाख टन मत्स्य उत्पाद का लक्ष्य।
- 3,477 मित्रों और 500 मत्स्य पालन कृषक संगठनों द्वारा युवाओं को मत्स्य पालन क्षेत्र से जोड़ना।
- शैवालों और समुद्री खरपतवारों की खेती तथा केज कल्चर को प्रोत्साहित करना।
- समुद्री मत्स्य संसाधनों के विकास प्रबंधन और संरक्षण के लिए फ्रेमवर्क तैयार करना।
- सार्वजनिक और निजी भागीदारी के माध्यम से भारतीय रेल द्वारा किसान रेल सेवा शुरू करने का प्रस्ताव।

- दूध, मांस और मछली आदि जैसे जल्दी खराब होने वाले उत्पादों के लिए बाधा रहित राष्ट्रीय प्रशीतन आपूर्ति शृंखला बनाने का प्रस्ताव।
- एक्सप्रेस और मालगाड़ियों में प्रशीतन डिब्बे लगाने का प्रस्ताव।
- **नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा कृषि उड़ान योजना की शुरुआत करना।**
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों हवाई मार्गों पर इस सेवा का संचालन।
- पूर्वोत्तर और जनजातीय क्षेत्रों के जिलों को कृषि उत्पादों का बेहतर मूल्य मिलना।
- **बागवानी क्षेत्र में विपणन और निर्यात को बेहतर बनाने के लिए 'एक उत्पाद, एक जिला' की नीति का प्रस्ताव।**
- **पीएम-कुसुम का विस्तार**
- योजना के तहत 20 लाख किसानों को सौर ऊर्जा पंप लगाने में मदद।
- अतिरिक्त 15 लाख किसानों को ग्रिड से जुड़े पंप सैटों को सौर ऊर्जा चालित बनाने में मदद करना।
- किसानों को अपनी प्रति या खाली जमीन पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने में मदद की योजना।
- पशुधन
- दूध प्रसंस्करण क्षमता को वर्ष 2025 तक 53.5 मिलियन एमटी से दोगुना कर 108 मिलियन एमटी के स्तर पर पहुंचाया जाएगा।
- कृत्रिम गर्भाधान की कवरेज को मौजूदा 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत किया जाएगा।
- चारागाह को विकसित करने के लिए मनरेगा का संयोजन किया जाएगा।
- मवेशियों के खुर एवं मुंह में होने वाली बीमारी (एफएमडी) तथा ब्रूसेलोसिस और भेड़ व बकरियों में पेस्टे डेस पेटिस रुमिनेंट (पीपीआर) को वर्ष 2025 तक समाप्त किया जाएगा।
- **वेलनेस, जल एवं स्वच्छता**
- समग्र स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 69,000 करोड़ रुपये का आवंटन।
- **प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम जय)** के लिए 6400 करोड़ रुपये (69,000 करोड़ रुपये में से) का आवंटन :
- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम जय) के अंतर्गत 20,000 से भी अधिक अस्पतालों को पैनल में पहले ही शामिल किया जा चुका है।
- **जन औषधि केंद्र योजना** के तहत वर्ष 2024 तक सभी जिलों में 2000 दवाओं और 300 शल्य चिकित्सा की पेशकश की जाएगी।
- **'टीबी हारेगा देश जीतेगा'** अभियान शुरू किया गया – वर्ष 2025 तक तपेदिक को समाप्त करने की प्रतिबद्धता।
- **जल जीवन मिशन** के लिए 3.60 लाख करोड़ रुपये मंजूर।
- वर्ष 2020-21 में स्वच्छ भारत मिशन के लिए 12,300 करोड़ रुपये का आवंटन।
- ओडीएफ से जुड़ी प्रवृत्ति को बनाए रखने के लिए 'ओडीएफ-प्लस' के लिए प्रतिबद्धता।
- **शिक्षा एवं कौशल**
- वित्त वर्ष 2020-21 में शिक्षा क्षेत्र के लिए 99,300 करोड़ रुपये और कौशल विकास के लिए 3000 करोड़ रुपये का आवंटन।
- नई शिक्षा नीति की घोषणा जल्द ही की जाएगी।
- पुलिस संबंधी विज्ञान, फॉरेंसिक विज्ञान, साइबर-फॉरेंसिक, इत्यादि के क्षेत्र में **राष्ट्रीय पुलिस विश्वविद्यालय** और राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना करने का प्रस्ताव किया गया है।
- राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क के अंतर्गत आने वाले शीर्ष 100 संस्थानों द्वारा डिग्री स्तर का पूर्णकालिक ऑनलाइन शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

- शहरी स्थानीय निकायों द्वारा नये इंजीनियरों को एक वर्ष तक की इंटर्नशिप दी जाएगी।
- बजट में पीपीपी व्यवस्था के तहत एक मेडिकल कॉलेज को एक मौजूदा जिला अस्पताल से संबद्ध करने का प्रस्ताव किया गया है।
- स्वास्थ्य और कौशल विकास मंत्रालय द्वारा विशेष ब्रिज कोष तैयार किए जाएंगे।
- शिक्षकों, नर्सों, पैरा-मेडिकल स्टाफ और देखभाल करने वालों के लिए विदेशी मांग को पूरा किया जाएगा।
- कार्यबल और नियोक्ताओं के मानकों के कौशल संयोजन में समतुल्यता लाई जाएगी।
- 150 उच्च शिक्षण संस्थान मार्च 2021 तक अप्रेंटिसशिप युक्त डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू कर देंगे।
- शिक्षा क्षेत्र के लिए विदेशी वाणिज्यिक उधारी एवं एफडीआई को सुनिश्चित किया जाएगा।
- 'भारत में अध्ययन' कार्यक्रम के तहत इंड-सैट को एशियाई एवं अफ्रीकी देशों में शुरू करने का प्रस्ताव है।
- **आर्थिक विकास**
- **उद्योग, वाणिज्य एवं निवेश**
- उद्योग और वाणिज्य के विकास एवं संवर्धन हेतु वर्ष 2020-21 के लिए 27,300 करोड़ रुपये आवंटित।
- **निवेश मंजूरी प्रकोष्ठ** स्थापित करने का प्रस्ताव है :
- समग्र रूप से सुविधा एवं सहयोग प्रदान करने
- एक पोर्टल के जरिए काम करना
- पांच नवीन 'स्मार्ट सिटी' को विकसित करने का प्रस्ताव है।
- **राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन** शुरू करने का प्रस्ताव।
- 'निर्यात उत्पादों पर शुल्कों एवं करों में संशोधन के लिए योजना' शुरू करने का प्रस्ताव।
- **अवसंरचना**
- अगले 5 वर्षों के दौरान अवसंरचना पर 100 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।
- राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति को जल्द ही जारी किया जाएगा :
- युवा इंजीनियरों, प्रबंध स्नातकों तथा विश्वविद्यालयों के अर्थशास्त्रियों को सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा।
- सरकार की अवसंरचना एजेंसियां स्टार्ट-अप्स में युवा शक्ति को भागीदार बनाएंगी।
- 2020-21 में परिवहन अवसंरचना के लिए 1.7 लाख करोड़ रुपये का प्रस्ताव।
- **भारतीय रेल**
- पांच उपाय :
- रेल पटरियों के किनारे सौर ऊर्जा की उच्च क्षमता स्थापित की जाएगी।
- 4 स्टेशनों की पुनर्विकास परियोजनाएं और पीपीपी के माध्यम से 150 यात्री ट्रेनों का संचालन।
- आईकॉनिक पर्यटन गंतव्य को जोड़ने के लिए तेजस जैसे ट्रेन।
- मुंबई और अहमदाबाद के बीच हाईस्पीड ट्रेन पर सक्रियता से काम।
- 148 किलोमीटर लंबी बेंगलुरु उप-नगरीय परिवहन परियोजना के लिए 18,600 करोड़ रुपये, मेट्रो प्रारूप के अनुसार किराया तय किया जाएगा। केंद्र सरकार 20 प्रतिशत का लागत वहन करेगी और परियोजना लागत का 60 प्रतिशत बाहरी सहायता से उपलब्ध कराने की सुविधा देगी।
- **भारतीय रेल की उपलब्धियां**
- 550 स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा।कोई मानवरहित क्रॉसिंग नहीं।
- 27000 किलोमीटर की रेल लाईन का विद्युतीकरण।
- **पत्तन और जलमार्ग :**
- कम से कम एक बड़े पत्तन के निगमीकरण और स्टॉक एक्सचेंज में इसे सूचीबद्ध करने पर विचार किया जाएगा।
- अधिक कार्यदक्ष पत्तनों के लिए वैश्विक मानदंडों के अनुरूप सरकार की नीतिगत रूपरेखा।

- प्रधानमंत्री के अर्थ गंगा संकल्पना के अनुरूप नदी के तटों पर आर्थिक गतिविधियों को तेज किया जाएगा।
- **हवाई अड्डा**
- उड़ान योजना के तहत 100 और हवाई अड्डों को 2024 तक पुनर्विकसित किया जाएगा।
- इसी अवधि के दौरान हवाई जहाजों की संख्या वर्तमान के 600 से 1200 हो जाने की उम्मीद।
- **विद्युत**
- स्मार्ट मीटर को बढ़ावा।
- बिजली वितरण कंपनियों में सुधार के लिए विभिन्न उपाय।
- ऊर्जा
- 2020-21 में ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए 22000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव।
- राष्ट्रीय गैस-ग्रिड को वर्तमान के 16200 किलोमीटर से 27000 किलोमीटर के विस्तार का प्रस्ताव।
- पारदर्शी मूल्य और लेनदेन में आसानी की सुविधा के लिए और सुधार।
- निजी क्षेत्र के द्वारा पूरे देश में डाटा सेंटर पार्क बनाने के लिए नीति जल्द ही लाई जाएगी।
- भारतनेट के माध्यम से इस वर्ष 1 लाख ग्राम पंचायतों को फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) से जोड़ा जाएगा।
- 2020-21 में भारतनेट कार्यक्रम के लिए 6000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव।
- भारत के जेनेटिक लैंडस्केप की मैपिंग के लिए एक व्यापक डाटाबेस के सृजन के लिए दो नवीन राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा।
- स्टार्टअप्स के पहले चरण के उद्भावन और विकास को बढ़ावा देने के लिए सीड फंड सहित प्रारंभिक निधि पोषण प्रदान करने का भी प्रस्ताव है।
- क्वांटम प्रौद्योगिकियां और अनुप्रयोगों पर राष्ट्रीय अभियान के लिए 5 वर्ष की अवधि हेतु 8,000 करोड़ रुपये के परिव्यय प्रदान करने का प्रस्ताव दिया गया।
- वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए पोषण से संबंधित कार्यक्रमों के लिए 35,600 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव दिया।महिला विशेष कार्यक्रमों के लिए 28,600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया।
- अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण हेतु वर्ष 2020-21 के लिए 85,000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया गया।
- अनुसूचित जाति के आगामी विकास और कल्याण के लिए 53,700 करोड़ रुपये प्रदान किए गए।
- वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए वर्ष 2020-21 हेतु 9,500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया।
- पर्यटन संवर्द्धन के लिए वर्ष 2020-21 हेतु 2,500 करोड़ रुपये प्रदान किए गए।
- वर्ष 2020-21 के लिए संस्कृति मंत्रालय हेतु 3,150 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया गया।
- संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय धरोहर और संरक्षण संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया। इसे प्रारंभ में मानद विश्वविद्यालय का दर्जा भी प्राप्त होगा।
- स्थानिक संग्रहालय वाले प्रतिमान स्थलों के रूप में पांच पुरातत्व स्थलों का विकास किया जाएगा :

1. राखीगढ़ी (हरियाणा)

2. हस्तिनापुर (उत्तर प्रदेश)

3. शिवसागर (असम)

4. धौलाविरा (गुजरात)

5. अदिचनल्लूर (तमिलनाडु)

- प्रधानमंत्री द्वारा जनवरी 2020 में कोलकाता के भारतीय संग्रहालय के पुनरुद्धार की घोषणा की गई।
- कोलकाता में ऐतिहासिक पुराने टक्साल भवन में मुद्रा-विषयक और व्यापार पर एक संग्रहालय भी स्थित होगा।
- झारखंड के रांची में एक जनजातीय संग्रहालय की स्थापना के लिए सहयोग।
- अहमदाबाद के निकट हड़प्पा युग के नौवहन स्थल-लोथल में पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा एक पोत संग्रहालय की स्थापना की जाएगी।
- **पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन**
- वर्ष 2020-21 के लिए इस उद्देश्य हेतु 4,400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।
- अत्यधिक मात्रा में कार्बन उत्सर्जन करने वाले विद्युत संयंत्रों के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप उन्हें चलाने और उनके लिए खाली भूमि का वैकल्पिक उपयोग करने का प्रावधान।
- 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले बड़े नगरों में स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के द्वारा बनाई जा रही योजनाओं को कार्यान्वित करते हुए प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- **अभिशासन**
- एक स्वतंत्र, पेशेवर, विशेषज्ञ संगठन के रूप में एक राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) की स्थापना का प्रस्ताव किया गया। यह एजेंसी अराजपत्रित पदों की भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन सामान्य पात्रता परीक्षा का आयोजन करेगी।
- प्रत्येक जिले विशेष रूप से आकांक्षी जिलों में एक परीक्षा केंद्र स्थापित किया जाएगा।
- भारत में 2022 में आयोजित होने वाले जी-20 की अध्यक्षता के लिए तैयारियां शुरू करने हेतु कुल 100 करोड़ रुपये आवंटित।
- केंद्र सरकार ने बजट में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) द्वारा एलआईसी में अपनी शेयर पूंजी का हिस्सा बेचने का प्रस्ताव किया है।
- **राजकोषीय प्रबंधन**
- वित्त वर्ष 2019-20 के लिए व्यय के संशोधित अनुमान- 26.99 लाख करोड़ रुपये।
- प्राप्तियों के संभावित अनुमान-19.32 लाख करोड़ रुपये।
- वर्ष 2020-21 के लिए जीडीपी की मामूली वृद्धि 10 प्रतिशत अनुमानित है।
- प्राप्ति-22.46 लाख करोड़ रुपये अनुमानित।
- व्यय-30.42 लाख करोड़ रुपये।
- संशोधित बजट अनुमान में 2019 राजकोषीय घाटा 3.8 प्रतिशत और बजट अनुमान 2020-21 में 3.5 प्रतिशत होने का अनुमान। इसमें दो प्रमुख कारक हैं।
- वर्ष 2019-20 के लिए 3.3 प्रतिशत और 2020-21 बजट अनुमान के लिए 3 प्रतिशत।
- नया और सरलीकृत व्यक्तिगत आय कर शासन प्रस्तावित।

कर योग्य आय के स्लैब (रुपये)	**मौजूदा कर दरें**	**नई कर दरें**
0 से 2.5 लाख	छूट	छूट

2.5 से 5 लाख	5%	5%
5 से 7.5 लाख	20%	10%
7.5 से 10 लाख	20%	15%
10 से 12.5 लाख	30%	20%
12.5 से 15 लाख	30%	25%
15 लाख से ऊपर	30%	30%

- 15 प्रतिशत कर दर नई बिजली उत्पादन कंपनियों को प्रदान किया जायेगा।
- भारतीय कॉरपोरेट कर दर अब दुनिया में सबसे कम है।
- 100 करोड़ रुपये तक के कुल कारोबार वाले स्टार्ट अप को 10 वर्षों में से लगातार तीन आकलन वर्ष के लिए 100 प्रतिशत का लाभ।
- **सीमा शुल्क**
- सीमा शुल्क को फुटवियर पर 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने और फर्नीचर वस्तुओं पर 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने का प्रावधान।
- न्यूज प्रिंट और हल्के कोटेड पेपर के आयात पर बुनियादी आयात शुल्क को 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया।
- इलेक्ट्रिक वाहन और मोबाइल के पुर्जों पर सीमा शुल्क की दरों में संशोधन।
- चिकित्सा वाहन और मोबाइल के पुर्जों पर सीमा शुल्क की दरों में संशोधन।
- फ्यूज, रसायन और प्लास्टिक जैसे कच्चे माल पर सीमा शुल्क में कटौती।
- वाहनों के कलपुर्जे, रसायन आदि कुछ वस्तुएं जिनका घरेलू उत्पादन भी होता है, पर सीमा शुल्क में वृद्धि।
- सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव, बीडी पर शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं।
- **भारतीय अर्थव्यवस्था की उपलब्धियां**
- भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।
- वर्ष 2014 से 2019 के दौरान करीब 4.5 प्रतिशत की औसत मुद्रास्फीति के साथ 7.4 प्रतिशत की औसत वृद्धि रही।
- भारत का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 2014-19 के दौरान बढ़कर 284 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा, जो वर्ष 2009-14 के दौरान 190 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।

- केंद्र सरकार का ऋण घटकर जीडीपी के 48.7 प्रतिशत (मार्च 2019) पर, जो मार्च, 2014 में 52.2 प्रतिशत था।
- प्रौद्योगिकी का प्रसार (एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, बायो इनफॉर्मेटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमतता)
- भारत में उत्पादक आयु समूह में अब तक के सर्वाधिक लोग मौजूद।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiabudget.gov.in/doc/Budget_Speech.pdf

आर्थिक समीक्षा **2019-20**

प्रश्न-31 जनवरी, 2020 को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आर्थिक समीक्षा, 2019-20 पेश किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
(i) आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में जीडीपी वृद्धि दर 6-6.50 प्रतिशत रह सकती है।
(ii) चालू खाता घाटा वर्ष 2018-19 जीडीपी के 2.1 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2019-20 की पहली छमाही में 1.5 प्रतिशत रह गया।
(iii) भारत के शीर्ष 5 व्यापारिक साझेदार अमेरिका, चीन, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), सऊदी अरब और हांगकांग हैं।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) (c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 31जनवरी, 2020 को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आर्थिक समीक्षा, 2019-20 पेश की।
- आर्थिक समीक्षा 2019-20 की मुख्य बातें निम्नलिखित हैं-
- इसके अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में जीडीपी वृद्धि दर 6-6.5 प्रतिशत रह सकती है।
- देश की जीडीपी वर्ष 2019-20 की पहली छमाही में 4.8 प्रतिशत रही।
- चालू खाता घाटा (CAD) वर्ष 2018-19 में जीडीपी के 2.1 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2019-20 की पहली छमाही में 1.5 प्रतिशत रह गया।
- देश की भुगतान संतुलन (BoP) स्थिति में सुधार हुआ।
- यह मार्च, 2019 में 412.9 बिलियन डॉलर विदेशी मुद्रा भंडार था, जबकि सितंबर, 2019 के अंत में बढ़कर 433.7 बिलियन डॉलर हो गया।
- विदेशी मुद्रा भंडार 10 जनवरी, 2020 तक 461.2 बिलियन डॉलर रहा।
- इसके अनुसार, विश्व के लिए भारत में एसेम्बल इन इंडिया और मेक इन इंडिया योजना को एक साथ मिलाने से निर्यात बाजार में भारत की हिस्सेदारी वर्ष 2025 तक 3.5 प्रतिशत तथा वर्ष 2030 तक 6 प्रतिशत हो जाएगी।
- वर्ष 2025 तक भारत को 5 हजार अरब वाली अर्थव्यवस्था बनाने के लिए जरूरी मूल्य संवर्धन में नेटवर्क उत्पादों का निर्यात एक तिहाई की वृद्धि करेगा।

- आर्थिक समीक्षा में सुझाव दिया गया है कि निम्नलिखित अवसरों का लाभ उठाने के लिए भारत को चीन जैसी रणनीति का पालन करना चाहिए।

a) श्रम आधारित क्षेत्रों विशेषकर नेटवर्क उत्पादों के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विशेषज्ञता हासिल करना।
b) नेटवर्क उत्पादों के बड़े स्तर पर एसेम्लिंग की गतिविधियों पर खासतौर से ध्यान केंद्रित करना।
c) अमीर देशों के बाजार में निर्यात को बढ़ावा देना।
d) निर्यात नीति सुविधाजनक होना।

- आर्थिक समीक्षा में भारत की ओर से किए गए व्यापार समझौतों का कुल व्यापार संतुलन पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेषण किया गया है।
- इसके अनुसार, भारत की ओर निर्यात किए कुल उत्पादों में 10.9 प्रतिशत की जबकि विनिर्माण में उत्पादों के निर्यात में 13.4 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई।
- कुल आयातित उत्पादों में 8.6 प्रतिशत तथा विनिर्माण उत्पादों के आयात में 12.7 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई।
- प्रति वर्ष भारत के विनिर्माण उत्पादों के व्यापार अधिशेष में 0.7 प्रतिशत तथा कुल उत्पादों के व्यापार अधिशेष में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- वस्तुओं के निर्यात में लॉजिस्टिक सेवाओं का प्रदर्शन निर्यात की तुलना में आयात के क्षेत्र में ज्यादा रहा।
- देश के बंदरगाहों में जहाजों से माल ढुलाई का काम वर्ष 2010-11 में जहां 4.67 दिन था वहीं वर्ष 2018-19 में करीब आधा रहकर 2.48 हो गया।
- **थालीनॉमिक्स : भारत में भोजन की थाली की अर्थव्यवस्था**
- पूरे भारत में थाली के लिए आम व्यक्ति द्वारा कितना भुगतान किया जाता है परिमाणित करने का एक प्रयास है।
- 2015-16 को वह वर्ष माना जा सकता है जब खाद्य मूल्य के व्यवहार में परिवर्तन हुआ था।
- पूरे भारत के चारों क्षेत्रों में हम देखते हैं कि 2015-16 से शाकाहारी थाली के मूल्य में काफी कमी आई है हालांकि मूल्य में 2019-20 में वृद्धि हुई है।
- वर्ष 2015-16 के बाद शाकाहारी थाली के मामले में खाद्य मूल्य में कमी होने से औसत परिवार को औसतन लगभग 11,000 रुपये का लाभ हुआ है। जो परिवार औसतन दो मांसाहारी थाली खाता है उसे समान अवधि के दौरान लगभग 12,000 रुपये का लाभ हुआ है।
- 2006 से 2019-20 तक शाकाहारी थाली की वहनीयता 29 प्रतिशत बेहतर हुई है तथा
- मांसाहारी थाली की वहनीयता 18 प्रतिशत बेहतर हुई है।
- **वैश्विक व्यापार**
- 2019 में वैश्विक उत्पादन में 2.9 प्रतिशत अनुमानित वृद्धि के अनुरूप वैश्विक व्यापार 1.0 प्रतिशत की दर पर बढ़ने का अनुमान है, जबकि 2017 में यह 5.7 प्रतिशत के शीर्ष स्तर तक पहुंचा था।
- हालांकि वैश्विक आर्थिक गतिविधि में रिकवरी के साथ 2020 में इसके 2.9 प्रतिशत तक रिकवर होने का अनुमान है।
- वर्ष 2009-14 से लेकर 2014-19 तक भारत की मर्चेंटडाइज वस्तुओं के व्यापार संतुलन में सुधार हुआ है। हालांकि बाद की अवधि में ज्यादातर सुधार 2016-17 में क्रूड की कीमतों में 50 प्रतिशत ज्यादा गिरावट के कारण हुआ।
- भारत के शीर्ष पांच व्यापारिक साझेदार अमेरिका, चीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और हांगकांग हैं।
- **निर्यात**
- शीर्ष निर्यात मदें-पेट्रोलियम उत्पाद, बहुमूल्य पत्थर, औषधियों के नुस्खे और जैविक, स्वर्ण और अन्य बहुमूल्य धातुएं।

- 2019-20 (अप्रैल-नवंबर) में सबसे बड़े निर्यात स्थल : अमेरिका, उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), चीन और हांगकांग।
- जीडीपी के अनुपात और मर्चेंटाइज वस्तुओं के निर्यात में कमी आई है जिससे बीओपी स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।
- विश्व उत्पादन में कमी आने का प्रभाव निर्यात और जीडीपी अनुपात घटने पर पड़ा है विशेषकर 2018-19 से 2019-20 की पहली छमाही के दौरान।
- 2009-14 से 2014-19 तक नॉन-पीओएल निर्यात में वृद्धि में महत्वपूर्ण कमी आई है।
- **आयात :**
- शीर्ष आयात मदें-कच्चा पेट्रोलियम, सोना, पेट्रोलियम उत्पाद, कोयला, कोक एवं ब्रिकेट्स।
- भारत का सर्वाधिक आयात चीन से करना जारी रहेगा, उसके बाद अमेरिका, यूएई और सउदी अरब का स्थान।
- भारत के लिए मर्चेंटाइज आयात और जीडीपी अनुपात में कमी आई है जिसका बीओपी पर निवल सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।
- **उद्योग तथा आधारभूत संरचना**
- 2018-19 (अप्रैल-नवंबर) के 5.0 प्रतिशत की तुलना में 2019-20 (अप्रैल-नवंबर) के दौरान औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।
- 2018-19 (अप्रैल-नवंबर) के (-) 1.3 प्रतिशत की तुलना में 2019-20 (अप्रैल-नवंबर) के दौरान उर्वरक क्षेत्र में 4 प्रतिशत की वृद्धि।
- इस्पात क्षेत्र में 2019-20 (अप्रैल-नवंबर) के दौरान 5.2 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि 2018-19 (अप्रैल-नवंबर) के दौरान यह 3.6 प्रतिशत थी।
- 30 सितंबर, 2019 को भारत में कुल टेलीफोन कनेक्शन 119.43 करोड़ पहुंचा।
- बिजली उत्पादन की स्थापित क्षमता बढ़कर 31 अक्टूबर, 2019 को 3,64,960 मेगावाट हो गई, जो 31 मार्च, 2019 को 3,56,100 मेगावाट थी।
- 31 दिसंबर, 2019 को जारी की गई राष्ट्रीय अवसंरचना पाइप लाइन के संबंध में कार्यबल की रिपोर्ट में भारत में वित्त वर्ष 2020 से 2025 के दौरान 102 लाख करोड़ रुपये के कुल अवसंरचनात्मक निवेश को प्रक्षेपित किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiabudget.gov.in/economicsurvey/

ब्राजील के राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा

प्रश्न-हाल ही में ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो भारत की राजकीय यात्रा पर रहे। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) वह 20-26 जनवरी, 2020 के मध्य भारत की राजकीय यात्रा पर रहे।
(ii) वह भारत के 71वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे।
(iii) उनके इस यात्रा के दौरान 15 एमओयू/समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल (i) एवं (ii)(b) केवल (ii) एवं (iii)(c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 24-27 जनवरी, 2020 के मध्य ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो भारत की राजकीय यात्रा पर रहे।
- इस यात्रा के दौरान उनके साथ 7 मंत्री, ब्राजील की संसद में ब्राजील-भारत मैत्री समूह के अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और एक बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल था।
- वह 26 जनवरी, 2020 को भारत के 71वें गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।
- इससे पूर्व, वर्ष 1996 और वर्ष 2004 में भी भारत के गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप ब्राजील के राष्ट्रपति शामिल हो चुके हैं।
- यह भारत में राष्ट्रपति बोल्सोनारो का पहला राज्य दौरा है।
- 25 जनवरी, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के मध्य प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता संपन्न हुई।
- इस वार्ता के पश्चात दोनों देशों के मध्य 15 एमओयू/समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं-

1. जैव ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता-ज्ञापन।
2. तेल एवं प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता-ज्ञापन।
3. फौजदारी मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता के लिए दोनों देशों के बीच समझौता।
4. वर्ष 2020 से 2024 की अवधि के लिए भारत और ब्राजील के बीच सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम।
5. सामाजिक सुरक्षा पर भारत और ब्राजील के बीच समझौता आदि।

- गौरतलब है कि भारत और ब्राजील के बीच बहुआयामी संबंध साझा करते हैं।
- दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2018-19 में बढ़कर 8.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।
- इसमें ब्राजील के लिए भारतीय निर्यात के रूप में 3.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर और भारत द्वारा आयात के रूप में 4.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर शामिल थे।
- ब्राजील में प्रमुख भारतीय निर्यात में कृषि-रसायन सिंथेटिक यार्न, ऑटो के पुरजे और भाग, फार्मास्युटिकल्स और पेट्रोलियम उत्पाद शामिल हैं।
- भारत में ब्राजील के निर्यात में कच्चे तेल, सोना, वनस्पति तेल, चीनी और थोक खनिज और अयस्क शामिल हैं।
- वर्ष 2018 में ब्राजील में भारत का निवेश लगभग 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर और भारत में ब्राजील के निवेश का अनुमान 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/32314/State_visit_of_President_of_Brazil_to_India

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

ब्रिटेन की नई अंक आधारित वीजा प्रणाली

प्रश्न-19 फरवरी, 2020 को ब्रिटेन की गृह सचिव प्रीति पटेल ने देश की नई अंक आधारित वीजा प्रणाली शुरू करने की घोषणा की। यह नई प्रणाली कब से लागू होगी?
(a) 11 अप्रैल, 2020 (b) 2 अक्टूबर, 2020 (c) 5 नवंबर, 2020 (d) 1 जनवरी, 2021

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2020 को ब्रिटेन की गृह सचिव प्रीति पटेल ने देश की नई अंक आधारित वीजा प्रणाली शुरू करने की घोषणा की।
- इसका उद्देश्य भारत सहित विश्वभर के 'होनहार और श्रेष्ठ' लोगों को आकर्षित करना है।
- यह नई प्रणाली 1 जनवरी, 2021 से लागू होगी।
- ब्रेक्जिट के बाद लागू हो रही यह नई प्रणाली यूरोपीय संघ और भारत जैसे अन्य देशों पर समान रूप से लागू होगी।
- इसके तहत विशिष्ट कौशल योग्यताओं, वेतन और व्यवसाय हेतु अंक प्रदान किए जाएंगे।
- सबसे अधिक और पर्याप्त अंक प्राप्त करने वालों को ही वीजा प्रदान किया जाएगा।
- इसमें वीजा पाने हेतु निर्धारित न्यूनतम सामान्य वेतन को 30 हजार पाउंड वार्षिक से घटाकर 25,600 पाउंड वार्षिक कर कर दिया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.gov.uk/government/news/uk-announces-new-points-based-immigration-system

भूटान द्वारा भारतीय पर्यटकों के आगमन पर शुल्क

प्रश्न-जुलाई, 2020 से भारतीय पर्यटकों को भूटान जाने के लिए प्रतिदिन के हिसाब से कितना शुल्क देना होगा?
(a) 1200 रुपये (b) 600 रुपये (c) 300 रुपये (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2020 को भारत के पड़ोसी देश भूटान ने भारतीय पर्यटकों के आगमन को सशुल्क कर दिया, जो पहले निःशुल्क हुआ करता था।
- भूटान की संसद ने को इस शुल्क को लगाने के लिए 'टूरिज्म लेवी एंड एग्जम्पशन बिल ऑफ भूटान, 2020' को मंजूरी दिया।
- जिसके अनुसार जुलाई, 2020 से भारतीय पर्यटकों को भूटान जाने के लिए प्रतिदिन के हिसाब से 1200 रुपये प्रवेश शुल्क देना होगा।
- बिल में छः से बारह साल के बच्चों के लिए 600 रुपये प्रतिदिन का शुल्क निर्धारित किया गया है।

- शुल्क को सस्टेनेबल डेवलपमेंट फीस (SDF) का नाम दिया गया है जो कि बांग्लादेश और मालदीव के पर्यटकों के लिए भी देय होगा।
- टीसीबी के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018 में 2,74,097 पर्यटक भूटान घूमने आएं ।
- पृष्ठभूमि
- भूटान की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का अहम योगदान है। यहां पूरी दुनिया से लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं जिनमें सबसे ज्यादा भारतीय पर्यटक होते हैं।
- इसका कारण है दोनों देशों के बीच खुली सीमा का होना।
- भूटान ने पर्यटकों के बोझ से अपने देश के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचने की संभावना व्यक्त की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/news/bhutan-to-charge-rs-1200-entry-fee-for-indian-tourists/article30740190.ece

प्राइस वॉटरहाउस कूपर्स (PwC) सीईओ सर्वे

प्रश्न-प्राइसवॉटर हाउस कूपर्स (PwC) के सीईओ (CEO) सर्वे के अनुसार विकास के मामले में वैश्विक कंपनियों के लिए शीर्ष बाजारों में भारत का कौन-सा स्थान है?
(a) चौथा(b) पांचवां(c) छठा (d) सातवां
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2020 को दावोस (स्विट्जरलैंड) में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक के दौरान PwC की वार्षिक ग्लोबल सीईओ सर्वे रिपोर्ट का 23वां संस्करण जारी किया गया।
- सर्वे के अनुसार वैश्विक कंपनियों के लिए भारत चौथा शीर्षस्थ बाजार है। (अमेरिका, चीन एवं जर्मनी के बाद)
- PwC **सर्वे के मुख्य अंश (विकास संभावनाएं)-**
- PwC विश्व में दूसरी सबसे बड़ी प्रोफेशनल सर्विसेज फर्म नेटवर्क और चार सबसे बड़ी लेखा फर्मों में से प्रथम है। (अन्य तीन हैं-डेलोटी टच तोहमात्सू, अर्नेस्ट एंड यंग तथा KPMG)
- CEO सर्वे में शामिल CEOs (मुख्य कार्यकारी आधिकारियों) का मानना है कि उनकी कंपनियों की संभावनाओं के संदर्भ में आने वाले वर्ष बहुत सकारात्मक नहीं हैं।
- विश्व के मात्र 27 प्रतिशत CEOs का अनुमान है कि अगले 12 महीने उनकी कंपनियों के लिए बेहतर हैं।
- वैश्विक कंपनियों की विकास की संभावनाओं के संदर्भ में 2009 के बाद यह सबसे निचला स्तर है।
- पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 35 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।
- वैश्विक विकासवैश्विक विकास दर के वर्ष 2020 में गिरकर 2.4 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाने का अनुमान है।
- सर्वे में शामिल 1600 में आधे से अधिक CEOs ने पहली बार वैश्विक विकास दर में गिरावट का अनुमान व्यक्त किया। मात्र 22 प्रतिशत CEOs ने अपेक्षित सुधार की प्रत्याशा जाहिर की।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pwc.com/gx/en/ceo-agenda/ceosurvey.html

जी-20 देशों के वित्त मंत्री एवं केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक, 2020

प्रश्न-22-23 फरवरी, 2020 के मध्य जी-20 देशों के वित्त मंत्री एवं केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक कहां संपन्न हुई?
(a) रियाद (b) अबू धाबी (c) वाशिंगटन डी.सी. (d) न्यूयॉर्क
उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 22-23 फरवरी, 2020 के मध्य जी-20 देशों के वित्त मंत्री एवं केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक रियाद, सऊदी अरब में संपन्न हुई।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय-'21वीं सदी के अवसरों की सभी के लिए पहचान' (Realizing Opportunities of the 21st Century for All) था।
- इस दो दिवसीय बैठक के दौरान सऊदी अरब के वित्त मंत्री मोहम्मद अल-जदान और सऊदी अरब के केंद्रीय बैंक के गवर्नर अहमद अल-खफीफी अध्यक्ष रहे।
- इस बैठक के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था के ताजा हालात तथा 'कोविड-19' संक्रमण से उत्पन्न जोखिमों पर चर्चा की गई।
- इसके अलावा, बैठक में अर्थव्यवस्थाओं के डिजिटलीकरण के दौर में कराधान की चुनौतियों पर चर्चा की गई।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.g20.utoronto.ca/2020/2020-g20-finance-0223.html

द टाइम्स हायर एजुकेशन इमर्जिंग इकोनामीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2020

प्रश्न-18 फरवरी, 2020 को 'द टाइम्स हायर एजुकेशन इमर्जिंग इकोनामीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) को उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों की सूची में कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?
(a) 15वां(b) 10वां(c) 16वां (d) 20वां
उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2020 को 'द टाइम्स हायर एजुकेशन इमर्जिंग इकोनामीज यूनिवर्सिटी रैंकिंग' (The Times Higher Education Emerging Economies University Ranking), 2020 जारी की गई।
- इस रैंकिंग में 47 देशों के 533 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है।
- इस रैंकिंग में शीर्ष 100 में चीन के 30 विश्वविद्यालय शामिल हैं।
- जबकि शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है।
- इसमें भारत के 56 विश्वविद्यालय शामिल हैं।
- इस रैंकिंग में शामिल शीर्ष 10 विश्वविद्यालय

1. त्सिंगहुआ यूनिवर्सिटी (चीन)
2. पेकिंग यूनिवर्सिटी (चीन)
3. झेजियांग यूनिवर्सिटी (चीन)
4. यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टक्नोलॉजी ऑफ चाइना (चीन)

5. लोमोनोसोव मास्को स्टेट यूनिवर्सिटी (रूस)
6. शंघाई जिआओ तोंग यूनिवर्सिटी (चीन)
7. फूडान यूनिवर्सिटी (चीन)
8. नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी (ताइवान)
9. नानजिंग यूनिवर्सिटी (चीन)
10. यूनिवर्सिटी ऑफ केपटाउन (दक्षिण अफ्रीका)

- भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) को उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों की सूची में 16वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके अलावा, आईआईटी खड़गपुर को 32वां, आईआईटी बांबे को 34वां, आईआईटी दिल्ली को 38वां, आईआईटी रुड़की को 58वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- आईआईटी, मद्रास को 63वां तथा आईआईटी रोपड़, पंजाब को 64वां स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.timeshighereducation.com/world-university-rankings/2020/emerging-economies-university-rankings#!/page/2/length/25/sort_by/rank/sort_order/asc/cols/stats

33वां अफ्रीकन यूनियन शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-9-10 फरवरी, 2020 के मध्य 33 वां अफ्रीकन यूनियन शिखर सम्मेलन कहां संपन्न हुआ?
(a) आदिश अबाबा(b) प्रिटोरिया(c) जोहॉन्सबर्ग (d) मोगादिशु

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 9-10 फरवरी, 2020 के मध्य 33वां अफ्रीकन यूनियन शिखर सम्मेलन आदिश अबाबा, इथियोपिया में संपन्न हुआ।
- इस दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) "Silencing The Guns: Creating Conducive Conditions for Africa's Development था।
- दक्षिण अफ्रीका गणराज्य के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा अफ्रीकन यूनियन के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए।
- इस पद पर इनका कार्यकाल 1 वर्ष का होगा।
- इस पद पर इन्होंने अब्देल फतह अल-सीसी का स्थान लिया।
- अफ्रीकन यूनियन 55 अफ्रीकी देशों का एक संघ है।
- इसे वर्ष 2001 में स्थापित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://au.int/en/newsevents/20200209/3rd-ordinary-session-assembly

ब्राजील में 'यारावायरस'

प्रश्न-ब्राजील की एक कृत्रिम झील में किस वायरस की खोज की गई, जो अमीबा को संक्रमित करती है?
(a) यारावायरस(b) कोरोनावायरस(c) निपाह वायरस (d) टीरोवायरस



उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में ब्राजील की एक झील में, शोधकर्ताओं ने एक वायरस की खोज की जिसका नाम 'यारावायरस' (Yaravirus) रखा गया।
- ब्राजील के पौराणिक कथाओं में पानी की रानी 'यारा' के नाम पर इस वायरस का नाम 'यारावायरस' दिया गया है।
- यारावायरस अमीबा को संक्रमित करता है और इसमें ऐसे जीन होते हैं जिन्हें पहले वर्णित नहीं किया गया है।
- यारावायरस में कुल 74 जीन है जिनमें से केवल 6 पहले भी देखे गए थे।
- यह वायरस मनुष्यों के लिए कोई खतरा उत्पन्न नहीं करता है क्योंकि यह मानव कोशिकाओं को संक्रमित नहीं करता है।
- शोधकर्ताओं का मानना है कि यह पृथ्वी पर सदियों से मौजूद है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dailymail.co.uk/health/article-7994747/Mysterious-new-virus-unknown-origin-emerges-lake-Brazil-leaving-scientists-puzzled.html

वन ट्रिलियन ट्रीज इनिशिएटिव

प्रश्न-हाल ही में निम्नलिखित में से किस संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व में 1 ट्रिलियन पेड़ों को उगाने एवं पुनस्थापित करने के लिए 'वन ट्रिलियन ट्रीज इनिशिएटिव'शुरू किया है?
(a) विश्व आर्थिक मंच (WEF)(b) यूनिसेफ(c) यू.एन.डी.पी. (d) वर्ल्ड बैंक

उत्तर—(a)
संबंधित तथ्य

- 20 से 24 जनवरी, 2020 के दौरान दावोस, स्विट्जरलैंड में विश्व आर्थिक फोरम की 50वीं वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई।
- इस बैठक के दौरान 1t.org प्लेटफॉर्म लांच किया गया।
- इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य विश्वभर में एक खरब पेड़ों का संरक्षण करना है।
- इसकी घोषणा विश्व आर्थिक फोरम (WEF) के संस्थापक व कार्यकारी अध्यक्ष (Chairman) क्लाउस श्वाब (Klaus Schwab) ने की।
- इस कार्यक्रम के तहत विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने वर्ष 2030 तक विश्व भर में 1 ट्रिलियन (1 खरब) पेड़ों को उगाने, पुनर्स्थापित करने और संरक्षित करने के लिए 'वन ट्रिलियन इनिशिएटिव' शुरू किया है।
- यह वैश्विक पहल जैव विविधता को स्थापित करने और जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में सहायता करने के उद्देश्य से की गई है।

- इस कार्यक्रम के आधिकारिक शुभारंभ से ठीक एक दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के भी इसमें शामिल होने की बात कही।
- राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भी पेड़ों और जंगलों को स्थापित करने, बढ़ाने और इसके संरक्षण में मजबूत नेतृत्व प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- 1 ट्रिलियन पेड़ लगाने का मुख्य उद्देश्य वायुमंडल से बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड को कम करके जलवायु परिवर्तन की गति कम करना है।
- यह माना गया है कि इस पहल से जलवायु, जैवविविधता और SGD लक्ष्यों की प्रगति हेतु आवश्यक बल मिलेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.weforum.org/agenda/2020/01/one-trillion-trees-world-economic-forum-launches-plan-to-help-nature-and-the-climate/

UMAS और एनर्जी ट्रांजिशन्स कमीशन का अध्ययन

प्रश्न-UMAS (यूनिवर्सिटी मैरीटाइम एडवाइजरी सर्विसेज) और एनर्जी ट्रांजिशन्स कमीशन के अध्ययन के अनुसार अंतराष्ट्रीय शिपिंग क्षेत्र को वर्ष 2050 तक पूरी तरह से डीकार्बोनाइज करने के लिए कुल कितने निवेश की आवश्यकता होगी?

(a) 1.4 बिलियन डॉलर से 1.9 बिलियन डॉलर की (b) 3.9 बिलियन डॉलर से 6.8 बिलियन डॉलर की
(c) 8.6 बिलियन डॉलर से 9.5 बिलियन डॉलर की (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर—(d)

संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2020 को UMAS (यूनिवर्सिटी मैरीटाइम एडवाइजरी सर्विसेज) और एनर्जी ट्रांजिशन्स कमीशन ने अंतरराष्ट्रीय शिपिंग क्षेत्र के डीकार्बोनाइजेशन से संबंधित एक अध्ययन रिपोर्ट जारी किया।
- अध्ययन के अनुसार 'शिपिंग' क्षेत्र को वर्ष 2050 तक पूरी तरह से डीकार्बोनाइज करने के लिए कुल 1.4 ट्रिलियन डॉलर से लेकर 1.9 ट्रिलियन डॉलर तक के निवेश की आवश्यकता होगी।
- **अध्ययन का उद्देश्य**
- इस निवेश आवश्यकता की पड़ताल करना ही उपरोक्त अध्ययन का मुख्य उद्देश्य भी था
- UMAS के अध्ययन ने शिपिंग क्षेत्र में उत्सर्जन को कम करने के लिए अन्य विकल्पों पर निवेश करने की जरूरत पर बल दिया है।
- **IMO और शिपिंग क्षेत्र का पर्यावरणीय प्रभाव**
- लंदन स्थित IMO (इंटरनेशनल मैटीटाइम ऑर्गनाइजेशन) संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है जो शिपिंग क्षेत्र की सुरक्षा और जहाजों के पर्यावरणीय प्रभाव के लिए उत्तरदायी संगठन है और अंतरराष्ट्रीय समुद्री परिवहन को नियंत्रित करने हेतु एक मंच भी है।
- ध्यातव्य है कि विश्व में 90 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय व्यापार समुद्र के माध्यम से ही संपादित होता है।
- अत: IMO की समुद्री पर्यावरण संरक्षण समिति समय-समय पर शिपिंग क्षेत्र से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसों को नियंत्रित करने के उपायों पर चर्चा का आयोजन (बैठक) करती है, जिनमें UMAS जैसे संस्थानों के अध्ययनों पर विचार किया जाता है।

- वैश्विक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में शिपिंग क्षेत्र का योगदान लगभग तीन प्रतिशत है।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://u-mas.co.uk/Latest/Post/419/New-study-by-UMAS-shows-that-decarbonisation-of-the-shipping-sector-is-a-whole-system-challenge-and-not-something-just-for-shipping

वर्ल्ड एम्पलॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक : ट्रेडर्स, **2020**

प्रश्न-ILO के अनुसार वैश्विक स्तर पर वर्किंग एज पॉपुलेशन (कार्यशील आयु जनसंख्या) कितनी है?
(a) 6.7 बिलियन(b) 7.5 बिलियन(c) 9.8 बिलियन (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर—(d)
संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2020 को अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने "वर्ल्ड एम्पलॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक (WESO)–ट्रेड्स, 2020 " नामक रिपोर्ट जारी की।
- **मुख्य अंश**
- रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर वर्ष 2019 में कार्यशील आयु जनसंख्या 5.7 बिलियन थी।
- जबकि युवा (15-24 वर्ष) कार्यशील जनसंख्या 1.2 बिलियन दर्ज की गई।वर्ष 2019 में बेरोजगारों की संख्या वैश्विक स्तर पर 188 मिलियन अनुमानित थी।
- जिसमें श्रमिक बल वृद्धि के साथ ही प्रति वर्ष 2.5 मिलियन के लगभग की वृद्धि पूर्वानुमानित है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका में बेरोजगारी दर वर्ष 2019 में 4 प्रतिशत से थोड़ा कम अनुमानित रही और वर्ष 2021 में भी इसके लगभग 4 प्रतिशत ही रहने का पूर्वानुमान है।
- वर्ष 2009-19 के दौरान वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक सामाजिक अशांति उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में मौजूद रही।
- जबकि उत्तरी अमेरिका एवं दक्षिण पूर्व एशिया एवं पैसिफिक क्षेत्र में सबसे शांतिपूर्ण रहा।
- वैश्विक स्तर पर वर्ष 2019 में श्रमिक बल सहभागिता दर 60.7 प्रतिशत थी।
- वैश्विक स्तर पर वर्ष 2019 में बेरोजगारी दर 5.4 प्रतिशत थी।
- WESO के अनुसार, 2019 में चरम कार्यशील गरीबी (Extreme Working Poverty) (प्रतिदिन 1.90 डॉलर क्रयशक्ति समतुल्यता से कम) वैश्विक स्तर पर 7.1 प्रतिशत थी।
- जिसके वर्ष 2024 में घट कर 6.1 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है।
- संख्या के संदर्भ में यह आंकड़ा वर्ष 2019 में 234.4 मिलियन था, जो कि वर्ष 2024 में घट कर 209.2 मिलियन आ जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.ilo.org/wcmsp5/groups/public/—dgreports/—dcomm/—publ/documents/publication/wcms_734455.pdf

मालदीव पुनः राष्ट्रमंडल का 54वां सदस्य बना

प्रश्न-1 फरवरी, 2020 को मालदीव पुनः राष्ट्रमंडल का 54वां सदस्य बना। मालदीव ने किस वर्ष इस संगठन से अपनी सदस्यता छोड़ी थी?

(a) वर्ष 2016(b) वर्ष 2012(c) वर्ष 2010 (d) वर्ष 2008

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 को मालदीव पुनः राष्ट्रमंडल का 54वां सदस्य बना।गौरतलब है कि मालदीव ने वर्ष 2016 में राष्ट्रमंडल की सदस्यता छोड़ी थी।उल्लेखनीय है कि मालदीव वर्ष 1982 में राष्ट्रमंडल का सदस्य बना था।
- राष्ट्रमंडल 54 स्वतंत्र राष्ट्रों का एक राजनीतिक संघ है, जिसमें सभी देश ब्रिटिश राज्य का हिस्सा थे।
- इसका मुख्यालय लंदन में स्थित है। वर्तमान में पैट्रासिया स्कॉटलैंड राष्ट्रमंडल के महासचिव हैं।
- इसका मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र, साक्षरता, मानवाधिकार, बेहतर प्रशासन, मुक्त व्यापार और विश्व शांति को बढ़ावा देना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/world/story/maldives-rejoins-commonwealth-as-uk-leaves-eu-1642432-2020-02-01

G-77 की अध्यक्षता गुयाना को हस्तांतरित

प्रश्न-जनवरी, 2020 में G-77 की अध्यक्षता गुयाना को हस्तांतरित हुई। G-77 की स्थापना कब हुई थी?

(a) वर्ष 1964(b) वर्ष 2001(c) वर्ष 1970 (d) वर्ष 1984

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2020 में वर्ष 2020 हेतु G-77 की अध्यक्षता गुयाना को हस्तांतरित की गई।
- वर्ष 2019 के अध्यक्ष फिलिस्तीन द्वारा गुयाना को इस समूह की अध्यक्षता हस्तांतरित की गई।
- G-77 की स्थापना 15 जून, 1964 को जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में आयोजित 'व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के प्रथम सत्र के अंत में जारी 77 विकासशील देशों के संयुक्त घोषणा-पत्र द्वारा हुई थी।
- इस घोषणा-पत्र पर 77 विकासशील देशों ने हस्ताक्षर किए थे।
- G-77 संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत विकासशील देशों का सर्वाधिक बृहद अंतर-सरकारी संगठन है।
- हालांकि G-77 के सदस्यों की वर्तमान संख्या बढ़कर 135 तक पहुंच गई है, फिर भी इसके मूल नाम को इसके ऐतिहासिक महत्व के कारण कायम रखा गया है।
- ज्ञातव्य है कि भारत वर्ष 1970-71 एवं 1979-80 में G-77 का अध्यक्ष रह चुका है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.china.org.cn/world/Off_the_Wire/2020-01/16/content_75617849.htm

अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक, 2020

प्रश्न-5 फरवरी, 2020 को यू.एस. चैंबर ऑफ कॉमर्स के ग्लोबल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी सेंटर द्वारा जारी 8वें अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?

(a) 36वां (b) 40वां (c) 20वां (d) 35वां

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2020 को यू.एस. चैंबर ऑफ कॉमर्स के ग्लोबल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी सेंटर द्वारा 8वें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक (International IP Index), 2020 का प्रकाशन किया गया।
- इस वर्ष के सूचकांक की थीम-"Art of the Possible" है।
- इस सूचकांक में 53 देशों को शामिल किया गया है।
- इस सूचकांक को बनाने के लिए 40 संकेतकों को 8 श्रेणियों में बांटा गया और देशों द्वारा प्रत्येक श्रेणी में अर्जित अंकों के आधार पर मुख्य सूचकांक बनाया गया है।
- शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले देश एवं उनके स्कोर इस प्रकार हैं-

1. यूएसए	–	47.64
2. यू.के.	–	46.96
3. फ्रांस	–	45.75
4. जर्मनी	–	45.54
5. स्वीडन	–	45.28
6. जापान	–	45.20
7. नीदरलैंड्स	–	44.82
8. आयरलैंड	–	44.49

9. स्विट्जरलैंड	–	42.67
10. स्पेन	–	42.32

- इस सूचकांक में अंतिम पांच स्थान प्राप्त करने वाले देश एवं उनके स्कोर इस प्रकार रहे-

53. वेनेजुएला	–	7.11
52. अल्जीरिया	–	12.03
51. पाकिस्तान	–	13.25
50. नाइजीरिया	–	13.81
49. कुवैत	–	14.01

- अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक, 2020 में भारत 19.23 स्कोर के साथ 40वें स्थान पर है।
- जबकि गतवर्ष भारत इस सूचकांक में 36वें स्थान पर था।
- ब्रिक्स देशों में भारत के अलावा चीन को 28वां, रूस को 31वां, ब्राजील को 34वां तथा दक्षिण अफ्रीका को 42वां स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.uschamber.com/sites/default/files/023881_gipc_ip_index_2020_fullreport_a_04.pdf

वर्ष **2019** का ऑक्सफोर्ड हिंदी शब्द

प्रश्न-28 जनवरी, 2020 को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने किस शब्द को वर्ष 2019 का ऑक्सफोर्ड हिंदी शब्द नामित किया?

(a) आधार(b) नारीशक्ति(c) संविधान (d) जलवायु परिवर्तन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2020 को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी) ने 'संविधान' शब्द को वर्ष 2019 का ऑक्सफोर्ड हिंदी शब्द नामित किया।उल्लेखनीय है कि ऑक्सफोर्ड द्वारा चयनित वर्ष का हिंदी शब्द एक ऐसा शब्द या उक्ति है जो बीते हुए वर्ष की प्रकृति, मिजाज, माहौल और मानसिकता को व्यक्त करता है।
- इस इसके स्थायी सांस्कृतिक महत्व के कारण चुना गया है।'संविधान' किसी राष्ट्र या संस्था द्वारा निर्धारित किए गए वे लिखित नियम होते हैं, जिसके आधार पर उस राष्ट्र या संस्था का सुचारु रूप से संचालन किया जा सके।
- किसी भी देश का संविधान उस देश की राजनीतिक व्यवस्था, न्याय व्यवस्था तथा उस देश के नागरिकों के हितों की रक्षा करने का एक मूल ढांचा होता है।
- वर्ष 2019 में भारत के संविधान ने भारत के आम आदमी के लिए नए सिरे से महत्व प्राप्त किया।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2018 का ऑक्सफोर्ड हिंदी शब्द 'नारी शक्ति' था।

https://timesofindia.indiatimes.com/india/samvidhaan-is-oxford-hindi-word-of-the-year-for-2019/articleshow/73696209.cms

आर्थिक परिदृश्य

सेबी : निवेश सलाहकारों के पात्रता नियमों में संशोधन

प्रश्न-बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों की हितों की रक्षा के उद्देश्य से निम्नलिखित में से कौन -सा उपाय किया हैं?
(a) सलाहकारों के शुल्क की उच्च सीमा(b) सलाहकारों के शुल्क की निम्न सीमा
(c) सलाहकारों के नियुक्ति हेतु पैनल का गठन (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2020 को बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से निवेश सलाहकारों के लिए पात्रता मानदंडों को कड़ा करने का निर्णय लिया।
- इसके साथ ही उनके शुल्क की उच्च सीमा तय करने का निर्णय लिया है।
- सेबी ने प्रतिभूतियों के वितरण से जुड़े लोगों द्वारा 'स्वतंत्र वित्तीय सलाहकार' या 'सम्पत्ति सलाहकार' जैसे शब्दों के प्रचलन पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।
- बतौर निवेश सलाहकार के रूप में पंजीकृत व्यक्ति यदि उपरोक्त पेशे में हो तो वह स्वतंत्र वित्तीय सलाहकार या सम्पत्ति सलाहकार जैसे शब्दों का उपयोग कर सकेंगे।
- वो निवेश सलाहकार जो व्यक्तिगत वित्तीय परामर्श दाता है, वे-वितरण सेवा नहीं दे सकते।
- कंपनियों को ग्राहक स्तर पर 'परामर्श' और 'वितरण' को अलग करना होगा।
- मौजूदा व्यक्तिगत परामर्श दाताओं के लिए पुराने प्रावधान बने रहेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/market/stock-market-news/sebi-board-clears-norms-for-investment-advisors-11581938758238.html

RBI का लेखा वर्ष

प्रश्न-निम्नलिखित में से RBI का लेखांकन वर्ष क्या है?

(a) जुलाई से जून(b) अप्रैल से मार्च(c) जनवरी से दिसंबर (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2020 को RBI के केंद्रीय निदेशक मंडल की 582वीं बैठक में वर्तमान आर्थिक स्थिति, वैश्विक और घरेलू चुनौतियों और RBI के संचालन के विभिन्न क्षेत्रों की समीक्षा की गई।
- बोर्ड ने RBI के लेखांकन वर्ष में परिवर्तन की सिफारिश की।
- ध्यातव्य है कि जब स्वतंत्रता पूर्व RBI का परिवर्तन शुरू हुआ तो इसका लेखांकन वर्ष जनवरी-दिसंबर था।
- वर्ष 1940 में लेखांकन वर्ष परिवर्तित कर जुलाई से जून तक कर दिया गया था।
- तब से यही लेखांकन वर्ष चलन में है।
- बोर्ड की सिफारिश के अनुरूप RBI का अगला लेखा वर्ष जुलाई 2020 से 31 मार्च, 2021 तक कुल नौ माह की अवधि का होगा।
- उसके बाद सभी लेखांकन वर्ष की अवधि 1 अप्रैल से 31 मार्च तक की होगी।
- RBI के आर्थिक पूंजी फ्रेमवर्क पर बिमल जालान समिति ने RBI के वार्षिक खातों की अधिक पारदर्शी प्रस्तुति और वित्तीय वर्ष 2020-21 से इसके लेखांकन वर्ष को जुलाई, जून के स्थान पर अप्रैल-मार्च करने का प्रस्ताव दिया था।
- समिति के अनुसार, लेखांकन वर्ष में परिवर्तन से RBI बजटीय उद्देश्यों हेतु वित्त वर्ष के लिए सरकार को अनुमानित अधिशेष के हस्तांतरण का बेहतर अनुमान प्रदान करने में सक्षम होगा।
- जिससे सरकार को प्राप्त लाभांश या अधिशेष के हस्तांतरण का बेहतर प्रबंधन किया जा सकेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/industry/banking/rbi-may-soon-decide-to-sync-its-accounting-year-with-government-s-fiscal-year-11581759694540.html

टॉप 500 बैंकिग ब्रांड्स, 2020

प्रश्न-'द बैंकर' (एक ब्रिटिश प्रकाशन) द्वारा जारी Top 500 बैंकिग ब्रांड्स, 2020 में ब्रांड वैल्यू में सर्वाधिक वृद्धि के संदर्भ में शीर्षस्थ है-



(a) इंडसइंड बैंक(b) वियतकॉम बैंक(c) केमिकल बैंक (d) बैंक और चेंगडू

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2020 को ब्रिटिश प्रकाशन 'द बैंकर' ने भारतीय बैंक इंडसइंड बैंक को Top 500 बैकिंग ब्रांड्स, 2020 में ब्रांड वैल्यू में सर्वाधिक वृद्धि के संदर्भ में पहला स्थान दिया।
- यह रिपोर्ट अपने प्रतिद्वंदियों के सापेक्ष किसी ब्रांड की शक्ति, क्षमता और जोखिम को दर्शाता है।
- रिपोर्ट के अनुसार, इंडसइंड बैंक के ब्रांड मूल्य में पिछले 12 महीनों में 122 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिससे यह इस वैश्विक सूची में शीर्षस्थ स्थान पर कायम है।

- इस सूची में 4 भारतीय बैंकिग ब्रांड्स को जगह दी गई हैं।
- तीन अन्य भारतीय ब्राण्ड्स हैं- पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (चौथा स्थान), बैंक ऑफ इंडिया (पन्द्रहवां स्थान) तथा एक्सिस बैंक (उन्नीसवां स्थान)।
- **रैंक में वृद्धि**
- 'टॉप 500 बैंकिंग ब्रांड्स, 2020' में पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन की रैंकिंग में 127 पायदान की वृद्धि हुई और इस प्रकार यह तीसरे पायदान (रैंक) पर आ गया है।
- रैंकिग में वृद्धि के संदर्भ में पहले एवं दूसरे स्थान पर क्रमशः केमिकल बैंक (USA) एवं शॉब्रुक बैंक (UK) हैं।
- इंडसइंड बैंक 103 पायदान चढ़ कर रैंकिंग में वृद्धि वाली सूची में छठे स्थान (रैंक) पर है।
- जबकि भारतीय बैंक, 'फेडरल बैंक' (10वीं रैंक) एवं बैंक ऑफ इंडिया (11वीं रैंक) ने भी अपनी-अपनी रैंकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि कर इस सूची में जगह बनाई है।
- **देशवार कुल ब्रांड वैल्यू**
- देशवार कुल ब्रांड वैल्यू के संदर्भ में शीर्ष 50 देशों में भारत वर्ष 2020 में 26,516 मिलियन डॉलर की ब्रांड वैल्यू के साथ आठवीं रैंक (स्थान) पर है।
- चीन, अमेरिका एवं कनाडा क्रमशः पहले, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं।
- चीन का ब्रांड मूल्य 412,452 मिलियन डॉलर रहा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thebanker.com/Banker-Data/Top-500-Banking-Brands-2020

अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि (**USTR**) की सूची में भारत का विलोपन

प्रश्न-अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि (USTR) ने विभिन्न देशों को उनके विकास स्तर के अनुरूप किस वर्ष सूचीबद्ध किया था?

(a) 1998 में(b) 2002 में(c) 2004 में (d) 2006 में

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि (USTR) ने विकासशील एवं अल्प विकसित देशों की नई सूची जारी की।
- इस सूची से भारत का विलोपन कर दिया गया।
- जिस कारण आगे आने वाले समय में भारत अमेरिकी सरकार द्वारा विकासशील देशों एवं अल्पविकसित देशों को उपलब्ध कराई जाने वाली 'काउंटर वेलिंग ड्यूटी' में रियायत का लाभ नहीं उठा पाएगा।
- USTR द्वारा WTO से प्रेरित होकर वर्ष 1998 में विभिन्न देशों को उनके विकास स्तर के अनुरूप सूचीबद्ध किया गया था।
- सूची के माध्यम से USTR यह निर्धारित करता है कि किन देशों को रियायत दी जाएगी और कौन से देश 'काउंटर वेलिग ड्यूटी' के अंतर्गत शामिल होंगे।
- **काउंटरवेलिंग ड्यूटी (CVD)**
- CVD एक प्रकार का आयात कर है जो आयातित वस्तुओं पर सब्सिडी के प्रभाव को न्यून करता है।

- यह आयातित वस्तु के सापेक्ष घरेलू उत्पाद को मूल्य प्रतिस्पर्द्धा में पिछड़ने से बचाने का जरिया है तथा इस प्रकार यह एक एंटी-डोपिंग टैक्स भी है।
- सूची और उसका प्रभाव-
- USTR की नई सूची में भारत, ब्राजील, इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड और वियतनाम का विलोपन कर दिया गया है।
- नई सूची में 36 विकासशील देश और 44 अल्पविकसित देशों को शामिल किया गया है।
- USTR के अनुसार, G20 का सदस्य होने के कारण भारत को विकासशील देशों की सूची में स्थान नहीं दिया गया है।
- वर्तमान में भारत, अमेरिका के साथ व्यापार में लाभ की स्थिति में है, परंतु हालिया नीति से भारतीय निर्यात प्रभावित होने की संभावना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/explained/ustr-list-developing-countries-india-explained-6267891/

ग्रीनविच एसोसिएट्स एलएलसी का अधिग्रहण

प्रश्न-26 फरवरी, 2020 को किस रेटिंग एजेंसी ने बेंचमार्किंग डेटा प्रदाता ग्रीनविच एसोसिएट्स एलएलसी का अधिग्रहण पूरा किया?
(a) इक्रा (b) केयर (c) क्रिसिल (d) समेरा
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 26 फरवरी, 2020 को रेटिंग एजेंसी क्रिसिल (CRISIL) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशु सुयष ने जानकारी प्रदान की कि उनकी कंपनी ने बेंचमार्किंग डेटा प्रदाता ग्रीन विच एसोसिएट्स एलएलसी का शत-प्रतिशत अधिग्रहण पूरा कर लिया है।
- इस सौदे की घोषणा 19 दिसंबर, 2019 को की गई थी।
- ग्रीनविच एसोसिएट्स एक अमेरिकी कंपनी है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.business-standard.com/article/news-cm/crisil-completes-acquiring-greenwich-associates-120022600783_1.html

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड का अधिग्रहण

प्रश्न-24 फरवरी, 2020 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एनटीपीसी लिमिटेड को भारत सरकार से टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कितने प्रतिशत जारी एवं चुकता शेयर पूंजी का अधिग्रहण करने हेतु मंजूरी प्रदान की?
(a) 50 प्रतिशत(b) 65.25 प्रतिशत(c) 72.85 प्रतिशत (d) 74.50 प्रतिशत
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2020 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एनटीपीसी लिमिटेड को भारत सरकार से टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की 74.50 प्रतिशत जारी एवं चुकता शेयर पूंजी का अधिग्रहण करने हेतु मंजूरी प्रदान की।
- यह मंजूरी सीसीआई ने प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के तहत प्रदान की है।
- टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड एक सार्वजनिक उपक्रम है, 31 मार्च, 2019 तक की स्थिति के अनुसार इसके 74.50 प्रतिशत शेयर भारत सरकार के पास और 25.50 प्रतिशत शेयर उत्तर प्रदेश सरकार के पास है।
- इस कंपनी पर विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार का प्रशासनिक नियंत्रण है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1604217

नीपको का अधिग्रहण

प्रश्न-24 फरवरी, 2020 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने एनटीपीसी लिमिटेड को भारत सरकार से नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक कॉर्पोरेशन (नीपको) के कितने प्रतिशत जारी एवं चुकता शेयर पूंजी का अधिग्रहण करने हेतु मंजुरी प्रदान की?

(a) 60 प्रतिशत(b) 72 प्रतिशत(c) 75 प्रतिशत (d) 100 प्रतिशत

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2020 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एनटीपीसी लिमिटेड को भारत सरकार से नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पॉवर कॉर्पोरेशन (नीपको) के 100 प्रतिशत जारी एवं चुकता शेयर पूंजी का अधिग्रहण करने को मंजूरी प्रदान की।
- सीसीआई द्वारा यह मंजूरी प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के तहत प्रदान की गई है।
- नीपको विद्युत क्षेत्र की कंपनी है, जो मुख्यतः भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में कार्यरत है।
- नीपको का मुख्य व्यवसाय है-पनबिजली, ताप एवं सौर विद्युत केंद्रों के माध्यम से बिजली का उत्पादन करना।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/cci-approves-ntpc-s-stake-buy-in-neepco-thdc-india-120022401126_1.html

कैश इज किंग, बट डिजिटल इज डिवाइन

प्रश्न-फरवरी, 2020 में किस बैंक ने देश में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने हेतु नया नारा 'कैश इज किंग, बट डिजिटल इज डिवाइन' अर्थात 'नकदी भव्य है, पर डिजिटल दिव्य है' का दिया?

(a) भारतीय स्टेट बैंक(b) भारतीय रिजर्व बैंक (c) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया(d) पंजाब नेशनल बैंक

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2020 को भारतीय रिजर्व बैंक ने देश में डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने हेतु नया नारा-'कैश इज किंग, बट डिजिटल इन डिवाइन' अर्थात 'नकदी भव्य है, पर डिजिटल दिव्य है' दिया।
- रिजर्व बैंक के अनुसार देश में नोट बंदी के बाद से प्रचलन में नोटों की संख्या में 3.5 लाख करोड़ रुपये की कमी आई है।
- विगत 5 वर्षों के दौरान डिजिटल तौर तरीकों से लेन-देन में कुल मिलाकर मात्रा के दृष्टिकोण से 61 प्रतिशत और मूल्य के दृष्टिकोण से 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।
- इस केंद्रीय बैंक के अनुसार, अक्टूबर, 2014 से अक्टूबर, 2016 के दौरान प्रचलन में जारी नोटों में औसतन 14 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है।
- इसके आधार पर अक्टूबर, 2019 में प्रचलन में नोटों का कूल मूल्य 26,04,953 करोड़ होना चाहिए, किन्तु यह वास्तव में 22,31,090 करोड़ रुपये रहा।

लेखक-विजय प्रताप सिंह

संबंधित लिंक भी देखें...

https://m.economictimes.com/industry/banking/finance/banking/rbis-new-moto-cash-is-king-but-digital-is-divine/articleshow/74288195.cms

यूरो-6 (बीएस-6)

प्रश्न-भारत में यूरो-6 या बीएस-6 ग्रेड के पेट्रोल और डीजल की ब्रिकी कब से शुरू होगी?
(a) 1 मार्च, 2020(b) 15 मार्च, 2020(c) 1 अप्रैल, 2020 (d) 30 अप्रैल, 2020
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 1 अप्रैल, 2020 से भारत में यूरो-6 ग्रेड के पेट्रोल व डीजल की ब्रिकी शुरू होगी।
- भारतीय सरकारी तेल कंपनियां देशभर में यूरो-6 ग्रेड के पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति करेंगी।
- यूरो-6 ग्रेड विश्व का सबसे स्वच्छ पेट्रोल व डीजल उत्सर्जन मानक है।
- भारत ने यह उपलब्धि महज 3 वर्षों की अवधि में हासिल की है।
- भारत ने 3 वर्ष पूर्व वाहन उत्सर्जन कम करने हेतु बीएस-4 से सीधे बीएस-6 मानक पर अमल करने का निर्णय किया था।
- उल्लेखनीय है भारत ने वर्ष 2010 में बीएस-3 मानक को लागू किया था।
- इसके 7 वर्ष बाद देश में बीएस-4 उत्सर्जन मानक अपनाया गया।
- बीएस-6 के अनुकूल पेट्रोल और डीजल में सल्फर की यात्रा 10 पीपीएम होती है।
- यूरो-6, बीएस-6 के समतुल्य है।

https://www.bloombergquint.com/business/india-to-switch-to-world-s-cleanest-petrol-diesel-from-apr-1

नेल्को द्वारा उड़ान के दौरान ब्रॉडबैंड सेवाएं देने हेतु साझेदारी

प्रश्न-19 फरवरी, 2020 को टाटा समूह की कंपनी नेल्कों ने भारतीय विमानन क्षेत्र में उड़ान के दौरान ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने हेतु पैनासोनिक एबियॉनिक्स के साथ साझेदारी करने की घोषणा की। इस सेवा की शुरुआत किस एयरलाइंस के साथ की जाएगी?

(a) विस्तारा(b) इंडिगो(c) स्पाइस जेट(d) गोएयर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2020 को टाटा समूह की कंपनी नेल्को ने भारतीय विमानन क्षेत्र में उड़ान के दौरान ब्रॉडबैंड सेवाएं करने हेतु पैनासोनिक एवियॉनिक्स (Panasonic Avionics) के साथ साझेदारी करने की घोषणा की।
- इस सेवा की शुरुआत विस्तारा एयरलाइंस के साथ की जाएगी।विस्तारा टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस की संयुक्त कंपनी है।विस्तारा इस सेवा से जुड़ने वाली पहली विमानन कंपनी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/economy/logistics/vistara-ties-up-with-nelco-panasonic-arm-to-start-in-flight-broadband-services/article30862633.ece

बैबको होल्डिंग्स इंक

प्रश्न-17 फरवरी, 2020 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के तहत किस कंपनी को बैबको होल्डिंग्स इंक की शत-प्रतिशत अंशभागिता खरीदने हेतु मंजूरी प्रदान की?

(a) डेमलर एजी(b) जेडएफ फ्रेडरिकशैफेन एजी(c) जनरल मोटर्स (d) टेस्ला इंक

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2020 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के तहत जेडएफ फ्रेडरिकशैफेन एजी को बैबको होल्डिंग्स इंक की शत-प्रतिशत अंशभागिता खरीदने हेतु मंजूरी प्रदान की।
- प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा मंजूरी प्रदत्त प्रस्तावित सौदे के तहत भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (संयोजन से संबंधित कारोबारी सौदे के बारे में प्रक्रिया) नियमन, 2011 के नियम 25 (1A) के तहत जेडएफ द्वारा प्रस्तावित संशोधनों को ध्यान में रखना होगा।जेडएफ एक वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी है जो यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों, राजमार्गों से इतर चालित वाहनों एवं औद्योगिक प्रौद्योगिकियों के लिए विभिन्न प्रकार के उत्पादों और प्रणालियों को विकसित, निर्माण और विवरण करती है।
- बैबको मुख्य रूप से न्यूमैटिक ब्रेकिंग कंट्रोल सिस्टम के साथ-साथ ऐसी प्रौद्योगिकियों एवं सेवाओं की वैश्विक आपूर्तिकर्ता है, जिससे ट्रकों, बसों एवं ट्रेलरों सहित वाणिज्यिक वाहनों की सुरक्षा, दक्षता एवं कनेक्टिविटी बेहतर होती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199372

GSTN: आईटी प्रणाली में सुधार के लिए पैनल का गठन

प्रश्न-GSTN ने अपनी आईटी प्रणाली में सुधार के लिए जिस सलाहकार समिति (पैनल) के गठन की घोषणा की है, उसमें शामिल होंगे-

(a) उद्योग मंडलों के प्रतिनिधि(b) SEBI के अध्यक्ष(c) RBI के शीर्ष अधिकारी (d) उपरोक्त सभी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2020 को GSTN (वस्तु एवं सेवाकर नेटवर्क) ने अपने आईटी प्रणाली में सुधार के लिए एक पैनल गठित करने की घोषणा की।
- इस पैनल (सलाहकार समिति) में CII एवं एसोचैम जैसे उद्योग मंडलों के प्रतिनिधियों को सम्मिलित किया जाएगा।
- इसके अलावा इस समिति के गठन में CAIT एवं इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।
- समिति जीएसटी प्रणाली में नई कार्यक्षमताओं पर प्रतिक्रिया और सुझाव प्रदान करेगी और नए आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) टूल्स को अपनाने की दिशा में कार्य करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.thehindubusinessline.com/economy/gstn-sets-up-panel-to-improve-it-system/article30776924.ece

ICICI बैंक की 'iBox' सुविधा

प्रश्न-ICICI बैंक की 'iBox' एक सेल्फ सर्विस डिलिवरी सुविधा है, यह सुविधा उपलब्ध होगी-

(a) हर महीने के दूसरे एवं चौथे शनिवार को(b) प्रत्येक रविवार को

(c) हफ्ते के सातों दिन और 24 घंटे(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 जनवरी, 2020 को निजी क्षेत्र की बैंक ICICI बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए एक विशेष सुविधा (iBox) का शुभारंभ किया।यह एक सेल्फ-सर्विस डिलीवरी सुविधा है, जिसके तहत ग्राहक अवकाश के दिन सहित सप्ताह के सातों दिन और 24 घंटे अपने घर के पास की ICICI बैंक की शाखा से अपना डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, चेक बुक और रिटर्न चेक कलेक्ट कर सकते हैं।
- iBox टर्मिनल एटीएम मशीन की तरह है, जिसे बैंक की ब्रांच के बाहर लगाया गया है।
- जिसे बैंक के बंद होने के बाद भी इस्तेमाल किया जा सकता है।
- बैंक ने यह सुविधा देश में 17 शहरों के 50 से अधिक शाखाओं में शुरू की है।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.icicibank.com/aboutus/article.page?identifier=news-icici-bank-launches-ibox-a-unique-selfservice-delivery-facility-for-customers–20202901130759974

क्रूड (कच्चा) इस्पात उत्पादन, 2019

प्रश्न-वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में कच्चे इस्पात (क्रूड स्टील) के उत्पादन में 2019 में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है?



(a) 1.8 प्रतिशत(b) 2.9 प्रतिशत(c) 4.2 प्रतिशत (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी, 2020 को जारी 'वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन' के आंकड़ों के अनुसार भारत में क्रूड स्टील (कच्चे इस्पात) का उत्पादन वर्ष 2019 में 1.8 प्रतिशत बढ़कर 111.2 मिलियन टन हो गया।
- वर्ष 2018 में क्रूड स्टील का उत्पादन 109.3 मिलियन टन था।
- वर्ष 2019 में भारत, चीन के बाद लगातार दूसरे वर्ष विश्व का दूसरा सबसे बड़ा क्रूड स्टील उत्पादक देश बना हुआ है।
- वैश्विक स्तर पर क्रूड स्टील का उत्पादन वर्ष 2019 में 1869.9 मिलियन टन था, जो वर्ष 2018 की तुलना में 3.4 प्रतिशत अधिक है।
- शीर्ष 10 उत्पादकः
- चीन का क्रूड स्टील उत्पादन वर्ष 2019 में भारत की तुलना में 885.1 मिलियन टन अधिक रहा, जिसकी वैश्विक हिस्सेदारी 53.3 प्रतिशत है।
- 2019 में क्रूड स्टील के शीर्ष 10 उत्पादक एवं उनकी वैश्विक हिस्सेदारी इस प्रकार है-चीन (53.3%)> भारत (5.9%)> जापान (5.3%)> यूएसए (4.7%)> रूस (3.8%)> जर्मनी (2.1%)> तुकी (1.8%)> ब्राजील (1.7%)> ईरान (1.7%)।
- वर्ल्ड स्टील एसोसिशन के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में शीर्ष 10 क्रूड स्टील उत्पादों में ईरान ऐसा देश रहा जहां उत्पादन में सर्वाधिक (30.1%) वृद्धि दर्ज की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.worldsteel.org/media-centre/press-releases/2020/Global-crude-steel-output-increases-by-3.4–in-2019.html

रिलायंस जियो की **UPI** पेमेंट सेवा लांच

प्रश्न-अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से यूपीआई भुगतान की सुविधा देने वाला देश का पहला दूरसंचार ऑपरेटर (Telecom Operator) है-

(a) वोडाफोन आइडिया(b) एअरटेल(c) रिलायंस जियो (d) बीएसएनएल

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2020 को रिलांयस जियो ने MyJio ऐप पर UPI पेमेंट सेवा को लांच किया।
- इसके साथ ही यह सुविधा देने वाला 'रिलायंस जियो' देश का पहला दूरसंचार ऑपरेटर (Telecom Operator) बन गया।
- रिलायंस जियो ने अपने वॉलेट ऐप जियो मनी के बजाय माई जियो ऐप पर यह फीचर लांच किया है।

- सुविधा का लाभ लेने के लिए जियो के प्रयोक्ता को My Jio ऐप के जरिए एक नई UPI ID बनानी होगी।
- NPCI (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम), RBI द्वारा स्थापित एक निगम है जिसे भारत में विभिन्न भुगतान प्रणालियों के लिए एक मातृसंस्था के रूप में कल्पित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/info-tech/reliance-jio-launches-upi-payments-on-myjio-app/article30607038.ece#

रीटेल पेमेंट सिस्टम पर केंद्रित न्यू अम्ब्रेला एंटाइटी

प्रश्न-RBI द्वारा प्रस्तावित 'न्यू अम्ब्रेला एंटाइटी' रीटेल पेमेंट सिस्टम पर केंद्रित होगा। इसकी स्थापना होगी न्यूनतम-
(a) 500 करोड़ रुपये के प्रदत्त पूंजी के साथ(b) 1000 करोड़ रुपये के प्रदत्त पूंजी के साथ
(c) 1500 करोड़ रुपये के प्रदत्त पूंजी के साथ (d) 2000 करोड़ रुपये के प्रदत्त पूंजी के साथ

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में RBI ने रीटेल पेमेंट सिस्टम पर केंद्रित 'न्यू अम्ब्रेला एंटाइटी' को प्रस्तावित किया है।
- इसकी स्थापना 500 करोड़ रुपये के प्रदत्त पूंजी के साथ होगी।
- RBI के अनुसार इस एंटाइटी की पूंजी में 40 प्रतिशत से अधिक का निवेश नहीं किया जा सकेगा। (किसी भी एकल प्रवर्तक या प्रवर्तक समूह के द्वारा)
- एंटाइटी की स्थापना में शामिल प्रवर्तक या प्रवर्तकों के समूह को सदैव 300 करोड़ रुपये का नेटवर्थ बनाए रखना होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=49373

वैश्विक यातायात सूचकांक

प्रश्न-वैश्विक यातायात सूचकांक, 2019 किसने जारी किया?
(a) टॉमटॉम (Tomtom) संस्थान(b) पॉमपॉम (Pompom) संस्थान
(c) वर्ल्ड रोड एसोसिएशन (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 29 जनवरी, 2020 को नीदरलैंड्स स्थित टॉमटॉम (Tomtom) संस्थान के द्वारा 'वैश्विक यातायात सूचकांक, 2019 का नौवां (9th) संस्करण जारी किया गया।
- सूचकांक वर्ष 2019 के सड़क यातायात संबंधी आंकड़ों पर आधारित है।
- भारतीय परिदृश्य-
- चार भारतीय शहरों को विश्व के शीर्ष 10 'अधिक यातायात संकुलन' (Traffic Congestion) वाले शहरों में शामिल किया गया है।

- बंगलुरू विश्व का सबसे अधिक यातायात संकुलन वाला शहर है जहां लोग प्रतिवर्ष 243 घंटे यातायात संकुलन में व्यतीत करते हैं।
- बंगलुरू में सबसे अधिक यातायात 20 अगस्त, 2019 को दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम यातायात 6 अप्रैल, 2019 को दर्ज किया गया।
- मुंबई में लोग प्रतिवर्ष 209 घंटे यातायात संकुलन में व्यतीत करते हैं।
- जबकि पुणे व दिल्ली के लिए यह आंकड़ा क्रमशः 193 घंटे तथा 190 घंटे प्रति वर्ष है।
- वैश्विक परिदृश्य
- विगत एक दशक में विश्व के 239 शहरों में यातायात संकुलन में वृद्धि हुई है।
- वर्ष 2019 में UAE की राजधानी अबूधाबी विश्व का सबसे कम यातायात संकुलन वाला राष्ट्रीय राजधानी बना।
- तथापि विश्व का सबसे कम यातायात संकुलन वाला शहर अमेरिका का ग्रीन्सबोरो है।
- सबसे अधिक यातायात संकुलन वाले शहरों में शीर्ष 10 हैं (क्रमशः)-
- बंगलुरू>मनीला> बोगोटा (कोलंबिया) >मुंबई>पुणे>मॉस्को>लीमा (पेरू)>नई दिल्ली>इस्तांबुल>जकार्ता।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.tomtom.com/en_gb/traffic-index/ranking/

भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार

प्रश्न-वर्तमान समय में कौन-सा देश भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार है?
(a) चीन(b) अमेरिका(c) रूस (d) यूएई
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2020 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार अमेरिका चीन को पीछे छोड़कर भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार बन गया है।वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान भारत और अमेरिका के मध्य द्विपक्षीय व्यापार लगभग 87.95 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।
- इस अवधि में भारत का चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार 87.07 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहे।
- इसी प्रकार वर्ष 2019-20 में अप्रैल-दिसंबर के मध्य अमेरिका और भारत के मध्य द्विपक्षीय व्यापार 68 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा है।इस अवधि में चीन के साथ द्विपक्षीय व्यापार 64.96 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।
- वर्ष 2018-19 में भारत का अमेरिका के साथ व्यापार लाभ 16.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि चीन के साथ 53.56 बिलियन अमेरिकी डॉलर का घाटा हुआ।
- इस डेटा के अनुसार वर्ष 2013-14 से वर्ष 2017-18 तक चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था।
- चीन से पूर्व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.businesstoday.in/current/economy-politics/us-beats-china-to-become-india-top-trading-partner/story/396719.html

भारत में लिथियम के भंडार की खोज

प्रश्न-हाल ही में परमाणु खनिज निदेशालय के शोधकर्ताओं ने कहां 14,100 टन (अनुमानित) के लिथियम भंडार की खोज की है?

(a) चित्तूर(b) मंडया(c) कलबुर्गी (d) सीहोर

उत्तर—(b)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2020 को द इकोनॉमिक टाइम्स द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार भारत के परमाणु ऊर्जा आयोग की इकाई, परमाणु खनिज निदेशालय के शोधकर्त्ताओं ने मंडया, कर्नाटक में 14,100 टन (अनुमानित) के लिथियम भंडार की खोज की है।मंडया, बंगलुरू से लगभग 100 किमी. की दूरी पर स्थित है।
- लिथियम एक दुर्लभ धातु है, जिसका उपयोग मुख्यत: इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी बनाने में किया जाता है।
- भारत में खोजा गया लिथियम का यह भंडार विश्व के अग्रणी लिथियम उत्पादकों के मुकाबले बहुत कम है।
- चिली 8.6 मिलियन टन, ऑस्ट्रेलिया 2.8 मिलियन टन, अर्जेंटीना 1.7 मिलियन टन और पुर्तगाल 60,000 टन लिथियम का उत्पादन करता है।वित्त वर्ष 2019 में भारत ने 1.2 बिलियन डॉलर की लिथियम बैटरी का आयात किया, जबकि वित्त वर्ष 2017 में 384 मिलियन डॉलर की लिथियम बैटरी का आयात किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://auto.economictimes.indiatimes.com/news/industry/lithium-reserve-found-in-mandya-near-bengaluru/74183545

नागपुर ऑरेंज की पहली खेप दुबई के लिए रवाना

प्रश्न-भारत ने वर्ष 2018-19 में कितने टन संतरे (संतरे में मंदारिन, क्लेमेंटाइन शामिल है) का उत्पादन किया?

(a) 10,183 हजार टन(b) 9,725 हजार टन (c) 8,781 हजार टन(d) 7,682 हजार टन

उत्तर—(c)

संबंधित तथ्य

- 13 फरवरी, 2020 को नागपुर आरेंज (संतरा) की पहली खेप को नवी मुंबई के वाशी से दुबई के लिए रवाना किया गया।वानगार्ड हेल्थ केयर (वीएचटी) इकाई के प्रशीतित कंटेनर को कुल 1500 क्रेटों (Crates) से भरा गया था।संतरे की मृग फसल (मॉनसून ब्लॉसम) जो फरवरी-मार्च में परिपक्व होती है के निर्यात की कॉफी संभावनाएं है क्योंकि इस अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में संतरे की आवक कम होती है।महाराष्ट्र राज्य कृषि विभाग के अनुसार नागपुर में 40 लाख हेक्टेयर भूमि पर संतरे की खेती की जाती है।
- नागपुर और अमरावती जिले में वारूद, काटोल, सौनेर, कलामेश्वर और नारखेड़ में प्रमुख रूप से संतरे की खेती की जा रही है, जहां पूरे क्षेत्र में केवल एक किस्म नागपुर मंदारिन की ही खेती की जाती है।
- संतरे का अंतरराष्ट्रीय व्यापार वर्ष 2018 में 10183 मिलियन अमेरिकी डॉलर था।
- भारत ने वर्ष 2018-19 में 8781 हजार टन संतरे (संतरे में मंदारिन, क्लेमेंटाइन शामिल है, का उत्पादन किया।

- उल्लेखनीय है कि कृषि निर्यात नीति के कार्यान्वयन हेतु, नागपुर जिला कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण द्वारा नागपुर को संतरा क्लस्टर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199340

ONGC सबसे अधिक लाभदायक कंपनी : DPE सर्वेक्षण

प्रश्न-10 फरवरी, 2020 को भारत सरकार के भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय के सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE) द्वारा संसद में एक रिपोर्ट पेश की गई। इस संबंध में निम्न कथनों पर विचार करें-
(i) रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2019 तक भारत में कुल 249 सीपीएसई कार्यरत थे।
(ii) वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान सभी सीपीएसई (CPSEs) की कुल आय में वृद्धि 20.12 प्रतिशत की रही।
(iii) सर्वेक्षण के अनुसार बीएसएनएल, एयर इंडिया और एमटीएनएल लगातार तीसरे साल सर्वाधिक घाटे में रहा।
(iv) रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2018-19 में ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ONGC) का योगदान 9.68 प्रतिशत रहा।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3 (c) 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर—(b)
संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2020 को भारत सरकार के भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय के सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE) द्वारा संसद में एक रिपोर्ट पेश की गई।
- सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE), हर वर्ष केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSEs) के प्रदर्शन पर सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम सर्वेक्षण लाता है।
- सर्वेक्षण के अनुसार, 31 मार्च, 2019 तक कुल 348 सीपीएसई थे, जिनमें से 249 चालू थे। शेष 86 निर्माणाधीन थे और 13 बंद या परिसमापन के अधीन थे।
- इस रिपोर्ट के अनुसार ओएनजीसी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और एनटीपीसी वित्तीय वर्ष 2018-19 में शीर्ष तीन सबसे लाभदायक सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम (पीएसयू) थे।
- वहीं दूसरी ओर, बीएसएनएल, एयर इंडिया और एमटीएनएल ने लगातार तीसरे साल सबसे ज्यादा नुकसान उठाया है।
- ONGC, IOCL और NTPC सहित सार्वजनिक उपक्रमों के शीर्ष तीन लाभ में क्रमश: 15.3 प्रतिशत, 9.68 प्रतिशत और 6.73 प्रतिशत का योगदान है, जो सभी लाभकारी सीपीएसई द्वारा अर्जित कुल लाभ के बराबर है।
- उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान सभी सीपीएसई की कुल आय वित्तीय वर्ष 2017-18 में 20,32,001 करोड़ रुपये की तुलना में 24,40,748 करोड़ रुपये रही, जिसमें कुल 20.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://energy.economictimes.indiatimes.com/news/oil-and-gas/bsnl-air-india-mtnl-highest-loss-making-psus-in-fy19-ongc-most-profitable-survey/74077406

एनकोरोना वायरस के प्रसार पर अंकुश हेतु एशियाई विकास बैंक द्वारा नई निधि की मंजूरी

प्रश्न-ADB द्वारा एनकोरोना वायरस के प्रसार पर अंकुश हेतु निम्न में से कितना अमेरिकी डॉलर को नई निधि हेतु मंजूरी दी गयी है?

(a) 1 मिलियन डॉलर(b) 2 मिलियन डॉलर(c) 3 मिलियन डॉलर (d) 4 मिलियन डॉलर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7 फरवरी, 2020 को एशियाई विकास बैंक (ADB) द्वारा एनकोरोना वायरस (novel Coronavirus) के प्रसार पर अंकुश के प्रयासों में सहयोग देने के लिए दो मिलियन डॉलर की मंजूरी दी।
- यह धन चल रहे क्षेत्री तकनीकी सहायता में एक पूरक के रूप में कार्य करेगा तथा कम्बोडिया, चीन, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम में प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करेगा।
- इस धन से बीमारी के नैदानिक एवं प्रयोगशाला उपकरणों की आपूर्ति में वृद्धि करने में सहायता मिलेगी।
- एशियाई विकास बैंक समन्वित प्रक्रियाओं हेतु क्षेत्रों की पहचान हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन के अधिकारियों और अन्य क्षेत्रीय विशेषज्ञों के साथ सहयोग कर रहा है।
- ध्यातव्य है कि चीन के वुहान शहर में फैले एनकोरोना वायरस द्वारा चीन में 1100 से अधिक मौतें हो चुकी है तथा हजारों की संख्या में लोग संक्रमित हैं।
- एनकोरोना वायरस का लगभग 27 से अधिक देशों में प्रसार हो चुका है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/news-ani/adb-approves-2-million-in-new-funding-to-combat-ncov-120020700595_1.html

कृषि निर्यात हेतु पहला जागरूकता कार्यक्रम

प्रश्न-31 जनवरी, 2020 को कृषि नीति के कार्यान्वयन तथा कृषि उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कहां किया गया?

(a) सिलवासा(b) कावरत्ती(c) पोर्टब्लेयर (d) गंगटोक

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2020 को पोर्टब्लेयर (अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह) में कृषि नीति के कार्यान्वयन तथा कृषि उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन देने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- इसमें एपीईडीए द्वारा दिये गए पुस्तीकरण में द्वीप समूह से निर्यात की संभावनाओं निर्यात आवश्यकताओं वित्तीय सहायता योजनाओं और कृषि निर्यात नीति के विषय में चर्चा हुई।
- इसका आयोजन कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के उद्योग निदेशालय के साथ मिलकर किया।
- कृषि निर्यात नीति को विशेष रूप से लागू करने हेतु केंद्रशासित प्रदेश अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह द्वारा कृषि विभाग को राज्य नोडल एजेंसी नामित किया गया है।

- इस जागरूकता कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन ने जानकारी प्रदान की कि-द्वीपों से सीधे निर्यात को बढ़ावा देने हेतु द्वीपों में ट्रांस-शिपमेंट बंदरगाहों को स्थापित करने की योजना बनाई गई है।
- अंडमान और निकोबार द्वीपों को दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के लिए समुद्री मार्ग पर होने का लाभ है और वे सीधे द्वीपों से कृषि उत्पादों को इन देशों को निर्यात कर सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=198925

राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर-रोलिंग स्टाक : **RFID** टैग संयोजन

प्रश्न-निम्न में से किस वर्ष तक भारतीय रेलवे सभी रोलिंग स्टाक को RFID (Radio Frequency Identification) टैग से संयोजित करने की परियोजना क्रियान्वित करने का प्रयास कर रहा है?
(a) वर्ष 2024 तक(b) वर्ष 2023 तक(c) वर्ष 2022 तक (d) वर्ष 2021 तक
उत्तर—(d)
संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2020 को रेलवे मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, भारतीय रेलवे अपने सभी यात्री गाड़ी के कोच और मालगाड़ी के वैगन को ट्रैक करने एवं नियंत्रण हेतु रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन RFID टैग लगाने की शुरुवात की है।
- वर्ष 2021 तक रेलवे के सभी कोच एवं मालगाड़ी के डिब्बों में RFID टैग लगा दिया जाएगा।
- मौजूदा समय में मालगाड़ियों के लगभग 22000 वैगन एवं यात्री गाड़ियों के 1200 कोच में RFID टैग लगाया जा चुका है। इस परियोजना हेतु रेलवे द्वारा 112.96 करोड़ रु. की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है।
- भारतीय रेलवे में इस परियोजना को लागू करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री की 'मेक इन इंडिया' पहल के साथ सेंटर फार रेलवे इनफारमेशन सिस्टम CRIS- भारतीय रेलवे का सूचना प्रौद्योगिकी आर्म, जीएसआई इंडिया (Geographic Intermation System-India) और भारतीय उद्योग एक साथ आऐंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/transportation/railways/all-coaches-wagons-to-be-rfid-tagged-and-tracked-by-2021-railways/articleshow/73733895.cms

रत्न और आभूषण क्षेत्र हेतु सीएफसी की स्थापना

प्रश्न-रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए सार्वजनिक सुविधा केंद्र (सीएफसी) कहां स्थापित किया जा रहा है जिसके अप्रैल, 2020 तक चालू होने की संभावना है?
(a) कोलकाता(b) कोयम्बटूर(c) जयपुर (d) मुंबई
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- कोलकाता के बो बाजार (Bow Bazar) एरिया में रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए सार्वजनिक सुविधा केंद्र (सीएफसी) स्थापित किया जा रहा है।

- इस सीएफसी के अप्रैल, 2020 तक चालू होने की संभावना है।
- इस सीएफसी के बनने से प्रमुख आभूषण केंद्र बो बाजार और उसके आस-पास हस्तनिर्मित आभूषणों के निर्माण में लगे एक लाख कारीगर लाभान्वित होंगे।
- यह पहला वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा भारतीय रत्न और आभूषण उद्योग की एमएसएमई की दक्षता बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने हेतु जमीनी स्तर पर शुरू की गई पहल है।
- संबंधित विनिर्माण केंद्रों के स्थानीय व्यापार संघ की मदद से देशभर में सीएफसी की स्थापना सीमांत श्रमिकों के उत्पाद की गुणवत्ता और उत्पादन को उन्नत बनाने में सहायता प्रदान करने हेतु रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के माध्यम से की गई है।
- इस परिषद द्वारा पहले ही गुजरात के प्रमुख हीरा समूहों यथा-अमरेली, पालनपुर, विसनगर और जूनागढ़ में सीएफसी की स्थापना की जा चुकी है।
- कोयम्बटूर में भी एक आभूषण सीएफसी स्थापित की जा रही है, जिसके मार्च, 2020 तक पूरा होने की संभावना है।
- सीएफसी की स्थापना का उद्देश्य छोटी और मध्यम आभूषण निर्माण इकाइयों के सबसे महंगे उत्पादों को निर्दिष्ट करने हेतु आधुनिक मशीनरी/उपकरण में बड़ी मात्रा में निवेश तक पहुंच प्रदान करना है।
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का लक्ष्य इस क्षेत्र के निर्यात को बढ़ाकर वर्ष 2025 तक 75 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।
- वर्तमान में प्रतिवर्ष रत्न और आभूषणों का 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात होता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=198906

संयुक्त अरब अमीरात में प्राकृतिक गैस का विशाल भंडार

प्रश्न-3 फरवरी, 2020 को संयुक्त अरब अमीरात ने अबूधाबी और दुबई के अमीरात में सईदअल सिदिराह और जेबेल अली के मध्य कितने ट्रिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक फीट प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार का पता चलने की घोषणा की है?
(a) 70 ट्रिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक फीट(b) 75 ट्रिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक फीट
(c) 80 ट्रिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक फीट (d) 85 ट्रिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक फीट

उत्तर—(c)
संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2020 को संयुक्त अरब अमीरात ने अबूधाबी और दुबई के अमीरात में सईद अल सिदिराह और जेबेल अली के मध्य 80 ट्रिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक फीट प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार का पता चलने की घोषणा की।
- यह घोषणा इस क्षेत्र में उथले गैस संसाधनों का पता लगाने और विकसित करने हेतु जारी रखने के लिए अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (ADNOC) और दुबई आपूर्ति प्राधिकरण के बीच एक रणनीतिक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान की गई।
- इस खोज से संयुक्त अरब अमीरात अगले 50 वर्षों तक के अपने विकास कार्यक्रमों के अनुरूप विकास परियोजनाओं के अगले चरण की तैयारी कर सकेगा।
- यह नया गैस क्षेत्र 5000 वर्ग किमी. क्षेत्र में विस्तारित है।
- पहली बार अबूधाबी नेशनल ऑयल कंपनी (ADNOC) ने दुबई में हाइड्रोकार्बन संसाधनों की खोज की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.adnoc.ae/en/news-and-media/press-releases

ऑनलाइन लॉटरी योजनाओं की ब्रिकी पर प्रतिबंध

प्रश्न-31 जनवरी, 2020 को पंजाब सरकार ने ऑनलाइन लॉटरी योजनाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लॉटरीज (विनियमन), 1998 की किस धारा के तहत लगाया है?
(a) धारा 2(b) धारा 3(c) धारा 5 (d) धारा 8
उत्तर—(c)
संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2020 को पंजाब सरकार ने ऑनलाइन लॉटरी की आड़ में अवैध लॉटरी बिक्री की जांच करने हेतु राज्य में सभी प्रकार की ऑनलाइन लॉटरी योजनाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय किया।
- यह निर्णय पंजाब मंत्रिमंडल की बैठक में किया गया है।
- ऑनलाइन लॉटरी योजना पर यह प्रतिबंध लॉटरीज (विनियमन) अधिनियम, 1998 की धारा 5 के तहत लगाया गया है।
- ऑनलाइन लॉटरी की बिक्री पर प्रतिबंध के अलावा मंत्रिमंडल ने वेडिंग या इलेक्ट्रॉनिक मशीनों द्वारा कंप्यूटराइज्ड और ऑनलाइन लॉटरीज की बिक्री पर प्रतिबंध की योजना को भी मंजूरी प्रदान की।
- प्रदेश में भारतीय सीमा के भीतर किसी भी प्रदेश से या भारत के बाहर किसी देश से ऑनलाइन स्कीम टिकटों की बिक्री, संगठित, संचालित या प्रचारित और इंटरनेट के माध्यम से उनका प्रमोशन भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://navbharattimes.indiatimes.com/state/punjab-and-haryana/chandigarh/punjab-government-banned-online-lottery/articleshow/73806015.cms

महाराष्ट्र में नए बंदरगाह की स्थापना

प्रश्न-5 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र में कहां एक नए प्रमुख बंदरगाह की स्थापना हेतु सैद्धांतिक रूप से मंजूरी प्रदान की है?
(a) यवतमाल (b) अकोला (c) वधावन (d) रत्नागिरी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा महाराष्ट्र के वधावन में एक नए प्रमुख बंदरगाह की स्थापना हेतु सैद्धांतिक रूप से मंजूरी प्रदान की गई।
- इस परियोजना की संभावित कुल लागत राशि 65,544.54 करोड़ रुपये होगी।
- वधावन बंदरगाह को भू-स्वामित्व मॉडल में विकसित किया जाएगा।
- जवाहर लाल नेहरू पोर्ट के साथ एक शीर्ष भागीदार के रूप में एक स्पेशल पर्पज व्हिकल (एसपीवी) स्थापित किया जाएगा।

- जवाहर लाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) की इस परियोजना में इक्विटी भागीदारी 50 प्रतिशत के समतुल्य या इससे अधिक होगी।
- स्पेशल पर्पज व्हिकल (एसपीवी) अंतर्क्षेत्र के साथ कनेक्टिविटी स्थापित करने के अतिरिक्त भूमि सुधार, ब्रेक वॉटर के निर्माण सहित बंदरगाह के बुनियादी ढांचे को विकसित करेगा।
- सभी व्यापारिक गतिविधियां निजी डवेलपर्स द्वारा पीपीपी मोड के तहत की जाएंगी।
- वधावन बंदरगाह के विकसित होने के बाद भारत विश्व के शीर्ष 10 कंटेनर बंदरगाह वाले देशों में शामिल हो जाएगा।
- जेएनपीटी देश का सबसे कंटेनर बंदरगाह है, जो महाराष्ट्र में स्थित है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=198974
https://economictimes.indiatimes.com/industry/transportation/shipping-/-transport/cabinet-

एलायंस एयर के विभाजन को मंजूरी

प्रश्न-5 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और किस देश के बीच अंतरराष्ट्रीय उड़ाने शुरू करने हेतु एलायंस एयर को मंजूरी प्रदान की?
(a) भूटान (b) श्रीलंका (c) म्यांमार (d) बांग्लादेश
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत तथा श्रीलंका के बीच अंतरराष्ट्रीय उड़ाने शुरू करने हेतु एलायंस एयर को पहल करने हेतु मंजूरी प्रदान की।
- एलायंस एयर द्वारा न्यूनतम 20 विमानों अथवा कुल क्षमता के 20 प्रतिशत विमानों की तैनाती होने तक, घरेलू संचालन हेतु जो अधिक हो, अंतरिम अवधि के लिए एक विशेष व्यवस्था को मंजूरी प्रदान की गई है।
- विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत की राजनीतिक एवं रणनीतिक हितों के लिए देश के दक्षिणी हिस्से से पालाली तथा बट्टीकलोवा (उत्तरी तथा पूर्वी श्रीलंका तक उड़ानों की शुरुआत) किया जाना प्रस्तावित है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=198971

मध्य प्रदेश हाइब्रिड नवकरणीय ऊर्जा एवं एनर्जी स्टोरेज नीति

प्रश्न-5 फरवरी, 2020 को संपन्न मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में मध्य प्रदेश हाइब्रिड नवकरणीय ऊर्जा एवं एनर्जी स्टोरेज नीति को लागू करने के निर्णय के साथ ही इंदिरा गांधी समाजसेवा पुरस्कार की राशि बढ़ाकर कितना करने का निर्णय किया गया है।
(a) 2 लाख रुपये (b) 4 लाख रुपये (c) 5 लाख रुपये (d) 10 लाख रुपये
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2020 को संपन्न मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में 'मध्य प्रदेश हाइब्रिड नवकरणीय ऊर्जा एवं एनर्जी स्टोरेज नीति' लागू करने का निर्णय किया गया।
- राज्य में यह नीति 3 परियोजनाओं के विकास हेतु लागू की जाएगी।
- इसमें हाइब्रिड पॉवर परियोजना (HPP) अंतर्गत एक परियोजना स्थल पर 2 या 2 से अधिक नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से विद्युत उत्पादन होगा, जिसमें ऊर्जा भंडारण शामिल हो सकता है।
- ऊर्जा भंडारण परियोजना में ऊर्जा स्रोतों के साथ अथवा ऊर्जा स्रोतों के बगैर, विभिन्न स्टोरेज तकनीकों यथा- मैकेनिकल, केमिकल (बैटरी), कम्प्रेस्ड एयर, हाइड्रोजन, पम्पड हाइड्रोजन स्टोरेज आदि के साथ विकसित की गई परियोजना और उपरोक्त विधाओं के अंतर्गत मौजूदा नवकरणीय ऊर्जा परियोजना का विस्तार शामिल है।
- इस नीति के अंतर्गत नवकरणीय ऊर्जा के मौजूदा परियोजना स्थलों के सह-स्थित या स्टैंड-अलोन एनर्जी स्टोरेज संयंत्र भी स्थापित किए जा सकते हैं, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का समुचित उपयोग एवं ग्रिड स्थिरता की दिशा में प्रयास किए जा सकें।
- इस नीति का उद्देश्य उपलब्ध अधोसंरचनाओं और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के हाइब्रिडाईजेशन और विभिन्न प्रकार के ऊर्जा भंडारण को बढ़ावा देना है।
- इसी बैठक में इंदिरा गांधी समाजसेवा पुरस्कार की राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का भी अनुसमर्थन किया गया।
- यह पुरस्कार सामाजिक क्षेत्र में निःशक्त, निर्धनों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को प्रदान किया जाता है।
- मध्य प्रदेश सरकार ने मंत्रियों द्वारा प्रदत्त स्वेच्छानुदान की राशि में किसी एक प्रकरण हेतु वर्तमान में निर्धारण सीमा राशि को 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 40 हजार रुपये कर दिया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.mpinfo.org/Story/StoryDetails.aspx?StoryID=200205S1&CatId=103

छठवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति, 2019-20

प्रश्न-6 फरवरी, 2020 को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति ने छठवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2019-20 जारी की। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
(i) आरबीआई ने रेपो दर को तत्काल प्रभाव से 10 आधार अंक कम करके 5.75 प्रतिशत से 5.5 प्रतिशत किया।
(ii) आरबीआई ने वर्ष 2020-21 के लिए जीडीपी की वृद्धि दर 6.0 प्रतिशत अनुमानित किया है।
(a) केवल (i)(b) केवल (ii)(c) (i) और (iii) दोनों (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 6 फरवरी, 2020 को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में छठवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य (Sixth Bi-Monthly Monetary Policy Statement), 2019-20 जारी किया।
- आरबीआई ने छठवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति में नीति दरों, आरक्षित नकदी अनुपात, निवल मांग एवं मियादी देयताओं को अपरिवर्तित रखा है।
- इस मौद्रिक नीति में चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत रेपो दर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया तथा इसे 5.15 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।

- गौरतलब है कि आरबीआई ने 4 अक्टूबर, 2019 को अपनी चतुर्थ द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य में चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रेपो दर को 25 आधार अंक कम करके 5.40 से 5.15 प्रतिशत किया गया था।
- चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रिवर्स रेपो रेट 4.90 तथा सीमांत स्थायी सुविधा दर (MSF) तथा बैंक दर 5.40 प्रतिशत है।अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के सांविधिक चलनिधि अनुपात (SLR) 18.25 प्रतिशत है।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नकद आरक्षित अनुपात (CRR) को अपरिवर्तित रखते हुए इसे निवल मांग और मियादी देयताओं के 4 प्रतिशत पर यथावत रखा गया है।
- आरबीआई ने वर्ष 2020-21 के लिए जीडपी की वृद्धि दर 6.0 प्रतिशत (पहली छमाही में 5.5-6.0 प्रतिशत और तीसरी तिमाही 6.0 प्रतिशत और तीसरी तिमाही में 6.2 प्रतिशत की सीमा) अनुमानित है।
- इसके अनुसार वर्ष 2019-20 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर दिसंबर, 2019 की नीति में 5.0 प्रतिशत (दूसरी छमाही में 4.9-5.5 प्रतिशत) थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=49342

हिन्दुस्तान फ्लोरोकार्बन्स लिमिटेड

प्रश्न-22 जनवरी, 2020 को आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा फ्लोरोकार्बन्स लिमिटेड को बंद करने हेतु मंजूरी प्रदान की गई। यह संयंत्र/इकाई तेलंगाना के किस जिले में स्थित है?
(a) सांगारेड्डी(b) कामारेड्डी(c) करीमनगर (d) खम्मम

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 22 जनवरी, 2020 को आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के अधीनस्थ केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम हिन्दुस्तान फ्लोरोकार्बन्स लिमिटेड (HFL) को बंद करने हेतु मंजूरी प्रदान की गई।इस कंपनी को बंद करने की प्रक्रिया से जुड़े विशेष व्यय के लिए सरकार कंपनी को 72.20 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करेगी।
- इसमें वीआरएस/वीएसएस पर अमल, बकाया वेतन एवं वैधानिक बकाया रकम आदि, एचएफएल को बंद करने की प्रक्रिया पर अमल हेतु आवश्यक माने जाने वाले कर्मचारियों के वेतन/पारिश्रमिक तथा प्रशासनिक व्यय का भुगतान शामिल है।
- कंपनी को बंद करने संबंधित देनदारियों की अदायगी के बाद 77.20 करोड़ रुपये के उपर्युक्त ब्याज युक्त ऋण का पुनर्भुगतान भारत सरकार को एचएफएल की जमीन एवं अन्य परिसंपत्तियों की बिक्री से प्राप्त राशि से किया जाएगा, शेष अतिरिक्त राशि का उपयोग एचएफएल पर भारत सरकार के बकाया ऋणों (15.80 करोड़ रुपये) की अदायगी में होगा।
- एचएफएल की जमीन संबंधी परिसंपत्तियों की बिक्री की सुविधा के लिए एनबीसी (इंडिया) लिमिटेड की नियुक्ति भूमि प्रबंधक एजेंसियों के रूप में की जाएगी।
- एचएफएल की संयंत्र/इकाई तेलंगाना के सांगरेड्डी जिले के रुद्रराम में स्थित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=197565

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक

प्रश्न-नवंबर, 2019 में औद्योगिक विकास दर कितने प्रतिशत रही?
(a) 1.0 प्रतिशत(b) 1.2 प्रतिशत(c) 1.4 प्रतिशत (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2020 को 'सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय' (Mospl) ने 'औद्योगिक उत्पादन सूचकांक' (IIP) जारी किया।
- इन आंकड़ों के अनुसार, नवंबर, 2019 में IIP 128.4 अंक रहा जो नवंबर, 2018 के मुकाबले 1.8 प्रतिशत अधिक है।
- जिसका अर्थ है कि नवंबर, 2019 में औद्योगिक विकास दर 1.8 प्रतिशत रही।
- जबकि अप्रैल-नवंबर, 2019 में औद्योगिक विकास दर पिछले वित्तवर्ष की समान अवधि की तुलना में 0.6 प्रतिशत आंकी गई है।
- उद्योगवार उत्पादन वृद्धि दर की स्थितिः-
- नवंबर, 2019 में खनन, विनिर्माण एवं बिजली क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर नवंबर, 2018 की तुलना में क्रमशः 1.7 प्रतिशत, 2.7 प्रतिशत तथा (-) 5.0 प्रतिशत रही।
- जबकि अप्रैल-नवंबर, 2019 में इन तीनों क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में क्रमशः (-) 0.1, 0.9 तथा 0.8 प्रतिशत आंकी गई है।
- विनिर्माण क्षेत्र के 23 उद्योग समूहों (दो अंकों वाली NIC -2008 के अनुसार) में से 13 समूहों ने नवंबर, 2018 की तुलना में नवंबर, 2019 के दौरान धनात्मक वृद्धि दर दर्ज की है।
- इस दौरान 'फर्नीचर को छोड़कर काष्ठ एवं काष्ठ के उत्पादों और कॉर्क के विनिर्माण' ने 23.2 प्रतिशत की सर्वाधिक धनात्मक वृद्धि दर दर्ज की है।इसके बाद 'बुनियादी धातुओं के विनिर्माण' का स्थान आता है, जिसने 12.9 प्रतिशत की धनात्मक वृद्धि दर दर्ज की है।
- वहीं, दूसरी ओर उद्योग समूह 'अन्य विनिर्माण' ने (-) 13.5 प्रतिशत की सर्वाधिक ऋणात्मक वृद्धि दर दर्ज की है।उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार, नवंबर, 2019 में प्राथमिक वस्तुओं (प्राइमरी गुड्स), पूंजीगत सामान, मध्यवर्ती वस्तुओं एवं बुनियादी ढांचागत/निर्माण वस्तुओं की उत्पाद वृद्धि दर नवंबर, 2018 की तुलना में क्रमशः (-) 0.3 प्रतिशत, (-) 8.6 प्रतिशत, 17.1 प्रतिशत और (-) 3.5 प्रतिशत रही।
- टिकाऊ उपभोक्ता सामान की उत्पादन वृद्धि दर नवंबर, 2019 में (-) 1.5 प्रतिशत रही।
- जबकि गैर-टिकाऊ उपभोक्ता सामान की उत्पादन वृद्धि दर नवंबर, 2019 में 2.0 प्रतिशत रही।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1599044

भुगतान एवं फिनटेक कंपनी 'पेयू' द्वारा 'पेसेंस' का अधिग्रहण

प्रश्न-भुगतान एवं फिनटेक कंपनी 'पेयू' के द्वारा डिजिटल क्रेडिट प्लेटफॉर्म 'पेसेंस' (Paysense) का अधिग्रहण करने का निर्णय लिया गया है-
118 मिलियन डॉलर में(b) 90 मिलियन डॉलर में (c) 70 मिलियन डॉलर में(d) इनमें से कोई (a) नहीं

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2020 में भुगतान एवं फिनटेक कंपनी 'पेयू' ने 185 मिलियन डॉलर में डिजिटल क्रेडिट प्लेटफॉर्म 'पेसेंस' (Paysense) का अधिग्रहण करने का निर्णय लिया।
- अधिग्रहण प्रक्रिया दो चरणों में पूर्ण होगी जिसमें 'पेयू' के द्वारा 'पेसेंस' के सभी मौजूदा वित्तीय और एंजेल इन्वेस्टर्स को खरीद लिया जाएगा।
- पेयू ने अपने लेंडिंग बिजनेस लेजीपे को पेसेंस के साथ मर्ज कर दिया है और अगले 24 महीनों में 'पेसेंस' में 200 मिलियन डॉलर का निवेश करेगा, जिसमें 65 मिलियन डॉलर का तात्कालिक निवेश शामिल है।
- जिससे डील साइज 300 मिलियन डॉलर से अधिक की हो जाएगी।
- अगले 24 महीनों में सौदे (डील) के पूर्ण होने पर 'पेयू' की विलय की गई इकाई में लगभग 80 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।वर्तमान में 'पेयू' के पास 'पेसेंस' में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/startups/newsbuzz/payu-buys-paysense-for-an-equity-valuation-of-185-million/articleshow/73183368.cms?from=mdr

बीमाकृत बैंकों में जमाकर्ताओं के लिए बीमा कवरेज बढ़ा

प्रश्न-4 फरवरी, 2020 को आरबीआई ने सभी बीमाकृत बैंकों में जमाकर्ताओं के लिए बीमा कवरेज को 1 लाख के वर्तमान स्तर से बढ़ाकर कितने लाख रुपये प्रति जमाकर्ता कर दिया?
(a) 10 लाख रुपये(b) 5 लाख रुपये(c) 15 लाख रुपये (d) 7 लाख रुपये

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2020 को भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बीमाकृत बैंकों में जमाकर्ताओं के लिए बीमा कवर की सीमा को 1 लाख रुपये के वर्तमान स्तर से बढ़ाकर 5 लाख रुपये प्रति जमाकर्ता कर दिया।
- यह कवर आरबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली समनुषंगी निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (Deposit Insurance and Credit Guarntee Corporation : DICGC) द्वारा प्रदान किया जाता है।
- यह कवर 4 फरवरी, 2020 से लागू हो गया।
- गौरतलब है कि बैंकों में जमाकर्ताओं को सुरक्षा के बेहतर उपाय उपलब्ध कराने की दृष्टि से केंद्रीय बजट 2020-21 में इसकी घोषणा की गई थी।
- ज्ञातव्य है कि बीमाकृत बैंकों में जमाकर्ताओं के लिए बीमा कवर की सीमा 1 लाख रुपये वर्ष 1993 से लागू थी।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.indiatoday.in/business/story/relief-for-customers-as-rbi-hikes-insurance-on-bank-deposits-to-rs-5-lakh-1643333-2020-02-05

पंजाब राज्य कृषि विकास बैंक हेतु ऋण स्वीकृत

प्रश्न-30 जनवरी, 2020 को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने पंजाब राज्य कृषि विकास बैंक को और मजबूत करने हेतु कम ब्याज दरों पर कितनी राशि की ऋण स्वीकृति प्रदान की है?

(a) 120 करोड़ रुपये(b) 130 करोड़ रुपये (c) 140 करोड़ रुपये(d) 160 करोड़ रुपये

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 30 जनवरी, 2020 को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने पंजाब राज्य कृषि विकास बैंक को और मजबूत करने हेतु कम ब्याज दरों पर 140 करोड़ रुपये राशि के ऋण को स्वीकृति प्रदान की।
- ऋण देने का निर्णय पंजाब के सहकारिता मंत्री सुखजिंद सिंह रंधावा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के साथ नाबार्ड के अध्यक्ष हर्ष कुमार बनवाला के साथ 29 जनवरी, 2020 को मुंबई में हुई बैठक में लिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/agriculture/nabard-approves-rs-140-crore-at-low-interest-to-punjab-agri-development-bank/articleshow/73775626.cms

वोडाफोन **m-pesa : RBI** द्वारा **CoA** (आवंटित अधिकार प्रमाणपत्र) का रद्दीकरण

प्रश्न-वोडाफोन m-pesaको RBI ने पेमेंट बैंक का लाइसेंस कब दिया था?

(a) 2015 में(b) 2016 में(c) 2017 में (d) 2018 में

उत्तर—(a)

संबंधित तथ्य

- 21 जनवरी, 2020 को RBI ने वोडाफोन m-pesa के आवंटित अधिकार प्रमाणपत्र (CoA) को रद्द किए जाने की उद्घोषणा की।
- ध्यातव्य है कि वोडाफोन m-pesa के स्वेच्छा से प्रमाण-पत्र सौंपे जाने के बाद इसे रद्द किया गया है।
- RBI की उद्घोषणानुसार CoA रद्द होने के बाद कंपनी प्रीपेड भुगतान से जुड़े कार्य नहीं कर सकेगी।
- जबकि RBI ने कंपनी से जुड़े ग्राहकों या व्यापारियों के वैध दावों को निपटाने की समयावधि 30 सितंबर, 2022 निर्धारित की है।
- **पृष्ठभूमि**
- वर्ष 2019 में वोडाफोन आइडिया ने 'आदित्य बिड़ला आइडिया पेमेंट बैंक लिमिटेड' के बंद होने के बाद m-pesa इकाई को बंद कर दिया था।
- वोडाफोन m-pesa उन 11 कंपनियों में शामिल है जिसे RBI ने वर्ष 2015 में पेमेंट बैंक का लाइसेंस दिया था।
- ध्यातव्य है कि पेमेंट बैंक वर्तमान में प्रति ग्राहक एक लाख रुपये तक के डिपॉजिट स्वीकार कर सकते हैं।
- ये बैंक लोन एवं क्रेडिट काड्र्स नहीं जारी कर सकते हैं।
- एम-पेसा मोबाइल यूजर्स को वित्तीय सेवाओं तक पहुंच का एक माध्यम है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.vodafone.com/what-we-do/services/m-pesa

टीवी विज्ञापनों के मानदंड : **ASCI** के नये कोड

प्रश्न-टीवी और अन्य मीडिया पर आने वाले विज्ञापनों की प्रमाणिकता की जांच करने वाली संस्था ASCI का पूर्ण रूप है-

(a) एडवर्टाइजिंग स्टैंडड्र्स कमेटी ऑफ इंडिया(b) एड्वर्टाइजिंग स्टैंडड्र्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया
(c) एडवर्टाइजिंग स्टैंडड्र्स काउंसिल ऑफ इंडिया (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर—(c)

संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2020 को ASCI (एडवर्टाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया) ने विभिन्न ब्रांडों को विज्ञापनों में अवॉर्ड्स रैंकिंग के दावों के उपयोग के लिए नए दिशानिर्देशों (code) की घोषणा की।
- अब ब्रांडों (कंपनियों) को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके विज्ञापनों में नंबर वन या टू इत्यादि होने का दावा जिन संस्थाओं के आधार पर किया जा रहा है, वो प्रामाणिक हों।
- नए दिशानिर्देश 1 फरवरी, 2020 से प्रभावी होंगे।
- **ASCI एवं पूर्व कार्यवाइयां**
- ASCI टीवी और अन्य मीडिया पर विज्ञापनों की प्रामाणिकता की जांच करने वाली संस्था है।
- जुलाई, 2019 में इसने 489 विज्ञापनों की जांच की थी, जिसके बाद ISI एडवर्टाइजर्स ने अपने विज्ञापनों को हटा लिया था।
- अक्टूबर, 2019 में "ASCI" की प्रिंट और टीवी मीडिया सर्विलान्स ने "नेशनल एडवर्टाइजिंग मॉनीटरिंग सर्विसेज प्रोजेक्ट" (NAMS) द्वारा स्वत: संज्ञान लेकर कुछ विज्ञापनों को जांच के लिए रोका था।
- जिसके तहत 409 विज्ञापनों में से 128 मामले तुरंत निपटा दिए गए।
- बाकी बचे विज्ञापनों की 'CCC' (ASCI की कंज्यूमर कंप्लेंटस काउंसिल) द्वारा जांच की गई और 278 विज्ञापनों के खिलाफ शिकायतों को बरकरार रखते हुए जांच के लिए रोका गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/services/advertising/asci-announces-new-code-for-brands-to-claim-awards-rankings-in-ads/articleshow/73435138.cms?from=mdr

CEO पे रेशियो, **2019**

प्रश्न-भारतीय कॉर्पोरेट जगत के CEOs (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) के पारिश्रमिक और अन्य कर्मचारियों के पारिश्रमिक में अंतराल को दर्शाने वाला अध्ययन किसने संपादित किया ?

(a) nseinfobase.com(b) bseinfobase.com
(c) SEBI (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर—(a)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2020 में nseinfobase.com ने 'CEO पे रेशियो, 2019' जारी किया।
- जिसके माध्यम से भारतीय कॉर्पोरेट जगत के CEOs (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) के पारिश्रमिक और अन्य कर्मचारियों के बीच पारिश्रमिक अंतराल को समझाने की कोशिश की गई है।

- पिछले वित्त वर्ष में 'निफ्टी 50' के CEO का औसत वार्षिक पारिश्रमिक, कंपनी के कर्मचारियों के मीडियन पारिश्रमिक से 249 गुना अधिक था।
- **मुख्य अंश**
- एक औसत कर्मचारी और CEO के बीच सर्वाधिक पे गैप (पारिश्रमिक अंतराल) "HEG" के नाम दर्ज किया गया।
- HEG , भारत की अग्रणी ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है। इसके CEO रवि झुनझुनवाला हैं।
- HEG कंपनी के CEO ने अपने कर्मचारियों के मीडियन (median) पारिश्रमिक (remuneration) का 4045 गुना अर्जित किया।इस संदर्भ में वह शीर्ष 10 निफ्टी 500 कंपनियों में पहले स्थान पर रहे।
- HEG का शुद्ध लाभ FYI9 में 175.2% बढ़ा था और HEG के CEO के पारिश्रमिक में शुद्ध लाभ का 2.5 प्रतिशत कमीशन भी शमिल है।
- ध्यातव्य है कंपनी अधिनियम के तहत CEO का कमीशन शुद्ध लाभ के दस प्रतिशत से कम होना चाहिए।
- दूसरे स्थान पर TCNS क्लॉथिंग के CEO रहे, जिन्होंने अपने कर्मचारियों के मीडियन पारिश्रमिक का 3383 गुना अर्जित किया।तीसरे स्थान से लेकर दसवें स्थान पर रहने वाले CEOs क्रमश: निम्न कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते हैं- अमारा राजा बैट्रीज (1886 गुना) > डिविस लैब (1462.4 गुना) > मण्णप्पुरम फाइनेंस (823 गुना) > हीरो मोटोकॉर्प (808.8 गुना) > दिलिप बिल्डकॉन (775.3 गुना) > श्री सीमेंट (770.3 गुना) > जे के पेपर (716.7 गुना) > एलेम्बिक फार्मा (709.2 गुना)।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/company/corporate-trends/4045-times-is-the-highest-ceo-pay-ratio-in-india-inc-for-fy19/articleshow/73423383.cms

संचार क्षेत्र : मोबाइल के प्रीपेड प्लान के साथ जीवन बीमा की पेशकश

प्रश्न-किस टेलीकॉम कंपनी ने प्रीपेड प्लान के साथ जीवन बीमा की पेशकश की है?
(a) भारतीय एयरटेल(b) रिलायंस जिओ(c) वोडाफोन (d) BSNL
उत्तर—(a)
संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2020 में भारती एयरटेल ने 179 रुपये के प्रीपेड प्लान के साथ दो लाख रुपये के जीवन बीमा के ऑफर की घोषणा की।यह बीमा सुविधा 18-54 आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है।
- इसने नवंबर, 2019 में भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के साथ पार्टनरशिप के तहत 599 रुपये के रिचार्ज के एवज में दिल्ली-NCR के ग्राहकों को 4 लाख रुपये का बीमा कवर उपलब्ध कराया था।
- रीचार्ज + जीवन बीमा की हालिया पेशकश पूरे भारत के लिए मान्य होगी।
- **पृष्ठभूमि-**प्रतिद्वंदी कंपनियों के सापेक्ष खुद को मजबूती से खड़ा रखने के इस प्रयास के मूल में IRDAI (बीमा विनियामक) का वह आंकड़ा है जिसके अनुसार भारत में बीमा की पहुंच लगभग 4% से भी कम है।
- जबकि देश में लगभग एक बिलियन मोबाइल उपयोगकर्ता हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/technology/news/story/airtel-rs-179-prepaid-plan-with-rs-2-lakh-insurance-what-is-it-and-how-does-it-work-1640014-2020-01-25

वैज्ञानिक परिदृश्य

रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी

सौर संचालित मानव रहित विमान **PHASA-35**

प्रश्न-हाल में अपनी पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी करने वाले PHASA-35 का निर्माण निम्न में से किस देश की निर्माता कंपनी द्वारा किया गया है?
(a) सं. रा. अ.(b) फ्रांस(c) रूस (d) इंग्लैंड

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2020 को PHASA-35 (Persistent High Altitude Solar Aircraft) जो एक 35 मीटर पंखों वाला सौर चालित मानव रहित विमान है, अपनी पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली।
- यू के की रक्षा विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विज्ञान और प्रौद्योगिकी समूह द्वारा प्रयोजित, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में रायल आस्ट्रोलियाई वायु सेना के वुमेरा टेस्ट रेंज में सफल परीक्षण उड़ान हुआ।
- PHASA-35 को दो ब्रिटिश निर्माता कम्पनीज BAE Systems एवं Prismatic Ltd. द्वारा दो वर्ष से भी कम समय में डिजाइन, निर्मित और परीक्षण किया गया।
- PHASA-35 समतापमंडल में एक वर्ष की अवधि तक सतत उड़ान भर सकता है।
- इस मानव रहित विमान को दिन में सूर्य से ऊर्जा प्राप्त होगी, जबकि रात भर यह बैटरी से संचालित होगा।
- इस विमान को निगरानी, संचार और सुरक्षा अनुप्रयोगों के उद्देश्यों से डिजाइन एवं निर्मित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://defpost.com/phasa-35-solar-powered-uav-conducts-first-flight/

इसरो द्वारा निगरानी उपग्रहों की लॉन्चिग योजना

प्रश्न-भारत की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए इसरो ने 2020-21 में कितने निगरानी उपग्रह लॉन्च करने की योजना बनाई है?
(a) चार(b) छः(c) आठ (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में जारी अंतरिक्ष विभाग की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2020-21 में इसरो (ISRO) की 10 भू-प्रेक्षण (Earth Observation) उपग्रह लॉन्च करने की योजना है।
- भारत की सुरक्षा के दृष्टव्य ये उपग्रह अंतरिक्ष निगरानी सुविधा से भी लैस होंगे।

- भू-प्रेक्षण उपग्रहों की तुलना में मात्र तीन संचार उपग्रह और दो नेविगेशन उपग्रह लॉन्च होने हैं।
- **सुरक्षा में EO उपग्रहों की भूमिका एवं अन्य योजनाएं**
- इसरो की प्राथमिकता अंतरिक्ष से निगरानी को बढ़ावा देना है।
- जिससे कि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की नौसैनिक गतिविधियों, सीमाओं पर आतंकी लॉन्च पैड्स और घुसपैठ की कोशिशों पर निगरानी रखी जा सके।
- इसरो की वार्षिक योजना के अंतर्गत 36 मिशनों का उल्लेख किया गया है।
- जिसमें एक वर्ष के दौरान उपग्रह और लॉन्चर दोनों के विकास एवं प्रेक्षण को शामिल किया गया है।
- चालू वित्त वर्ष (2019-20) में 17 मिशनों को शुरू करने की योजना बनाई गई थी।
- इनमें से छः मिशनों को 31 मार्च, 2020 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।
- इसरो को 2020-21के लिए लगभग 13,480 करोड़ रूपये का बजट आवंटित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/india/with-indias-security-in-mind-isro-plans-to-launch-10-surveillance-satellites-in-2020-21/articleshow/74166548.cms

भारत रूस रक्षा सौदा

प्रश्न-हाल ही में भारत-रूस रक्षा सौदा कितनी राशि के स्तर को पार कर गया है?
(a) 8 बिलियन डॉलर(b) 5 बिलियन डॉलर(c) 12 बिलियन डॉलर (d) 16 बिलियन डॉलर
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में भारत-रूस रक्षा सौदा 16 बिलियन डॉलर के स्तर को पार कर गया है।
- यह उद्घोषणा रूसी दूतावास के द्वारा की गई, इसके साथ ही रूस ने S-400 एयर डिफेंस सिस्टम और कामोव हेलीकाप्टरों तथा क्लाशनिकोव राइफलों समेत अन्य अनुबंधों के समयपूर्ण क्रियान्वयन की पुष्टि की।
- ध्यातव्य है कि भारत और रूस ने डेफक्सपो 2020 के दौरान समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए थे।
- एक अन्य समझौता भारत द्वारा कामोव Ka 226 हेलीकॉप्टरों की खरीद का है।
- भारत की योजना दो सौ 'Ka -226' हेलीकॉप्टरों को खरीदने की है।
- रोसबोर्न एक्सपोर्ट ने DRDO के साथ एक समझौता हस्ताक्षरित किया है। (एडवांस्ड-पाइरोटेक्नीक इग्निशन सिस्टम हेतु)।
- रोसबोर्न एक्सपोर्ट ने ही हिन्दुस्तान एरोनोटिकल्स के साथ तथा भेल (BHEL) के साथ भी समझौता- ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.defencenews.in/article/India-Russia-defence-deals-set-to-cross-$16-bn;-to-include-S-400-systems,-Kalashnikov-rifles-809339

राड-500

प्रश्न-फरवरी, 2020 में, ईरान ने एक नई लघु-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल, राड-500 का अनावरण किया। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कर, उनकी सत्यता की पहचान करें-

(1) यह जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल है।
(2) इसका उपयोग अंतरिक्ष प्रक्षेपण यानों के लिए भी हो सकेगा।
(3) इसे ईरान के पूर्व सेना प्रमुख मेजर जनरल कासिम सुलेमानी को समर्पित किया गया।
(4) मेजर जनरल कासिम सुलेमानी की मृत्यु तेहरान में एक अमेरिकी ऑपरेशन के दौरान हुई थी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कूटः

(a) 1, 2 और 3(b) 2 और 3(c) 1, 2 और 4 (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2020 को ईरान ने एक नई छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'राड-500' (Raad-500) का अनावरण किया।
- इसे ईरान के पूर्व सेना प्रमुख मेजर जनरल कासिम सुलेमानी को समर्पित किया गया है।
- ध्यातव्य है कि ईरान के पूर्व प्रमुख मेजर जनरल कासिम सुलेमानी को 3 जनवरी, 2020 को बगदाद में अमेरिकी ड्रोन हमले में मारा गया था।
- राड-500 (थंडर) जमीन-से-जमीन पर मार करने वाली बैलिस्टि मिसाइल है, जिसकी रेंज 500 किलोमीटर है।
- इससे पूर्व ईरान ने फतेह-110 बैलिस्टिक मिसाइल को वर्ष 2002 में सार्वजनिक किया था, जिसकी रेंज 300 किलोमीटर है।
- राड-500 मिसाइल का उपयोग अंतरिक्ष प्रक्षेपण यानों के लिए भी हो सकेगा।
- 'राड-500' मिसाइल में उपग्रह को निम्न कक्षा तक पहुंचाने वाला 'जुहैर' नाम का इंजन लगा है, जो मिसाइल को गति प्रदान करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://missilethreat.csis.org/iran-unveils-new-ballistic-missile/

घोंघे की नई प्रजाति

प्रश्न-किस देश में वैज्ञानिकों ने घोंघे की एक नई प्रजाति की खोज की है, जिसका नाम पर्यावरण एक्टिविस्ट (कार्यकर्ता) ग्रेटा थनबर्ग के नाम पर 'क्रास्पेडोट्रोपिस ग्रेटाथनबर्गी' रखा गया है?

(a) मिस्र(b) ब्रुनेई(c) नाइजीरिया (d) इराक

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- ब्रुनेई में वैज्ञानिकों ने घोंघे की एक नई प्रजाति की खोज की है।
- वैज्ञानिकों द्वारा इस प्रजाति का नाम पर्यावरण एक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग के नाम पर 'क्रास्पेडोट्रोपिस ग्रेटाथनबर्गी' रखा गया है।

- यह घेंघा 2 मिमी. लंबा और 1 मिमी. चौड़ा है।
- पौधे की यह प्रजाति 'काएनोगैस्ट्रोपॉड्स' समूह से संबंधित है।
- जमनी पर रहने वाली इस प्रजाति पर सूखा, तापमान में अत्यधिक उतार-चढ़ाव और जंगलों की कटाई का असर पड़ता है।
- इस नई प्रजाति के घोंघे ब्रुनेई के कुआला बेला लांग्ग फील्ड स्टडीज सेंटर के निकट पाए गए हैं।
- इसका तापमान के प्रति संवेदनशील होने के कारण नाम ग्रेटाथनबर्ग के नाम पर रखा गया है।
- ग्रेटाथनबर्ग विश्वभर में जलवायु परिवर्तन के संबंध में लोगों को जागरूक कर रही है।
- स्वीडिश ग्रेटाथनबर्ग को दिसंबर, 2019 में 'टाइम पर्सन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड प्रदान किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.msn.com/en-sg/news/world/tiny-snail-found-in-brunei-is-named-after-greta-thunberg-to-acknowledge-that-her-generation-will-be-responsible-for-fixing-problems-they-did-not-create/ar-BB10fy2S

एक्सएमएम-2599 (XMM-2599)

प्रश्न-फरवरी, 2020 में, खगोलविदों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने एक विशालकाय आकाशगंगा की खोज की है। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) शोधकर्ताओं के अनुसार एक्सएमएम-2599 (XMM-2599) के अस्तित्व के दौरान ब्रह्मांड केवल 2.8 बिलियन वर्ष पुराना था।

(2) खगोलविदों द्वारा XMM-2599 का विकास क्रम स्पष्ट कर दिया गया है।

(3) एक्सएमएम-2599 गैलेक्सी वैज्ञानिकों द्वारा निष्क्रिय अवस्था में खोजी गई है।

(4) एक्सएमएम-2599 लगभग 12 मिलियन साल पहले अस्तित्व में थी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं।

(a) 1 और 2(b) 3 और 4(c) 1, 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2020 को खगोलविदों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने एक विशालकाय आकाशगंगा (Galaxy) एक्सएमएम 2599 (XMM-2599) की खोज की है, जो लगभग 12 बिलियन साल पहले अस्तित्व में थी।
- खगोलविदों की टीम का नेतृत्व कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के रिवरसाइड की अगुवाई वाली अतंरराष्ट्रीय टीम ने किया।
- ध्यातव्य है कि XMM-2599 के अस्तित्व के समय ब्रह्मांड केवल 1.8 बिलियन वर्ष पुराना था।
- एक्सएमएम-2599 गैलेक्सी तारों के निर्माण में हमारी अपनी आकाशगंगा 'मंदाकिनी' से बहुत आगे हैं।
- वर्तमान युग में, एक्सएमएम-2599 गैलेक्सी ने तारों का निर्माण करना बंद कर दिया है अर्थात यह गैलेक्सी वैज्ञानिकों द्वारा निष्क्रिय अवस्था में खोजी गई है।
- खगोलविदों के अनुसार, एक्सएमएम-2599 नामक गैलेक्सी ने अधिकतम तारों का निर्माण किया और फिर वह समाप्त हो गया।

- खगोलविद् गैलेक्सी XMM-2599 के विकास की प्रक्रिया और इससे अचानक तारों का निर्माण न होना, को स्पष्ट नहीं कर पाए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.sciencealert.com/astronomers-have-found-an-ancient-galaxy-that-grew-fast-then-died-suddenly

मेडिकल डिवाइसों को औषधि का दर्जा

प्रश्न-स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मनुष्यों एवं जानवरों पर प्रयुक्त होने वाले उपकरण भी ड्रग्स कहलाएंगे। यह नियम लागू होगा-

(a) 1 अप्रैल, 2020 से(b) 1 अप्रैल, 2021 से(c) 1 जुलाई, 2020 से (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी की, जिसके अनुसार ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट, 1940 के तहत मनुष्यों और जानवरों पर प्रयुक्त होने वाले उपकरणें को औषधि की श्रेणी में रखा जाएगा।
- यह नियम, 1 अप्रैल, 2020 से लागू होगा।
- इसके साथ ही चिकित्सा उपकरण संशोधन नियम 2020 को भी जारी किया गया है।
- एक अधिसूचना में स्वास्थ्य मंत्रालय ने चिकित्सा उपकरण नियम, 2017 में कुछ संशोधन किए हैं, इसे ही चिकित्सा संशोधन नियम, 2020 कहां जायेगा।
- इस नियम में चिकित्सा उपकरणों के पंजीकरण का प्रावधान है।
- पृष्ठभूमि
- चिकित्सा उपकरणों को औषधि श्रेणी में लाने का उद्देश्य यह है कि ये गुणवत्ता के मानदंडों को पूरा कर सके।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.biospectrumindia.com/news/74/15769/medical-devices-to-be-treated-as-drugs-from-april-1.html

नवजात ग्रह 2MASS1155-7919b

प्रश्न-हाल ही में रोचेस्टर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने 2MASS1155-7919b नामक नवजात ग्रह की खोज की है, यह ग्रह पृथ्वी से कितनी दूरी पर है?

(a) 330 प्रकाश वर्ष(b) 4.5 प्रकाश वर्ष(c) 1300 प्रकाश वर्ष (d) 425 प्रकाश वर्ष

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में प्रकाशित एक शोध-पत्र के अनुसार खगोलशास्त्रियों ने एक नवजात विशाल ग्रह की खोज की है।
- इस नवजात ग्रह का नामकरण 2MASS1155-7919b के रूप में किया गया है।

- यह ग्रह पृथ्वी से 330 प्रकाश वर्ष की दूरी पर एप्सिलॉन कैमेलियॉन्टोनिस तारामंडल में स्थित है।
- इससे संबंधित अध्ययन अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के रिसर्च नोट्स में प्रकाशित हुआ है।
- यह ग्रह एक नए बने तारे, जिसकी आयु मात्र 5 मिलियन वर्ष (50 लाख वर्ष) है, का चक्कर लगा रहा है।
- उल्लेखनीय है कि यह ग्रह अपने तारे से बहुत दूर रह कर चक्कर लगा रहा है।
- इसकी अपने तारे से दूरी पृथ्वी-सूर्य के माध्य की दूरी से 600 गुना अधिक है।
- वैज्ञानिकों का कहना है कि अपने निर्माण काल में यह ग्रह कैसे अपने तारे से इतनी अधिक दूरी पर चला गया, एक रहस्य है।
- वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि भविष्य में अनुवर्ती चित्रण (Follow up imaging) एवं स्पेट्रोस्कोपी की सहायता से यह समझने में मदद मिलेगी कि कैसे बड़े आकार के ग्रह, अपने तारों से इतने अधिक दूर खिसक जाते हैं।
- खगोलविदों ने इस अध्ययन में यह भी स्पष्ट किया है कि इस नए जन्में ग्रह का द्रव्यमान हमारे सौरमंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति का मात्र 10 गुना है।
- इस आधार पर वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह ग्रह अभी निर्माण के चरण में ही है अर्थात पूर्ण विकसित ग्रह नहीं बना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://nypost.com/2020/02/13/baby-giant-planet-discovered-just-330-light-years-from-earth/

https://www.indiatvnews.com/science/massive-newborn-planet-2mass-1155-7919-b-discovered-close-to-earth-588174

https://www.jpost.com/HEALTH-SCIENCE/New-baby-giant-planet-discovered-330-light-years-from-Earth-617658

कार्बन डिस्क्लोजर प्रोजेक्ट इंडिया एनुअल रिपोर्ट-**2019**

प्रश्न-CDP (कार्बन डिस्क्लोजर प्रोजेक्ट) इंडिया एनुअल रिपोर्ट के अनुसार, विज्ञान आधारित लक्ष्यों के लिए कॉर्पोरेट प्रतिबद्धताओं वाले देशों में भारत कौन से स्थान पर है?
(a) दूसरे (b) तीसरे (c) चौथे (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2020 को कार्बन डिस्क्लोजर प्रोजेक्ट इंडिया एनुअल रिपोर्ट, 2020 (Carbon Disclosure Project, India annual Report 2020) जारी की गई।इस रिपोर्ट का मुख्य विषय (Theme) 'भविष्य की जलवायु एवं व्यावसायिक साझेदारी' (Climate and Business Partner ship of the future) है।
- रिपोर्ट के अनुसार, विज्ञान आधारित लक्ष्यों के लिए कॉर्पोरेट प्रतिबद्धताओं वाले देशों में भारत पांचवें स्थान पर है।
- CDP
- CDP यूनाइटेट किंगडम में स्थित एक संगठन है जो शहरों और कंपनियों को प्रमुख निगमों के पर्यावरणीय प्रभाव को उद्घाटित करने में सहायता करती है।

- CDP ने वर्ष 2008 से भारत में काम करना शुरू किया और वर्ष 2012 में इसे औपचारिक रूप से भारत में पंजीकृत किया गया।
- रिपोर्ट के मुख्य अंश
- भारत में 38 कॉर्पोरेट्स (निगमों) ने विज्ञान आधारित लक्ष्यों के लिए प्रतिवद्धताओं को दर्शाया है।
- इस संदर्भ में 135 निगमों के साथ अमेरिका शीर्षस्थ देश है।
- जबकि जापान (83), यूनाइटेड किंगडम (78) एवं फ्रांस (51) क्रमशः दूसरे, तीसरे एवं चौथे स्थान पर हैं।
- कार्बन डिस्क्लोजर प्रोजेक्ट (CDP) इंडिया की वार्षिक रिपोर्ट कंपनियों की कार्बन कटौती गतिविधियों की जांच करती है।
- इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए वर्ष 2018 और वर्ष 2019 के बीच 58 उन भारतीय कंपनियों को सर्वे में शामिल किया गया जिन्होंने जलवायु से संबंधित मुद्दों की बोर्ड-स्तरीय निगरानी की है।
- रिपोर्ट के अनुसार निवेशक भारतीय कंपनियों से जलवायु परिवर्तन के जोखिम के बेहतर प्रकटीकरण हेतु अपेक्षारत हैं।
- भारत में कार्बन डाइऑक्साइड की बढ़ती सांद्रता के कारण वातावरण में अतिशय बाढ़ या तूफान का जोखिम प्रत्येक 13 वर्षों के अंतराल पर दोगुना हो सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://affairscloud.com/cdp-india-annual-report-2019-india-ranks-5th-in-carbon-disclosure-project-2019us-tops/

भारत में विदेशी स्वामित्व वाले उपग्रहों का निर्माण

प्रश्न-फरवरी, 2020 में हैदराबाद स्थित अनंत टेक्नोलॉजी लिमिटेड (ATL), भारत की पहली निजी कंपनी बन गई है, जो कुछ वैश्विक कंपनियों के लिए उपग्रहों के निर्माण हेतु आउटसोर्सिंग हब बन सकती है। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(1) एयरोस्पेस फर्म एटीएल, भारत में 4 विदेशी स्वामित्व वाले उपग्रहों के निर्माण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

(2) यह फर्म स्वीडन और फ्रांस में फरवरी 2020 के अंत तक ग्राहकों के लिए एक उपग्रह बनाने की सुविधा प्रदान करेगी।

(3) यह फर्म वैश्विक ग्राहकों को सस्ती लागत सुविधा प्रदान करेगी।

(4) इसरो वैश्विक ग्राहकों के लिए 150 किग्रा. और 350 किग्रा. वजन वाले उपग्रहों का निर्माण करेगा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कूट

(a) (1) और (2) (b) (2) और (3) (c) (3) और (4)

d) उपर्युक्त सभी

उत्तर—(b)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में हैदराबाद स्थित अनंत टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ATL) भारत की पहली निजी कंपनी बन गई है जो विदेशों के लिए उपग्रह बनाएगी।

- ध्यातव्य है कि ATL, वर्ष 1992 में स्थापित किया गया था और यह वैश्विक व्यापक सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, सेवा और समाधान प्रदाता एयरोस्पेस फर्म है।
- एयरोस्पेस फर्म अनंत प्रौद्योगिकी लिमिटेड (ATL) ने भारत में 6 विदेशी स्वामित्व वाले उपग्रहों के निर्माण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- यह पहली बार है जब कोई निजी फर्म देश के कम लागत वाले आधार का उपयोग करके वैश्विक ग्राहकों के लिए उपग्रह बना रही है।
- यह फर्म स्वीडन और फ्रांस में फरवरी, 2020 के अंत तक ग्राहकों के लिए एक उपग्रह बनाने की सुविधा प्रदान करेगी।
- इसके तहत बंगलुरू में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा एक पूर्ण उपग्रह बनाने की सुविधा प्राप्त होगी, जहां वह ग्राहकों के लिए 50 किग्रा. और 250 किग्रा. वजन वाले उपग्रहों का निर्माण करेगा।
- इसके अलावा इसरो ने भारतीय धरती पर उपग्राहें के निर्माण और प्रक्षेपण के लिए उद्योग से जुड़ने हेतु एक नई इकाई "न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड" का गठन किया है।
- इसरो एक छोटा उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV) विकसित कर रहा है, जो एक रॉकेट है, जिसे हर दो दिन में घुमाया जा सकता है और 400 किग्रा. के उपग्रहों को निम्न-पृथ्वी की कक्षा (low-earth Orbit) में पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://tech.economictimes.indiatimes.com/news/technology/aerospace-firm-ananth-technologies-to-build-foreign-owned-satellites-in-india/74069542

'साइंस एंड एप्लायड रिसर्च एलायंस एंड स्पोर्ट' केंद्र

प्रश्न-नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने 'साइंस एंड एप्लायड रिसर्च एलायंस एंड स्पोर्ट' नामक अनुसंधान एवं विकास केंद्र की स्थापना किस प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से की है?

(a) आईआईटी, मद्रास(b) आईआईटी, रुड़की(c) आईआईटी, कानपुर (d) आईआईटी, बीएचयू

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 7 फरवरी, 2020 को नॉर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रभात कुमार सिन्हा ने घोषणा की कि कोल इंडिया की प्रमुख सहायक कंपनी एनसीएल ने 'साइंस एंड एप्लायड रिसर्च एलायंस एंड स्पोर्ट' (एसएआरएएस) नामक केंद्र की स्थापना की है।
- यह घोषणा उन्होंने नई दिल्ली में विश्व उत्पादकता विज्ञान परिसंघ द्वारा कोयला, विद्युत, इस्पात और एमएसएमई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए एक नवाचार जनित उत्पादकता पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के दौरान की।
- इस केंद्र की स्थापना का उद्देश्य कंपनी की परिचालन क्षमता में सुधार लाना और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने के साथ-साथ नवाचार, अनुसंधान और विकास तथा कौशल विकास को बढ़ावा देना है।
- यह केंद्र कोयला उत्पादन, उत्पादकता और सुरक्षा बढ़ाने हेतु नवाचार एकीकरण और अनुसंधान में कंपनी को सहायता प्रदान करने के साथ ही सक्षम भी बनाएगा।
- कंपनी ने इस समर्पित अनुसंधान एवं विकास केंद्र की स्थापना आईआईटी, बीएचयू के सहयोग से की है।

- इस कदम को सुविधाजनक बनाने हेतु 6 विभिन्न डोमेन परियोजनाओं की शुरुआत की गई है, जिसकी लागत राशि 60 मिलियन रुपये है।
- इस केंद्र की स्थापना का एक अन्य उद्देश्य संसाधनों के अधिकतम उपयोग के लिए सामान्य तकनीकी मंचों के साथ परिचालन दक्षता और सभी पहलुओं को एकीकृत करने हेतु कंपनी के मौजूदा बुनियादी तकनीकी ढांचे में सुधार करना भी है।
- यह केंद्र कंपनी के परिचालन क्षेत्र के आस-पास स्थानीय युवाओं के कौशल विकास की गुणवत्ता और रोजगार पर ध्यान देने के साथ ही अनुसंधान विकास को तकनीकी सहायता सुनिश्चित करने के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना करने में भी मददगार होगा।
- भारत के कोयला उत्पादन में एनसीएल का 15 प्रतिशत और देश की तापीय बिजली उत्पादन में 10 प्रतिशत का योगदान है।
- यह कंपनी प्रतिवर्ष 100 मिलियन टन से अधिक कोयले का उत्पादन करती है।
- चालू वित्त वर्ष में इस कंपनी की योजना 107 मिलियन टन कोयला उत्पादित करने की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199153

दिसंबर, 2020 तक भारतीय नौसेना को तीसरी स्कॉर्पीन पनडुब्बी प्राप्त होगी

प्रश्न-स्कॉर्पीन पनडुब्बियों का निर्माण निम्न में से किस जहाज निर्माणकर्ता कंपनी द्वारा किया जा रहा है?
(a) कोचीन शिपयार्ड लि.-केरल(b) गोवा शिपयार्ड लि.-गोवा
(c) गार्डेनरीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स-कोलकाता (d) मझगांव डॉक लि.-मुंबई (महाराष्ट्र)

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 6 फरवरी, 2020 को लखनऊ में डिफेंस एक्सपो आयोजन के दौरान एशिया एवं प्रशांत नौसेना समूह के भारत में वाइस प्रेसीडेंट निकोलस डीला विलेगर ने घोषणा की तीसरी स्कॉर्पीन पनडुब्बी INS 'करंज' दिसंबर, 2020 तक भारतीय नौसेना में शामिल हो जाएगी तथा सभी छह पनडुब्बियों की डिलिवरी वर्ष 2020 तक पूरी हो जाएगी।
- INS करंज का जलावतरण जनवरी, 2018 में किया गया था, वर्तमान में इसका समुद्री परीक्षण किया जा रहा है।
- ध्यातव्य है कि डीआरडीओ द्वारा वर्तमान में एक स्वदेशी ईंधन सेल आधारित एअर इंडिपेंडेट प्रोपल्शन (AIP) मॉडयूल विकसित किया जा रहा है, जो 'कलवरी' पनडुब्बी पर स्थापित किया जाएगा।
- ध्यातव्य है कि पहली स्कार्पीन पनडुब्बी 'कलवरी' को दिसंबर, 2017 एवं दूसरी स्कॉर्पीन पनडुब्बी 'खंदेरी' को सितंबर, 2019 में सेना में शामिल किया जा चुका है।
- उल्लेखनीय है कि इस श्रेणी की चतुर्थ पनडुब्बी आइ.एन.एस. वेला (INS Vela) का जलावतरण मई, 2019 में किया गया था।
- स्कॉर्पीन श्रेणी की सभी छह पनडुब्बियों का निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक लिमिटेड में हो रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/navy-to-get-third-scorpene-submarine-in-december/article30744577.ece

परमाणु क्षमता संपन्न क्रूज मिसाइल राड-2 का सफल परीक्षण

प्रश्न-18 फरवरी, 2020 को किस देश ने परमाणु क्षमता संपन्न क्रूज मिसाइल राड-2 का सफल परीक्षण किया?
(a) बांग्लादेश(b) पाकिस्तान(c) ईरान (d) सऊदी अरब

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2020 को पाकिस्तान ने परमाणु क्षमता संपन्न क्रूज मिसाइल राड-2 का सफल परीक्षण किया।
- यह मिसाइल 600 किमी. की दूरी तक मार कर सकती है।
- यह हवा से भूमि और समुद्र पर हमले को नाकाम करने में भी सक्षम है।
- यह अत्याधुनिक निर्देश और नौवहन प्रणाली से युक्त है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/pakistan-successfully-tests-air-launched-cruise-missile-raad-ii/articleshow/74192290.cms

'साथी' (SATHI) पहल

प्रश्न-3 फरवरी, 2020 को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा 'साथी' (SATHI) पहल की शुरुआत की गई। इस संबंध में निम्न कथनों पर विचार करें-
1. इस योजना द्वारा विदेशी स्रोतों से हमारी निर्भरता कम होगी।
2. वर्तमान में, देश में 2 'साथी' केंद्र कार्यरत हैं।
3. अगले 4 वर्षों में, हर साल 3 'साथी' केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य DST द्वारा तय की गई है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
कूट :
(a) केवल 1(b) 1 और 3(c) 2 और 3 (d) उपर्युक्त में कोई नहीं
उत्तर—(a)
संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2020 को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (Department of Science & Technology : DST) द्वारा 'साथी' (SATHI) पहल की शुरुआत की गई।
- 'साथी' का पूरा नाम है– "परिष्कृत विश्लेषणात्मक और तकनीकी सहायता संस्थान" (Sophisticated Analytical & Technical Help Institute : SATHI)
- DST ने पहले ही देश में 3 ऐसे केंद्र स्थापित किए हैं, IIT खड़गपुर, IIT दिल्ली और IIT BHU।
- अगले 4 वर्षों के लिए हर साल 5 'साथी' केंद्र स्थापित करने की योजना DST ने तय की है।
- राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और महत्व के निम्नलिखित विषयगत क्षेत्रों में 'साथी' पहल द्वारा रोडमैप जारी किया जा रहा है, जो इस प्रकार है-
- संबंधित विभागों का अनुसंधान प्रोफाइल निर्माण

- अपशिष्ट प्रसंस्करण (Waste processing)
- स्वच्छ ऊर्जा और पानी
- स्टार्ट-अप इंडिया
- 'साथी' योजना का प्राथमिक उद्देश्य विश्लेषणात्मक उपकरणों का निर्माण करना है, जो विदेशी स्रोतों पर निभरता को कम करने में हमारी मदद करेंगे।
- यह विज्ञान के चुनिंदा सीमावर्ती क्षेत्रों में वैश्वक नेतृत्व हासिल करने के लिए हमारे वैज्ञानिक समुदाय को सशक्त करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=198882

युवा विज्ञानी कार्यक्रम (युविका), 2020 का दूसरा संस्करण

प्रश्न-युवा विज्ञानी कार्यक्रम (युविका), 2020 के दूसरे चरण के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?
(a) युविका, 2020 के लिए आवेदन की अंतिम सीमा 20 फरवरी, 2020 तक है।
(b) यह कार्यक्रम 11 मई से 22 मई, 2020 तक संचालित होगा।
(c) इस कार्यक्रम के तहत बच्चों को अंतरिक्ष तकनीक, अंतरिक्ष विज्ञान आदि के विषय में जानकारी प्रदान की जाती है।
(d) इस कार्यक्रम हेतु उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन पंजीकरण के आधार पर किया जाएगा।
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2020 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने युवा विज्ञानी कार्यक्रम-युविका (ISRO Young Scientist Programme), 2020 (दूसरा संस्करण) के तहत पंजीकरण की शुरुआत।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों को अंतरिक्ष की जानकारी और उसकी तकनीक की समझ को विकसित करना है। युविका, 2020 के लिए आवेदन की अंतिम समय-सीमा 24 फरवरी, 2020 तक है।
- यह कार्यक्रम इसरो के चार केंद्रों पर अहमदाबाद, बंगलुरू, शिलांग और तिरुअनंतपुरम में स्थित गर्मी की छुट्टियों के दौरान दो सप्ताह 11 मई से 22 मई, 2020 तक संचालित होगा।
- उल्लेखनीय है कि इसरो द्वारा युविका कार्यक्रम वर्ष 2019 में शुरू किया गया था।
- इस कार्यक्रम के तहत बच्चों को अंतरिक्ष तकनीक, अंतरिक्ष विज्ञान इत्यादि के विषय में जानकारी प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम हेतु उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से किया जाएगा।
- कक्षा 8वीं के प्राप्त अंक और एक्स्ट्रा कारिकुलर एक्टिविटीज में प्रदर्शन के आधार पर विद्यार्थी का चयन होगा।
- इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिन विद्यार्थियों ने 8 वीं की परीक्षा पास करके नौंवी कक्षा में प्रवेश लिया है वह आवेदन कर सकते हैं।
- इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु सीबीएसई, आईसीएसई और राज्य पाठ्यक्रम को मिलाकर प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश से 3 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.isro.gov.in/update/22-jan-2020/young-scientist-programme-2020

स्पिट्जर स्पेस टेलीस्कोप सेवामुक्त

प्रश्न-सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित करें तथा सही विकल्प का उत्तर दें।
सूची-I सूची-II
(NASA अंतरिक्ष (प्रक्षेपण तिथि/वर्ष)
वेधशाला का नाम)

A. हब्बल स्पेस 25 अगस्त, 2003 टेलीस्कोप B. काम्पटन गामा 23 जुलाई,1999 रे आब्जरवेटरी
C. दि चंद्रा एक्स-रे 5 अप्रैल, 1991
आब्जरवेटरी
D. स्पिट्जर स्पेस 24 अप्रैल, 1990
टेलीस्कोप
(a) i, ii, iii, iv (b) ii, iii, iv, I (c) iii, iv, ii, I (d) iv, iii, ii, i
उत्तर—(d)
संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2020 को 16 से अधिक वर्षों तक अंतरिक्ष की खोज में अहम भूमिका निभाने वाले अंतरिक्ष वेधशाला स्पिट्जर को नासा के द्वारा बंद कर दिया गया।
- इस अंतरिक्ष वेधशाला का प्रक्षेपण 25 अगस्त, 2003 को राकेट के जरिए नासा द्वारा अंतरिक्ष में किया गया था।
- इस अंतरिक्ष वेधशाला द्वारा लगभग 3,60,000 से अधिक तस्वीरों का अध्ययन किया गया।
- इस वेधशाला द्वारा अपने सौर मंडल में धूमकेतु और क्षुद्र ग्रहों का अध्ययन किया गया और शनि के चारों ओर विद्यमान अज्ञात छल्ले की खोज की।
- इस वेधशाला द्वारा तारा एवं ग्रह निर्माण, प्राचीन ब्रह्मांड से आजतक आकाश गंगाओं का विकास, इंटर स्टीलर धूल की संरचना का अध्ययन तथा एक्सोप्लेनेट का पता लगाया गया।
- ट्रैपिस्ट-1 (TRAPPIST-1 SYSTEM) में इस अंतरिक्ष वेधशाला ने सात में से 4 ग्रहों की खोज में सहायता की।
- ध्यातव्य है कि इस अंतरिक्ष वेधशाला द्वारा अवरक्त किरणों का उपयोग खगोलीय खोज के दौरान किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nasa.gov/press-release/nasa-s-spitzer-space-telescope-ends-mission-of-astronomical-discovery

कम लागत वाले प्रक्षेपण यान का निर्माण

प्रश्न-इसरो द्वारा निर्मित किए जाने वाले कम लागत के प्रक्षेपण यान की निम्न में से कौन लागत होगी?
(a) 10-15 करोड़(b) 15-20 करोड़(c) 20-25 करोड़ (d) 30-35 करोड़

उत्तर—(d)
संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2020 को इसरो ने कम लागत वाले प्रक्षेपण यान को तैयार करने की घोषणा की।

- ऐसे प्रक्षेपण वाहनों की कीमत लगभग 30-35 करोड़ रुपये होगी।
- इससे प्रक्षेपित होने वाले उपग्रह का वजन 500 किलोग्राम होगा।
- इस क्षमता से इसरो को एक वाणिज्यिक बढ़ावा मिलेगा क्योंकि बाजार में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपग्रहों को प्रक्षेपित करने में सहयोग मिलेगा।
- देश में इस प्रकार का पहला प्रक्षेपण अगले चार महीनों में होने की उम्मीद है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/science/isro-readying-for-low-cost-satellite-launch-vehicles/articleshow/73808029.cms

तेल आधारित ड्रग डिलिवरी द्वारा कवक जनित रोगों की चिकित्सा

प्रश्न-निम्नलिखित में से कि प्रौद्योगिकी संस्थान ने तेल आधारित ड्रग डिलिवरी द्वारा कवक जनित रोगों की उपचार पद्धति विकसित की है?

(a) आई.आई.टी. हैदराबाद(b) आई.आई.टी. मुंबई(c) आई.आई.टी. दिल्ली (d) आई.आई.टी. कानपुर

उत्तर—(a)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2020 को प्रकाशित एक शोध के अनुसार, शोधकर्ताओं द्वारा आवश्यक तेलों (essential oils) पर आधारित दवा प्रदान करने संबंधी प्रणाली विकसित की गई है।
- आई.आई.टी. हैदराबाद के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित यह प्रणाली कवक जनित रोगों के उपचार हेतु प्रयुक्त की जाएगी।
- यह अध्ययन शोध पत्र मेटेरिआलिया (Materialia) में प्रकाशित हुआ है।
- इस प्रकार प्रदान की जाने वाली दवा ऐसे कवकों से निपटने में भी सक्षम है जो पारंपरिक कवक-प्रतिरोधी (anti-fungal) दवाओं के प्रति, प्रतिरोधकता प्रदर्शित करने लगे हैं।
- यह दवा प्रणाली संक्रमण के उपचार के साथ-साथ कवकों में प्रतिरोध विकसित करने के खतरों से भी मुक्त है।
- आई.आई.टी. हैदराबाद के शोधकर्ताओं ने इस प्रणाली के विकास हेतु प्राकृतिक उत्पादों जैसे अजवायन का तेल, लौंग का तेल आदि से प्राप्त जटिल यौगिकों का प्रयोग किया।
- इन दोनों तेलों में पाए जाने वाले क्रमश: थाइमोल एवं यूजेनॉल आदि में सभी प्रकार के कैंडिडा कवकों (Candida Fungi) के प्रति प्रभावी प्रतिरोधन पाया जाता है।
- यह शोध मुद्रिका खंडेलवाल के नेतृत्व में किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.iith.ac.in/research/reshighlights/2020/02/07/Herbal-Drug-Delivery-Systems/

ब्रह्मोस मिसाइल एवं सुखोई-30 एम.के.आई लड़ाकू विमान

प्रश्न-हाल में ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल से लैस सुखोई-30 एम.के.आई को निम्न में से किस एयरबेस में शामिल किया गया ?

(a) एयर बेस हिंडन-उत्तर प्रदेश(b) एयर बेस अम्बाला-हरियाणा
(c) एयर बेस लोहेगांव (पुणे)-महाराष्ट्र (d) एयर बेस तंजावुर (तमिलनाडु)

उत्तर—(d)

संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2020 को ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल से लैस सुखोई-30 एम.के.आई. लड़ाकू विमान को तंजावुर (तमिलनाडु) एयर बेस में शामिल किया गया।यह मिसाइल 30 किमी. तक सटीक निशाना लगाने में सक्षम है। आई.ए.एफ. प्रमुख आर.एस. भदौरिया के बयान के मुताबिक ब्रह्मोस के साथ सुखोई-30 एम.के.आई. सबसे मजबूत संयोजन है, जो हमारे पास हथियार क्षमता के संदर्भ में है। इसके लिए तंजावुर पूर्व और पश्चिम दोनों ओर से हिन्द महासागर क्षेत्र तक पहुंच के कारण एक आदर्श स्थान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/india/story/indian-air-force-inducts-brahmos-armed-sukhoi-30mki-fighter-squadron-tamil-nadu-thanjavur-1638454-2020-01-20

क्लासिकल स्वाइन फीवर से बचाव हेतु टीका विकसित

प्रश्न-किस संस्थान द्वारा सुअरों को क्लासिकल स्वाइन फीवर से बचाने हेतु एक नया और कारगर टीका विकसित किया गया है?

(a) आईआईटी, मद्रास(b) आईआईटी, रुड़की
(c) आईसीएआर-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान
(d) पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- भारतीय वैज्ञानिकों ने सुअरों को क्लासिकल स्वाइन फीवर से बचाने हेतु एक नया और कारगर टीका विकसित किया है। यह टीका इज्जतनगर उत्तर प्रदेश में स्थित आईसीएआर-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) द्वारा विकसित किया गया है। यह वर्तमान टीके की तुलना में काफी सस्ता है।
- नए टीके की कीमत 2 रुपये से भी कम है।मौजूदा वैक्सीन की 2 खुराक की जगह नए टीके की केवल एक खुराक ही एक वर्ष में देनी होगी। क्लासिकल स्वाइन फीवर से देश में सुअरों की संख्या कम हो रही है।
- विशेषज्ञों के अनुसार, देश में देश में प्रतिवर्ष टीकों की 2 करोड़ 20 लाख खुराक की आवश्यकता है, जबकि उपलब्धता केवल 12 लाख खुराक की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=198890

हाइड्रोजन ईंधन के उत्पादन हेतु IIT मद्रास की इको फ्रेंडली प्रौद्योगिकी

प्रश्न-हाइड्रोजन ईंधन के उत्पादन हेतु IIT मद्रास के इको फ्रेंडली प्रौद्योगिकी में हाइड्रोजन ईंधन का उत्पादन किससे किया जाएगा?

(a) समुद्री जल से(b) ताजी हवा से(c) वर्षा जल से (d) सूर्य की ऊष्मा से

उत्तर—(a)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2020 में आईआईटी मद्रास के शोधकर्ताओं ने एक ऐसा इकोफ्रेंडली तरीका विकसित किया है जिससे समुद्री जल से हाइड्रोजन ईंधन बनाया जा सकेगा।प्रौद्योगिकी की विशेषता यह है कि इसमें 'ऑन-डिमांड' हाइड्रोजन का उत्पादन किया जा सकेगा, जिससे इसे संग्रहीत करने की आवश्यकता खत्म हो जाएगी।
- यह हाइड्रोजन से जुड़ी भंडारण संबंधी चुनौतियों से निजात दिलाएगा।
- हाइड्रोजन का भंडारण चुनौतीपूर्ण इसलिए है क्योंकि यह अत्यधिक ज्वलनशील होता है, जिससे यह धमाके का कारण हो सकता है।उल्लेखनीय है कि हाइड्रोजन भविष्य के लिए ऊर्जा का एक अच्छा स्रोत हो सकता है।
- हाइड्रोजन के दहन से जीवाश्म ईंधन के विपरीत, कार्बन डाइऑक्साइड का उत्पादन नहीं होता है, जो इसे ऊर्जा का 'स्वच्छ' स्रोत बनाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/productline/power-generation/iit-m-develops-eco-friendly-way-to-produce-hydrogen-fuel-from-seawater/articleshow/73296049.cms?from=mdr

डब्ल्यूएचओ ने कोरोना वायरस से हुई बीमारी को नया नाम दिया

प्रश्न-11 फरवरी, 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस से हुई बीमारी को क्या नाम दिया?

(a) डोविड-19(b) कोविड-19(c) सोविड-20 (d) कोविड-20

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2020 विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.) ने चीन में कोरोना वायरस से हुई बीमारी का आधिकारिक नाम 'कोविड (COVID)-19 रखा है।कोरोना वायरस शब्द उसके नवीनतम प्रारूप को बताने की बजाय केवल उस समूह का उल्लेख करता है, जिसका वह सदस्य है।
- नया नाम (COVID)-19 कोरोना, वायरस और बीमारी से लिया गया है और साथ में 2019 उस वर्ष के लिए जिसमें यह वायरस सामने आया था।गौरतलब है कि WHO को इस वायरस के प्रकोप के बारे में 31 दिसंबर, 2019 को जानकारी मिली थी।दरअसल कोरोना वायरस को चीन में कोविड (COVID) के नाम से भी पुकारा जाता है।चीन में इस वायरस से अब तक लगभग 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 44,000 से ज्यादा लोग इससे संक्रमित हैं।
- उल्लेखनीय है कि भारत में कोरोना वायरस के बारे में विशेष निगरानी प्रणाली पर रिपोर्ट देने वाला नगालैंड पहला राज्य बना है।

एकीकृत वायु रक्षा शस्त्र प्रणाली

प्रश्न-10 फरवरी, 2020 को किस देश ने एकीकृत वायु रक्षा शस्त्र प्रणाली (IADWS) भारत को बेचने की मंजूरी दी है?

(a) इस्राइल (b) रूस (c) जापान (d) अमेरिका

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2020 को अमेरिका ने एकीकृत वायु रक्षा शस्त्र प्रणाली (IADWS : Integrated Air Defence Weapon System) भारत को बेचने की मंजूरी दी है।
- इसकी कीमन 1 अरब 86 करोड़ 70 लाख अमेरिकी डॉलर है।
- इससे भारत को अपने सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण करने में सहायता मिलेगी।
- साथ ही किसी भी हवाई खतरे का जवाब देने में वायु रक्षा प्रणाली और मजबूत होगी।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/us-okays-air-defence-system-for-india/articleshow/74074164.cms

संयुक्त सैन्य अभ्यास सम्प्रीति (SAMPRITI)-2020

प्रश्न-3-16 फरवरी, 2020 के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सम्प्रीति-2020' किन देशों की सेनाओं के बीच आयोजित किया जाएगा?

(a) भारत एवं श्रीलंका(b) भारत एवं बांग्लादेश(c) भारत एवं रूस (d) भारत एवं थाईलैंड

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 3-16 फरवरी, 2020 के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सम्प्रीति' (SAMPRITI), 2020 उमरोई, मेघालय में आयोजित किया जाएगा।यह इस अभ्यास का 9वां संस्करण है।
- इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य भारत और बांग्लादेश की सेनाओं के बीच पारस्परिक सहयोग के पहलुओं को मजबूत बनाना और उसका विस्तार करना है।
- साथ ही संयुक्त राष्ट्र के अधिदेश के अंतर्गत विद्रोही और आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए मिलकर कार्य करना है।
- सामरिक स्तर के संचालन में एक-दूसरे को समझने के अलावा, दोनों देशों के बीच सैन्य विश्वास और सहयोग को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक सांस्कृतिक समझ के लिए भी जोर दिया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि गत वर्ष इस सैन्य अभ्यास का आयोजन 2-15 मार्च, 2019 के मध्य तंगेल, बांग्लादेश में आयोजित हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=197747

खेल परिदृश्य

टेनिस

बंगलुरू ओपन, 2020

प्रश्न-16 फरवरी, 2020 को बंगलुरू, कर्नाटक में संपन्न एटीपी चैलेंजर इवेंट बंगलुरू ओपन, 2020 के पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता?

(a) बेंजामिन बोंजी(b) जेम्स डकवर्थ(c) सुमित नागल (d) साकेत मायनेनी

उत्तर—(b)

संबंधित तथ्य

- 10-16 फरवरी, 2020 के मध्य एटीपी चैलेंजर इवेंट बंगलुरू ओपन, 2020 बंगलुरू, कर्नाटक में संपन्न हुआ।
- प्रतियोगिता परिणाम
- पुरुष युगल
- विजेता-जेम्स डकवर्थ (ऑस्ट्रेलिया)
- उपविजेता-बेंजामिन बोंजी (फ्रांस)
- पुरुष एकल
- विजेता-पूरव राजा और रामकुमार रामनाथन (दोनों भारत)
- उपविजेता-लिएंडर पेस (भारत) और मैथ्यू एबडेन (ऑस्ट्रेलिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.bengalurutennisopen.com/aboutus.html

W25 नोनथाबुरी टेनिस टूर्नामेंट, 2020

प्रश्न-फरवरी, 2020 में संपन्न W25 नोनथाबुरी महिला बैडमिंटन टूर्नामेंट, 2020 का महिला एकल खिताब किसने जीता?

(a) अंकिता रैना(b) रिया भाटिया(c) शिन्यु वांग (d) सिमोना वाल्ट्रेट

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी से 2 फरवरी, 2020 के मध्य ITF वर्ल्ड टेनिस टूर, 2020 की W25 नोनथाबुरी महिला टेनिस टूर्नामेंट थाईलैंड में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम-महिला एकल
- विजेता-अंकिता रैना (भारत)

- उपविजेता-क्लो पैक्युएट (फ्रांस)
- महिला युगल-विजेता-अंकिता रैना (भारत) एवं बिबियाने स्कूफ्स (नीदरलैंड्स)
- उपविजेता-माननचाया सवांगकाएव एवं सुपापिच कुएरूम (दोनों नीदरलैंड्स)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.flashscore.in/tennis/itf-women-doubles/w25-nonthaburi/results/

क्रिकेट

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भारतीय क्रिकेटर का संन्यास

प्रश्न-21 फरवरी, 2020 को किस भारतीय क्रिकेटर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा कर दी?

(a) प्रज्ञान ओझा (b) उमेश यादव (c) दिनेश कार्तिक (d) महेंद्र सिंह धौनी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 फरवरी, 2020 को भारत के बाएं हाथ के स्पिनर प्रज्ञान ओझा ने अंतरराष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से तुरंत प्रभाव से संन्यास ले लिया।
- इन्होंने अपना अंतिम मैच वर्ष 2013 में वेस्टइंडीज के विरुद्ध टेस्ट मैच के रूप में खेला था।
- प्रज्ञान ओझा का कॅरियर
- 24 टेस्ट मैच, 113 विकेट, बेस्ट 6/47
- 18 वनडे मैच, 21 विकेट, बेस्ट 4/38
- 6 अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच, 10 विकेट, बेस्ट 4/21
- प्रज्ञान इंडियन प्रीमियर लीग में डेक्कन चार्जर्स और मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.indiatoday.in/sports/cricket/story/india-cricketer-pragyan-ojha-announces-retirement-from-all-forms-of-cricket-1648625-2020-02-21

भारतीय क्रिकेट टीम का न्यूजीलैंड दौरा, 2020

प्रश्न-11 फरवरी, 2020 को भारत-न्यूजीलैंड के मध्य तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला संपन्न हुई। शृंखला में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' किसे चुना गया?

(a) विराट कोहली(b) रॉस टेलर(c) श्रेयस अय्यर (d) हेनरी निकोलस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5-11 फरवरी, 2020 के मध्य भारत एवं न्यूजीलैंड के मध्य 3 एकदिवसीय मैचों की शृंखला संपन्न हुई।

- न्यूजीलैंड ने शृंखला 3-0 से जीतकर क्लीन स्वीप किया।
- न्यूजीलैंड के रॉस टेलर को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- भारत के युजवेंद्र चहल और न्यूजीलैंड के हमीश बेनेट ने शृंखला में सर्वाधिक 6-6 विकेट प्राप्त किए।
- भारत के श्रेयस अय्यर ने शृंखला में सर्वाधिक 217 रन बनाए।
- एकदिवसीय शृंखला में यह भारत का 31 वर्षों बाद पहला 'व्हाइटवाश' है।
- इससे पूर्व आखिरी बार भारतीय टीम को वर्ष 1989 में वेस्टइंडीज ने 5-0 से पराजित किया था।
- शृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड ने 347 रनों का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए जीत दर्ज की।
- यह न्यूजीलैंड का अब तक का सर्वोच्च लक्ष्य था, जिसे वनडे में सफलतापूर्वक पीछा किया गया।
- शृंखला में भारत के मयंक अग्रवाल और पृथ्वी शॉ ने अपना अंतराष्ट्रीय एकदिवसीय पदार्पण किया।
- न्यूजीलैंड के टॉम लैथम ने प्रथम दो एकदिवसीय मैचों में केन विलियम्सन के स्थान पर कप्तानी की।
- इससे पूर्व 24 जनवरी से 2 फरवरी, 2020 के मध्य खेली गई 5 मैचों की टी-20 शृंखला भारत ने 5-0 से जीत ली थी।
- भारत के के.एल. राहुल को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था।
- दौरे पर 2 टेस्ट मैचों की शृंखला 21 जनवरी से 4 मार्च, 2020 के मध्य खेली जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bcci.tv/events/15352/new-zealand-v-india-2020/results

आईसीसी महिला चैंपियनशिप, 2017-20

प्रश्न-फरवरी, 2020 में किस टीम ने आईसीसी महिला चैंपियनशिप, 2017-20 की ट्रॉफी जीत ली?
(a) भारत(b) इंग्लैंड(c) ऑस्ट्रेलिया (d) दक्षिण अफ्रीका
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में आईसीसी महिला चैंपियनशिप का द्वितीय संस्करण (2017-20) का खिताब मेग लैनिंग की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया (दूसरी बार) ने जीत लिया।
- ऑस्ट्रेलिया ने अंक तालिका में 18 मैचों में 17 मैच जीतकर सर्वाधिक 34 अंक दर्ज किए।
- चैंपियनशिप में आठ (8) टीमों-ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, द. अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और श्रीलंका ने भाग लिया।
- अंक तालिका की शीर्ष चार टीमों ऑस्ट्रेलिया (34), इंग्लैंड (29), दक्षिण अफ्रीका (22) और भारत (20 अंक) ने वर्ष 2021 में होने वाले ICC महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया।
- मेजबान होने के नाते न्यूजीलैंड को विश्व कप में सीधे प्रवेश मिला।
- शेष 3 टीमें अब जुलाई, 2020 में श्रीलंका में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर, 2020 में खेलेंगी।
- आईसीसी महिला चैंपियनशिप, महिला क्रिकेट विश्व कप में स्थान बनाने के लिए अर्हक प्रतियोगिता के रूप में उपरोक्त 8 टीमों के मध्य खेली जाती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/womens-championship/standings

अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप, 2020

प्रश्न-9 फरवरी, 2020 को संपन्न अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप, 2020 में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' किसे चुना गया?
(a) रवि बिश्नोई(b) यशस्वी जायसवाल (c) अकबर अली(d) परवेज हुसैन
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) द्वारा प्रशासित अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप का 13वां संस्करण (2020) 17 जनवरी से 9 फरवरी, 2020 के मध्य द. अफ्रीका की मेजबानी में संपन्न हुआ।
- 9 फरवरी, 2020 को सेनवेस पार्क में खेले गए फाइनल में बांग्लादेश ने मौजूदा चैंपियन भारत को डकवर्थ लुइस नियम के अंतर्गत 3 विकेट से पराजित कर पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।
- बांग्लादेश पहली बार किसी भी स्तर पर ICC विश्व कप जीतने में कामयाब रहा है।
- चार बार के विजेता (2000,2008,2012 और 2018) भारत को तीसरी बार उपविजेता (2006 और 2016) से संतोष करना पड़ा।टूर्नामेंट में सर्वाधिक 400 रन बनाने वाले भारत के यशस्वी जायसवाल को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।भारत के रवि बिश्नोई ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 17 विकेट प्राप्त किए।
- टूर्नामेंट में पाकिस्तान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- नाइजीरिया और जापान ने पहली बार U-19 विश्व कप में हिस्सा लिया।
- विश्व कप में भारतीय टीम के कप्तान प्रियम गर्ग तथा बांग्लादेश के कप्तान अकबर अली थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/match/20664/#scorecard

IPL फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू ने बदला नाम

प्रश्न-13 फरवरी, 2020 को IPL फ्रेंचाइजी रॉयल चेलेंजर्स बंगलुरू ने अपनी टीम का नाम बदलकर क्या नाम रखा?
(a) रॉयल वारियर्स (b) रॉयल टाइगर्स (c) रॉयल चैलेंजर्स (d) रॉयल फाइटर्स
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 13 फरवरी, 2020 IPL फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू (RCB) ने अपने कई सोशल मीडिया एकाउंट्स से प्रोफाइल और कवर समेत सभी फोटो हटा ली।साथ ही RCB ने अपना नाम भी बदलकर सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स कर दिया है।आधिकारिक वेबसाइट पर भी संशोधन जारी है।
- उल्लेखनीय है कि RCB ने 12 फरवरी, 2020 को ही मुथुत फिनकॉर्प के साथ प्रायोजक के तौर पर 3 वर्ष के लिए करार किया है।इसके तहत खिलाड़ियों की जर्सी पर सामने की तरफ मुथुट का लोगो (Logo) लगाया जाएगा तथा घरेलू मैदान पर भी विज्ञापन नजर आएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/website/story/ipl-2020-royal-challengers-bangalore-reveal-redesigned-logo-hilarious-fan-reactions/347286

अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूनतम टीम स्कोर की बराबरी

प्रश्न-12 फरवरी, 2020 को किस टीम ने अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूनतम टीम स्कोर की बराबरी की?
(a) अमेरिका(b) नेपाल(c) आयरलैंड (d) हांगकांग

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2020 को नेपाली क्रिकेट टीम ने ICC क्रिकेट वर्ल्ड लीग-2 के मुकाबले में अमेरिकी क्रिकेट टीम को 12 ओवर में 35 रन पर ऑल आउट कर दिया।
- नेपाल के कीर्तिपुर में खेले गए इस मैच को नेपाल ने 5.2 ओवर में 8 विकेट से जीत लिया।
- अमेरिका का यह स्कोर वनडे इतिहास का संयुक्त रूप से न्यूनतम स्कोर है।
- अमेरिका ने इस मामले में जिम्बाब्वे की बराबरी की, जिसने वर्ष 2004 में श्रीलंका के खिलाफ हरारे में 35 रन बनाए थे।नेपाल की ओर से मैच में लेग स्पिनर संदीप लमिछाने ने सबसे ज्यादा 6 विकेट (16 रन) लिए।
- यह मैच वनडे इतिहास का सबसे छोटा मैच साबित हुआ, जिसमें सिर्फ 17.2 ओवर ही फेंके गए।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.espncricinfo.com/series/19439/scorecard/1215127/nepal-vs-united-states-of-america-30th-match-icc-mens-cricket-world-cup-league-2-2019-2021-22

भारत-ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड महिला त्रिकोणीय श्रृंखला, 2020

प्रश्न-12 फरवरी, 2020 को संपन्न भारत-ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड महिला त्रिकोणीय शृंखला, 2020 में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' किसे चुना गया?
(a) बेथ मूनी(b) स्मृति मंधाना(c) मेग लैनिंग (d) हीथर नाइट

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी से 12 फरवरी, 2020 के मध्य भारत-ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीमों के मध्य त्रिकोणीय शृंखला ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई।फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 11 रनों से पराजित कर शृंखला का खिताब जीत लिया।ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। उन्होंने शृंखला में 208 रन बनाएभारत की स्मृति मंधाना ने शृंखला में सर्वाधिक 216 रन बनाए।
- शृंखला में सर्वाधिक 10 विकेट भारत की राजेश्वरी गायकवाड़ ने लिए।महिला टीमों की कप्तान-ऑस्ट्रेलिया-मेग लेनिंग-भारत-हरमनप्रीत कौर
- इंग्लैंड-हीथर नाइट
- उल्लेखनीय है कि 2020 ICC महिला टी-20 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया में 21 Òरवरी से 8 मार्च, 2020 के मध्य आयोजित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://sportstar.thehindu.com/cricket/india-women-australia-women-live-cricket-score-womens-t20-tri-series-final/article30795415.ece

टेस्ट क्रिकेट में 5 लाख रन बनाने वाली पहली टीम

प्रश्न-24 जनवरी, 2020 को किस देश की क्रिकेट टीम टेस्ट क्रिकेट में 5 लाख रन बनाने वाली विश्व की पहली टीम बनी?

(a) वेस्टइंडीज(b) भारत(c) ऑस्ट्रेलिया (d) इंग्लैंड

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 24 जनवरी, 2020 को इंग्लैंड की क्रिकेट टीम टेस्ट क्रिकेट में 5 लाख रन बनाने वाली विश्व की पहली टीम बनी।
- यह उपलब्धि उसने वांडर्स स्टेडियम, जोहॉन्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध खेले जा रहे चौथे और अंतिम टेस्ट के पहले दिन हासिल की।
- इंग्लैंड की टीम ने 1022वें टेस्ट मैच में यह कीर्तिमान बनाया है।
- इस सूची में ऑस्ट्रेलिया 830 टेस्ट मैचों में 432,706 रन बनाकर दूसरे तथा भारत 273,518 रन 540 टेस्ट मैचों में बनाकर तीसरे स्थान पर है।
- वेस्टइंडीज 545 टेस्ट मैचों में 270,441 रन बनाकर चौथे स्थान पर है।
- भारत ने विदेशी सरजमीं पर अब तक 268 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 51 मैच जीते हैं, 113 मैच हारे हैं और 104 मैच ड्रा रहे हैं।
- इसी शृंखला में पोर्ट एलिजाबेथ के सेंट जार्ज पार्क में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड विदेशी सरजमीं पर 500 टेस्ट खेलने वाली पहली टीम बनी।
- ऑस्ट्रेलिया अभी तक विदेशी सरजमी पर 404 टेस्ट मैच खेलने वाली दूसरी टीम है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/sports/cricket/story/england-become-1st-team-to-score-500000-runs-in-their-1022nd-test-match-1640018-2020-01-25

हॉकी

जूनियर पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप, 2021 का आयोजन

प्रश्न-जूनियर पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप, 2021 का आयोजन किस देश में किया जाएगा?

(a) भारत (b) मलेशिया (c) दक्षिण अफ्रीका (d) जापान

उत्तर—(a)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2020 को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) ने घोषणा की कि जूनियर पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप, 2021 का आयोजन भारत में किया जाएगा।
- यह दूसरी बार है जब भारत में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।
- इससे पूर्व वर्ष 2016 में जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन लखनऊ, उत्तर प्रदेश में किया गया था।

- इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने जूनियर महिला हॉकी विश्वकप, 2021 का आयोजन पहली बार द. अफ्रीका में कराने का निर्णय किया है।
- यह प्रतियोगिता पोचेफस्ट्रूम (Potchefstroom) दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होगी।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 संस्करण के बाद वर्ष 2023 में भी पुरुष हॉकी विश्व कप का आयोजन भारत में ही किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/hockey/india-2021-mens-junior-hockey-world-cup-south-africa-womens-junior-hockey-world-cup/article30842181.ece

एफआईएच हॉकी स्टार अवॉर्ड्स, 2019

प्रश्न-10-13 फरवरी, 2020 के मध्य घोषित एफआईएच हॉकी स्टार अवॉर्ड्स, 2019 के अंतर्गत 'एफआईएच पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर' किसे चुना गया?
(a) मनप्रीत सिंह(b) विक्टर वेगनेज(c) आर्थर वान डोरेन (d) लुकास विला

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 10-13 फरवरी, 2020 के मध्य अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) के वार्षिक पुरस्कारों 'हॉकी स्टार अवॉर्ड्स, 2019' की घोषणा की गई।
- पुरस्कार प्राप्तकर्ता इस प्रकार रहे-
- एफआईएच पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर-मनप्रीत सिंह (भारत)
- एफआईएच महिला प्लेयर ऑफ द ईयर-एवा डी गॉएडे (नीदरलैंड्स)
- एफआईएच पुरुष कोच ऑफ द ईयर-कॉलिन बैच (ऑस्ट्रेलिया)
- एफआईएच महिला कोच ऑफ द ईयर-एलिसन अन्नान (ऑस्ट्रेलिया)
- एफआईएच पुरुष गोलकीपर ऑफ द ईयर-विन्सेंट वेनाश्च (बेल्जियम)
- एफआईएच महिला गोलकीपर ऑफ द ईयर-राचेल लिंच (ऑस्ट्रेलिया)
- एफआईएच पुरुष राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर-विवेक प्रसाद (भारत)
- एफआईएच महिला राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर-लालरेमसियामी (भारत)
- भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह 'एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर' पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।
- मनप्रीत को 35.2 प्रतिशत वोट, अर्थर वॉन डोरेन को 19.7 प्रतिशत वोट और लुकास विला को 16.5 प्रतिशत वोट मिले।
- जून, 2018 में मनप्रीत ने ओडिशा के भुवनेश्वर में एफआईएच पुरुष हॉकी सीरीज फाइनल्स के दौरान भारत के लिए अपने 250 इंटरनेशनल मैच पूरे किए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://fih.ch/events/hockey-stars-awards/hockey-stars-2019/news/

54वां अखिल भारतीय बॉम्बे गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट, 2020

प्रश्न-12 फरवरी, 2020 को मुंबई में संपन्न 54वें अखिल भारतीय बॉम्बे गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट, 2020 का खिताब किसने जीता?

(a) सेंट्रल रेलवे, मुंबई(b) भारतीय नौसेना(c) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई (d) कुर्ग इलेवन, मुंबई

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6-12 फरवरी, 2020 के मध्य 54वें अखिल भारतीय बॉम्बे गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट, 2020 का आयोजन मुंबई में किया गया।इसका आयोजन मुंबई हॉकी एसोसिएशन लिमिटेड (MHAL) द्वारा किया गया।
- अजिंक्य जाधव की हैट्रिक से भारतीय नौसेना ने फाइनल में दक्षिण-मध्य रेलवे (SCR), सिंकदराबाद को 4-1 से पराजित कर पहली बार इस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।
- प्रतियोगिता में प्रदत्त पुरस्कार
- बेस्ट डिफेंडर-जसपाल सिंह (भारतीय नौसेना)
- बेस्ट मिडफील्डर-अकीब रहीम (भारतीय नौसेना)
- बेस्ट फॉरवर्ड-अजिंक्य जाधव (भारतीय नौसेना)
- बेस्ट गोलकीपर-सुशांत टिर्की (दक्षिण-मध्य रेलवे)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sport/hockey/ajinkya-does-star-turn-for-navy/article30802990.ece

फुटबॉल

एएफसी चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण के लिए अर्हता प्राप्त करने वाला पहला भारतीय फुटबॉल क्लब

प्रश्न-19 फरवरी, 2020 को कौन-सा भारतीय फुटबॉल क्लब एएफसी चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण के लिए अर्हता प्राप्त करने वाला पहला भारतीय फुटबॉल क्लब बना?

(a) ईस्ट बंगाल (b) मोहन बागान (c) एफसी गोवा (d) जमशेदपुर एफसी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2020 को एफसी गोवा इंडियन सुपर लीग मैच में जमशेदपुर एफसी को 5-0 से पराजित कर एएफसी चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण के लिए अर्हता प्राप्त करने वाला पहला भारतीय फुटबॉल क्लब बना।
- इस जीत के साथ ही एफसी गोवा इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के लीग चरण में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया।

- आईएसएल के लीग चरण के अंत में शीर्ष पर रहने वाली टीम को महाद्वीप के शीर्ष क्लब टूर्नामेंट, 2021 एएफसी चैंपियंस लीग में स्थान मिलना तय था।एफसी गोवा ने लीग चरण का समापन 18 मैचों में 39 अंक प्राप्त कर किया।उल्लेखनीय है कि मोहन बागान और ईस्ट बंगाल जैसे भारतीय क्लब ने एशियाई क्लब चैंपियनशिप में खेला है किंतु देश की किसी भी टीम को अभी तक एएफसी चैंपियंस लीग में खेलने का अवसर नहीं प्राप्त हुआ है।
- एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) सदस्य देशों की रैंकिंग प्रणाली नवंबर, 2019 में जारी की गई थी।
- भारत को एएफसी चैंपियंस लीग में एक स्थान दिया गया क्योंकि वह पश्चिम क्षेत्र के देशों में 8वें स्थान पर है।
- पश्चिम और पूर्व क्षेत्र के 7वीं से 10 वीं रैंकिंग वाली टीमों को एएफसी चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण में एक स्थान मिलता है।
- एएफसी चैंपियंस लीग, 2021 में 40 क्लब भाग लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/football/isl/fc-goa-afc-champions-league-asian-football-isl-indian-super-league-corominas-boumous/article30861731.ece

अंडर-17 महिला विश्वकप फुटबॉल टूर्नामेंट, 2020

प्रश्न-अंडर-17 महिला विश्वकप फुटबॉल टूर्नामेंट, 2020 का आयोजन भारत के 5 शहरों में किया जाएगा। निम्न में से कौन-सा शहर इसमें शामिल नहीं है?
(a) अहमदाबाद (b) नवीं मुंबई (c) भुवनेश्वर (d) नई दिल्ली
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2020 को केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, फीफा की मुख्य महिला फुटबॉल अधिकारी सराय बारेमैन और फीफा के युवा टूर्नामेंटों के प्रमुख रॉबर्टो ग्रासी ने अंडर-17 महिला विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के मेजाबान शहरों और मैच कार्यक्रम की घोषणा की।
- यह विश्वकप 2 से 21 नवंबर, 2020 तक आयोजित होगा।
- इसका आयोजन देश के 5 शहरों अहमदाबाद, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, कोलकाता और नवीं मुंबई में किया जाएगा।
- इसमें विश्व की 16 टीमें भाग लेंगी।
- इस टुर्नामेंट का फाइनल नवीं मुंबई के डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा।
- इस अवसर पर इस विश्वकप टुर्नामेंट का आधिकारिक स्लोगन 'किक ऑफ द ड्रीम' भी लांच किया गया।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में भारत में पुरुषों का अंडर-7 विश्वकप फुटबॉल आयोजित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.the-aiff.com/article/match-schedule-and-host-cities-announced-for-fifa-u-17-womens-world-india-2020-as-future-stars-of-womens-football-prepare-to-kick-off-the-dream

एएफसी महिला एशिया कप, 2022

प्रश्न-एएफसी महिला एशिया कप, 2022 का आयोजन किस देश में किया जाएगा?
(a) भारत(b) चीनी ताइपे(c) उज्बेकिस्तान (d) जापान
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2020 को एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने एएफसी महिला एशिया कप, 2022 की मेजबानी का अधिकार भारत को सौंपा।
- यह घोषणा एशियाई फुटबॉल परिसंघ की महिला समिति ने कुआलालंपुर, मलेशिया में की।
- भारत के अलावा मेजबानी की दौड़ में चीनी ताइपे और उज्बेकिस्तान अन्य प्रतिस्पर्धी थे।
- इस वर्ष के अंत तक भारत में फीफा महिला अंडर-17 विश्व कप आयोजित होगा।
- भारत में वर्ष 2016 में एएफसी अंडर-16 चैंपियनशिप और वर्ष 2017 में फीफा अंडर-17 विश्व कप भी आयोजित किया गया था।

http://newsonair.nic.in/Main-News-Details.aspx?id=381601

शतरंज

34वां कांस ओपन चेस टूर्नामेंट, 2020

प्रश्न-23 फरवरी, 2020 को संपन्न 34 वें कांस ओपन चेस टूर्नामेंट, 2020 का खिताब किसने जीता?
(a) जी.बी. हर्षवर्धन (b) शिवा महादेवन (c) डी. गुकेश (d) चेन जेंग
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 17-23 फरवरी, 2020 के मध्य 9 चक्रीय स्विस टूर्नामेंट कांस ओपन का 34 वां संस्करण (2020) कांस, फ्रांस में संपन्न हुआ।
- भारत के 13 वर्षीय ग्रैंड मास्टर डी. गुकेश ने अंतिम दौर में मेजबान देश के हरुत्युन बार्गसेघयान (Harutyun Bargseghyan) को पराजित कर सर्वाधिक 7.5 अंक के साथ टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।
- तमिलनाडु के गुकेश ने हाल ही में डेनमार्क के हिलरोड में 110वें एनिवर्सिरी ओपन टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला ओपन खिताब जीता था।
- भारत के शिवा महादेवन 6 अंक के साथ 10वें स्थान पर रहे।
- उल्लेखनीय है कि गुकेश प्रतियोगिता के दौरान अजेय रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://ratings.fide.com/tournament_information.phtml?event=230863

केर्न्स कप, **2020**

प्रश्न-17 फरवरी, 2020 को सेंटलुईस, अमेरिका में संपन्न शतरंज प्रतियोगिता केर्न्स कप, 2020 का खिताब किसने जीता?

(a) हरिका द्रोणवल्ली(b) कोनेरू हंपी(c) वेंजुन जू (d) कैटरीना लैग्नो

उत्तर—(b)

संबंधित तथ्य

- 6-17 फरवरी, 2020 के मध्य शतरंज प्रतियोगिता केर्न्स कप (CAIRNS CUP), 2020 सेंटलुईस, अमेरिका में संपन्न हुई।
- इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-
- विजेता-कोनेरू हंपी (भारत)दूसरा स्थान-वेंजुन जू (चीन)
- इस प्रतियोगिता में भारत की हरिका द्रोणवल्ली रूस की कैटरयना लैग्नो के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहीं।
- कोनेरू हंपी इस जीत के साथ 5 ईएलओ रेटिंग अंक अर्जित कर विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गई हैं।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.uschesschamps.com/2020-cairns-cup/pairings-results

बैडमिंटन

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप, **2020**

प्रश्न-16 फरवरी, 2020 को मनीला, फिलीपींस में संपन्न बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप, 2020 किस देश ने मलेशिया को पराजित कर पुरुष वर्ग का खिताब (स्वर्ण पदक) जीत लिया?

(a) इंडोनेशिया(b) भारत(c) दक्षिण कोरिया (d) थाईलैंड

उत्तर—(a)

संबंधित तथ्य

- 11-16 फरवरी, 2020 के मध्य बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप, 2020 मनीला, फिलीपींस में संपन्न हुई।
- इसका आयोजन बैडमिंटन एशिया और फिलीपींस बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा किया गया।
- प्रतियोगिता परिणाम
- पुरुष वर्ग
- स्वर्ण पदक-इंडोनेशिया
- रजत पदक-मलेशिया
- कांस्य पदक-भारत, जापान
- महिला वर्ग

- स्वर्ण पदक-जापान
- रजत पदक-कोरिया
- कांस्य पदक, थाईलैंड, मलेशिया

संबंधित लिंक भी देखें…

https://bwfbadminton.com/results/3745/badminton-asia-team-championships-2020/podium

प्रीमियर बैडमिंटन लीग, 2020

प्रश्न-9 फरवरी, 2020 को संपन्न भारत की प्रीमियर बैडमिंटन लीग (PBL), 2020 का खिताब किस टीम ने जीत लिया?

(a) अवध वारियर्स(b) हैदराबाद हंटर्स(c) मुंबई रॉकेट्स (d) बंगलूय रैप्टर्स
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी से 9 फरवरी, 2020 के मध्य भारत की प्रीमियर बैडमिंटन लीग (PBL), 2020 का आयोजन भारत के विभिन्न शहरों में किया गया।
- प्रायोजक कारणों से इसे स्टार स्पोर्ट्स PBL के नाम से भी जाना जाता है।
- टूर्नामेंट का फाइनल 9 फरवरी को जी.एम.सी. बालायोगी SATS इंडोर स्टेडियम, हैदराबाद में बंगलुरू रैप्टर्स और नार्थईस्टर्न वारियर्स के मध्य खेला गया।
- बंगलुरू रैप्टर्स ने नार्थईस्टर्न वारियर्स को 4-2 से पराजित कर लगातार दूसरी बार लीग का खिताब जीत लिया।
- टूर्नामेंट में प्रदत्त पुरस्कार
- प्लेयर ऑफ द लीग-ताइ त्जु यिंग (बंगलुरू रैप्टर्स की कप्तान, चीनी ताइपे)
- इंडियन प्लेयर ऑफ द लीग-एन. सिकी रेड्डी (हैदराबाद हंटर्स)
- इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द लीग-प्रियांशु राजावत (हैदराबाद हंटर्स)

संबंधित लिंक भी देखें…

http://www.pbl-india.com/

मुक्केबाजी

64वीं बोक्सकाई ईस्तवान मेमोरियल इंटरनेशनल मुक्केबाजी टूर्नामेंट, 2020

प्रश्न-हाल ही में 64वीं बोक्सकाई ईस्तवान मेमोरियल इंटरनेशनल मुक्केबाजी टूर्नामेंट कहां संपन्न हुआ?

(a) फ्रांस (b) बुल्गारिया (c) स्वीडन (d) हंगरी
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 2-7 फरवरी, 2020 के मध्य 64वीं बोक्सकाई ईस्तवान (Bocskai Istvan) मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट डेब्रेकेन, हंगरी में संपन्न हुआ।
- भारत ने टूर्नामेंट में 4 रजत तथा 1 कांस्य पदक सहित कुल 5 पदक प्राप्त किए।
- भारतीय पदक प्राप्तकर्ता इस प्रकार रहे-
- रजत पदक-

1. गौरव चौहान (91 किग्रा. भार वर्ग)
2. ज्योति गुलिया (51 किग्रा. भार वर्ग)
3. मनीषा (57 किग्रा. भार वर्ग)
4. ललिथा प्रसाद पोलीपाली (52 किग्रा. भार वर्ग)

- कांस्य पदक

1. सचिन (57 किग्रा. भार वर्ग)

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.nic.in/News?title=India-finish-campaign-with-five-medals-at-64th-Bocskai-Memorial-Boxing-tournament&id=381054

गोल्डेन गर्ल चैंपियनशिप, 2020

प्रश्न-31 जनवरी, 2020 से 2 फरवरी, 2020 के मध्य महिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता गोल्डेन गर्ल चैंपियनशिप, 2020 बोरास, स्वीडन में संपन्न हुई। इस चैंपियनशिप में भारत के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस चैंपियनशिप में भारत की जूनियर महिलाओं की टीम ने 5 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक जीते।
(b) युवा टीम ने एकमात्र स्वर्ण पदक जीता।
(c) जूनियर वर्ग में हरियाणा की प्राची धनखड़ ने 50 किग्रा. भार वर्ग में सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज का पुरस्कार जीता।
(d) जूनियर वर्ग में मुस्कान ने 69 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2020 से 2 फरवरी, 2020 के मध्य महिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता गोल्डेन गर्ल चैंपियनशिप, 2020 बोरास, स्वीडन में संपन्न हुई।
- इसमें भारत की जूनियर और युवा महिला मुक्केबाजों ने 6 स्वर्ण सहित कुल 14 पदक जीते।
- साथ ही ओवरऑल चैंपियंस ट्रॉफी और सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज का पुरस्कार जीता।
- जूनियर महिलाओं की टीम ने 5 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक जीते।
- युवा टीम ने 1 स्वर्ण और 4 कांस्य पदक जीता।
- जूनियर वर्ग में हरियाणा की प्राची धनखड़ ने 50 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और उन्होंने सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज का पुरस्कार भी जीता।
- जूनियर वर्ग में प्राची के अलावा एथोबी चानू वांगजम (54 किग्रा.), लशु यादव (60 किग्रा.), माही राघव (80 किग्रा.) ने भी स्वर्ण पदक जीते।
- युवा वर्ग में मुस्कान (54 किग्रा.) ने एक मात्र स्वर्ण पदक जीता।
- सान्या नेगी (57 किग्रा.), दीपिका (64 किग्रा.) मुस्कान (69 किग्रा.) और साक्षी जहदेल (75 किग्रा.) में कांस्य पदक जीते।

- जूनियर वर्ग में जान्हवी चुरी (46 किग्रा.), रुडी लालमिंगमुअनी (66 किग्रा.) और तनिष्का पाटिल (80 किग्रा.) ने रजत पदक जीते, जबकि दीपा नेगी (60 किग्रा.) ने कांस्य पदक जीता।
- इस चैंपियनशिप में कुल 75 टीमों ने भाग लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/boxing/indian-boxing-girls-wins-gold-golden-girl-championship-sweden-2020/article30726151.ece

बिलियडर्स/स्नूकर/स्क्वैश

सीनियर नेशनल बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप, 2020

प्रश्न-हाल ही में संपन्न भारतीय नेशनल बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप, 2020 में किस खिलाड़ी ने पुरुष स्नूकर खिताब जीता?

(a) ध्रुव सितवाला(b) आदित्य मेहता(c) पंकज आडवाणी (d) लक्ष्मण रावत

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 11 जनवरी से 9 फरवरी, 2020 के मध्य पुरुषों की 87वीं तथा महिलाओं की 29वीं सीनियर नेशनल बिलियड्र्स स्नूकर चैंपियनशिप, 2020 पुणे, महाराष्ट्र में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम
- पुरुष बिलियड्र्स
- विजेता-पंकज आडवाणी (PSPB)
- उपविजेता-सौरव कोठारी (PSPB)
- महिला बिलियड्र्स
- विजेता-एमी कमानी (मध्य प्रदेश)
- उपविजेता-कीरथ भंडाल (दिल्ली)
- पुरुष स्नूकर
- विजेता-आदित्य मेहता (PSPB)
- उपविजेता-पंकज आडवाणी (PSPB)
- महिला स्नूकर
- विजेता-विद्या पिल्लई (कर्नाटक)
- उपविजेता-एमी कमानी (मध्य प्रदेश)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cuesportsindia.com/myweb/tournament20/nationals.htm

टेबल टेनिस

हंगेरियन ओपन, 2020

प्रश्न-23 फरवरी, 2020 को संपन्न टेबल टेनिस प्रतियोगिता हंगेरियन ओपन, 2020 के पुरुष युगल का रजत पदक अंचता शरथ कमल ने किस जोड़ीदार के साथ जीता?



(a) हरमीत देसाई(b) सौम्यजीत घोष(c) सनिल शेट्टी (d) गणानाशेखरन साथियान

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 18-23 फरवरी, 2020 के मध्य ITTF वर्ल्ड टूर की हंगेरियन ओपन, 2020 बुडापेस्ट, हंगरी में संपन्न हुई।
- प्रमुख प्रतियोगिता परिणाम
- **पुरुष एकल**
- विजेता-तोमोकाजु हारीमोतो (जापान)
- उपविजेता-युकीया उडा (जापान)
- **महिला एकल**
- विजेता-इतो मिमा (जापान)
- उपविजेता-चेंग आई-चिंग (चीनी ताइपे)
- **पुरुष युगल**
- विजेता-बेनेडिक्ट डूडा एवं पैट्रिक फ्रैन्जिस्का (दोनों जर्मनी)
- उपविजेता-अंचत शरथ कमल एवं गणानाशेखरन साथियान (दोंनो भारत)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://results.ittf.com/ittf-web-results/html/TTE5145/results.html#/knock-outs

81वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतरराज्यीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप, 2020

प्रश्न-18वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप, 2020 के पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग के टीम स्पर्धा का खिताब किसने जीता?

(a) महाराष्ट्र एवं हरियाणा(b) रेलवे एवं बंगाल 'A'(c) पीएसपीबी एवं रेलवे (d) रेलवे एवं कर्नाटक

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी से 2 फरवरी, 2020 के मध्य 81वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतरराज्यीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप, 2020 हैदराबाद में संपन्न हुई।
- पुरुष वर्ग की टीम स्पर्धा का बेर्ना बेलॉक कप पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (PSPB) ने फाइनल में दिल्ली को 3-0 से पराजित कर 24वीं बार जीत लिया।
- महिला वर्ग की टीम स्पर्धा का जयलक्ष्मी कप रेलवे ने बंगाल 'A' को 3-0 से पराजित कर जीता।
- चैंपियनशिप के वैयक्तिक परिणाम इस प्रकार रहे-

- **पुरुष एकल (महाराजा पीतमपुरा कप)**
- विजेता-हरमीत देसाई (PSPB)
- उपविजेता-मानव ठक्कर (PSPB)
- **महिला एकल (त्रावणकोर कप)**
- विजेता-सुतीर्था मुखर्जी (हरियाणा)
- उपविजेता-कृत्विका सिन्हा रॉय (PSPB)
- **महिला युगल**
- विजेता-सुतीर्था मुखर्जी और रीति शंकर (दोनों हरियाणा)
- उपविजेता-मानुष शाह और ईशान हिंगोरानी (दोनों गुजरात)
- **महिला युगल**
- विजेता-सुतीर्था मुखर्जी और रीति शंकर (दोनों हरियाणा)
- उपविजेता-सुरभि पटवारी और बैश्या पोयमंटी (BAISYA Poymantee) (दोनों बंगाल 'A')
- **मिश्रित युगल**
- विजेता-रोनित भानजा और मौसुमी पॉल (दोनों बंगाल 'A')
- उपविजेता-सौरव साहा और सुतीर्था मुखर्जी (दोनों हरियाणा)
- हरमीत देसाई ने पहली बार पुरुष एकल का खिताब जीता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ttfi.org/events/show1/284

खेल विविध

चेन्नई एनटीटी एएसटीसी ट्रायथलन एशिया कप, 2020

प्रश्न-23 फरवरी, 2020 को चेन्नई में संपन्न एनटीटी एएसटीसी ट्रायथलन एशिया कप, 2020 के पुरुष वर्ग का खिताब किसने जीत लिया?

(a) आंस्कर कोर्गिंस(b) डैन मैर्किंटोस (c) ओगजेन स्टोजानोविच (d) रिचर्ड वर्गा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2020 को चेन्नई एनटीटी एएसटीसी ट्रायथलन एशिया कप, 2020 को चेन्नई में संपन्न हुई।
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- पुरुष वर्ग विजेता-ऑग्नजेन स्टोजानोविच (सार्बिया), समय-1 घंटे, 48 मिनट, 45 सेकंड
- महिला वर्ग विजेता-बारबरा रिवेरोस (चिली), समय-2 घंटे, 1 मिनट, 07 सेकंड
- भारतीय पुरुष विजेता-आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल (1 घंटे, 58 मिनट, 00 सेकंड)
- भारतीय महिला विजेता-सरोजनी देवी थोडम (2 घंटे, 21 मिनट, 20 सेकंड)
- ट्रायथलन स्पर्धा में 1.5 किमी. तैराकी, 40 किमी. साइक्लिंग और 10 किमी. दौड़ शामिल होती है।
- परंतु इस वर्ष ऊंची लहरों और तेज बहाव के कारण स्पर्धा के दौरान तैराकी चरण नहीं हो पाया।

- इसके स्थान पर 5 किमी. दौड़ का आयोजन किया गया।
- भारतीय ट्रायथलन फेडरेशन (ITF) के तहत तमिलनाडु ट्रायथलन एसोसिएशन द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.triathlon.org/results/result/2020_chennai_astc_triathlon_asian_cup

भारत का पहला ग्रीन-रेटेड क्रिकेट स्टेडियम

प्रश्न-फरवरी, 2020 में भारत के किस क्रिकेट स्टेडियम को 'गोल्ड ग्रीन बिल्डिंग रेटिंग' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया?

(a) ग्रीन पार्क(b) इडेन गार्डेन(c) वानखेड़े(d) मोटेरा

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में अहमदाबाद में विश्व के सबसे बड़े स्टेडियम मोटेरा (सरदार पटेल क्रिकेट स्टेडियम) के साथ एक और उपलब्धि जुड़ गई।
- इंडियन ग्रीन बिल्डिंग परिषद (IGBC) की ओर से मोटेरा स्टेडियम को 'गोल्ड ग्रीन बिल्डिंग रेंटिंग' अवॉर्ड प्रदान किया गया।
- इसके साथ ही भारत का पहला ग्रीन क्रिकेट स्टेडियम बन गया।
- मोटेरा में उपलब्ध कुछ सुविधाएं-
- विश्व के सबसे बड़े स्टेडियम में 1.10 लाख लोग बैठ सकते हैं।
- 4 ड्रेसिंग रूम, एक ओलंपिक सुविधाओं वाला स्वीमिंग पूल।
- बारिश होने के बाद मैदान आधे घंटे में दोबारा तैयार हो सकेगा।
- ऊर्जा की खपत कम करने हेतु 100 प्रतिशत एलईडी की व्यवस्था।
- प्रतिवर्ष 12 लाख लीटर पानी बचा पाने की सुविधा।
- प्रतिदिन 32 लाख मीटर वर्षा जल संचयन की क्षमता प्रतिदिन।
- जैव विविधता बढ़ाने के लिए 11 एकड़ वनस्पति की व्यवस्था।
- भारत का पहला ग्रीन रेटेड स्टेडियम दिल्ली का त्यागराज स्टेडियम है, जिसे अगस्त, 2013 में यह अवॉर्ड दिया गया था।
- उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी, 2020 को मोटेरा स्टेडियम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.republicworld.com/sports-news/cricket-news/motera-stadium-becomes-indias-first-green-rated-cricket-stadium.html

ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को 6 करोड़ रुपये देने की घोषणा

प्रश्न-16 फरवरी, 2020 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने घोषणा की कि राज्य सरकार ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को 6 करोड़ रुपये की राशि प्रदान करेगी। इसके अलावा राज्य सरकार राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले खिलाड़ियों को कितनी राशि प्रदान करेगी?

(a) 5 करोड़ रुपये(b) 4 करोड़ रुपये(c) 3 करोड़ रुपये (d) 1.5 करोड़ रुपये

उत्तर—(d)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2020 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित 46वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में घोषणा की कि हरियाणा सरकार ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को 6 करोड़ रुपये, एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 3 करोड़ रुपये और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 1.5 करोड़ रुपये प्रदान करेगी।
- ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले राज्य के प्रत्येक खिलाड़ी को 15 लाख रुपये राज्य सरकार प्रदान करेगी।
- इसका उद्देश्य राज्य में खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं को इस क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित करना है।
- राज्य सरकार नकद प्रोत्साहन के अलावा खिलाड़ियों को रोजगार भी देगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://prharyana.gov.in/en/haryana-chief-minister-mr-manohar-lal-said-that-in-order-to-promote-sports-in-the-state-and-to

आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कोलकाता फुल मैराथन, 2020

प्रश्न-2 फरवरी, 2020 को संपन्न आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कोलकाता फुल मैराथन के महिला वर्ग का खिताब किसने लगातार तीसरी बार जीत लिया?

(a) अंजली साराओगी(b) सुनमुल रहमान(c) सनोरा लिंगखोई (d) रश्मि सोमानी

उत्तर—(a)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2020 को आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कोलकाता फुल मैराथन (चौथा संस्करण) कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आयोजित हुई।
- इस मैराथन में आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड एंबेसेडर भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया।
- इस संस्करण में 12,000 से अधिक भारतीय धावकों ने भाग लिया।
- प्रतियोगिता परिणाम-फुल मैराथन (42.195 किमी.)
- **पुरुष वर्ग–**
- **विजेता**– अवध नरायन यादव, 2 : 30 : 30 सेकंड
- **दूसरा स्थान**– ट्लानर्डिंग वाहलैंग, 2 : 30 : 51 सेकंड

- **तीसरा स्थान**– बात्सरांग ए संगमा, 2 : 31 : 43 सेकंड
- **महिला वर्ग**–
- **विजेता**– अंजली साराओगी, 3 : 24 : 02 सेकंड
- **दूसरा स्थान**– सुनमुल रहमान, 3 : 44 : 12 सेकंड
- **तीसरा स्थान**– सनोरा लिंगखोई, 3 : 46 : 48 सेकंड
- अंजली साराओगी ने लगातार तीसरी बार फुल मैराथन का खिताब जीता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.kolkatafullmarathon.com/2020.html

पोल वॉल्ट में नया विश्व रिकॉर्ड

प्रश्न-फरवरी, 2020 में किस खिलाड़ी ने पोल वॉल्ट में नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया?
(a) आर्मंड डुप्लांटिस(b) ग्रेग इयान(c) फैक मर्फी (d) हैरी बाबकॉक

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- स्वीडन के 20 वर्षीय यूरोपियन चैंपियन आर्मंड डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट में छह वर्ष पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।
- पोलैंड के तोरून (Torun) में इंडोर मीट में अपने दूसरे प्रयास में 6.17 मीटर की छलांग लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया।
- आर्मंड में फ्रांस के ओलंपिक चैंपियन रेनॉड लैविलीने का फरवरी, 2014 में बनाया गया 6.16 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ा।
- महिलाओं में यह रिकॉर्ड रूस की येलेना इसिन्बाएवा (5.06 मीटर) के नाम है।
- फरवरी, 2003 से यह विश्व रिकॉर्ड येलेना के नाम है, जब उन्होंने पहली बार 4.82 मीटर की छलांग लगाकर पहली बार विश्व रिकॉर्ड बनाया था।
- इसके बाद उन्होंने लगातार इससे सुधार किया और अगस्त, 2009 में अंतिम बार 5.06 मीटर की छलांग लगाई।
- तब से कोई भी महिला पोल वॉल्टर इस रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://edition.cnn.com/2020/02/15/sport/armand-duplantis-pole-vault-world-record-spt-intl/index.html

7 शहरों में हाई परफारमेंस केंद्र बनाने की घोषणा

प्रश्न-फरवरी, 2020 में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और हॉकी इंडिया ने जूनियर और सब जूनियर खिलाड़ियों के लिए देश के 7 शहरों में हाई परफारमेंस केंद्र बनाने की घोषणा की। विकल्प में इन 7 शहरों में कौन-सा शहर शामिल नहीं है?
(a) भोपाल(b) रांची(c) लखनऊ (d) बंगलुरू

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 6 फरवरी, 2020 को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और हॉकी इंडिया ने जूनियर और सब जूनियर खिलाड़ियों के लिए देश के 7 शहरों में हाई परफारमेंस केंद्र बनाने की घोषणा की।
- यह निर्णय ओलंपिक 2024 और 2028 हेतु प्रतिभाओं को तैयार करने के उद्देश्य से लिया गया है।
- ये अकादमी खेलो इंडिया योजना के तहत स्थापित की जाएंगी।
- प्रारंभ में हाई परफारमेंस केंद्र इन सात स्थलों साईं केंद्र, बंगलुरू, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, नई दिल्ली, साई, सुंदरगढ (ओडिशा), नई यूडीएमसीसी, भोपाल, साई एनएस एनईसी, इंफाल, बालेवाड़ी खेल परिसर, पुणे और साई केंद्र, रांची में खोले जाएंगे।
- दिल्ली के ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम सुंदरगढ़, भोपाल और बंगलुरू में साई केंद्र आगामी तीन महीने में शुरू हो जाएंगे, अन्य 3 केंद्र अगले एक वर्ष में शुरू होंगे।
- हॉकी इंडिया और उसके हाई परफारमेंस निदेशक इस पर नजर रखेंगे और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/hockey/sai-hockey-india-launch-high-performance-centres/article30749058.ece

रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज टी **20** टूर्नामेंट का मुख्य प्रायोजक

प्रश्न-रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज टी 20 टूर्नामेंट का आयोजन 2020 में भारत में किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?
(a) इस टूर्नामेंट का मुख्य प्रायोजक डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी को नियुक्त किया गया है।
(b) टूर्नामेंट और अनएकेडमी के मध्य हुए करार के बाद यह टूर्नामेंट 'अनएकेडमी रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज' के नाम से आयोजित होगा।

(c) इस टी-20 टूर्नामेंट का उद्देश्य देश में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करना है।
(d) भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव इस सीरीज के आयुक्त (Commissioner) हैं।
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2020 में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी (Unacademy) को रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज टी 20 टूर्नामेंट (Road Sofety World Series Tournament) का मुख्य प्रायोजक नियुक्त किया गया है।
- टूर्नामेंट और अनएकेडमी के मध्य हुए करार के बाद यह टूर्नामेंट 'अनएकेडमी रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज' के नाम से आयोजित होगा।
- इस टी 20 टूर्नामेंट का उद्देश्य देश में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करना है।
- इस टूर्नामेंट में 5 देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के कुछ दिग्गज खिलाड़ी खेलेंगे।

- इन खिलाड़ियों में सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह, ब्रायन लारा, शिवनारायण चंद्रपॉल, ब्रेट ली, ब्रैड हॉज, जोंटी रोड्स, हाशिम अमला, मुथैया मुरलीधरन, तिलकरत्ने दिलशान, अजंता मेंडिस इत्यादि खिलाड़ी शामिल हैं।
- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर इस सीरीज के आयुक्त (Commissioner) हैं।
- इन मैचों का सीधा प्रसारण कलर्स सिनेप्लेक्स पर किया जाएगा, जबकि वूट (Voot) और जियो (Jio) डिजिटल साझेदार हैं।
- उल्लेखनीय है कि देश में प्रतिवर्ष वाहन दुर्घटनाओं के कारण देश (भारत) की सड़कों पर 1.5-2 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है।
- देश में प्रत्येक 4 मिनट में एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है और प्रतिदिन 1214 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/news/sports/sports-cricket-t20-unacademy/1872503.html

सिक्स डे बर्लिन, 2020

प्रश्न-28 जनवरी, 2020 को संपन्न साइक्लिंग स्पर्धा 'सिक्स डे बर्लिन', 2020 में किस भारतीय साइक्लिस्ट ने केइरिन व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता?

(a) एसो अल्बेन(b) देबोराह हेरॉल्ड(c) विक्रम सिंह (d) अरविंद पनवार

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 23-28 जनवरी, 2020 के मध्य साइक्लिंग स्पर्धा सिक्स डे बर्लिन (SIX DAY BERLIN), 2020 बर्लिन, जर्मनी में संपन्न हुई।
- इस प्रतियोगिता में भारतीय साइक्लिस्ट एसो अल्बेन (ESOW Alben) ने पुरुषों की केइरिन (Keirin) व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- एसो अल्बेन इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पहले भारतीय हैं।
- इस स्पर्धा में चेक गणराज्य के टॉमस बाबेक ने रजत पदक और जर्मनी के मैक्सिमिलियन लेव ने कांस्य पदक जीता।
- स्पोर्ट स्टार एसेस अवॉर्ड, 2020 में एसो अल्बेन को आर. प्रागनंदा के साथ संयुक्त रूप से इस वर्ष के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी (Boys) का पुरस्कार प्रदान किया गया था।
- स्प्रिंट व्यक्तिगत स्पर्धा में जर्मनी के साइक्लिस्ट मैक्सिमिलियन लेवी ने स्पर्ण पदक जीता।
- उल्लेखनीय है कि सिक्स डे बर्लिन टूर्नामेंट 6 दिन तक चलने वाली ट्रैक साइक्लिंग रेस है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sixday.com/result/berlin/

https://www.theweek.in/wire-updates/sports/2020/01/28/spf27-spo-cycling-ind%20(corrected).html

चर्चित स्थल

केवडिया

प्रश्न-कोयला क्षेत्र को आगे ले जाने के उपायों के बारे में चिंतन शिविर का आयोजन गुजरात के केवडिया में किया गया।इसमें किस वर्ष से थर्मल कोल का आयात रोकने की घोषणा की गई?

(a) 2023-24(b) 2024-25(c) 2026-27 (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 17 से 18 फरवरी, 2020 के दौरान गुजरात के केवडिया में कोयला क्षेत्र को आगे ले जाने के उपायों के बारे में चिंतन शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय कोयला तथा खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने की।
- इस शिविर में भारत द्वारा वर्ष 2023-24 से थर्मल कोल का आयात रोकने की घोषणा की गई।
- ध्यातव्य है कि वित्त वर्ष 2023-24 तक कोल इंडिया (CIL) ने एक बिलियन टन उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- CIL, कैप्टिव और वाणिज्यिक खनिकों को 2030 तक अधिक कोयला निकालने में सक्षम बनाने के लिए कोयला मंत्रालय, भारतीय रेल तथा जहाजरानी मंत्रालय के साथ तालमेल करेगा।
- कोयला मंत्रालय के अनुसार, CIL वित्त वर्ष 2023-24 तक 5 गीगॉवाट सौर विद्युत का उत्पादन कर सकती है और वर्ष 2030 तक 50 मिलियन टन कोयले का गैसीकरण करके अपना विस्तार कर सकती है।
- जिससे देश सतत ऊर्जा मिश्रण में सक्षम होगा।
- शिविर में कोयला मंत्री ने कोयला कंपनियों के लिए वित्त वर्ष 2023-24 तक शून्य मृत्यु दर का लक्ष्य निर्धारित किया। जो खनन क्षेत्र में पुख्ता सुरक्षा इंतजामों के जरिए संभव होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/energy/power/india-to-stop-thermal-coal-imports-from-fy24-prahlad-joshi/articleshow/74189630.cms?from=mdr

छत्तीसगढ़ राज्य के **28**वें जिले का गठन

प्रश्न-छत्तीसगढ़ राज्य का गठन निम्न में से किस वर्ष हुआ था?

(a) वर्ष 1997(b) वर्ष 1998(c) वर्ष 1999(d) वर्ष 2000

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2020 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 28 वें जिले के रूप में गौरेला-पेंड्रामरवाही का उद्घाटन किया।
- नवगठित जिले में तीन तहसील और तीन विकास खंड-गौरेला-पेंड्रा और मरवाही सम्मिलित हैं।

- इस नवगठित जिले में 166 ग्राम पंचायतें, 222 गांव और दो नगर पंचायतें शामिल हैं। इस जिले का क्षेत्रफल 1,68,225 हेक्टेयर है।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा 15 अगस्त 2019 को रायपुर पुलिस परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस के भाषण के दौरान गोरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के गठन की घोषणा की गयी थी।
- वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य, मध्य प्रदेश से अलग होने के पश्चात अस्तित्व में आया था। इसकी राजधानी रायपुर है।
- यह भारत का नौंवा सबसे बड़ा राज्य है। इसका क्षेत्रफल 1,35,192 वर्ग किमी. है।
- वर्ष 2000 में गठन के समय इस राज्य में कुल 16 जिले शामिल थे। वर्ष 2007 में दो नए जिलों का गठन तथा वर्ष 2012 में 9 नए जिलों का गठन किया गया।
- ध्यातव्य है कि छत्तीसगढ़ राज्य भारत में सबसे तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में से एक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/nation/2019/dec/31/gaurela-pendra-marwahi-to-become-chhattisgarhs-28th-district-on-february-10-2083268.html

कावेरी डेल्टा क्षेत्रः संरक्षित कृषि क्षेत्र की घोषणा

प्रश्न-कावेरी डेल्टा क्षेत्र निम्न में से किस राज्य में अवस्थित है?
(a) केरल(b) ओड़िशा(c) कर्नाटक (d) तमिलनाडु
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2020 को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने कावेटी डेल्टा को संरक्षित कृषि क्षेत्र घोषित किया।
- तमिलनाडु का कावेरी डेल्टा क्षेत्र एक उपजाऊ क्षेत्र है, जिस पर राज्य की खाद्य सुरक्षा आधारित है।
- विगत वर्ष केंद्र ने कावेरी बेसिन में तेल और गैस की खोज हेतु ठेके दिए थे जिसका राज्य में काफी विरोध किया गया था।
- मुख्यमंत्री के वक्तव्य के अनुसार इस क्षेत्र में हाइड्रोकार्बन (तेल/गैस) अन्वेषण परियोजनाओं को अनुमति नहीं दी जाएगी।
- कावेटी डेल्टा क्षेत्र को 'संरक्षित कृषि क्षेत्र' के रूप में घोषित करने हेतु तमिलनाडु सरकार द्वारा एक विशेष कानून को बनाने का निर्णय लिया गया है।
- कावेरी डेल्टा क्षेत्र राज्य में चावल का कटोरा के नाम से भी जाना जाता है।
- कावेरी डेल्टा क्षेत्र के अंर्तगत कुल सात जिले सम्मिलित हैं, जो इस प्रकार हैं-तंजावुर, तिरूवरूर, नागापट्टिनम, पुदुकोट्टई, अरियालुर, चित्री और करुर।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.deccanherald.com/national/south/cauvery-delta-is-now-protected-agricultural-zone-tamil-nadu-cm-palaniswami-803105.html

सलेम (तमिलनाडु) में एससीएफ क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन

प्रश्न-हाल ही में तमिलनाडु के सलेम में सलेम क्रिकेट फाउंडेशन (एससीएफ) द्वारा निर्मित क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन निम्न में से किसके द्वारा किया गया?

(a) सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर(b) रूपा गुरुनाथ-टी.एन.क्रिकेट एसोसिएशन के प्रमुख
(c) श्रीनिवासन-बी.सी.सी.आई.के पूर्व प्रमुख (d) एडाप्पडी के.पलानीस्वामी-मुख्यमंत्री, तमिलनाडु

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2020 को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एडाप्पडी के. पलानीस्वामी द्वारा वालापडी में सलेम क्रिकेट फाउंडेशन द्वारा निर्मित क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया गया।इस क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण में 8 करोड़ रुपये व्यय हुए।इस क्रिकेट स्टेडियम के उद्घाटन के समय क्रिकेटर राहुल द्रविड़, टी.एन. क्रिकेट एसोसिएशन के प्रमुख रूपा गुरुनाथ और बी.सी.सी.आई. के पूर्व प्रमुख श्रीनिवासन भी मौजूद थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/cricket/rahul-dravid-inauguration-cricket-ground-in-salem-edappadi-palaniswami-n-srinivasan/article30776233.ece

हरियाणा में साइंस सिटी की स्थापना

प्रश्न-हरियाणा में साइंस सिटी की स्थापना कहां की जाएगी?

(a) फरीदाबाद(b) रोहतक(c) गुरुग्राम (d) भिवानी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 30 जनवरी, 2020 को हरियाणा के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मुख्य सचिव अमित झा ने जानकारी प्रदान की कि गुरुग्राम, हरियाणा में साइंस सिटी स्थापित की जाएगी।यह साइंस सिटी 25-30 एकड़ भूमि पर विकसित होगी।इसकी स्थापना केंद्र सरकार के सहयोग से की जाएगी।
- इसका उद्देश्य-हरियाणा में बच्चों को विज्ञान विषय के प्रति जागरूक करना और आम जनमानस को विज्ञान के विषय में जानकारी प्रदान करना है।इस साइंस सिटी में विभिन्न साइंटिफिक थीम्स यथा फिजिक्स, केमिस्ट्री आदि अवधारणा पर थीमेटिक गैलरिया बनाई जाएगी।
- इसमें इसरो की स्पेस गैलरी भी बनाई जाएगी जिसमें यह जानकारी प्रदान की जाएगी कि उपग्रह को स्पेस में कैसे लांच किया जाता है।इसमें इसरो द्वारा सिमुलेटर भी स्थापित किया जाएगा।
- साइंस सिटी में इनोवेशन हब भी विकसित किया जाएगा। जिसमें विद्यार्थी अपने नए आइडियाज पर काम कर सकेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://prharyana.gov.in/en/with-the-aim-of-making-children-aware-of-science-education-and-informing-the-public-about-the-0

ओडिशा का पहला आभासी पुलिस स्टेशन

प्रश्न-28 जनवरी, 2020 को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहां स्थापित राज्य के पहले आभासी पुलिस स्टेशन का शुभारंभ किया?

(a) अंगुल (b) कटक(c) भुवनेश्वर (d) गजपति

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2020 को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर में राज्य के पहले आभासी पुलिस स्टेशन (Virtual Police Station) का शुभारंभ किया।
- यह स्टेशन अज्ञात मोटर वाहन चोरी के मामलों में एफआईआर (FIR) के ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा प्रदान करेगा।
- आभासी पुलिस स्टेशन (एक ऑनलाइन तंत्र) भुवनेश्वर स्थित राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो में स्थापित किया गया है।
- ये 5T पहले के तहत पहली परिवर्तन योजना है, जिसे पुलिस विभाग द्वारा लागू किया जा रहा है।
- नागरिक, नागरिक पोर्टल और सहायता मोबाइल ऐप के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
- आभासी पुलिस स्टेशन के साथ ही मुख्यमंत्री ने अन्य दो परियोजनाओं रोड एक्सीडेंट केस डॉक्यूमेंट्स मॉड्यूल और मेडिको लीगल ओपिनियन सिस्टम का भी शुभारंभ किया।
- रोड एक्सीडेंट केस डॉक्यूमेंट्स मॉड्यूल एक वेब-आधारित ऐप्लिकेशन है।
- यह एफआईआर, स्पॉट मैप, एमबीआई रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाण-पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों को डाउनलोड करने में बीमा कंपनियों या पीड़ितों की मदद करेगा।
- मेडिको लीगल ओपिनियन सिस्टम पुलिस और चिकित्सा पेशेवर दोनों के लिए मददगार है, जहां पुलिस पीड़ितों को मेडिकल जांच हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=379489

'लाल डोरा' से मुक्त देश का पहला गांव

प्रश्न-26 जनवरी, 2020 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किस गांव को लाल डोरा से मुक्त घोषित किया?

(a) अगोंड(b) अलीपुर वीरन(c) सिरसी (d) सिंधोरा

उत्तर—(c)

संबंधित तथ्य

- 26 जनवरी, 2020 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने करनाल जिले में स्थित गांव सिरसी को 'लाल डोरा' से मुक्त घोषित करके ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का टाईटल वितरित किया।
- सिरसी लाल डोरा से मुक्त किया गया देश का पहला गांव है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस गांव के सामुदायिक विकास के लिए 1 करोड़ से अधिक राशि प्रदान करने की भी घोषणा की।

- इस योजना के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले से 5-5 गांवों का सर्वे कराकर उन्हें लाल डोरा से मुक्त किया जाएगा।
- टाईटल-डीड प्राप्त होने के बाद ग्रामीण अपनी प्रापर्टी की खरीद-फरोख्त कर सकते हैं और उस पर ऋण लेकर अपने परिवार व बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बना सकेंगे।
- राज्य सरकार अगले 2-3 महीनों में सिरसी की तरह प्रदेश की 110 ग्राम पंचायतों का डिजिटाईलिजेशन करेगी।
- 26 जनवरी के अवसर पर ही मुख्यमंत्री द्वारा "मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना" की शुरुआत की गई।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर इस गांव में लाल डोरा में काम करने वाले अधिकारियों की टीम को सम्मानित किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.prharyana.gov.in/en/on-the-occasion-of-71st-republic-day-today-haryana-chief-minister-mr-manohar-lal-created-history-0

कदियाम

प्रश्न-किसे साउथ सेंट्रल रेलवे (SCR) जोन का पहला सोलर पॉवर्ड (सौर संचालित) रेलवे स्टेशन होने का गौरव हासिल हुआ है?

(a) कदियाम(b) मंडा वल्ली(c) कोटिपल्ली(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर—(a)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2020 में साउथ सेंट्रल रेलवे जोन (SCR) में स्थित कदियाम रेलवे स्टेशन SCR का पहला सोलर पॉवर्ड (सौर संचालित) रेलवे स्टेशन बना।
- कदियाम, आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में स्थित है। यह NSG-6 श्रेणी का स्टेशन है।
- स्टेशन का पूरा विद्युत भार दिन के दौरान 10kWp सौर ऊर्जा संयंत्र पर काम करता है।
- साथ ही संयंत्र से उत्पन्न अतिरेक बिजली डिस्कॉम (विद्युत वितरण कंपनियों) को नेट-मीटरिंग के माध्यम से प्रेषित कर दी जाती है।
- जो रात में डिस्कॉम से आहरित कर ली जाती हैं।
- अत: यहां ऊर्जा जरूरतों हेतु रेलवे को कोई खर्च (नगद) नहीं करना पड़ता है।
- यह संयंत्र 14.7 टन कार्बन फुटप्रिंट प्रति वर्ष के रिडक्शन में भी योगदान देता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/cities/vijayawada/2020/jan/18/kadiyam-first-energy-neutral-station-in-south-central-railway-2091180.html

देश का पहला पशु युद्ध स्मारक

प्रश्न-देश में पहला पशु युद्ध स्मारक (War Memorial of Animal) कहा बनाया जाएगा।

(a) नई दिल्ली(b) जम्मू(c) मेरठ (d) गुरुदासपुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- उत्तर प्रदेश के मेरठ स्थित रेमाउंट एंड वेटरनेरी कोर (RVC) सेंटर में 'पशु युद्ध स्मारक' (War Memorial of Animal) बनाया जाएगा।
- यह देश में निर्मित पहला पशु युद्ध स्मारक होगा।
- यह स्मारक उन पशुओं के योगदान को समर्पित होगा, जिन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान और कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों में सेना की मदद की थी।
- इस स्मारक में 350 से अधिक हैंडलर, 300 कुत्तों, घोड़ों और खच्चरों का नाम एवं उनकी संख्या अंकित किये जायेंगे।
- यह नंबर याद रखने का टोकन होगा और आरवीसी सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक होगा।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में मानसी नामक लैब्राडोर प्रजाति के कुत्ते को कश्मीर में आतंकवाद रोधी अभियानों में उसकी भूमिका के लिए सेना के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://delhiexpress.in/animals-war-memorial-meerut/

उत्तर प्रदेश का पहला गौअभयारण्य

प्रश्न-29 जनवरी, 2020 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के पहले गौ-अभयारण्य की आधारशिला रखी। यह गौ-अभयारण्य किस जिले में बनाया जाएगा।
(a) मथुरा(b) वाराणसी(c) गोरखपुर (d) मिर्जापुर
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 29 जनवरी, 2020 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिर्जापुर में प्रदेश के पहले गौ-अभयारण्य की आधारशिला रखी।
- यह गौ-अभयारण्य हलिया ब्लॉक में स्थित ग्राम पंचायत गजरिया में बनाया जाएगा।
- इस अभयारण्य में गोवंश के नस्लों का संरक्षण और संवर्धन किया जाएगा।
- यह अभयारण्य 27 बीघे भूमि पर बनाया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsbasket.in/cm-lays-foundation-of-gau-abhyaranya-in-mirzapur/

विश्व का सबसे बड़ा ध्यान केंद्र

प्रश्न-28 जनवरी, 2020 को विश्व के सबसे बड़े ध्यान केंद्र का उद्घाटन कहां किया गया?
(a) कोलकाता(b) चेन्नई(c) हैदराबाद (d) नई दिल्ली
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2020 को तेलंगाना के हैदराबाद में स्थित कान्हा शांति वनम में विश्व के सबसे बड़े ध्यान केंद्र (World's largest Meditation Centre) का उद्घाटन किया गया।

- इसका उद्घाटन हार्टफुलनेस इंस्टीटयूट, हैदराबाद की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुआ।
- यह केंद्र हार्दिकता (Heartfulness) के पहले मार्गदर्शक लालाजी को समर्पित है।
- ध्यान केंद्र 30 एकड़ में विस्तारित है, जिसमें एक केंद्रीय हाल और 8 पेरिफेरल (परिधीय या गौण) हाता है।
- इस ध्यान केंद्र में एक साथ 1 लाख लोग बैठ सकते हैं।
- हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट की 75वीं वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए 28 जनवरी से 9 फरवरी, 2020 तक तीन ध्यान सत्र आयोजित किए जाएंगे।
- जिसमें सामूहिक ध्यान गतिविधि में लगभग 1 लाख चिकित्सक भाग लेंगे।
- इसमें समाजसेवी अन्ना हजारे और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तथा योग गुरु रामदेव भाग लेंगे तथा चिकित्सकों को संबोधित करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://lbb.in/hyderabad/worlds-largest-meditation-centre/

झरिया

प्रश्न-ग्रीन पीस इंडिया के अनुसार, देश का सबसे प्रदूषित शहर कौन है?
(a) झरिया(b) कोलकाता(c) चेन्नई (d) आगरा

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 21 जनवरी, 2020 को 'ग्रीनपीस इंडिया' द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, झरिया देश का सबसे प्रदूषित शहर है।
- दिल्ली में इस संदर्भ में मामूली सुधार हुआ है तथा यह दसवां सबसे प्रदूषित शहर है।
- जबकि वर्ष 2019 में यह आठवें स्थान पर था।
- 'ग्रीन पीस इंडिया' वैश्विक एन्वॉयरमेंटल ग्रुप 'ग्रीनपीस' की भारतीय शाखा है।
- **पैमाना-विधि**
- प्रदूषित शहरों का आकलन करने के लिए देश भर के 287 शहरों से PM10 डेटा का विश्लेषण किया गया है।
- **अन्य शहर**
- रिपोर्ट के अनुसार, मिजोरम का लुंगलेई सबसे कम प्रदूषित शहर है।
- सबसे कम प्रदूषित शहरों में लुंगलेई के बाद मेघालय का डौकी शहर आता है।
- शीर्ष दस प्रदूषित शहरों में छह उत्तर प्रदेश के हैं, जो इस प्रकार हैं-नोएडा, गाजियाबाद, बरेली, इलाहाबाद, मुरादाबाद और फिरोजाबाद।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/jharkhands-jharia-most-polluted-city-in-india-report/articleshow/73482528.cms?from=mdr

पुरस्कार/सम्मान

दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड, 2020

प्रश्न-20 फरवरी, 2020 को दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड समारोह का आयोजन मुंबई में किया गया। इसमें किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार प्रदान किया गया?
(a) ऋतिक रोशन(b) अक्षय कुमार(c) सलमान खान(d) शाहरुख खान
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी, 2020 को दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड, 2020 समारोह का आयोजन मुंबई में किया गया।
- इसमें प्रदान किए प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं-
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म-'सुपर 30'
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-ऋतिक रोशन (फिल्म-सुपर 30)
- मोस्ट प्रामिजिंग एक्टर-किच्छा सुदीप
- टेलीविजन सिरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-धीरज धूपर
- टेलीविजन में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-दिव्यांका त्रिपाठी अभिनेत्री
- सर्वाधिक लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेता-हर्षद चोपड़ा
- सर्वश्रेष्ठ रियल्टी शो-बिग बास 13
- सर्वश्रेष्ठ टेलीविजन सीरीज-कुमकुम भाग्य
- सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक-अरमान मलिक

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bhaskar.com/bollywood/news/news/hrithik-roshan-won-best-actor-at-dadasaheb-phalke-international-film-festival-awards-2020-126808745.html

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स, 2020

प्रश्न-17 फरवरी, 2020 को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स, 2020 का वितरण किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?
(a) इस अवॉर्ड का वितरण मोनाको में किया गया(b) स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर-लियोनेल मेसी, लुईस हैमिल्टन
(c) स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ द ईयर-सिमोन बाइल्स (d) लॉरियस स्पोर्टिंग मोमेंट ऑफ द ईयर-सचिन तेंदुलकर

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2020 को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स स्पोर्ट्स (Laureus World Sports Awards), 2020 का वितरण बर्लिन, जर्मनी में किया गया।
- पुरस्कार प्राप्तकर्ता इस प्रकार रहे-
- स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर-लियोनेल मेसी (फुटबॉलर), अर्जेंटीना और लुईस हैमिल्टन (मोटर रेसिंग), ब्रिटेन
- स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ द ईयर-सिमोन बाइल्स (जिम्नास्ट), अमेरिका
- कमबैक ऑफ द ईयर-सोफिया फ्लॉर्श (मोटर रेसिंग), जर्मनी
- ब्रेक थ्रू ऑफ द ईयर-इगन बर्नाल (साइक्लिस्ट), कोलंबिया
- स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ द ईयर विथ ए डिसेबिलिटी-ओक्साना मास्टर्स स्कीइंग अमेरिका
- एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर-च्लोए किम (स्नोबोर्डिंग), अमेरिका
- टीम ऑफ द ईयर-दक्षिण अफ्रीकी पुरुष रग्बी टीम
- लॉरियस स्पोर्टिंग मोमेंट ऑफ द ईयर-सचिन तेंदुलकर (भारत), क्रिकेट
- अकादमी इक्सेप्शनल अचीवमेंट अवॉर्ड-स्पेनिश बॉस्केटबॉल फेडेरेशन
- स्पोर्ट फॉर गुड अवॉर्ड-साउथ ब्रोंक्स यूनाइटेड (फुटबॉल), अमेरिका
- लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड- डिर्क नोवित्जकी (बास्केटबॉल), जर्मनी
- वर्ष 2011 में विश्वकप जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने सचिन तेंदुलकर को कंधों पर उठाकर स्टेडियम के चक्कर लगवाए थे।
- वोटिंग में इस तस्वीर को लॉरियस स्पोर्टिंग मोमेंट्स 2000-2020 चुना गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.laureus.com/world-sports-awards/2020

डैन डेविड प्राइज, 2020

प्रश्न-फरवरी, 2020 में किस भारतीय को 'डैन डेविड प्राइज, 2020' प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?
(a) कैलाश सत्यार्थी(b) जुबिन मेहता(c) प्रो. गीता सेन (d) प्रो. संजय सुब्रह्मण्यम

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में इस्राइल स्थित संस्थान डैन डैविड फाउंडेशन द्वारा 'डैन डैविड प्राइज' (Dan David Prize), 2020 की घोषणा की गई।
- यह पुरस्कार उन नवाचारी एवं अंतः विषयी अनुसंधानों को पुरस्कृत करता है जो पारंपरिक सीमाओं एवं मानदंडों को तोड़ते हैं।
- यह प्रतिवर्ष समय आयामों-भूत, वर्तमान और भविष्य (Past, Present and Future) के अंतर्गत प्रदान किए जाते हैं।
- भूतकाल में उन क्षेत्रों को संदर्भित किया जाता है, जो पूर्व समय के ज्ञान का विस्तार करते हैं।
- वर्तमान में उन उपलब्धियों को मान्यता दी जाती है, जो आज के समाज को आकार देने के साथ ही समाज को समृद्ध बनाते हैं।
- भविष्य के अंतर्गत उन सफलताओं को शामिल किया जाता है, जो विश्व के लिए बेहतर भविष्य का आश्वासन देते हैं।

- वर्ष 2020 के लिए विभिन्न वर्गों के पुरस्कार इस प्रकार हैं-
- भूतकालीन आयाम-सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं समीक्षा (Cultural Preservation and Revival)

I. लोनी जी. बंच III (Lonnie G. Bunch III)

II. प्रो. बारबरा किरशेंब्लेट जिम्बलेट (Prof. Barbara Kirshenblatt-Gimbilett)।

- वर्तमान कालीन आयाम-लैंगिक समानता

(Gender Eqvality)

(i) प्रो. गीता सेन (भारत)

(ii) प्रो. डिबोरा डिनिज (Prof. Debora Diniz)।

- भविष्य कालीन आयाम-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (Artificial Intelligence)

(i) डेमिस हसाबिस (Demis Hassabis)

(ii) प्रो. अमनोन शाशुआ (Prof.Amnon Shashua)।

- उल्लेखनीय है कि इस वर्ष प्रो. गीता सेन को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- उन्होंने लैंगिक समानता में अपने काम के लिए वर्तमान कालीन आयाम श्रेणी में प्रो. डिबोरा डिनिज के साथ यह पुरस्कार जीता है।
- इस पुरस्कार से सम्मानित भारतीयों में प्रो. सीएनआर राव, जुबिन मेहता अमिताव घोष. प्रो. संजय सुब्रह्मण्यम शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dandavidprize.org/

ईएसपीए क्रिकइंफो अवॉर्ड्स, 2019

प्रश्न-हाल ही में घोषित ईएसपीएन क्रिकइंफो अवॉर्ड्स, 2019 के अंतर्गत किसे 'कैप्टन ऑफ द ईयर' चुना गया?
(a) विराट कोहली(b) केन विलियम्सन(c) इयोन मॉर्गन (d) अकबर अली

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2020 में ईएसपीएन क्रिकइंफो अवॉर्ड्स, 2019 के विजेताओं की घोषणा की गई।
- पुरस्कार प्राप्तकर्ता इस प्रकार रहे-
- टेस्ट बैटिंग परफॉरमेंस ऑफ द ईयर-कुशल परेरा (श्रीलंका)
- टेस्ट बॉलिंग ऑफ द ईयर-केमार रोच (वेस्टइंडीज)
- ओडीआई बैटिंग परफॉरमेंस ऑफ द ईयर-बेन स्टोक्स (इंग्लैंड)
- ओडीआई बॉलिंग परफॉरमेंस ऑफ द ईयर-मैट हेनरी (न्यूजीलैंड)
- टी-20 इंटरनेशनल बैटिंग परफॉरमेंस ऑफ द ईयर-ग्लेन मैक्सवेल (ऑस्ट्रेलिया)

- टी-20 इंटरनेशनल बॉलिग परफॉरमेंस ऑफ द ईयर-लसिथ मलिंगा (श्रीलंका)
- कैप्टन ऑफ द ईयर-इयोन मॉर्गन (इंग्लैंड)
- डेब्युटैंट ऑफ द ईयर-जोफ्रा आर्चर(इंग्लैंड)
- वुमेन बैटिंग परफॉरमेंस ऑफ द ईयर-मेग लैनिंग (ऑस्ट्रेलिया)
- वुमेन बॉलिंग परफॉरमेंस ऑफ द ईयर-एलिसे पेरी (ऑस्ट्रेलिया)
- एसोसिएट बैटिंग परफॉरमेंस ऑफ द ईयर-जॉर्ज मुनसे (स्कॉटलैंड)
- एसोसिएट बॉलिंग परफॉरमेंस ऑफ द ईयर-बिलाल खान (ओमान)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espncricinfo.com/story/_/id/28473701/espncricinfo-awards-2019-homepage

65वां फिल्मफेयर अवॉर्ड, 2020

प्रश्न-15 फरवरी, 2020 को 65वें फिल्म फेयर अवॉर्ड वितरण समारोह का आयोजन इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम, गुवाहाटी में किया गया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इसमें फिल्म 'गली ब्वाय' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया।
(ii) आयुष्मान खुराना को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार प्रदान किया था।
(iii) आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार प्रदान किया गया।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii)
(c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2020 को 65वें फिल्मफेयर अवॉर्ड वितरण समारोह का आयोजन इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम, गुवाहाटी (असम) में किया गया।
- पुरस्कार वितरण समारोह में वितरित प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं-
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म-'गली ब्याय' (निर्देशक जोया अख्तर)
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म (क्रिटिक्स)-'आर्टिकल 15' (निर्देशक-अनुभव सिन्हा) एवं सौनचिरैया (निर्देशक-अभिषेक चौबे)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-रणवीर सिंह (फिल्म-'गली ब्वाय')।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-आलिया भट्ट (फिल्म-'गली ब्वाय')।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स)-आयुष्मान खुराना (फिल्म-आर्टिकल 15)।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (क्रिटिक्स)- भूमि पिडनेकर एवं तापसी पन्नू (फिल्म-सांड की आंख)
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक-जोया अख्तर (फिल्म-'गली ब्वाय'।
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता-सिद्धांत चतुर्वेदी (फिल्म-'गली ब्वाय)।
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री-अमृता सुभाष (फिल्म-'गली ब्वाय')।
- सर्वश्रेष्ठ नवोदित फिल्म निर्देशक-आदित्य धर (फिल्म-'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक')
- सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेता-अभिमन्यु दसानी 'मर्द को दर्द नही होता')।
- सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री-अनन्या पांडे (फिल्म-स्टूडेंट ऑफ द ईयर-2)।

- सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक-अरिजीत सिंह (फिल्म-कलंक) गीत नहीं)।
- सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायिका-शिल्पा राव (फिल्म-'वार', गीत-'घुंघरू')।
- सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल स्टोरी-आर्टिकल 15 (अनुभव सिन्हा, गौरव सोलंकी)।
- सर्वश्रेष्ठ गीतकार-डिवाइन एवं अंकुर तिवारी (फिल्म-'गली ब्वाय' गीत-अपना टाइम आएगा।
- सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म के लिए पीपुल्स च्वाइस अवॉर्ड-रोहित बापू काम्बले (फिल्म-देशी)
- लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड-रमेश सिप्पी
- एक्सीलेंस इन सिनेमा अवॉर्ड-गोविंदा
- आर.डी.बर्मन अवॉर्ड फॉर-अपकमिंग म्यूजिक टैलेंट-साश्वत सचदेव (फिल्म-उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक')।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.filmfare.com/awards/filmfare-awards-2020/

लेप्रोसी के लिए अंतरराष्ट्रीय गांधी पुरस्कार

प्रश्न-6 फरवरी, 2020 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने किसे व्यक्तिगत श्रेणी में लेप्रोसी के लिए अंतरराष्ट्रीय गांधी पुरस्कार से सम्मानित किया?

(a) डॉ.जे.डी. सामंत(b) डॉ.वी.वी. डोंगरे(c) डॉ.वी. पनिक्कर (d) डॉ. एनएस. धर्मशक्तु

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 फरवरी, 2020 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने डॉ. एनएस, धर्मशक्तु को व्यक्तिगत श्रेणी तथा कुष्ठ रोग मिशन ट्रस्ट को संस्थागत श्रेणी में लेप्रोसी (कुष्ठ) के लिए अंतरराष्ट्रीय गांधी पुरस्कार (International Gandhi Awards for Leprosy) से सम्मानित किया।
- इनको यह पुरस्कार कुष्ठ रोग के उन्मूलन की दिशा में किए प्रयासों के लिए दिया गया।
- यह पुरस्कार गांधी मेमोरियल लेप्रोसी फाउंडेशन, वर्धा द्वारा कुष्ठ रोग के उन्मूलन की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए दिया जाता है।
- इसके तहत दो पुरस्कार व्यक्तियों या संस्थानों को प्रदान किए जाते हैं।
- पुरस्कार के तहत 2 लाख रुपये नकद, पुरस्कार पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199045

तटरक्षक पदक, 2020

प्रश्न-26 जनवरी, 2020 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर 3 तटरक्षक बल कर्मियों को वीरता के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया है। विकल्प में कौन तटरक्षक कर्मी इसमें शामिल नहीं है?

(a) अभिषेक कुमार(b) संजय कुमार सिंह(c) सुभाष (d) आईके बालन

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2020 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने गणतंत्र दिवस, 2020 के अवसर पर सराहनीय सेवा हेतु भारतीय तटरक्षक बल के कर्मियों को तटरक्षक पदक प्रदान करने हेतु मंजूरी प्रदान की।
- वीरता के लिए तटरक्षक पदक डिप्टी कमांडेट अभिषेक कुमार, संजय कुमार सिंह, एचडीएच (एमई) और सुभाष, पी/एनवीके (क्यूए), को प्रदान किया गया है।
- सराहनीय सेवा के लिए तटरक्षक पदक डीआईजी मुकुल गर्ग और आईके बालन, पी/एडीएच (एएच), को प्रदान किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार भारतीय तटरक्षक कर्मियों को 26 जनवरी, 1990 से प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1600542

92वां ऑस्कर पुरस्कार, 2020

प्रश्न-10 फरवरी, 2020 को वितरित 92वें ऑस्कर पुरस्कार में किस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया?

(a) रोमा(b) जोकर(c) पैरासाइट (d) जूडी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2020 को अमेरिकी फिल्म उद्योग के सर्वाधिक प्रतिष्ठित 92वें वार्षिक अकादमी पुरस्कार लॉस एंजेल्स, अमेरिका में प्रदान किए गए।
- यह पुरस्कार 'ऑस्कर पुरस्कार' के नाम से भी प्रसिद्ध है।
- प्रमुख पुरस्कारों का विवरण इस प्रकार है-
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म-पैरासाइट (निर्देशक-बोंग जून-हो)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-जोकिन फीनिक्स (फिल्म-जोकर)
- सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म-पैरासाइट (दक्षिण कोरिया)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-रेनी जेल्वेगर (फिल्म-जूडी)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता-ब्रैड पिट (फिल्म-वन्स अपॉन ए टाइम-इन हॉलीवुड)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री-लौरा डेर्न (फिल्म-मैरिज स्टोरी)
- सर्वश्रेष्ठ एनीमेटेड फीचर फिल्म-टॉय स्टोरी 4 (अमेरिका)
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक-बोंग जून हो (फिल्म-पैरासाइट)
- सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्रामी-1917 (रोजर डिकिन्स)
- सर्वश्रेष्ठ कॉस्टयूम डिजाइन-लिटिल वुमेन (जैक्लीन डुरान)
- सर्वश्रेष्ठ डाक्यूमेंट्री-अमेरिकन फैक्ट्री
- सर्वश्रेष्ठ ओरिजनल स्क्रीनप्ले-पैरासाइट
- सर्वश्रेष्ठ डाक्यूमेंट्री (Short Subject) "लर्निंग टू स्केटबोर्ड इन ए वारजोन" (इफ यू आर ए गर्ल)
- सर्वश्रेष्ठ लाइव एक्शन लघु फिल्म-द नेबर्स विंडो-मार्शल करी (Curry)
- सर्वश्रेष्ठ एनीमेटेड लघु फिल्म-हेयर लव (Hair Love)।

- सर्वश्रेष्ठ संगीत (ओरिजिनल स्कोर)-जोकर (Hildur Guonadottir)
- सर्वश्रेष्ठ संगीत (ओरिजनल सांग)-"(I'm Gonna) Love Me Again" (फिल्म-रॉकेटमैन)
- उल्लेखनीय है कि फिल्म 'पैरासाइट, सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब पाने वाली पहली एशियाई फिल्म है।
- इसके साथ ही, वह सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब जीतने वाली विदेशी भाषा (गैर-अंग्रेजी) की पहली फिल्म हैं।
- 92वें ऑस्कर पुरस्कार हेतु फिल्म 'जोकर' सर्वाधिक 11 श्रेणियों में नामांकित की गई थी। जबकि फिल्म 'पैरासाइट' ने सर्वाधिक 4 पुरस्कार जीते।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://oscar.go.com/

राष्ट्रीय कालिदास सम्मान, 2017 एवं 2018

प्रश्न-वर्ष 2018 का राष्ट्रीय कालिदास सम्मान किसे प्रदान किया जाएगा?
(a) बिरजू महराज(b) शंभु महराज(c) जतिन गोस्वामी (d) उमा शर्मा
उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी, 2020 को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2017 और वर्ष 2018 के लिए चयनित राष्ट्रीय कालिदास सम्मान के विजेताओं को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा।
- वर्ष 2017 का राष्ट्रीय कालिदास सम्मान नृत्य गुरु जतिन गोस्वामी को प्रदान किया जाएगा।
- वर्ष 2018 के लिये यह सम्मान उमा शर्मा को प्रदान किया जाएगा।
- इस सम्मान के अंतर्गत विजेताओं को 2 लाख रुपये की राशि एवं सम्मान पट्टिका प्रदान की जाएगी।
- इस सम्मान के विजेताओं का चयन एक निर्णायक मंडल द्वारा किया गया।
- निर्णायक मंडल में मीरा दास (कटक), गीता चंद्रन राजा रेड्डी और शशि प्रभा तिवारी (दिल्ली) और संध्या पुरेचा (मुंबई) शामिल थीं।
- गुरू जतिन गोस्वामी प्रतिष्ठित वरिष्ठ नर्तक एवं कोरियोग्राफर हैं।
- गुरू उमा शर्मा एक प्रतिष्ठित कथक नृत्य गुरु है जिन्हें पद्मश्री और पद्मभूषण सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है।
- उन्होंने जयपुर घराने की कथक परंपरा के बाद शंभु महाराज एवं बिरजू महाराज का भी मार्गदर्शन प्राप्त किया।
- उल्लेखनीय है कि शास्त्रीय नृत्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदानकर्ता को राष्ट्रीय कालिदास सम्मान मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://dailyworld.in/mps-kalidas-awards-for-assam-dance-guru-kathak-danseuse/

25वां देवीशंकर अवस्थी स्मृति सम्मान, 2020

प्रश्न-जनवरी, 2020 में किसे '25वां देवीशंकर अवस्थी स्मृति सम्मान' प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?
(a) राहुल सिंह(b) आलोक कुमार(c) रश्मि सिंह (d) चित्रा मुदगल
उत्तर—(a)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2020 में रांची के युवा लेखक और आलोचक राहुल सिंह को '25 वां देवीशंकर अवस्थी स्मृति सम्मान' प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- उन्हें यह सम्मान उनकी पुस्तक 'विचार और आलोचना' के लिए दिया जाएगा।
- उन्हें यह सम्मान 5 अप्रैल, 2020 को प्रसिद्ध आलोचक देवी शंकर अवस्थी के जन्मदिन के अवसर पर नई दिल्ली स्थित साहित्य अकादमी के रवीन्द्र भवन सभागार में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया जाएगा।
- प्रतिवर्ष आलोचना साहित्य के लिए दिए जाने वाले इस प्रतिष्ठित सम्मान की शुरूआत वर्ष 1995 में की गई थी।
- यह सम्मान 45 वर्ष तक के युवा आलोचक लेखकों को दिया जाता है।
- गौरतलब है कि 24वां देवीशंकर अवस्थी स्मृति सम्मान बिहार के युवा लेखक और आलोचक मृत्युंजय पांडेय को उनकी आलोचनात्मक पुस्तक 'रेणु का भारत' के लिए प्रदान किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://epaper.livehindustan.com/imageview_27526_83538748___07-02-2020_1_i_1_sf.html

ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2020

प्रश्न-20 जनवरी, से 2 फरवरी, 2020 के मध्य वर्ष की पहली ग्रैंड स्लेम प्रतियोगिता ऑस्ट्रेलियन ओपन मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?
(a) पुरुष एकल का खिताब नोवाक जोकोविक ने रिकॉर्ड 7वीं बार जीता।
(b) महिला एकल का खिताब अमेरिका की सोफिया केनिन ने जीता।
(c) पुरुष युगल का खिताब राजीव राम (अमेरिका) और जोए सेलिसबरी (ब्रिटेन) की जोड़ी ने जीता।
(d) महिला युगल का खिताब टिमिया बाबोस (हंगरी) और क्रिस्टीना म्लाडेनोविक (फ्रांस) की जोड़ी ने जीता।
उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी से 2 फरवरी, 2020 के मध्य वर्ष की पहली टेनिस ग्रैंड स्लेम प्रतियोगिता ऑस्ट्रेलियन ओपन मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई।
- इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-
- **पुरुष एकल**
- विजेता-नोवाक जोकोविक (सर्बिया)
- उपविजेता-डोमिनिक थिएम (ऑस्ट्रिया)
- **महिला एकल**
- विजेता-सोफिया केनिन (अमेरिका)
- उपविजेता-गरबाइन मुगुरुजा (स्पेन)

- **पुरुष युगल**
- विजेता-राजीव राम (अमेरिका) और जोए सेलिसबरी (ब्रिटेन)
- उपविजेता-मैक्स पुर्सेल और ल्यूक सेविले (दोनों ऑस्ट्रेलिया)
- **महिला युगल**
- विजेता-टिमिया बाबोस (हंगरी) और क्रिस्टीना म्लाडेनोविक (फ्रांस)
- उपविजेता-हेसिह सु-वेई (चीनी ताइपे) और बारबोरा स्ट्राइकोवा (चेक गणराज्य)
- **मिश्रित युगल**
- विजेता-बारबोरा क्रेजिकोवा (चेक गणराज्य) और निकोला मेकटिक (क्रोएशिया)
- उपविजेता-बेथानी माटेक-सैंड्स (अमेरिका) और जेमी मुरे (यूनाइटेड किंगडम)
- जोकोविक ने रिकॉर्ड 8वीं बार इस ग्रैंड स्लेम का खिताब जीता है।
- इस ग्रैंड स्लेम का खिताब किसी पुरुष खिलाड़ी ने 6 से अधिक बार नहीं जीता है।
- जोकोविक द्वारा कैरियर में विजित यह 17वां ग्रैंड स्लेम खिताब है।
- वह ग्रैंड स्लेम खिताब जीतने के मामले में तीसरे नंबर पर हैं।
- रोजर फेडरर ने अपने कैरियर में अभी तक 20 ग्रैंड स्लेम और राफेल नडाल ने 19 ग्रैंड स्लेम खिताब जीते हैं।
- सोफिया केनिन इस ग्रैंडस्लेम के महिला एकल वर्ग का खिताब जीतने वाली विश्व की दूसरी सबसे युवा टेनिस खिलाड़ी (उम्र 21 वर्ष) हैं।
- सबसे कम उम्र (20 वर्ष) में रूस की मारिया शारापोवा ने वर्ष 2008 में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था।
- यह केनिन द्वारा विजित पहला ग्रैंड स्लेम खिताब है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://ausopen.com/results#!All

टायलर पुरस्कार, 2020

प्रश्न-27 जनवरी, 2020 को वर्ष 2020 के लिए किसे टायलर पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?
(a) पवन सुखदेव(b) सुनीता नारायण(c) चंडी प्रसाद भट्ट (d) पवन सुखदेव एवं डॉ. ग्रेचेन सी. डेली
उत्तर—(d)
संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी, 2020 को प्रसिद्ध पर्यावरण अर्थशास्त्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के सद्भावना दूत पवन सुखदेव एवं स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉ. ग्रेचेन सी. डेली (Dr. Gretchen C. Daily) को संयुक्त रूप से प्रदान किए जाने की घोषणा की गयी।
- पर्यावरण क्षरण के आर्थिक दुष्परिणामों और हरित अर्थव्यवस्था पर उनके अभूतपूर्व कार्य को पहचानते हुए उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुना गया है।
- यह पुरस्कार पर्यावरण के क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले सबसे पुराने पुरस्कारों में से एक है।
- जिसे वैश्विक पर्यावरण के संरक्षण और उसे बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है।

- इस पुरस्कार को पर्यावरण के क्षेत्र में दिया जाने वाला नोबेल पुरस्कार भी कहा जाता है।
- इस पुरस्कार की जिम्मेदारी दक्षिणी कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के पास है।
- पवन सुखदेव वर्तमान समय में 'वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड' के अध्यक्ष और बोर्ड के चेयरमैन के तौर पर कार्यरत हैं।
- उन्होंने वर्ष 2008 में 'पर्यावरण और जैव-विविधता का अर्थशास्त्र' (The Economics of Environment and Biodiversity : TEEB) नामक रिपोर्ट प्रकाशित की थी।
- इसके बाद वनों की कटाई से वैश्विक अर्थव्यवस्था को होने वाला नुकसान विश्वभर में मीडिया की सुर्खी बन गया।
- इसी उपलब्धि के लिए उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुना गया।
- यह पुरस्कार 1 मई, 2020 को न्यूयॉर्क (USA) में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://secureservercdn.net/198.71.233.135/367.b71.myftpupload.com/wp-content/uploads/2020/01/Press-Release-2020-Tyler-Prize-ENGLISH.pdf?time=1581034939

पद्म पुरस्कार, 2020

प्रश्न-25 जनवरी, 2020 को केंद्र सरकार द्वारा पद्म पुरस्कार, 2020 की घोषणा की गई। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस वर्ष राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 141 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की मंजूरी दी है।
(ii) इस वर्ष 4 व्यक्तियों को पद्म विभूषण प्रदान किया जाएगा।
(iii) प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधू को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा।
(iv) प्रसिद्ध मुक्केबाज एम.सी. मैरीकॉम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है?

(a) केवल (i), (iii) एवं (iv) (b) केवल (iii) एवं (iv)
(c) केवल (i) एवं (iv) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर—(a)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2020 को केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 के पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई।
- इस वर्ष राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 141 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की मंजूरी दी है, जिसमें 7 पद्म विभूषण, 16 पद्म भूषण और 118 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं।
- पद्म विभूषण से सम्मानित व्यक्ति इस प्रकार हैं-

1. जॉर्ज फर्नांडिस (मरणोपरांत), लोक मामले (बिहार)
2. अरुण जेटली (मराणोपरांत), लोक मामले (दिल्ली)
3. अनिरुद्ध जगन्नाथ, लोक मामले (मॉरीशस)
4. एम.सी. मैरीकॉम, खेल (मणिपुर)
5. छन्नू लाल मिश्र, कला (उत्तर प्रदेश)

6. सुषमा स्वराज (मरणोपरांत), लोक मामले (दिल्ली)
7. श्री विश्वेशतीर्थ स्वामी जी श्री पजवरा अधोखजा मठ उडुपी (मरणोपरान्त), अन्य आध्यात्मिकता (कर्नाटक)

- पद्म भूषण से सम्मानित व्यक्ति इस प्रकार हैं-

1. एम. मुमताज अली, अन्य आध्यात्मिकता (केरल)
2. सैय्यद मुअज्जीम अली (मरणोपरांत), लोक मामले (बांग्लादेश)
3. मुजफ्फर हुसैन बेग, लोक मामले (जम्मू-कश्मीर)
4. अजॉय चक्रवर्ती, कला (पश्चिम बंगाल)
5. मनोज दास, साहित्य एवं शिक्षा (पुडुचेरी)
6. बालकृष्ण दोशी, अन्य वास्तुकला (गुजरात)
7. कृष्णम्मल जगन्नाथ, सामाजिक कार्य (तमिलनाडु)
8. एस.सी. जमीर, लोक मामले (नागलैंड)
9. अनिल प्रकाश जोशी, सामाजिक कार्य (उत्तराखंड)
10. डा. त्सेरिंग लेंडोल, चिकित्सा (लद्दाख)
11. आनंद महिंद्रा, व्यापार एवं उद्योग (महाराष्ट्र)
12. नीलकंठ रामकृष्ण माधव मेनन (मराणोपरांत), लोक मामले (केरल)
13. मनोहर गोपालकृष्ण प्रभु पर्रिकर (मरणोपरांत) लोक मामले (गोवा)
14. प्रो. जगदीश सेठ, साहित्य एवं शिक्षा (अमेरिका)
15. पी.वी. सिंधू, खेल (तेलंगाना)
16. वेणु श्रीनिवासन, व्यापार एवं उद्योग (तमिलनाडु)

- पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित प्रमुख व्यक्ति इस प्रकार हैं-

1. हरीश चंद्र वर्मा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग (उत्तर प्रदेश)
2. दया प्रकार सिन्हा, कला (उत्तर प्रदेश)
3. मोहम्मद शरीफ, सामाजिक कार्य (उत्तर प्रदेश)

4. जीतू राय, खेल (उत्तर प्रदेश)
5. डॉ. नरिन्दर नाथ खन्ना, चिकित्सा (उत्तर प्रदेश)
6. डॉ. पद्मावति बंदोपाध्याय, चिकित्सा (उत्तर प्रदेश)
7. खान जहीर खान बख्तियार खान, खेल (महाराष्ट्र)
8. डॉ. दमयंती बेसरा, साहित्य एवं शिक्षा (ओडिशा)
9. संजीव भीख चंदानी, व्यापार एवं उद्योग (उत्तर प्रदेश)
10. डॉ. वजीरा चित्रसेन, कला (श्री लंका)
11. डॉ. पुरुषोत्तम दधीच, कला (मध्य प्रदेश)
12. प्रो. इंदिरा दासनायके (मरणोपरांत), साहित्य एवं शिक्षा (श्रीलंका)
13. तुलसी गौडा, सामाजिक कार्य (कर्नाटक)
14. इनामुल हक, अन्य पुरातत्व (बांग्लादेश)
15. करण जौहर, कला (महाराष्ट्र)
16. एकता कपूर, कला (महाराष्ट्र)
17. तरुणदीप राय, खेल (सिक्किम)
18. रानी रामपाल, खेल (हरियाणा)
19. कंगना रनौत, कला (महाराष्ट्र)
20. अदनान सामी, कला (महाराष्ट्र)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=197647

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पुरस्कार, 2020

प्रश्न-3 फरवरी, 2020 को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास तथा कपड़ा मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और जिलों को पुरस्कार प्रदान किया। इसमें एक करोड़ से अधिक आबादी वाले राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में किस राज्य को पहला पुरस्कार प्रदान किया गया?
(a) राजस्थान(b) मध्य प्रदेश(c) केरल(d) उत्तर प्रदेश

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2020को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास तथा कपड़ा मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और जिलों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) पुरस्कार प्रदान किया।
- इसमें एक करोड़ से अधिक आबादी वाले राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को इस योजना की शुरुआत से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की श्रेणी में पहला पुरस्कार मध्य प्रदेश को प्रदान किया गया।
- जबकि दूसरा एवं तीसरा पुरस्कार क्रमशः आंध्र प्रदेश एवं हरियाणा को प्रदान किया गया।
- इसी श्रेणी में एक करोड़ से कम आबादी वाले राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में दादर एवं नगर हवेली को पहला स्थान, हिमाचल प्रदेश को दूसरा और चंडीगढ़ को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।
- एक करोड़ से अधिक आबादी वाले राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए जिला स्तर पुरस्कारों में पहला स्थान मध्य प्रदेश के इन्दौर, दूसरा स्थान आंध्र प्रदेश के कुर्नूल और तीसरा स्थान असम के दक्षिण सलमारा मनकाचार को हासिल हुआ।
- एक करोड़ से कम आबादी वाले राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के जिलों में पहला स्थान मिजोरम के सेरक्षिप और दूसरा स्थान हिमाचल प्रदेश में ऊना को और तीसरा स्थान पुडुचेरी को प्राप्त हुआ।
- उल्लेखनीय है कि 'PMMVY' मातृत्व लाभ कार्यक्रम है, जो 1 जनवरी, 2017 से देश के सभी जिलों में लागू किया जा रहा है।
- इस योजना के तहत मातृत्व और बाल स्वास्थ्य से संबंधित शर्तों को पूरा करने की शर्त पर परिवार के पहले जीवित बच्चे के लिए गर्भवती महिलाओं और दूध पिलाने वाली माताओं के बैंक/पोस्ट ऑफिस खाते में 5000 रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि सीधे ही उपलब्ध कराई जाती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=198884

कृषि कर्मण पुरस्कार-**2017-18**

प्रश्न-2 जनवरी, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्यों को वर्ष 2017-18 के लिए कृषि कर्मण पुरस्कार और प्रशस्ति पुरस्कार के लिए चुना गया? इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-
(i) आंध्र प्रदेश राज्य को कुल खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी-1 के लिए 'कृषि कर्मण पुरस्कार' प्रदान किया गया।
(ii) उत्तर प्रदेश राज्य को कुल खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी-1 के लिए 'प्रशस्ति पुरस्कार' प्रदान किया गया।
(iii) पंजाब राज्य को गेहूं उत्पादन के लिए कृषि कर्मण पुरस्कार प्रदान किया गया।
(iv) पश्चिम बंगाल को मोटे अनाज उत्पादन के लिए के लिए 'कृषि कर्मण पुरस्कार' प्रदान किया गया।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल (i), (iii) एवं (iv)(b) केवल (ii) एवं (iv)(c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुमकुर, कर्नाटक में आयोजित एक समारोह में राज्यों को वर्ष 2017-18 के लिए 'कृषि कर्मण पुरस्कार' और 'प्रशस्ति पुरस्कार' प्रदान किया।
- उल्लेखनीय है कि कृषि कर्मण पुरस्कार खाद्यान्न जैसे चावल, गेहूं, दलहन और मोटे अनाज फसलों के उत्पादन उत्पादकता को बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2010-11 में प्रारंभ किया गया था।
- इस पुरस्कार के तहत वर्ष 2013-14 से तिलहन फसलों को शामिल किया गया।

- इस पुरस्कार के अंतर्गत अब कुल 8 पुरस्कार दिए जाते हैं।
- इनमें से 3 पुरस्कार खाद्यान्न श्रेणियों में दिया जाता है-

I. श्रेणी-1 : जहां कुल खाद्यान्न उत्पादन संबंधित वर्ष के दौरान 10 मिलियन से अधिक है।
II. श्रेणी-2 : जहां कुल खाद्यान्न उत्पादन संबंधित वर्ष के दौरान 1 से 10 मिलियन टन के बीच है।
III. श्रेणी-3 : जहां कुल खाद्यान्न उत्पादन संबंधित वर्ष के दौरान 1 मिलियन टन से कम है।

- पांच अन्य पुरस्कार चावल, गेहूं, दलहन, मोटे अनाज और तिलहन में से प्रत्येक के तहत सर्वाधिक उत्पादन करने वाले राज्यों को दिया जाता है।
- प्रशस्ति पुरस्कार विगत 5 वर्षों में सर्वाधिक उत्पादन और उत्पादकता दर्ज कराने के लिए दिया जाता है।
- निम्नलिखित राज्यों को वर्ष 2017-18 के लिए 'कृषि कर्मण पुरस्कार' और प्रशस्ति पुरस्कार प्रदान किया गया।

कृषि कर्मण पुरस्कार

1. कुल खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी-I – आंध्र प्रदेश 2. कुल खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी-II – उत्तराखंड

3. कुल खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी-III- मणिपुर 4. चावल – पंजाब

5. गेहूं – बिहार 6. दलहन – मध्य प्रदेश

7. मोटे अनाज – पश्चिम बंगाल 8. तिलहन – तमिलनाडु

प्रशस्ति पुरस्कार

1. कुल खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी-I- उत्तर प्रदेश

2. कुल खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी-II- असम

3. कुल खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी-III -मेघालय

4. चावल – झारखंड

5. दलहन – गुजरात कर्नाटक एवं राजस्थान

6. तिलहन – हरियाणा

संबंधित लिंक भी देखें...

http://nfsm.gov.in//KrishiKarmanAward/2016-17/Brochure%20of%20KKA,%202017-18-Hindi_09_10_2019.pdf

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=197245

योजना/परियोजना

20-20 सिस्टर सिटीज

प्रश्न-2फरवरी, 2020 में केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने '20-20 सिस्टर सिटीज'की शुरुआत की। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) इस परियोजना का उद्देश्य स्मार्ट समाधानों के लिए स्वच्छ और टिकाऊ वातावरण प्रदान करना है।
(2) मिशन के तहत, शहरों को एक समान क्षेत्र और संस्कृति वाले लोगों के साथ जोड़ा जाएगा।
(3) भोपाल अपने विचारों को हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के साथ साझा करेगा।
(4) मिशन को पूरा करने के लिए कुल 5,151परियोजनाओं की पहचान की गई हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कूट :
(a) 1 और 2(b) 2 और 3(c) 1, 2 और 4 (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने 20 सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले शहरों के साथ, 20 सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले शहरों की जोड़ी बनाई है, जो 'सिस्टर सिटीज' के रूप में काम करेंगे।
- ये 'सिस्टर सिटीज' एक ही मिशन (20 : 20 मॉडल) के तहत परियोजनाओं को लागू करने में एक-दूसरे की मदद करेंगे।'सिस्टर सिटीज' को 100 दिनों में अपनी दक्षता बढ़ाने के लिए चुनौती दी गई है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में भारत सरकार ने देश के 100 शहरों को अच्छे शहरों के रूप में विकसित करने के लिए स्मार्ट सिटी मिशन की शुरुआत की थी।
- मिशन के अनुसार, शहरों को एक समान क्षेत्र और संस्कृति वाले शहरों के साथ जोड़ा जाएगा। उदाहरण के लिए, एक पवित्र शहर वाराणसी को एक पवित्र शहर अमृतसर के साथ जोड़ा जाएगा।इसी प्रकार पहाड़ी महानगर को एक दूसरे राज्य के एक अलग पहाड़ी शहर, तटीय महानगर के तटीय महानगर, औद्योगिक महानगर को औद्योगिक महानगर से जोड़ा जाएगा।
- इसी प्रकार भोपाल अपने विचारों को मिजोरम की राजधानी आइजोल के साथ साझा करेगा।
- ध्यातव्य है कि वर्तमान में भारत में अहमदाबाद शहर सर्वश्रेष्ठ (Rank-1) स्मार्ट शहर है, जो परियोजनाओं को लागू करने में चंडीगढ़ की मदद करेगा।
- इसी तरह रांची और विशाखापत्तनम क्रमशः शिमला और दीव को अपना प्रदर्शन सुधारने में मदद करेंगे।
- इस परियोजना का उद्देश्य स्मार्ट समाधानों के लिए स्वच्छ और टिकाऊ वातावरण प्रदान करना है।
- मिशन के तहत, कुल 5,151 परियोजनाओं की पहचान की गई है, जिन्हें निष्पादित करने के लिए रु. 2,05,018 करोड़ की लागत आएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dailypioneer.com/2020/page1/urban-ministry-devises-smart-city-plan-for-top-20-to-help-bottom-20.html

श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्रामीण मिशन का चौथा वार्षिक समारोह

प्रश्न-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्रामीण मिशन की शुरुआत कब की थी?
(a) 21 अक्टूबर, 2015(b) 21 फरवरी, 2016(c) 22 मार्च, 2016 (d) 24 अक्टूबर, 2017
उत्तर-(b)



संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2020 को केंद्रीय ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्रामीण मिशन के चौथे वार्षिक समारोह का उद्घाटन किया।
- इस चौथे वार्षिक समारोह का शीर्षक 'आत्मा गांव की सुविधा शहर की' है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 फरवरी, 2016 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्रामीण मिशन की शुरुआत की थी।
- 21 फरवरी को इस मिशन के 4 वर्ष पूरे हुए।
- इस मिशन का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ावा देकर गांवों का समुचित आर्थिक विकास करना है।
- मंत्रालय द्वारा इस मिशन के तहत अब तक 300 ‡लस्टर आवंटित किए गए हैं, जिनमें से 296 को मंजूरी प्रदत्त की जा चुकी है।
- यह मिशन केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की योजनाओं का समन्वय है, जिससे योजनाबद्ध एवं संगठित तरीके से क्षेत्र का समग्र विकास होता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bit.ly/2v8IfZ9

जयललिता की जयंती (बालिका संरक्षण दिवस के रूप में)

प्रश्न-19 फरवरी, 2020 को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने विधानसभा में 'राज्य बालिका संरक्षण दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की। इस अवसर पर सरकार द्वारा बेसहारा लड़कियों के लिए कितनी योजनाओं की घोषणा की गई?
(a) 2(b) 3(c) 4 (d) 5
उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2020 को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. पलानी स्वामी ने विधानसभा में दिवगंत पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की जयंती (24 फरवरी) को 'राज्य बालिका संरक्षण दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की।
- जयललिता ने बच्चों विशेषकर लड़कियों के कल्याण के लिए जिस लगन के साथ काम किया, उस महान सेवा की याद की रूप में राज्य सरकार ने उनकी जयंती को इस दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बेसहारा लड़कियों के कल्याण के लिए 5 योजनाओं की घोषणा की।
- राज्य सरकार 21 वर्ष पूरे होने तक सरकारी घरों (अनाथालय) में रहने वाली प्रत्येक बेसहरा बालिका के नाम 2 लाख रुपये जमा करेगी।
- 18 वर्ष पूरे होने पर सरकारी घर छोड़ने पर राज्य सरकार बेसहारा लड़कियों को 50 वर्ष पूरे होने तक वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

- इस वित्तीय सहायता से उन्हें उच्च शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण, रोजगार और स्व-रोजगार हासिल करने में मदद मिलेगी।
- मुख्यमंत्री ने सरकारी घरों से बेसहारा लड़कियों को गोद लेने वाले माता-पिता के लिए पालन पोषण की मासिक सहायता राशि 2000 रुपये से बढ़ाकर 4000 रुपये किए जाने की भी घोषणा की।
- यह सहायता राशि 5 वर्ष तक प्रदान की जाएगी।
- इसके अलावा उन्होंने समाज कल्याण, सामाजिक न्याय, आईसीडीएस विभागों, सी और डी श्रेणियों में बेसहारा बालिकाओं को रोजगार देने की घोषणा की।
- मध्याह्न, भोजन केंद्रों और आंगनबाड़ी नौकरियों में भी उन्हें सरकार प्राथमिकता प्रदान करेगी।
- उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता ने राज्य में कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने हेतु पालना योजना शुरू की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/tamil-nadu/jayas-birth-anniversary-to-be-observed-as-girl-child-protection-day/article30864703.ece

बेजोस अर्थ फंड

प्रश्न-17 फरवरी, 2020 को अमेजन के सीईओ और संस्थापक जेफ बेजोस ने जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने हेतु एक नया अर्थ फंड (बेजोस अर्थ फंड) शुरू करने की घोषणा की। इस फंड को शुरू करने के लिए वह कितनी राशि दान करेंगे?

(a) 5 बिलियन डॉलर (b) 10 बिलियन डॉलर
(c) 12 बिलियन डॉलर
(d) 15 बिलियन डॉलर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2020 को अमेजन के संस्थापक और सीईओ जेफ बेजोस ने एक नया अर्थ फंड शुरू करने की घोषणा की।
- इस फंड का नाम बेजोस अर्थ फंड होगा।
- इस फंड का उपयोग जलवायु परिवर्तन के मुकाबले के लिए किया जाएगा।
- वह इस फंड को शुरू करने के लिए 10 बिलियन डॉलर की राशि दान करेंगे।
- इस फंड से जलवायु वैज्ञानिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गैर-सरकारी संगठनों को राशि मुहैया कराई जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.independent.co.uk/news/world/americas/jeff-bezos-amazon-climate-change-money-donate-a9343046.html

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-द्वितीय

प्रश्न-19 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण को मंजूरी प्रदान की। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) दूसरे चरण की अवधि वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक होगी।
(b) दूसरे चरण में सार्वजनिक शौचालयों में बेहतर सुविधाओं (ओडीएफ प्लस) पर फोकस किया जाएगा।
(c) दूसरे चरण हेतु कुल अनुमानित बजट 52,497 करोड़ रुपये रखा गया है।
(d) ग्राम पंचायतों को ग्रामीण स्तर पर सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण हेतु प्रदत्त वित्तीय सहायता को 2 लाख से 5 लाख रुपये कर दिया गया है।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण को मंजूरी प्रदान की।
- दूसरे चरण की अवधि वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक होगी।
- इस चरण में खुले में शौच से मुक्ति के बाद सार्वजनिक शौचालयों में बेहतर सुविधाओं (ओडीएफ प्लस) पर फोकस किया जाएगा।
- जिसमें खुले में शौच मुक्त अभियान को जारी रखना और ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन भी शामिल होगा।
- दूसरे चरण के लिए कुल अनुमानित बजट वर्ष 2020-21 से 2024-25 की अवधि हेतु 52,497 करोड़ रुपये रखा गया है, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों की भागीदारी होगी।
- इसके अतिरिक्त 15वें वित्त आयोग ने ग्रामीण स्थानीय निकायों द्वारा ग्रामीण जलापूर्ति और स्वच्छता के क्रियान्वयन हेतु 30,375 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है।
- ओडीएफ प्लस कार्यक्रम मनरेगा के साथ शामिल होगा, विशेषकर धूसर जल प्रबंधन और नए जल जीवन मिशन कार्यक्रम को भी पूरा करेगा।
- इस कार्यक्रम अंतर्गत व्यक्तिगत घरेलू शौचालय के निर्माण हेतु मौजूदा मानदंडों के अनुसार ही नए पात्र घरों को 12000 रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।
- ग्राम पंचायतों को ग्रामीण स्तर पर सामुदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण हेतु प्रदत्त वित्तीय सहायता को 2 लाख से 3 लाख रुपये कर दिया गया है।
- केंद्र एवं राज्यों के बीच सभी घटकों के लिए फंड शेयरिंग का ढांचा पूर्वोत्तर राज्यों एवं हिमालयी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बीच 90:10 अन्य राज्यों के बीच 60:40 और अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के बीच 100:0 होगा।
- ओडीएफ प्लस के ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन घटक की निगरानी 4 प्रमुख क्षेत्रों-प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, जैव अपघटित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (पशु अपशिष्ट प्रबंधन भी शामिल), धूसर जल प्रबंधन और मलयुक्त कीचड़ प्रबंधन के आउटपुट-इनपुट संकेतकों के आधार पर की जाएगी।
- देश में ग्रामीण स्वच्छता कवरेज हेतु 2 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की शुरुआत की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/second-phase-of-swachh-bharat-mission-gets-nod/article30863553.ece

आस्कदिशा (**ASKDISHA**) चैटबॉट

प्रश्न-भारतीय रेलवे ने कब कृत्रिम बुद्धिमता (AI) पर आधारित ASKDISHA चैटबॉट की सेवाएं शुरू की थीं?
(a) अगस्त, 2017 (b) अप्रैल, 2018 (c) मई, 2018 (d) अक्टूबर, 2018
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 21 फरवरी, 2020 को भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (IRCTC) ने जानकारी प्रदान की कि उसने ऑनलाइन चैटबॉट ASKDISHA (Digital Interaction to Seek Help Anytime) का हिंदी भाषा में रेलवे ग्राहकों के साथ बातचीत करने के लिए उन्नयन किया है।
- भारतीय रेलवे ने अक्टूबर, 2018 में कृत्रिम बुद्धिमता (AI) पर आधारित 'ASKDISHA' चैटबॉट की सेवाएं शुरू की थीं।
- यह चैटबॉट आईआरसीटीसी द्वारा प्रदत्त विभिन्न सेवाओं के संदर्भ में इंटरनेट पर प्राप्त रेलयात्रियों की समस्याओं का समाधान करने हेतु विकसित किया गया है।
- प्रारंभ में इस चैटबॉट को अंग्रेजी भाषा में शुरू किया गया था।
- ASKDISHA पर हिंदी भाषा में दैनिक आधार पर औसतन 3000 पूछताछ की जा रही है और इस संख्या में दिन-प्रतिदिन बढ़ोत्तरी हो रही है।
- आईआरसीटीसी की निकट भविष्य में कई अन्य अतिरिक्त सुविधाओं के साथ अधिकाधिक भाषाओं में इसकी शुरूआत करने की योजना है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1603999

कोलकाता में ईस्ट वेस्ट मेट्रो रेल कॉरिडोर के पहले चरण का उद्घाटन

प्रश्न-13 फरवरी, 2020 को किसने कोलकता में ईस्ट वेस्ट मेट्रो रेल कॉरिडोर के पहले चरण का उद्घाटन किया?
(a) नरेंद्र मोदी(b) ममता बनर्जी(c) राम नाथ कोविंद (d) पीयूष गोयल
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 13 फरवरी, 2020 को केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कोलकाता में ईस्ट वेस्ट मेट्रो रेल कॉरिडोर के पहले चरण का उद्घाटन किया। इससे सॉल्ट लेक के सेक्टर 5 और सॉल्ट लेक स्टेडियम के बीच 5.8 किमी. दूरी की सेवाएं शुरू हुई। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री ने घोषणा की कि शेष 10.6 किमी. की ईस्ट वेस्ट मेट्रो लाइन का काम दिसंबर, 2021 तक पूरा होगा। ईस्ट वेस्ट मेट्रो के पहले चरण पर लगभग 2400 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि खर्च हुई। कार्य पूर्ण हो जाने पर इस मेट्रो के जरिए कोलकाता और हावड़ा आपस में जुड़ जाएंगे।
- गौरतलब है कि पानी के भीतर रेल लाइन वाली यह देश की पहली सेवा है, जिसमें हुगली नदी के नीचे एक सुरंग के जरिए रेलगाड़ियां चलेंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.nic.in/Main-News-Details.aspx?id=381312

पठन मिशन (**Reading Mission**) की शुरुवात

प्रश्न-हाल में निम्न में से किस राज्य द्वारा छात्रों में पढ़ने की आदत को विकसित करने हेतु पठन मिशन की शुरुआत की गयी है?

(a) पंजाब(b) राजस्थान(c) उत्तर प्रदेश(d) हरियाणा

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2020 को हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल द्वारा बताया गया है कि छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा पठन-मिशन की शुरुआत की गई है।
- यह मिशन केंद्र सरकार के रीडिंग मिशन-2022 के तर्ज पर शुरू किया गया है जिसका उद्देश्य पुस्तकों की खोई महिमा को वापस लाना है।
- मिशन के तहत शैक्षिक संस्थानों में महीने में एक बार छात्रों द्वारा पुस्तक समीक्षा सत्र आयोजित किया जाना चाहिए।
- इसके अलावा महीने के चौथे शनिवार को 45 मिनट का सामूहिक पठन कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए।
- पुस्तक का पठन समतावाद, सहिष्णुता और न्याय के सामाजिक मूल्यों को विकसित करने में मदद करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://prharyana.gov.in/en/with-a-view-to-inculcate-the-habit-of-reading-among-students-teachers-and-to-reach-the-young-0

युवाओं के लिए इंटर्नशिप योजना

प्रश्न-9 फरवरी, 2020 को किस राज्य सरकार ने राज्य में 10वीं, 12वीं एवं स्नातक के छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हेतु इसी वर्ष इंटर्नशिप योजना शुरू करने की घोषणा की?

(a) मध्य प्रदेश(b) उत्तर प्रदेश(c) राजस्थान (d) हरियाणा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2020 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में 10वीं, 12वीं और स्नातक के छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने हेतु इसी वर्ष से इंटर्नशिप योजना शुरू करने की घोषणा की।
- इस योजनांतर्गत छात्रों को विभिन्न तकनीकी शैक्षिक संस्थानों तथा उद्योगों से जोड़ा जाएगा।
- 6 महीन या 1 वर्ष की इंटर्नशिप के दौरान प्रत्येक युवा को 2500 रुपये की राशि प्रतिमाह भत्ते के रूप में प्रदान की जाएगी।इस 2500 रुपये की राशि में केंद्रांश और राज्यांश का अनुपात 1500:1000 रुपये होगा।
- इंटर्नशिप का कार्यक्रम पूरा होने के बाद राज्य सरकार इन छात्रों को नौकरी दिलाने का प्रयत्न करेगी, जिसके लिए सरकार द्वारा एक एचआर सेल का गठन किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/files/5e40242f-9bac-4149-a29b-237a0af72573.pdf

उड़ान के तहत उत्तराखंड में पहली हेलीकॉप्टर सेवा

प्रश्न-8 फरवरी, 2020 को क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत उत्तराखंड में पहली हेलीकॉप्टर सेवा का प्रचालन किस मार्ग पर शुरू किया गया है?

(a) सहस्त्रधारा से गौचर और चिन्यालीसौड़ तक(b) सहस्त्रधारा से हरिद्वार तक
(c) जॉली ग्रांट एयरपोर्ट देहरादून से नई टिहरी तक (d) देहरादून से श्रीनगर तक

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8 फरवरी, 2020 को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारत सरकार को क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत देहरादून स्थित सहस्त्रधारा हेलीपैड से गौचर और चिन्यालीसौड़ हेलीकॉप्टर सेवाओं का प्रचालन किया।
- इस सेवा को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव प्रदीप सिंह खोसला ने हरी झंडी दिखाई।
- यह उड़ान के तहत उत्तराखंड में शुरू की गई पहली हेलीकॉप्टर सेवा है।
- उड़ान-2 बोली प्रक्रिया के तहत इसे नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मार्ग हेरिटेज एविएशन प्रदान किया है।
- हेरिटेज एविएशन सहस्त्रधारा से गौचर और चिन्यालीसौड़ तक प्रतिदिन एविएशन प्रदान किया है।
- हेरिटेज एविएशन सहस्त्रधारा से गौचर और चिन्यालीसौड़ तक प्रतिदिन 2 बार हेलीकॉप्टर सेवाएं प्रचालित करेगा।
- मौजूदा समय में उड़ान के तहत हेलीकॉप्टर सेवाओं का प्रचालन चंडीगढ़ से शिमला, शिमला से धर्मशाला और शिमला से कुल्लू के बीच किया जा रहा है।
- वर्तमान में नागरिक उड्डयन मंत्रालय उड़ाने के 260 मार्गों पर प्रचालन कर रहा है।
- शीघ्र ही उड़ान के तहत पवन हंस लिमिटेड जॉली ग्रांट एयरपोर्ट, देहरादून से नई टिहरी, श्रीनगर (चमोली, उत्तराखंड) और गौचर में भी प्रचालन शुरू करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://cm.uk.gov.in/upload/pressrelease/Pressrelease-3097..pdf

उझ बहु-उद्देशीय (राष्ट्रीय) परियोजना

प्रश्न-जम्मू-कश्मीर में उझ बहु-उद्देशीय (राष्ट्रीय) परियोजना किस नदी पर निर्मित की जाएगी?

(a) रावी(b) सिंधु(c) चिनाब (d) उझ

उत्तर—(d)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जम्मू-कश्मीर में उझ बहु-उद्देशीय (राष्ट्रीय) परियोजना के संबंध में एक बैठक हुई।इस बैठक में केंद्रीय जल शक्ति (राज्यमंत्री) रतन लाल कटारिया, ऊर्जा मंत्री, पंजाब और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने भाग लिया।इस बैठक में इस परियोजना के कार्यान्वयन को तेजी से ट्रैक करने के संबंध में विचार-विमर्श हुआ।बैठक में सिधु-जल संधि के तहत भारत के अधिकार के पूर्ण उपयोग पर चर्चा की गई।यह परियोजना जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रावी नदी की

सहायक नदी उझ पर निर्मित की जाएगी।इस परियोजना से भारत उझ नदी के 781 मिलियन क्यूबिक मीटर जल का भंडारण करेगा। जिसका उपयोग सिंचाई व बिजली उत्पादन में होगा।

- इस परियोजना के निर्मित होने के बाद भारत आवंटित पूर्वी नदियों के पानी का पूर्ण उपयोग कर सकेगा।
- इस परियोजना का निर्माण 2 चरणों में करने का निर्णय किया गया है।
- इस परियोजना की निर्माण लागत राशि लगभग 5850 करोड़ रुपये होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1601865

वाईएसआर पेंशन कनुका योजना

प्रश्न-1 फरवरी, 2020 को आंध्र प्रदेश सरकार ने घर-घर पेंशन वितरण योजना 'वाईएसआर पेंशन कनुका' की शुरुआत को। इस योजना के तहत दिव्यांगों को प्रतिमाह कितनी राशि पेंशन के रूप में प्रदान की जाएगी।

(a) 2000 रुपये(b) 2500 रुपये(c) 3000 रुपये (d) 5,000 रुपये

उत्तर—(c)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2020 को आंध्र प्रदेश सरकार ने घर-घर (Doorstep) पेंशन वितरण योजना 'वाईएसआर पेंशन कनुका' की शुरुआत की।
- इस योजना के तहत वृद्धावस्था पेंशन पाने वालों को घर पर जाकर विभिन्न कल्याणकारी पेंशन प्रदान की जा रही है।
- साथ ही वृद्धावस्था पेंशन पाने वालों की उम्र 65 वर्ष से घटाकर 60 वर्ष कर दी गई है।
- पेंशनभोगियों की उम्र सीमा कम करने के बाद इस वर्ष लाभार्थियों की संख्या 54.64 लाख हो जाएगी।
- दिव्यांगों को प्रतिमाह 3000 रुपये की राशि पेंशन के रूप में प्रदान की जाएगी।
- अज्ञात प्राचीन किडनी रोग (CKDU) (Chronic Kidney disease of Unknown)/ डायलिसिस पेंशन के लिए प्रतिमाह 5000 रुपये से 10000 रुपये तक की राशि प्रदान की जाएगी।
- लाभार्थियों को स्मार्टफोन और बायोमेट्रिक जानकारी प्राप्त स्वयंसेवक घर के दरवाजे पर जाकर पेंशन वितरित करेंगे।
- इस कार्यक्रम हेतु राज्य सरकार ने लगभग 15.67 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है।
- उल्लेखनीय है कि वृद्धों को घर-घर पेंशन देने की योजना नवरत्नालु योजना का नाम परिवर्तित कर सरकार ने 'वाईएसआर पेंशन कनुका' योजना कर दिया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sspensions.ap.gov.in/

मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना

प्रश्न-21 जनवरी, 2020 को किस राज्य सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्थित एक पर्यटन स्थल के सतत विकास एवं संवर्धन हेतु मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रक्रिया निर्धारित करने के लिए मंजूरी प्रदान की?

(a) उत्तर प्रदेश(b) मध्य प्रदेश(c) छत्तीसगढ़ (d) हरियाणा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 जनवरी, 2020 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रक्रिया निर्धारित करने हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- प्रश्नगत प्रयोजना के संबंध में अग्रेतर आवश्यक निर्णय लेने हेतु मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है।
- इस योजनांतर्गत उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्थित एक पर्यटन स्थल का सतत विकास एवं संवर्धन किया जाएगा।
- पर्यटन केंद्र का चयन संबंधित विधायक एवं जिलाधिकारी की संस्तुति के अनुसार होगा।
- चयनित स्थल का विकास पर्यटन विभाग, विधायक निधि एवं सी.एस.आर. निधि से प्राप्त धनराशि से किया जाएगा।
- योजनांतर्गत रख-रखाव हेतु स्थानीय निकाय/ग्राम पंचायतों अथवा प्रबंध समिति गठित की जाएगी।
- योजनांतर्गत कार्य संबंधित विभागों के सहयोग से यथा आवश्यकतानुसार किए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/CabinetDecisionfile/aabdb5de16d71bd2e0bb2afc9e12a8b8.pdf

आयोग/समिति

कृषि निर्यात पर उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह का गठन

प्रश्न-17 फरवरी, 2020 को 15वें वित्त आयोग ने किसकी अध्यक्षता में कृषि निर्यात पर एक उच्च स्तरीय विशेष समूह का गठन किया?

(a) डॉ. सचिन चतुर्वेदी(b) संजय सचेती(c) संजीव पुरी (d) राधा मोहन सिंह

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2020 को 15वें वित्त आयोग ने कृषि निर्यात पर 8 सदस्यीय एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह का गठन किया।
- आईटीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव पुरी इस विशेषज्ञ समूह की अध्यक्षता करेंगें।

- यह विशेषज्ञ समूह अंतरराष्ट्रीय व्यापार के बदलते परिदृश्य में भारतीय कृषि उत्पादों (जिंस, अर्द्धप्रसंस्कृत एवं प्रसंस्कृत) के लिए निर्यात एवं आयात प्रतिस्थापन अवसरों का आकलन करेगा और आयात पर निर्भरता घटाने के तरीके सुझाएगा।
- इसके अलावा, यह समूह कृषि उत्पादकता बढ़ाने, अपेक्षाकृत अधिक मूल्यवर्धन में समर्थ बनाने, बर्बादी में कमी सुनिश्चित करने, भारतीय कृषि से सबंधित लॉजिस्टिक्स संबंधी बुनियादी ढांचागत सुविधाओं इत्यादि को मजबूत करने और विश्व स्तर पर इस सेक्टर की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न रणनीतियों एवं उपायों की अनुशंसा करेगा।
- यह विशेषज्ञ समूह 3 माह के भीतर अपनी सिफारिशें पेश कर देगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/news/india/finance-commission-gets-itc-s-puri-to-head-panel-on-boosting-farm-exports-11581946875481.html

15वें वित्त आयोग द्वारा रक्षा और आंतरिक सुरक्षा पर समूह का गठन

प्रश्न-13 फरवरी, 2020 को 15वें वित्त आयोग ने किसकी अध्यक्षता में रक्षा और आंतरिक सुरक्षा पर समूह का गठन किया?
(a) गृह सचिव(b) रक्षा सचिव(c) एन.के. सिंह (d) ए.एन. झा
उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 13 फरवरी, 2020 को 15वें वित्त आयोग ने रक्षा और आंतरिक सुरक्षा पर एक समूह का गठन किया।
- 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.के. सिंह इस समूह के अध्यक्ष होंगे।
- समूह के अन्य सदस्यों में 15वें वित्त आयोग के सदस्य ए.एन. झा, गृह सचिव, रक्षा सचिव एवं वित्त मंत्रालय के सचिव (व्यय) शामिल हैं।
- इस समूह का कार्य यह परीक्षण करना होगा कि क्या रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के वित्तपोषण के लिए एक अलग तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए, और यदि ऐसा है, तो इस तरह के तंत्र का संचालन कैसे किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199308

बीसीसीआई की 3 सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति

प्रश्न-31 जनवरी, 2020 को बीसीसीआई (BCCI) की तीन सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) में 3 सदस्यों को शामिल करने की घोषणा की गई। दिए गए विकल्प में इस तीन सदस्यीय समिति में कौन शामिल नहीं है?
(a) गौतम गंभीर(b) मदनलाल(c) आर.पी. सिंह (d) सुलक्षणा नाईक
उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2020 को पूर्व भारतीय ऑल राउंडर मदनलाल, आर.पी. सिंह और सुलक्षणा नाईक को बीसीसीआई (BCCI) की तीन सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति (CAC) में शामिल करने की घोषणा की गई।
- सदस्यों का कार्यकाल 1 वर्ष के लिए होगा।
- यह समिति सीनियर चयन समिति में कार्यकाल पूरा कर चुके दो सदस्यों के स्थान पर नए चयनकर्ताओं को चुनेगी।
- सीनियर चयन समिति के मौजूदा अध्यक्ष एम.एस.के. प्रसाद (दक्षिण क्षेत्र) गगन खोड़ा (मध्य क्षेत्र) का कार्यकाल समाप्त हो गया है।
- उत्तर प्रदेश के आर.पी. सिंह सीएसी के सबसे युवा सदस्य (आयु-34 वर्ष) और मदनलाल सबसे वरिष्ठ सदस्य (आयु-68 वर्ष) हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bcci.tv/articles/2020/news/145370/bcci-announces-appointment-of-cac-members

ऑपरेशन/अभियान

'प्यार का पौधा' अभियान

प्रश्न-14 फरवरी, 2020 को किस राज्य के पर्यावरण और वन विभाग द्वारा 'प्यार का पौधा' (A Plant of Love) अभियान शुरू किया गया है?
(a) छत्तीसगढ़ (b) राजस्थान (c) बिहार (d) झारखंड
उत्तर—(c)
संबंधित तथ्य

- 14 फरवरी, 2020 को बिहार सरकार के पर्यावरण और वन विभाग ने पटना में जल जीवन हरियाली अभियान के तहत 'प्यार का पौधा' (A Plant of Love) अभियान की शुरुआत की।
- इस अभियान का उद्देश्य पेड़ लगाने की प्रथा को बढ़ावा देना है।
- इस अभियान के तहत यह विभाग लोगों से अपील कर रहा है, अपने करीबी लोगों को पौधा उपहार में दे, क्योंकि यह वर्षों तक जीवित रहेगा।
- यदि यह प्रयोग सफल रहा तो इसे राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/pyaar-ka-paudha-campaign-launched-by-bihar-govt-to-encourage-practice-of-planting-trees20200213201407/

दूसरा बिम्सटेक आपदा प्रबंधन अभ्यास, 2020

प्रश्न-11-13 फरवरी, 2020 के मध्य दूसरा बिम्सटेक आपदा प्रबंधन अभ्यास कहां आयोजित किया गया?

(a) काठमांडू(b) नई दिल्ली(c) ढाका (d) भुवनेश्वर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 11-13 फरवरी, 2020 के मध्य दूसरा बिम्सटेक आपदा प्रबंधन अभ्यास (2nd BIMSTEC Disaster Management Exercise) भुवनेश्वर ओडिशा में आयोजित किया गया।
- इस अभ्यास का मुख्य विषय था-"A Cultural Heritage site that suffers Severe damage in the Earthquake" & "Flooding or Storm"
- इसका आयोजन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) द्वारा किया गया था।
- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस अभ्यास का उद्घाटन किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199287

अजेय वारियर-2020

प्रश्न-13-26 फरवरी, 2020 के मध्य किन दो देशों की सेनाओं के मध्य संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास 'अजेय वारियर' आयोजित किया जा रहा है?

(a) भारत एवं बांग्लादेश (b) भारत एवं यू.के. (c) भारत एवं चीन (d) भारत एवं ऑस्ट्रेलिया

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13-26 फरवरी, 2020 के मध्य भारत एवं यू.के. की सेनाओं के मध्य संयुक्त युद्धाभ्यास 'अजेय वारियर' (Ajeya Warrior), 2020 आयोजित किया जा रहा है।
- यह दोनों देशों के बीच 5वां सैन्य युद्धाभ्यास है।
- इस संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास का आयोजन सालिसबरी प्लेन्स (Salisbury Plains) यू.के.में आयोजित किया जा रहा है।
- इसमें दोनों देशों की सेनाओं के 120-120 सैनिक भाग ले रहे हैं।
- इस अभ्यास में भारतीय सेना की डोगरा रेजीमेंट की 14 वीं बटालियन भाल ले रही है।
- इससे पूर्व यह अभ्यास महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, बीकानेर, राजस्थान में हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199304

ऑपरेशन वनीला

प्रश्न-29 जनवरी, 2020 को भारतीय नौसेना ने किस देश में मानवीय सहायता और आपदा राहत उपलब्ध कराने के लिए 'ऑपरेशन वनीला' शुरू किया?

(a) फिलीपींस (b) मेडागास्कर (c) म्यांमार (d) लाओस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 जनवरी, 2020 को भारतीय नौसेना ने मेडागास्कर में मानवीय सहायता और आपदा राहत उपलब्ध कराने के लिए "ऑपरेशन वनीला" शुरू किया।
- इस ऑपरेशन में भारतीय नौसेना जहाज ऐरावत भाग ले रहा है।
- यह जहाज ऑपरेशन वनीला के हिस्से के रूप में मानवीय सहायता और आपदा राहत मिशन शुरू करेगा।
- 'ऑपरेशन वनीला' को 'चक्रवात डायने' (Cyclone Diane) द्वारा मचाई गई तबाही के बाद मेडागास्कर के प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है।
- पोर्ट कॉल के दौरान भारतीय दूतावास और मेडागास्कर के साथ समन्वय में इस जहाज द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए राहत अभियान चलाने की योजना है।
- यह जहाज चिकित्सा शिविर स्थापित करने और भोजन, पानी तथा अन्य आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=197712

सम्मेलन/समारोह

अखिल भारतीय जनजातीय कामगार सम्मेलन

प्रश्न-फरवरी, 2020 में नई दिल्ली में अखिल भारतीय जनजातीय कामगार सम्मेलन का आयोजन भारतीय आदिम जाति सेवक संघ द्वारा किया गया। इस संघ की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

(a) 1948(b) 1952(c) 1956(d) 1961

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 25 फरवरी, 2020 को केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय जनजातीय कामगार सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- इसका आयोजन भारतीय आदिम जाति सेवक संघ (बीएजेएसएस) द्वारा किया गया।
- भारतीय आदिम जाति सेवक संघ का गठन 24 अक्टूबर, 1948 को ठक्कर बापा द्वारा किया गया था।
- ठक्कर बापा सर्वेंट्स ऑफ इंडियन सोसायटी के समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थे।
- डॉ. राजेंद्र प्रसाद इस संघ के पहले अध्यक्ष थे।

- भारतीय आदिम जाति सेवक संघ मुख्यतः देश के जनजातीय, घुमंतू, अर्ध-घुमंतू और विमुक्त जाति समुदायों तथा समाज के कमजोर वर्गों के सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1604318

पहला भारत-बांग्ला पर्यटन उत्सव, 2020

प्रश्न-20-21 फरवरी, 2020 के मध्य पहला भारत-बांग्ला पर्यटन उत्सव कहां संपन्न हुआ?
(a) गुवाहाटी(b) अगरतला(c) शिलांग (d) ढाका
उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 20-21 फरवरी, 2020 के मध्य पहला 'भारत-बांग्ला पर्यटन उत्सव', 2020 अगरतला (त्रिपुरा) में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु राज्य के लोगों एवं पड़ोसी देश बांग्लादेश के लोगों को राज्य के पर्यटन से अवगत कराना है।
- इसका आयोजन राज्य पर्यटन विभाग द्वारा किया गया।
- उल्लेखनीय है कि इसका आयोजन वर्ष 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में त्रिपुरा राज्य के योगदान की यादों के साथ-साथ त्रिपुरा पर्यटन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=381678

अंतरराष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन, 2020

प्रश्न-22-23 फरवरी, 2020 के मध्य अंतरराष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया?
(a) जयपुर (b) बंगलुरू(c) नई दिल्ली (d) मुंबई
उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22-23 फरवरी, 2020 के मध्य 'अंतरराष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन' (International Judicial Conference), 2020 का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन उच्चतम न्यायालय द्वारा किया गया।
- सम्मेलन का विषय है-"न्यायपालिका और बदलता विश्व" (Judiciary and the Chaging word)।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- सम्मेलन में विश्वभर के कई कानूनविदों ने हिस्सा लिया।
- सम्मेलन में इंग्लैंड के सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रॉबर्ट रीड का मुख्य संबोधन हुआ।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1604018

वन्य जीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर 13वां सीओपी सम्मेलन, 2020

प्रश्न-17-22 फरवरी, 2020 के मध्य वन्य जीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर 13वां कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (CoP-13) कहां आयोजित हुआ?

(a) गुवाहाटी(b) जयपुर(c) गांधीनगर (d) कोलकाता

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17-22 फरवरी, 2020 के मध्य वन्य जीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर 13वां कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (13th Session of the Conference of the Parties on the Conservation the Convention to Migratory Species of Wild Animal), 2020 गांधीनगर (गुजरात) में आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) "पृथ्वी को जोड़कर रखने में इन प्रजातियों की भूमिका और उनका अपने घरों में स्वागत करना" (Migratory Species Connect the planet and together we welcome them home) था।प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण के रास्तों पर विचार-विमर्श के लिए विभिन्न देशों के प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग लिए।गौरतलब है कि मौजूदा समय में विश्वभर की लगभग 10 लाख प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं।सम्मेलन के दौरान सात प्रजातियों को सख्त संरक्षण प्रदान किए जाने की बात की गई इनमें शामिल हैं- एशियाई हाथी, जगुआर, ग्रेट इंडियन वस्टर्ड, बंगाल स्लोरिकन, लिटिल वस्टर्ड, ऐतीपोडियन अल्बाट्रोस और सामुद्रिक सफेद शार्क।इस सम्मेलन के दौरान 12 लुप्तप्राय प्रजातियों को दर्शाती विशेष यूएन डाक टिकटें जारी की गई।इस सम्मेलन में 110 देशों के लगभग 1200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- सम्मेलन में गांधीनगर घोषणा-पत्र को अपनाया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cms.int/en/cop13

नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए बिम्सटेक देशों का सम्मेलन, 2020

प्रश्न-13-14 फरवरी, 2020 के मध्य नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए बिम्सटेक देशों का सम्मेलन कहां आयोजित किया गया है?

(a) जयपुर(b) नई दिल्ली(c) ढाका (d) कोलंबो

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13-14 फरवरी, 2020 के मध्य नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए बिम्सटेक देशों का सम्मेलन विज्ञान भवन नई दिल्ली में किया गया।
- सम्मेलन का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने किया है।
- सम्मेलन में नशीले पदार्थों की तस्करी के बढ़ते खतरों पर चर्चा हुई।
- गौरतलब है कि एशिया में मादक पदार्थों की तस्करी बढ़ रही है और बिम्सटेक इस वैश्विक खतरे से निपटने का एक वैश्विक मंच है।
- बिम्सटेक (BIMSTEC: Bay of Bengal Initiative for Multi-Sectoral Technical and Economic Cooperation) बंगाल की खाड़ी से जुड़े 7 देशों का क्षेत्रीय संगठन है।

- इसके सदस्यों में भारत के अलावा, बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, और थाईलैंड शामिल हैं।
- इसकी स्थापना वर्ष 1997 में हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1603056

मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस, 2020

प्रश्न-13 फरवरी, 2020 को दूरसंचार कंपनियों के वैश्विक संगठन जीएसएम एसोसिएशन ने कोरोना वायरस से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण 24-27 फरवरी, 2020 के मध्य कहां आयोजित होने वाले मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस के वर्ष 2020 संस्करण को रद्द करने का निर्णय लिया?
(a) बर्सिलोना (b) दोहा (c) बर्लिन (d) पेरिस
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य



- फरवरी, 2020 में दूरसंचार कंपनियों के वैश्विक संगठन जीएसएम एसोसिएशन ने कोरोना वायरस से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण 24-27 फरवरी, 2020 के मध्य बर्सिलोना (स्पेन) में आयोजित होने वाले मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस, 2020 को रद्द करने का निर्णय लिया।
- उल्लेखनीय है कि जीएसएम एसोसिएशन वर्ष 2006 से बर्सिलोना में इस कार्यक्रम का आयोजन करता आ रहा है।
- इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के मंत्री, नीति निर्माता और दूरसंचार कंपनियां एवं उनके अधिकारी दूरंसचार के साथ प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आए बदलावों पर चर्चा करते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bbc.com/news/technology-51474116

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान

प्रश्न-10-28 फरवरी, 2020 के मध्य देशभर में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम की शुरुआत कब की थी?
(a) वर्ष 2014 में(b) वर्ष 2015 में(c) वर्ष 2016 में (d) वर्ष 2017 में
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

एक भारत श्रेष्ठ भारत

- 10-28 फरवरी, 2020 के मध्य देशभर में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान का आयोजन किया जा रहा है।
- इसका आयोजन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है।
- इस अभियान के दौरान 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की संस्कृति, खान-पान, शिल्प और परंपराओं को प्रदर्शित किया जाएगा।'एक भारत श्रेष्ठ भारत' भारत की विविधता को एकता में दर्शाने वाला एक अनूठा कार्यक्रम है।इसका उद्देश्य एक ऐसा माहौल उपलब्ध कराना है, जिसमें सभी राज्य सर्वोत्तम कार्यशैलियों और अनुभवों की

सीख ले सकें।इस कार्यक्रम के तहत देश के सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के बीच घनिष्ठ सामंजस्य स्थापित कर राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा दिया जाता है।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2016 में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.nic.in/Main-News-Details.aspx?id=381146

नेशनल आर्गेनिक फूड फेस्टिवल, 202

प्रश्न-21-23 फरवरी, 2020 के मध्य नेशनल आर्गेनिक फूड फेस्टिवल, 2020 कहां आयोजित होगा?
(a) मुंबई(b) जयपुर(c) वाराणसी (d) नई दिल्ली
उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 21-23 फरवरी, 2020 के मध्य नेशनल आर्गेनिक फूड फेस्टिवल (National Organic Food Festival), 2020 नई दिल्ली में आयोजित होगा।इस फेस्टिवल का मुख्य विषय (Theme)-"भारत के जैविक बाजार की क्षमता को खोलना" (Unleasing India's Organic Market Potential) है।
- इसका आयोजन खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों, विपणन नवाचार कार्यक्रमों, जैविक उत्पादों की आपूर्ति के बारे में जानकारी प्रदान करना है।
- इस फेस्टिवल का प्रमुख उद्देश्य जैविक उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देना है।
- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के अनुसार, वर्तमान मे भारत विश्व का 9 वां सबसे बड़ा कृषि जैविक बाजार है।यह लगभग 1.7 मिलियन टन जैविक खाद्य पदार्थ का उत्पादन करता है।
- इसमें कपास, दालें, फल, चाय, ओषधीय पौधे, कॉफी, सब्जियां गन्ना, तेल बीज आदि शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.telegraphindia.com/states/delhi/government-to-hold-3-day-festival-to-promote-organic-foods-at-jawaharlal-nehru-stadium/cid/1744922

पहली बार हॉर्नबिल महोत्सव का आयोजन

प्रश्न-8-9 फरवरी, 2020 के मध्य किस राज्य में पहली बार हॉर्नबिल महोत्सव का आयोजन किया गया?
(a) सिक्किम(b) त्रिपुरा(c) मेघालय (d) अरुणाचल प्रदेश
उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8-9 फरवरी, 2020 के मध्य त्रिपुरा में पहली बार हॉर्नबिल महोत्सव का आयोजन किया गया।
- इस महोत्सव का आयोजन तेलियामुरा के बारामुरा इको पार्क में किया गया।
- महोत्सव का उद्घाटन त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने किया।

- इस महोत्सव का आयोजन लोगों में हॉर्नबिल पक्षी और पारिस्थितिकी के संरक्षक के संदर्भ में जागरूकता प्रसारित करने के उद्देश्य से किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/nation/2020/feb/06/after-nagaland-now-tripura-to-hold-hornbill-festival-2099850.html

5वीं भारत-रूस रक्षा उद्योग बैठक

प्रश्न-7 फरवरी, 2020 को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित डेफएक्सपो 2020 में 5वींं भारत-रूस रक्षा उद्योग की बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच कितने समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुए?
(a) 5 (b) 10(c) 14(d) 15
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 7 फरवरी, 2020 को लखनऊ, उत्तर-प्रदेश में आयोजित डेफएक्सपो (रक्षा प्रदर्शनी), 2020 के दौरान 5वीं भारत- रूस रक्षा उद्योग की बैठक आयोजित हुई।इस बैठक में दोनों देशों के बीच 14 समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।भारत की तरफ से इन समझौता-ज्ञापनों का हिस्सा बनने वाली प्रमुख कंपनियों में भेल (BHEL), भारत डायनामिक्स लिमिटेड और विस्टा कंट्रोल शामिल रहीं, वहीं रूस की ओर से इनवार्शिया (INVERSIA), यूवीजेड (UVZ) और बीईएमएल (BEML) शामिल थीं।
- यह समझौता-ज्ञापन विभिन्न रक्षा साजो-सामान के उत्पादन से जुड़े हुए हैं, जिनमें टी-72, टी-90, राडार सिस्टम, एएसडब्ल्यू (ASW) रॉकेट लांचर और 3डी मॉडलिंग के पुर्जे शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/national/5th-india-russia-military-industrial-conference-lucknow-14-mous-signed%C2%A0

राष्ट्रीय जल सम्मेलन, 2020

प्रश्न-11फरवरी, 2020 को 'राष्ट्रीय जल सम्मेलन' कहां आयोजित किया गया?
(a) इंदौर (b) रीवा (c) भोपाल (d) मुंबई
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 11फरवरी, 2020 को राष्ट्रीय जल सम्मेलन (National Water Conference) 2020 भोपाल (म.प्र.) में आयोजित किया गया।
- जल पुरुष राजेन्द्र सिंह ने इस सम्मेलन की अध्यक्षता की।
- सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से पानी और पर्यावरण से जुड़े विषय-विशेषज्ञ मध्य प्रदेश जल का अधिकार अधिनियम लागू करने के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की।
- सम्मेलन का उद्देश्य मध्य प्रदेश जल अधिकार अधिनियम के दिशा निर्देशों को अंतिम रूप देना है।

- सम्मेलन में इस अधिनियम के बेहतर कार्यान्वयन के लिए एक रूपरेखा भी बनाई गई।
- मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में इस अधिनियम को जल्द लागू करने की घोषणा की है।
- मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य होगा जहां यह कानून लागू होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20200211N14&LocID=1

9वां अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव, 2020

प्रश्न-19-26 जनवरी, 2020 के मध्य 9 वां अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव, 2020 कहां संपन्न हुआ?
(a) नई दिल्ली (b) कोलकाता (c) मुंबई (d) पुणे
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 19-26 जनवरी, 2020 के मध्य '9 वां अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव' (9th International Children Film Festival), 2020 कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में संपन्न हुआ।
- इस सात दिवसीय महोत्सव में 45 देशों की लगभग 250 फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।
- इसका आयोजन 'शिशु किशोर अकादमी' द्वारा किया गया।
- शिशु किशोर अकादमी वर्ष 2011 से हर वर्ष कोलकता अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (KICFF) का आयोजन कर रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://kicff.org/

विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-29-31 जनवरी, 2020 के मध्य 'विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन' कहां संपन्न हुआ?
(a) जयपुर(b) देहरादून(c) मुंबई (d) नई दिल्ली
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 29-31 जनवरी, 2020 के मध्य विश्व सतत् विकास शिखर सम्मेलन (World Sustainable Development Summit), 2020 इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- इस तीन दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)-"Towards 2030 Goals : Making the Decade Count" था।सम्मेलन का आयोजन द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (TERI) द्वारा किया गया था।
- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.teriin.org/event/world-sustainable-development-summit-wsds-2020

12वां दक्षिण एशिया सम्मेलन, 2020

प्रश्न-28-29 जनवरी, 2020 के मध्य 12वां दक्षिण एशिया सम्मेलन कहां संपन्न हुआ?
(a) नई दिल्ली(b) मुंबई(c) कोलंबो (d) ढाका
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 28-29 जनवरी, 2020 के मध्य '12वां दक्षिण एशिया सम्मेलन' (12th South Asia Conference, 2020 नई दिल्ली में संपन्न हुआ।
- इस दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)-India's "Neighbourhood First" Policy : Regional Perceptions" था।
- उल्लेखनीय है कि इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस (IDSA) वर्ष 2007 से इस वार्षिक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।
- केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सम्मेलन को संबोधित किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://idsa.in/event/sac

कलाम सम्मेलन-2020

प्रश्न-28 जनवरी, 2020 को 'कलाम सम्मेलन-2020' कहां संपन्न हुआ?
(a) नई दिल्ली(b) चेन्नई(c) हैदराबाद (d) पुणे
उत्तर—(c)
संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2020 को 'कलाम सम्मेलन (Kalam's Convention), 2020' हैदराबाद में आयोजित हुआ।
- इसका आयोजन कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ यूथ एक्सीलेंस द्वारा किया गया था।
- उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने सम्मेलन को संबोधित किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://vicepresidentofindia.nic.in/speechesinterviews/address-shri-m-venkaiah-naidu-honourable-vice-president-kalams-convention-2020

संधि/समझौता

NTPC एवं RSDCL के मध्य समझौता

प्रश्न-NTPC एवं RSDCL ने हाल ही में कहां पर सोलर-पार्क लगाने हेतु एक इम्प्लिमेंशन सर्पोट समझौता हस्ताक्षरित किया है?
(a) जैसलमेर(b) जयपुर(c) अजमेर (d) कोटा

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी, 2020 को राजस्थान सोलरपार्क डेंवलपमेंट लिमिटेड RSDCL एवं एनटीपीसी ने जैसलमेर के नोख में सोलरपार्क लगाने हेतु एक इम्प्लिमेंशन सर्पोट समझौता हस्ताक्षरित किया है।
- RSDCL राजस्थान-रीनिवेबल एनर्जी कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RRECL) की एक सब्सिडियरी है।
- प्रस्तावित सोलर-पार्क 925 मेगावॉट का होगा।
- समझौते के अनुसार RSDCL बुनियादी ढांचे का विकास करेगी, जबकि एनटीपीसी सोलर परियोजना का।
- समझौता राज्य में लगभग चार हजार करोड़ रुपये के निवेश को लाएगा।
- ध्यातव्य है कि राज्य सरकार ने हाल ही में जारी राजस्थान सौर-ऊर्जा नीति, 2019 एवं राजस्थान वायु एवं संकर ऊर्जा नीति, 2019 के तहत कई सुविधाएं एवं छूट उपलब्ध करवाया है।
- हालिया समझौता निवेशकों द्वारा इन्हीं छूट एवं सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने हेतु एक उदाहरण पेश करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/companies/rsdcl-ntpc-sign-agreement-to-develop-925-mw-solar-park-in-jaisalmer-120022001365_1.html

ओडिशा : स्टार्टअप्स के उन्नयन हेतु MSME एवं HDFC बैंक में समझौता

प्रश्न-ओडिशा सरकार द्वारा किस शहर में एक विश्वस्तरीय स्टार्टअप हब की स्थापना की जाएगी?
(a) भुवनेश्वर(b) कटक(c) पुरी (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2020 को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर में एक विश्वस्तरीय स्टार्टअप हब की स्थापना किए जाने की घोषणा की।
- साथ ही स्टार्टअप हेतु चालू वर्ष में एक फंड-ऑफ-फंड्स लांच किए जाने की योजना है, जो उद्देश्य पूर्ति हेतु उपयुक्त इकोसिस्टम को बढ़ावा देगा।
- **समझौता पृष्ठभूमि**

- राज्य सरकार का लक्ष्य ओडिशा को देश के शीर्ष तीन स्टार्टअप हब में शामिल कराना है।
- राज्य में टेक्निकल और प्रोफेशनल संस्थाओं का एक व्यापक नेटवर्क मौजूद है, जो स्टार्टअप हेतु एक अनुकूल टैलेंट पूल उपलब्ध कराता है।
- राज्य में 570 स्टार्टअप्स पंजीकृत हैं जिनमें एक तिहाई महिला उद्यमी शामिल हैं।
- उपरोक्त तथ्यों के दृष्टव्य MSME ने HDFC बैंक के साथ समझौता-ज्ञापन हस्तारित किया है।
- यह कोलॉबरेशन 'स्टार्टअप ओडिशा' द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप के पथ प्रदर्शक के रूप में कार्य करते हुए स्मार्ट बैंकिंग समाधानों को भी बढ़ावा देगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/city/bhubaneswar/naveen-patnaik-announces-startup-hub-in-odisha/articleshow/74115389.cms

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के साथ समझौता

प्रश्न-25 फरवरी, 2020 को किस संस्थान और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के बीच इंटीग्रेटेड यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम पर समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?

(a) बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, भोपाल(b) इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इंदौर
(c) राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल(d) रुस्तमजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ग्वालियर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 25 फरवरी, 2020 को राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के मध्य इंटीग्रेटेड यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम पर समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौता-ज्ञापन पर राजभवन में राज्यपाल लालजी टंडन की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया गया।
- इस समझौता-ज्ञापन के अनुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की सभी सूचनाएं एक ही पोर्टल पर उपलब्ध होंगी।
- परीक्षा प्रणाली का ऑनलाइन प्रभावी संचालन हो सकेगा।
- इस विश्वविद्यालय में समस्त डिजिटलाईजेशन का कार्य राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20200225N23&LocID=1

ट्विटर द्वारा क्रोमा लैब्स का अधिग्रहण

प्रश्न-निम्न कथनों में से कौन-सा कथन सत्य है?

(i) 19 फरवरी, 2020 को ट्विटर ने क्रोमा लैब्स का अधिग्रहण किया।
(ii) इसको वर्ष 2018 में, फेसबुक और इंस्टाग्राम के पूर्व कर्मचारियों द्वारा स्थापित किया गया था।

(iii) सेंसर टॉवर के अनुसार, लगभग 6.15 लाख लोगों द्वारा क्रोमा स्टोरीज ऐप को इस्टॉल किया गया है।
कूटः
(a) (i) व (ii)(b) केवल (ii)(c) (i) व (iii)(d) (i),(ii) व (iii)
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2020 को ट्विटर ने क्रोमा लैब्स का अधिग्रहण किया।
- इसको वर्ष 2018 में, फेसबुक और इंस्टाग्राम के पूर्व कर्मचारियों द्वारा स्थापित किया गया था।
- क्रोमा स्टोरीज ऐप उपयोगकर्ताओं को कोलाज (Collage), इंस्टाग्राम इस्टोरीज, स्नैपचैट, स्टाइलिश लेआउट टेम्पलेट व फ्रेम आदि का प्रयोग करने देता है।
- सेंसर टॉवर के अनुसार, लगभग 6.15 लाख लोगों द्वारा क्रोमा स्टोरीज ऐप को इस्टॉल किया गया हैं।
- सेंसर टॉवर
- वर्ष 2013 में सैन फ्रांसिस्को (USA) में स्थापित किया गया था।
- सेंसर टॉवर हमारे स्टोर इंटेलिजेंस, एड इंटेलिजेंस, यूज इंटेलिजेंस और ऐप इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म के माध्यम से मोबाइल ऐप और प्रकाशकों पर एंटरप्राइज स्तरीय डेटा प्रदान करता हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sci-tech/technology/internet/twitter-acquires-chroma-labs-founded-by-facebook-veterans/article30857776.ece

ईईएसएल-बीएसएनएल में समझौता

प्रश्न-फरवरी, 2020 में ईईएसएल और बीएसएनएल के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने हेतु हुए प्रारंभिक समझौते के तहत ईईएसएल देशभर में चरणबद्ध तरीके से बीएसएनएल की कितनी साइटों पर सार्वजनिक इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग स्टेशन की स्थापना करेगा?
(a) 200(b) 400 (c) 800 (d) 1000
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2020 को सार्वजनिक उपक्रम ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (ईईएसएल) ने जानकारी प्रदान की कि कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने हेतु बीएसएनएल के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस समझौता-ज्ञापन के अनुसार ईईएसएल देशभर में चरणबद्ध तरीके से बीएसएनएल की 1000 साइटों पर सार्वजनिक इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग स्टेशन की स्थापना करेगा।
- चार्जिंग स्टेशन की स्थापना पर होने वाला निवेश ईईएसएल द्वारा किया जाएगा, जबकि चार्जिंग स्टेशन का परिचालन और देखभाल कुशल कर्मियों द्वारा की जाएगी।
- टेलीकॉम पीएसयू बीएसएनएल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को स्थापित करने के लिए स्थान और बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराएगा।
- नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रोग्राम के विजन को आगे बढ़ाते हुए ईईएसएल ने पूरे देश में 300 एसी और 170 डीसी चार्जर की स्थापना की है।

- वर्तमान में 66 सार्वजनिक चार्जिंग प्वाइंट दिल्ली-एनसीआर में चालू हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/eesl-ties-up-with-bsnl-to-set-up-1-000-ev-charging-stations-120021800611_1.html

https://economictimes.indiatimes.com/industry/auto/auto-news/eesl-bsnl-in-mou-for-1000-public-ev-charging-stations/articleshow/74189836.cms

भारत-म्यांमार में समझौता

प्रश्न-फरवरी, 2020 में भारत और म्यांमार के बीच किन दो शहरों के बीच बस सेवा शुरू करने हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?

(a) गंगटोक और मांडले(b) इंफाल और मांडले (c) अगरतला और मांडले(d) कोहिमा और मांडले

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2020 को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने घोषणा की कि इंफाल और मांडले के बीच बस सेवा शुरू करने के लिए भारत और म्यांमार ने एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस संबंध में 14 फरवरी, 2020 को मांडले स्थित श्वे मांडले एक्सप्रेस कंपनी लिमिटेड और भारत की सेवन सिस्टर हॉलीडेज कंपनी लिमिटेड के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- यह समझौता एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत हुआ था।
- यह बस सेवा 7 अप्रैल, 2020 से शुरू होगी।
- यह बस सेवा 7 अप्रैल को मांडले से और 8 अप्रैल को इंफाल से शुरू होगी।
- यह एक अंतरदेशीय साप्ताहिक बस सेवा है, शुरू में यह सप्ताह में तीन बार संचालित होगी।
- श्वे मांडले एक्सप्रेस कंपनी लिमिटेड मांडले से बस सेवा सीमावर्ती शहर तमू तक संचालित करेगी, जहां से भारतीय बस ऑपरेटर यात्रियों को मणिपुर के मोरेह कस्बे तक ले जाएंगे।
- सेवन सिस्टर हॉलीडेज कंपनी तमू से मोरेह और इंफाल तक सेवा प्रदान करेगी।
- मणिपुर म्यांमार के साथ 579 किमी. की सीमा साझा करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://nenow.in/north-east-news/manipur/manipur-myanmar-bus-service-to-begin-from-april.html

भारत-श्रीलंका में समझौता

प्रश्न-20 फरवरी, 2020 को भारत और श्रीलंका के बीच भारतीय मूल के एस्टेट श्रमिकों के लिए बागानी स्कूलों में बुनियादी ढांचे के उन्नयन हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। इसके तहत श्रीलंका में कितने चिह्नित किए गए बागानी स्कूलों के बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया जाएगा?

(a) 4(b) 5(c) 9 (d) 12

उत्तर-(C)
संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी, 2020 को भारत और श्रीलंका के बीच भारतीय मूल के एस्टेट श्रमिकों के लिए बागानी (Plantation) स्कूलों में बुनयादी ढांचे के उन्नयन हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौता-ज्ञापन पर श्रीलंका में कार्यवाहक भारतीय उच्चायुक्त विनोद के. जैकब और श्रीलंका के शिक्षा मंत्रालय के सचिव एन.एच. एम. चितरानंद ने हस्ताक्षर किए।
- इस परियोजना के तहत 30 करोड़ रुपये के भारतीय सहायता अनुदान राशि से श्रीलंका में चिह्नित किए गए 9 बागानी स्कूलों के बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया जाएगा।
- भारत द्वारा प्रदत्त अनुदान सहायता से श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में कई स्कूल भवनों का निर्माण और नवीनीकरण किया जा रहा है।
- श्रीलंका को विकास सहायता के लिए भारत की समग्र प्रतिबद्धता लगभग 3.5 बिलियन डॉलर राशि की है, इनमें से 560 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि अनुदान के तहत है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.newsonair.com/News?title=India%2C-Sri-Lanka-sign-MoU-for-up-gradation-of-infrastructure-in-plantation-schools-for-estate-workers-of-Indian-origin&id=381705

भारत-पुर्तगाल में समझौता

प्रश्न-14 फरवरी, 2020 को भारत और पुर्तगाल के बीच किस क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता हस्ताक्षरित हुआ?
(a) कृषि एवं कृषि विपणन(b) सूचना प्रौद्योगिकी
(c) समुद्री परिवहन और बंदरगाह(d) सतत मात्सिसिकी विकास

उत्तर—(c)
संबंधित तथ्य

- 14 फरवरी, 2020 को भारत और पुर्तगाल के बीच समुद्री परिवहन और बंदरगाह के क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मालवाहक बेड़ों के बेहतर संचालन, अंतरराष्ट्रीय संगठन संस्थानों के साथ सामंजस्य और एकीकरण हेतु सहयोग, समुद्री और बंदरगाह गतिविधियों और सम्मेलनों के लिए समुद्री परिवहन को बढ़ावा देना है।
- इससे दोनों देशों के मध्य सहयोग के मार्ग खुलेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199328

आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय-टेली एजूकेशन में समझौता

प्रश्न-12 फरवरी, 2020 को राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय और टेली एजूकेशन के मध्य कौशल शिक्षा के उन्नयन हेतु पाठयक्रम विकास शिक्षक प्रशिक्षण के उद्देश्य से समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। टेली एजूकेशन कहां स्थित है?

(a) नई दिल्ली(b) हैदराबाद(c) पुणे (d) बंगलुरू

उत्तर—(d)

संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2020 को राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय और टेली एजूकेशन बंगलुरू के मध्य समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौता-ज्ञापन का उद्देश्य कौशल शिक्षा के उन्नयन हेतु पाठ्यक्रम विकास शिक्षक प्रशिक्षण प्रदान करना है।
- इस समझौता-ज्ञापन के तहत दोनों संस्थान अध्यापन और शोध के क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे।
- शीघ्र ही आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय टेली एजूकेशन के साथ मिलकर 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम' आयोजित करेगा।
- इस प्रोग्राम के अंतर्गत उन शिक्षण संस्थानों के अध्यापकों को टेली शिक्षा के विषय में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जो सॉफ्टवेयर, कंप्यूटर, फाइनेंशियल, इंश्योरेंस सेक्टर के पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं।
- टेली एजूकेशन द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के कौशल शिक्षा उन्नयन से जुड़े 180 विश्वविद्यालयों के साथ समझौता-ज्ञापन किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://dipr.rajasthan.gov.in/content/dipr/en/news-detail.194299.html

भारत-आइसलैंड में समझौता

प्रश्न-12 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और आइसलैंड के बीच किस क्षेत्र में समझौता-ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की गई?

(a) हवाई यातायात विकास(b) सतत मात्स्यिकी विकास(c) सूचना प्रौद्योगिकी (d) पर्यटन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और आइसलैंड के बीच सतत मात्स्यिकी के विकास के क्षेत्र में समझौता-ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की गई।
- दोनों देशों के मध्य यह समझौता-ज्ञापन 10 सितंबर, 2019 को हस्ताक्षरित हुआ था।
- इस समझौता-ज्ञापन से दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध और अधिक सुदृढ़ होंगे तथा मत्स्य पालन क्षेत्र के साथ ही द्विपक्षीय मुद्दों से जुड़े विषयों में आपसी परामर्श और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1602938

किसानों के सहायतार्थ राज्य सरकार एवं 11 कृषि संस्थानों के मध्य समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर

प्रश्न-किसानों के सहायतार्थ हाल में निम्न में से किस राज्य सरकार एवं 11 कृषि संस्थानों के मध्य समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ?

(a) कर्नाटक(b) तमिलनाडु(c) तेलंगाना (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2020 को आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा देश के 11 प्रमुख कृषि संस्थानों के साथ एक प्रदर्शक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस समझौता-ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य राज्य में कृषकों के लिए प्रौद्योगिकी एवं ज्ञान हस्तानांतरण के माध्यम से क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की शुरुआत करना है।
- कृषि संस्थानों द्वारा 'समग्र तकनीकी सहायता' उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे जैविक और प्राकृतिक खेती प्रक्रियाओं का उपयोग कर किसानों की आमदनी में वृद्धि हो सके।
- मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, (आईसीएआर) राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान, एम.एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन, केंद्रीय उर्वरक गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण संस्थान, बीज अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान और राज्य कृषि विभाग के बीच समझौता-ज्ञापनों के आदान-प्रदान का पर्यवेक्षण किया गया।
- इन केंद्रों पर राज्य सरकार द्वारा गुणवत्ता वाले बीज और कीटनाशक भी उपलब्ध कराए जाएंगे।
- फसल कटाई के पूर्व कृषि उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (Minimum Support Price) की घोषणा की जाएगी, जिससे किसानों को उनके उपज का उचित मूल्य मिल सके।
- यदि आवश्यक हुआ तो कृषि उत्पाद की खरीद स्वयं सरकार द्वारा की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/ap-govt-inks-mou-with-11-agri-institutions-to-help-farmers-120021000917_1.html

एचईएमआरएल और रोसबोरोनएक्सपोर्ट में समझौता

प्रश्न-7 फरवरी, 2020 को हाई एनर्जी मैटिरियल रिसर्च लेबोरेटरी (एचईएमआरएल), पुणे ने अत्याधुनिक पायरोटेक्नीक ज्वलन प्रणाली विकसित करने हेतु किस देश की रोसोबोरोन-एक्सपोर्ट के साथ तकनीकी विकास समझौते पर हस्ताक्षर किए?

(a) रूस(b) फ्रांस(c) अमेरिका (d) इस्राइल

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 7 फरवरी, 2020 को हाई एनर्जी मैटिरियल रिसर्च लेबोरेटरी (एचईएमआरएल), पुणे ने अत्याधुनिक पायरोटेक्नीक ज्वलन प्रणाली विकसित करने हेतु रूस की रोसबोरोनएक्सपोर्ट के साथ तकनीकी विकास समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता लखनऊ में आयोजित डेफएक्सपो 2020 के दौरान हस्ताक्षरित हुआ।
- एचईएमआरएल डीआरडीओ की प्रयोगशाला है जो मिसाइलों, रॉकेटों और बंदूकों हेतु उच्च शक्ति की सामग्री विकसित करने का कार्य करती है।
- इस समझौते से शक्तिशाली सामग्री और पायरोटेक्नीक टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रगति होने से अत्याधुनिक ज्वलन प्रणाली विकसित हो सकेगी।
- इससे उच्च प्रदर्शन वाली प्रोप्लशन प्रणालियों की भविष्य की आवश्यकताएं पूरी होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1602337

आईओसीएल और रोजनेफ्त में समझौता

प्रश्न-5 फरवरी, 2020 को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने वर्ष 2020 के दौरान भारत में रूस से कितने मिलियन मीट्रिक टन यूराल ग्रेड कच्चे तेल के आयात हेतु रूसी तेल कंपनी रोजनेफ्त के साथ सावधि अनुबंध पर हस्ताक्षर किए?

(a) 2 मिलियन मीट्रिक टन(b) 4 मिलियन मीट्रिक टन(c) 5 मिलियन मीट्रिक टन (d) 8 मिलियन मीट्रिक टन



उत्तर—(a)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2020 को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने भारत में रूस से कच्चे तेल के आयात हेतु रूसी तेल कंपनी रोजनेफ्त के साथ प्रथम सावधि अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।
- सावधि अनुबंध पर हस्ताक्षर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और रोजनेफ्त के सीईओ एवं चेयरमैन आईगोर सेचिन के मध्य नई दिल्ली में हुई द्विपक्षीय बैठक के दौरान हुआ।
- इस समझौते के तहत भारत वर्ष 2020 के दौरान रूस से 2 मिलियन मीट्रिक टन यूरल्स ग्रेड कच्चे तेल का आयात करेगा।
- दीर्घावधि अनुबंधों के माध्यम से रूस से कच्चे तेल की प्राप्ति गैर-ओपेक देशों से देश में कच्चे तेल की आपूर्ति में विविधता से जुड़ी भारतीय रणनीति का एक हिस्सा।
- साथ ही यह हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग के पंचवर्षीय रोडमैप का भी एक हिस्सा है, जिस पर सितंबर, 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्लादिवोस्तोक यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किया गया था।
- द्विपक्षीय बैठक में दोनों पक्षों ने आपस में संयोजित प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें रूस की पूर्वी कलस्टर परियोजनाओं में भारतीय निवेश के लिए रोडमैप तैयार करना भी शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199028

मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में दक्षता बढ़ाने हेतु समझौता

प्रश्न-25 जनवरी, 2020 को मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में दक्षता बढ़ाने हेतु अटल विहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान और किस देश में स्थित जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ में समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?

(a) न्यूजीलैंड(b) ऑस्ट्रेलिया(c) अमेरिका (d) ब्रिटेन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2020 को मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में दक्षता बढ़ाने हेतु अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान और जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) के बीच समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- दोनों संस्थाएं मिलकर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का कार्य करेंगी।
- स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा तथा इस समझौता-ज्ञापन के तहत गैर-संक्रामक बीमारियों को रोकने, स्वास्थ्य अमले की दक्षता में वृद्धि करने और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को करने हेतु अनुसंधान आधारित हस्तक्षेप एवं परिवर्तन सहित अन्य कार्य किए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20200125N9&LocID=1

ब्रू-रियांग समझौता

प्रश्न-16 जनवरी, 2020 को भारत सरकार, त्रिपुरा और किस राज्य की सरकार और ब्रू-रियांग प्रतिनिधियों के बीच नई दिल्ली में एक समझौता हस्ताक्षरित हुआ?

(a) सिक्किम(b) असम(c) मिजोरम(d) नगालैंड

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 16 जनवरी, 2020 को भारत सरकार, त्रिपुरा और मिजोरम की सरकार और ब्रू-रियांग प्रतिनिधियों के बीच नई दिल्ली में एक समझौता हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौते के तहत 600 करोड़ की सहायता केंद्र सरकार प्रदान करेगी।
- इन नवीन समझौते से लगभग 23 वर्षों से चल रही इस बड़ी मानव समस्या का स्थायी समाधान होगा।
- इस समझौते के तहत लगभग 34 हजार व्यक्तियों को त्रिपुरा में बसाया जाएगा।
- नई व्यवस्था के अंतर्गत विस्थापित परिवारों को 40×30 फुट का आवासीय प्लॉट दिया जाएगा।
- आर्थिक सहायता हेतु प्रत्येक परिवार को प्रथम समझौते के अनुसार 4 लाख रुपये फिक्सड डिपॉजिट में, 2 वर्ष तक 5 हजार रुपये प्रतिमाह नकद सहायता के रूप में तथा 2 वर्ष तक फ्री राशन और मकान बनाने हेतु 1.5 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में जातीय तनाव के कारण लगभग 5,000 ब्रू-रियांग परिवारों ने जिसमें 30,000 व्यक्ति थे ने मिजोरम से पलायन कर त्रिपुरा में शरण ली जिन्हें वहां कंचनपुर, उत्तरी त्रिपुरा में अस्थायी शिविरों में रखा गया।

- वर्ष 2014 तक 1622 ब्रू-रियांग परिवार मिजोरम वापस आ गए।
- इससे पूर्व 3 जुलाई, 2018 को भारत सरकार, मिजोरम व त्रिपुरा सरकार व ब्रू-रियांग प्रतिनिधियों के बीच एक समझौता हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1599633

एपीडा (**APEDA**) और **CSIR-CFTRI** के मध्य समझौता

प्रश्न-निम्नलिखित कथनों में कौन-सा कथन सत्य हैं?
(i) 3 फरवरी, 2020 को पूर्वोत्तर राज्यों में खाद्य प्रसंस्करण व जैविक कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एपीडा (APEDA) व CSIR-CFTRI द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
(ii) इस समझौते में किसानों, उत्पादकों और उद्यमियों को लाभ प्राप्त होगा।
(iii) इसके तहत खाद्य उद्योगों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में एक संपर्क कार्यालय स्थापित किया जाएगा।
कूट-
(a) केवल (i)(b) केवल (i) व (ii)(c) केवल (i) व (iii)(d) केवल (i), (ii), (iii)
उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2020 को पूर्वोत्तर राज्यों में खाद्य प्रसंस्करण और जैविक कृषि निर्यात को बढ़ावा देने हेतु एपीडा (APEDA) के साथ CSIR-CFTRI द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस समझौते से किसानों, उत्पादकों और उद्यमियों को लाभ प्राप्त होगा।
- इसके तहत खाद्य संबंधी उद्योगों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए गुवाहाटी (असम) में एक संपर्क कार्यालय स्थापित किया जाएगा।
- वर्ष 2019 में एपीडा (APEDA) द्वारा असम, मणिपुर, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में पांच अंतरराष्ट्रीय खरीददार विक्रेता का बैठक आयोजन किया गया।
- हाल ही में एपीडा (APEDA) द्वारा 'एक्पोजर विजिट्रो (Visitto) महाराष्ट्र' का आयोजन कर एक्सपोर्ट ओरिएंटेड फार्मिंग, पैक हाउस और आधुनिक फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स पर असम, मणिपुर, मेघालय और नागालैंड के निर्यातकों व अधिकारियों को प्रमुख निर्यात केंद्रों से परिचित कराया गया।
- **कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEOA)**
- एपीडा (APEDA) की स्थापना दिसंबर, 1985 में संसद द्वारा पारित कृषि और प्रसंस्करण खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा की गई।
- 13 फरवरी, 1986 को इस प्राधिकरण ने संसाधित खाद्य निर्यात प्रोत्साहन परिषद का स्थान लिया।
- इस प्राधिकरण द्वारा खाद्य प्रसंस्करण, जैविक कृषि, पैकेजिंग, विपणन तथा अनुसूचित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने में प्रोत्साहित करता है।
- **CSIR-CFTRI**
- CSIR-सेंट्रल फूट टेक्नोलॉजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (CFTRI) मैसूर में, 1950 (यह वैज्ञानिक और अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की एक घटक प्रयोगशाला है) में अस्तित्व में आया।

- इसके द्वारा इंजीनियरिंग विज्ञान, प्रौद्योगिकी विकास, अनुवादन संबंधी शोध, खाद्य सुरक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में काम किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=198887

विधि/न्याय

प्रदर्शन विनियमन अधिनियम को लागू किया जाना

प्रश्न-भारत के निम्न में से किस राज्य द्वारा हाल में प्रदर्शन विनियमन अधिनियम (Performance Regulation Act) लागू किया गया है?

(a) राजस्थान(b) बिहार(c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2020 को उत्तर प्रदेश सरकार ने उपभोक्ताओं को समय पर और परेशानी मुक्त सेवा प्रदान करने के लिए बिजली विभाग के लिए प्रदर्शन विनियमन अधिनियम 2019 लागू किया।
- उपभोक्ताओं को अब विभाग द्वारा उनकी शिकायतों को हल करने में देरी के लिए वित्तीय मुआवजा मिलेगा।
- इस नियम से लगभग 2 करोड़ 87 लाख उपभोक्ताओं को लाभ होने की संभावना है।
- राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यदि दोष पूर्ण मीटर की मरम्मत में देरी होती है और काल सेंटर द्वारा गैर-प्रतिक्रिया होती है तो उपभोक्ता को रु. 50/- प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान होगा।
- भूमिगत केबल टूटने की मरम्मत में देरी के मामले में, उपभोक्ता को प्रतिदिन रु. 100 का भुगतान किया जाएगा।
- सब स्टेशन की समस्या के कारण वोल्टेज में उतार चढ़ाव के लिए रु. 250/- प्रतिदिन, नए कनेक्शन में देरी के लिए रु. 50/- प्रतिदिन; मीटर रीडिंग की समस्या के लिए रु.200/- प्रतिदिन; बिलिंग की गलती के लिए रु. 50/- प्रतिदिन, ट्रॉसफार्मर की विफलता (ग्रामीण) के लिए रु.150/- प्रतिदिन का भुगतान उपभोक्ताओं को किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/up-becomes-first-state-to-enforce-performance-regulation-act-for-power-department/north/news/1890444.html

सहायक प्रजनन तकनीक नियमन विधेयक, 2020

प्रश्न-19 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सहायक प्रजनन तकनीक नियमन विधेयक, 2020 को मंजूरी प्रदान की। इस विधेयक के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस विधेयक के अंतर्गत एक राष्ट्रीय बोर्ड गठित करने का प्रावधान है।

(b) यह राष्ट्रीय बोर्ड भौतिक अवसंरचना, प्रयोगशाला एवं नैदानिक उपकरणों तथा क्लिनिकों

एवं बैंकों में रखे जाने वाले विशेषज्ञों के लिए न्यूनतम मानक निर्धारित करने हेतु आचार संहिता निर्धारित करेगा, जिसका पालन क्लिनिक में काम करने वालों को करना होगा।
(c) केंद्र सरकार द्वारा इस विधेयक के कानून का रूप लेने के बाद अधिसूचना जारी करने के 2 महीनों के भीतर राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेश इसके लिए राज्य बोर्डों एवं राज्य प्राधिकरणों का गठन करेंगे।
(d) इस विधेयक के अंतर्गत केंद्रीय डेटाबेस की देखभाल तथा राष्ट्रीय बोर्ड के कामकाज में उनके सहायतार्थ राष्ट्रीय रजिस्ट्री एवं पंजीकरण प्राधिकरण का भी प्रावधान है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'सहायक प्रजनन तकनीक नियमन विधेयक, 2020' को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस विधेयक के अंतर्गत महिलाओं के प्रजनन अधिकारों के संरक्षण हेतु विधायी प्रावधान हैं।
- यह विधेयक संसद में पारित हो जाने एवं विधेयक के कानून का रूप लेने के बाद केंद्र सरकार इस अधिनियम को लागू करने की तिथि को अधिसूचित करेगी।
- अधिसूचना के बाद एक राष्ट्रीय बोर्ड गठित किया जाएगा।
- यह राष्ट्रीय बोर्ड भौतिक अवसंरचना, प्रयोगशाला एवं नैदानिक उपकरणों तथा क्लिनिकों एवं बैंकों में रखे जाने वाले विशेषज्ञों के लिए न्यूतनम मानक निर्धारित करने हेतु आचार संहिता निर्धारित करेगा, जिसका पालन क्लिनिक में काम करने वालों को करना होगा।
- केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचिना जारी करने के 3 महीनों के भीतर राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेश इसके लिए राज्य बोर्डों और राज्य प्राधिकरणों का गठन करेंगे।
- संबंधित राज्य में क्लिनिकों एवं बैंकों के लिए राष्ट्रीय बोर्ड द्वारा निर्धारित नीतियों एवं योजनाओं को लागू करने की जिम्मेदारी राज्य बोर्ड की होगी।
- इस विधेयक अंतर्गत केंद्रीय डेटाबेस की देखभाल तथा राष्ट्रीय बोर्ड के कामकाज में उनके सहायतार्थ राष्ट्रीय रजिस्ट्री एवं पंजीकरण प्राधिकरण का भी प्रावधान है।
- इस विधेयक में ऐसे लोगों के लिए भी कठोर दंड का प्रस्ताव है, जो लिंग जांच, मानव भ्रूण अथवा जननकोष की बिक्री करते हैं और इस प्रकार के गैर-कानूनी कार्यों हेतु एजेंसियों/गोरखधंधा/संगठन का संचालन करते हैं।
- यह कानून देश में सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी संवाओं का नियमन करेगा, जिससे बांझ दंपत्तियों में सहायक प्रजनन तकनीक (एआरटी) के तहत नैतिक तौर-तरीकों को अपनाए जाने के संबंध में कहीं अधिक भरोसा उत्पन्न होगा।
- इस विधेयक के माध्यम से राष्ट्रीय बोर्ड, राज्य बोर्ड, राष्ट्रीय रजिस्ट्री और राज्य पंजीकरण प्राधिकरण सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकियों से जुड़े क्लिनिकों और सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी बैंकों का नियमन एवं निगरानी करेंगे।
- इस विधेयक का उद्देश्य सहायक प्रजनन तकनीक के माध्यम से जन्म लेने वाले बच्चे के हित में आनुवांशिक पूर्व आरोपण परीक्षा को अनिवार्य बनाना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=160370

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 22वें भारतीय विधि आयोग के गठन को मंजूरी

प्रश्न-19 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कितने वर्ष की अवधि के लिए 22वें भारतीय विधि आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है?

(a) 4 वर्ष (b) 3 वर्ष (c) 2 वर्ष (d) 5 वर्ष

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

सत्यमेव जयते
Law Commission of India

- 19 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 22वें भारतीय विधि आयोग के गठन को मंजूरी दी है।
- 22वां विधि आयोग सरकारी राजपत्र में गठन के आदेश के प्रकाशन की तिथि से 3 वर्ष की अवधि के लिए गठित किया जाएगा।
- इसमें निम्नलिखित शामिल होंगे-

1. एक पूर्णकालिक अध्यक्ष
2. चार पूर्णकालिक सदस्य (सदस्य सचिव सहित)
3. सचिव, कानूनी मामलों का विभाग, पदेन सदस्य के रूप में
4. सचिव, विधायी विभाग पदेन सदस्य के रूप में
5. अधिक-से-अधिक पांच अंशकालिक सदस्य

- गौरतलब है कि भारतीय विधि आयोग, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर गठित एक गैर-सांविधिक निकाय है।
- आयोग का मूल रूप में गठन वर्ष 1955 में किया गया था।
- इसका प्रत्येक 3 वर्ष के लिए पुनर्गठन किया जाता है।
- 21वें भारतीय विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त, 2018 तक था।
- 21वें भारतीय विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बलबीर सिंह चौहान थे।
- भारतीय विधि आयोग ने अभी तक 277 रिपोर्ट प्रस्तुत की है।
- भारतीय विधि आयोग निम्न कार्य करेगा
    1. यह ऐसे कानूनों की पहचान करेगा जिनकी अब कोई जरूरत नहीं है या वे अप्रासंगिक है और जिन्हें तुरंत निरस्त किया जा सकता है।
    2. राज्य नीति के आलोक में मौजूदा कानूनों की जांच करना तथा सुधार के तरीकों के सुझाव देना और नीति निर्देशक तत्वों को लागू करने के लिए आवश्यक कानूनों के बारे में सुझाव देना तथा संविधान की प्रस्तावना में निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करना।
    3. कानून और न्यायिक प्रशासन से संबंधित उस किसी भी विषय पर विचार करना और सरकार को अपने विचारों से अवगत कराना, जो इसे विधि और न्याय मंत्रालय (कानूनी मामलों के विभाग) के माध्यम से सरकार द्वारा विशेष रूप से अग्रेषित किया गया है।
    4. विधि और न्याय मंत्रालय (कानूनी मामलों के विभाग) के माध्यम से सरकार द्वारा अग्रेषित किसी बाहरी देश को अनुसंधान उपलब्ध कराने के अनुरोध पर विचार करना।
    5. गरीब लोगों की सेवा में कानून और कानूनी प्रक्रिया का उपयोग करने के लिए आवश्यक हो गए सभी उपाय करना।
    6. सामान्य महत्व के केंद्रीय अधिनियमों को संशोधित करना ताकि उन्हें सरल बनाया जा सके और विसंगतियों, संदिग्धताओं और असमानाताओं को दूर किया जा सके।

- अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देने से पहले आयोग नोडल मंत्रालय/विभागों तथा ऐसे अन्य हितधारकों के साथ परामर्श करेगा जिन्हें आयोग इस उद्देश्य के लिए आवश्यक समझे।**संबंधित लिंक भी देखें...**

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1603640

उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन एवं नियमन) नियमावली, **2020**

प्रश्न-11 फरवरी, 2020 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन एवं नियमन) नियमावली, 2020 के प्राख्यापन को मंजूरी प्रदान की गई। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?
(a) उत्तर प्रदेश (प्रबंधन एवं नियमन) अधिनियम, 2019 के विभिन्न प्रावधानों के समुचित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु यह नियमावली बनाई गई है।
(b) इस नियमावली के अनुसार अधिनियम के प्रावधनों के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन किया जाएगा।
(c) सामान्य घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं के लिए भी दंड का प्रावधान किया गया है।
(d) इस नियमावली अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा भूगर्भ जल के आलोक में अधिसूचित एवं गैर-अधिसूचित क्षेत्रों की घोषणा करने की व्यवस्था की गई है।

उत्तर—(c)
संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2020 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन एवं नियमन) नियमावली, 2020 के प्राख्यापन को मंजूरी प्रदान की गई।
- उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन एवं नियमन) अधिनियम, 2019 के विभिन्न प्रावधानों के समुचित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु यह नियमावली बनाई गई है।
- इस नियमावली के अनुसार अधिनियम के प्रावधानों के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन किया जाएगा।
- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सर्वोच्च संस्थान राज्य भूगर्भ जल प्रबंधन एवं नियामक प्राधिकरण, जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद तथा ग्राम/ब्लॉक तथा म्युनिसिपल समितियों के अध्यक्ष क्रमश: ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख और नगरपालिका अध्यक्ष होंगे।
- यह सभी अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने का कार्य करेंगे।
- इस नियमावली के अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा भूगर्भ जल के आलोक में अधिसूचित एवं गैर-अधिसूचित क्षेत्रों की घोषणा करने की व्यवस्था की गई है।
- सभी भूगर्भ जल उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य है।
- इसमें व्यावसायिक, औद्योगिक, अवस्थापना एवं थोक उपभोक्ताओं हेतु निकासी की सीमा निर्धारित करना, दोहित भूजल की यात्रा पर शुल्क एवं गैर-अधिसूचित क्षेत्र में अनापत्ति प्राप्त करने का प्रावधान है।
- इस नियमावली अंतर्गत भूजल प्रदूषण की रोकथाम, रूफ टॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के नियम भी बनाए गए हैं।
- अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के किसी भी व्यावसायिक, औद्योगिक, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं बल्क यूजर्स द्वारा उल्लंघन की स्थिति में प्रथम दो हेतु 2 लाख से 5 लाख रुपये तक का अर्थ दंड अथवा 6 माह से 1 वर्ष का कारावास अथवा दोनों का प्रावधान है।
- उल्लंघन की पुनरावृत्ति पर प्राधिकार पत्र निरस्त करने एवं दंड दोगुना करने का प्रावधान है।
- भूगर्भ जल को प्रदूषित करने वालों के विरुद्ध भी कठोर दंड का प्रावधान किया गया है।

- समान्य घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं के लिए किसी भी प्रकार के दंड का प्रावधान नहीं है।
- विभिन्न अपराध के सापेक्ष प्राप्त किए गए शुल्क को जमा करने हेतु राज्य सरकार द्वारा भूजल निधि का सृजन किया गया था।
- इस भूजल निधि का उपयोग राज्य के भूजल प्रबंधन की गतिविधियों हेतु किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/files/5e42d318-a4c4-48c5-8364-3a9d0af72573.pdf

5 आईआईटी संस्थानों को समावेषण हेतु मंजूरी

प्रश्न-5 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सूरत, भोपाल, भागलपुर, अगरतला और रायचूर में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (सार्वजनिक निजी भागीदारी प्रारूप के तहत) को किस अधिनियम के तहत समावेषण हेतु मंजूरी प्रदान की गई है?

(a) आईआईटी (पीपीपी) अधिनियम, 2015(b) आईआईटी (पीपीपी) अधिनियम, 2016
(c) आईआईटी (पीपीपी) अधिनियम, 2017 (d) आईआईटी (पीपीपी) अधिनियम, 2018

उत्तर—(c)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सूरत, भोपाल, भागलपुर, अगरतला और रायचूर में स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानों (सार्वजनिक निजी भागीदारी प्रारूप के तहत स्थापित) को आईआईटी (पीपीपी) अधिनियम, 2017 के तहत समावेषण हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- इस अधिनियम के तहत शामिल किए जाने से इन संस्थानों को भी अन्य आईआईटी संस्थानों के लिए उपलब्ध शाक्तियों का उपयोग करने का वैधानिक अधिकार प्राप्त होगा।
- इससे ये संस्थान भी किसी विश्वविद्यालय अथवा राष्ट्रीय महत्व के संस्थान की तरह प्रौद्योगिकी स्नातक (बी.टेक) अथवा प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर (एम.टेक) अथवा पीएचडी डिग्री प्रदान कर सकेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1601983

राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग विधेयक, 2019 में संशोधन

प्रश्न-जनवरी, 2020 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग विधेयक, 2019 (एनसीआईएम) में आधिकारिक संशोधन से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह मंजूरी केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 29 जनवरी, 2020 को प्रदान की।
(b) मौजूदा समय में यह विधेयक लोक सभा में लंबित है।
(c) प्रस्तावित कानून से भारतीय चिकित्सा प्रणाली के क्षेत्र में आवश्यक नियामक सुधार सुनिश्चित होगा।
(d) यह आयोग देश के सभी हिस्सों में सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को बढ़ाएगा।

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 29 जनवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग विधेयक, 2019 (एनसीआईएम) में आधिकारिक संशोधन से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।
- यह विधेयक राज्य सभा में लंबित है।
- प्रस्तावित कानून से भारतीय चिकित्सा प्रणाली के क्षेत्र में आवश्यक नियामक सुधार सुनिश्चित होगा।
- प्रस्तावित नियामक संरचना से आम लोगों के हितों की सुरक्षा करने हेतु पारदर्शिता और जवाबदेही निर्धारित होगी।यह आयोग देश के सभी हिस्सों में सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को बढ़ाएगा।
- इस आयोग का गठन भारतीय चिकित्सा प्रणाली से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों के शैक्षिक मानकों, मूल्यांकन, आकलन और मान्यता से संबंधित कार्यों को कारगर बनाने हेतु किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=197722

राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग विधेयक, 2019 में आधिकारिक संशोधनों को मंजूरी

प्रश्न-29 जनवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किस अधिनियम में संशोधन हेतु राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग विधेयक, 2019 में आधिकारिक संशोधनों को मंजूरी प्रदान की गई?

(a) होम्योपैथी केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1971(b) होम्योपैथी केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1972 (c) होम्योपैथी केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1973 (d) होम्योपैथी केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1976

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 29 जनवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा होम्योपैथी केंद्रीय परिषद (एचसीसी) अधिनियम, 1973 में संशोधन हेतु राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग विधेयक, 2019 में आधिकारिक संशोधनों को मंजूरी प्रदान की गई।
- वर्तमान में यह विधेयक राज्यसभा में लंबित है।
- इन संशोधनों से होम्योपैथी शिक्षा में आवश्यक नियामक सुधार सुनिश्चित होंगे और आम जनता के हितों की रक्षा हेतु पारदर्शिता एवं जबावदेही निर्धारित की जाएगी।
- इस आयोग के माध्यम से देश के सभी हिस्सों में सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को बढ़ावा मिलेगा।
- उल्लेखनीय है कि होम्योपैथी की शिक्षा एवं प्रैक्टिस के नियमन, केंद्रीय होम्योपैथी रजिस्टर के रख-रखाव तथा तत्संबंधी मामलों के संदर्भ में केंद्रीय होम्योपैथी परिषद के गठन हेतु होम्योपैथी केंद्रीय परिषद (एचसीसी) अधिनियम, 1973 को लागू किया गया था।
- इस अधिनियम को भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 की तर्ज पर बनाया गया है।
- भारतीय चिकित्सा परिषद के मुख्य क्रियाकलापों में शक्तियों का निर्धारण एवं नियमन करना शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=197724

इंटरनेट सेवा मूल अधिकार

प्रश्न-10 जनवरी, 2020 को उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में कुछ प्रतिबंधों के साथ इंटरनेट सेवा को संविधान के किस अनुच्छेद के तहत मूल अधिकार माना है?

(a) अनुच्छेद, 19 (1) (a)(b) अनुच्छेद, 18 (1) (b) (c) अनुच्छेद, 24 (2) (d)(d) अनुच्छेद, 28 (3) (a)

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2020 को उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में कुछ प्रतिबंधों के साथ इंटरनेट सेवा को संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत मूल अधिकार माना है।
- उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन से केंद्रशासित प्रदेश में लगे प्रतिबंध के सभी आदेशों की एक सप्ताह के अंदर समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया।
- यह निर्णय न्यायमूर्ति एन.वी. रमणा की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने सुनाया।
- तीन न्यायाधीशों की इस पीठ में न्यायमूर्ति एन.वी. रमणा, न्यायमूर्ति बी.आर.गवई और आर. सुभाष रेड्डी शामिल थे।
- पीठ के अनुसार प्रेस की आजादी मूल्यवान और पवित्र अधिकार है।
- पीठ ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी और असहमति को दबाने के लिए निषेधाज्ञा का अनिश्चित काल तक उपयोग नहीं किया जा सकता।
- इस पीठ ने प्रशासन को अस्पतालों और शिक्षण केंद्रों जैसी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने वाले सभी संस्थानों में इंटरनेट सेवाएं बहाल करने का निर्देश दिया।
- उल्लेखनीय है कि पीठ ने उन याचिकाओं की सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिए जिनमें 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 के प्रावधान निरस्त करने के केंद्र के कदम के बाद जम्मू-कश्मीर में लागू प्रतिबंधों को चुनौती दी गई थी।
- ये याचिकाएं उन याचिकाओं से अलग है, जिनमें अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने की संवैधानिकता की वैधानिकता को चुनौती दी गई है। जिसकी सुनवाई 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ कर रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://government.economictimes.indiatimes.com/news/governance/sc-cites-fundamental-rights-to-review-internet-suspension-in-jk/73183811

वर्ष/दिवस/सप्ताह

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 18 फरवरी(b) 13 फरवरी(c) 21 फरवरी (d) 20 फरवरी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 21 फरवरी, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' (International Mother Language Day) मनाया गया।
- वर्ष 2020 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) "भाषाई विविधता की सुरक्षा करना" (Safeguarding Linguistic Diversity) है।
- उल्लेखनीय है कि यूनेस्को की आम सभा द्वारा नवंबर, 1999 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी।
- जिसके पश्चात यह दिवस फरवरी, 2000 से प्रतिवर्ष भाषाई और सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।
- गौरतलब है कि 21 फरवरी, 1952 को ढाका में कई छात्रों ने बांग्ला को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग को लेकर पुलिस की गोलियों के सामने शहादत हासिल की थी।
- संयुक्त राष्ट्र ने इसकी स्मृति में प्रतिवर्ष इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://en.unesco.org/commemorations/motherlanguageday

विश्व सामाजिक न्याय दिवस

प्रश्न-'विश्व सामाजिक न्याय दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 22 फरवरी (b) 18 फरवरी (c) 20 फरवरी (d) 15 फरवरी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य



- 20 फरवरी, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व सामाजिक न्याय दिवस' (World Day of Social Justice) मनाया गया।
- थीम-"सामाजिक न्याय प्राप्त करने हेतु असमानताओं को समाप्त करना" (Closing the Inequalities Gap to Achieve Social Justice)।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2007 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/social-justice-day

सेंट्रल एक्साइज डे

प्रश्न-'सेंट्रल एक्साइज डे' कब मनाया जाता है?
(a) 20 फरवरी(b) 24 फरवरी(c) 18 फरवरी (d) 22 फरवरी
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2020 को देशभर में सेंट्रल एक्साइज डे (Central Excise Day), 2020 मनाया गया।
- इसका उद्देश्य आम लोगों को उत्पाद शुल्क और सेवा शुल्क की अहमियत बताना होता है।
- उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी, 1944 को केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं नमक कानून को बनाया गया था।

- इसी उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/information/story/central-excise-day-2020-all-you-need-to-know-1649420-2020-02-24

राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह

प्रश्न-देशभर में 'राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह' मनाया जा जाता है-

(a) 13-19 फरवरी, 2020(b) 11-17 फरवरी, 2020
(c) 12-18 फरवरी, 2020 (d) 10-16 फरवरी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 12-18 फरवरी, 2020 के मध्य देशभर में 'राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह' मनाया गया।
- राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (NPC) स्थापना दिवस के अवसर पर इस सप्ताह का आयोजन किया जाता है।
- इसके साथ ही, NPC अपनी स्थापना दिवस (12 फरवरी) को 'राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस' के रूप में भी मनाती है।उल्लेखनीय है कि NPC वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार विभाग के तहत एक स्वायत्तशासी पंजीकृत सोसाइटी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.npcindia.gov.in/NPC/Uploads/productivity%20week/rd%20kanpur/Productivity%20Week%20Brochure.pdf

विश्व रेडियो दिवस

प्रश्न-'विश्व रेडियो दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 12 फरवरी(b) 13 फरवरी(c) 14 फरवरी (d) 10 फरवरी
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 13 फरवरी, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व रेडियो दिवस' (World Radio Day) मनाया गया।
- वर्ष 2020 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) 'We are Diversity, We are Radio' था।
- यह दिवस रेडियो के महत्व के बारे में आम जनता और समाचार माध्यमों में जागरूकता बढ़ाने तथा रेडियो के जरिए सूचना उपलब्ध कराने के लिए नीति-विर्माताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि 14 जनवरी, 2013 को यूनेस्को की आमसभा ने प्रतिवर्ष 13 को फरवरी इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/radio-day

मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस

प्रश्न-19 फरवरी, 2020 को देशभर में 'मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस' मनाया गया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का शुभारंभ कब किया गया था?

(a) वर्ष 2017(b) वर्ष 2018(c) वर्ष 2015 (d) वर्ष 2013

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2020 को देश भर में 'मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिवस' मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि 19 फरवरी, 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान के सूरतगढ़ में 'मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना' का शुभारंभ किया गया था।
- इसका उद्देश्य किसानों को हर दो साल बाद मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करना है, ताकि उन्हें अपनी जमीन में पोषक तत्वों की कमी का पता चल सके।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199407

विश्व पैंगोलिन दिवस

प्रश्न-हाल ही में 'विश्व पैंगोलिन दिवस' कब मनाया गया?

(a) 14 फरवरी, 2020(b) 10 फरवरी, 2020(c) 15 फरवरी, 2020 (d) 8 फरवरी, 2020

उत्तर—(c)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2020 को विश्वभर में 'विश्व पैंगोलिन दिवस' (World Pangolin Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस फरवरी माह के तीसरे शनिवार को मनाया जाता है।
- पैंगोलिन फोलिडोटा गण का एक स्तनधारी प्राणी है।
- पैंगोलिन की 8 प्रजातियों में से एक भारतीय एवं चीनी पैंगोलिन भारत में पाए जाते हैं।
- चीनी पैंगोलिन उत्तर-पूर्वी भारत और भारतीय पैंगोलिन अत्यधिक शुष्क क्षेत्र, हिमालय और उत्तर-पूर्वी भारत के अलावा संपूर्ण भारत में पाया जाता है।
- भारतीय पैंगोलिन भारत के अलावा, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान में पाया जाता है।
- दोनों प्रजातियों को वन्य-जीव (संरक्षण) अधिनियम की अनुसूची एक में संरक्षण प्राप्त है।
- वन विभाग और वाईल्ड लाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट ने भारतीय पैंगोलिन की पारिस्थितिकी को समझने और उसके प्रभावी संरक्षण के लिए संयुक्त परियोजना शुरू की है।
- इस परियोजना में कुछ पैंगोलिन की रेडियो टेंगिग कर उनके क्रियाकलापों, आवास स्थलों, दिनचर्या आदि का गहन अध्ययन किया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hurriyetdailynews.com/photo-pangolins-still-under-global-threat-in-2020-152070

विज्ञान में महिलाओं एवं बालिकाओं का अंतरराष्ट्रीय दिवस

प्रश्न-11 फरवरी, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विज्ञान में महिलाओं एवं बालिकाओं का अंतरराष्ट्रीय दिवस' मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने किस वर्ष इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी

(a) वर्ष 2010 (b) वर्ष 2015 (c) वर्ष 2013 (d) वर्ष 2005
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2020 को संपूर्ण विश्व में विज्ञान में महिलाओं एवं बालिकाओं का अंतरराष्ट्रीय दिवस (International Day of Women and Girls in Science) मनाया गया।
- **उद्देश्य**-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समुदायों में प्रमुख भूमिका निभाने वाले महिलाओं और बालिकाओं की पहचान करना।उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 22 दिसंबर, 2015 को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।वर्तमान में विश्व भर में 30 प्रतिशत से कम शोधकर्ता महिलाएं हैं।
- यूनेस्को के आंकड़ों के (वर्ष 2014-16) के अनुसार, लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं उच्च शिक्षा में एसटीईएम (STEM : Science, Technology Engineering and Mathematics) से संबंधित क्षेत्रों का चयन करती हैं।
- वैश्विक स्तर पर महिला छात्रों का नामांकन विशेष रूप से आईसीटी (3 प्रतिशत) प्रकृतिक विज्ञान, गणित और सांख्यिकी (5 प्रतिशत) इंजीनियरिंग विनिर्माण और निर्माण (8 प्रतिशत) से कम है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/women-and-girls-in-science-day

विश्व यूनानी दिवस

प्रश्न-'विश्व यूनानी दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 10 फरवर(b) 11 फरवरी(c) 9 फरवरी (d) 5 फरवरी
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व यूनानी दिवस' (World Unani Day) मनाया गया।
- यह दिवस प्रत्येक वर्ष प्रसिद्ध यूनानी विद्धान और समाज सुधारक हाकिम अजमल खां के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है।वह एक प्रसिद्ध यूनानी चिकित्सक और भारतीय यूनानी चिकित्सक पद्धति के जनक थे।
- इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है निवारक और उपचारात्मक दर्शन के माध्यम से यूनानी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल वितरण के बारे में जागरूकता।आयुष मंत्रालय भारत सरकार ने वर्ष 2016 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।ज्ञातव्य है कि यूनानी चिकित्सा पद्धति का भारत में एक लंबा और प्रभावशाली रिकॉर्ड है।यह भारत में 11वीं शताब्दी के आस-पास अरबों और फारसियों द्वारा पेश किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=Today-is-World-Unani-Day&id=381161

विश्व दलहन दिवस

प्रश्न-10 फरवरी, 2020 को विश्व भर में 'विश्व दलहन दिवस' मनाया गया। इस वर्ष किस देश ने विश्व दलहन दिवस समारोह की मेजबानी की?

(a) भारत(b) ईरान(c) श्रीलंका (d) बांग्लादेश

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2020 को विश्व भर में 'विश्व दलहन दिवस' (World Pulses Day) मनाया गया।
- भारत ने नई दिल्ली में 'विश्व दलहन दिवस' समारोह की मेजबानी की।
- ग्लोबल पल्स कन्फेडरेशन (GPC) के सहयोग से नेफेड द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।
- नेफेड (NAFED : National Agricultural Co-operative Marketing Federation of India Ltd.) न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पीएम आशा के तहत दलहन और तिलहन, कोपरा और कैपास की खरीद के लिए भारत सरकार की केंद्रीय नोडल एजेंसी है।इसकी स्थापना 2 अक्टूबर, 1958 को हुई थी।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 फरवरी, को इस दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2016 को 'अंतरराष्ट्रीय दलहन वर्ष' के रूप में मनाया गया था।फसल वर्ष 2018-19 में भारत ने 22 मिलियन टन दलहन का उत्पादन किया और अगले वर्ष के लिए 26.30 मिलियन टन का लक्ष्य रखा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1602676

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

प्रश्न-हाल ही में देश में कब 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' मनाया गया ?

(a) 9 फरवरी(b) 10 फरवरी(c) 5 फरवरी(d) 8 फरवरी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2020 को देशभर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (National Deworming Day) मानाया गया।
- **उद्देश्य**-सरकारी/सहायता प्राप्त/निजी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 1-19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि मुक्त करना है।इस दिवस का शुभारंभ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में किया गया था।यह दिवस वर्तमान में एकल दिवस वाला विश्व का सबसे बड़ा कार्यक्रम है।
- गैरतलब है कि संपूर्ण विश्व में कृमि संक्रमण से सर्वाधिक प्रभावित बच्चे भारत में ही है।
- कृमि मनुष्य की आंतों में रहते हैं और शरीर के लिए पोषण तत्वों को नष्ट कर देते हैं।
- कृमि संक्रमण से खून की कमी, कुपोषण, मानसिक व शारीरिक विकास बाधित हो सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nhp.gov.in/national-deworming-day-2020_pg

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय पर्यटन दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 20 जनवरी(b) 25 जनवरी(c) 23 जनवरी(d) 27 जनवरी
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2020 को देशभर में 'राष्ट्रीय पर्यटन दिवस' (National Tourism Day) मनाया गया।
- यह दिवस पर्यटन और इसके सामाजिक, राजनीतिक, वित्तीय और सांस्कृतिक मूल्य के महत्व पर वैश्विक समुदाय के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है।
- केंद्र सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था के लिए पर्यटन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए '25 जनवरी' को इस दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।
- उल्लेखनीय है कि पर्यटन भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है।
- वर्ष 2018 में पर्यटन क्षेत्र का लगभग 9.2 प्रतिशत जीडीपी में योगदान था।
- पर्यटन क्षेत्र से देश में लगभग 8.1 प्रतिशत रोजगार मिल रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/travel/national-tourism-day-2020-significance-and-important-facts/story-duv7rmDiNcygHy7U41vKkJ.html

महिला जननांग विकृति के विरुद्ध शून्य सहनशीलता का अंतरराष्ट्रीय दिवस

प्रश्न-'महिला जननांग विकृति के विरुद्ध शून्य सहनशीलता का अंतरराष्ट्रीय दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 7 फरवरी(b) 4 फरवरी(c) 6 फरवरी(d) 3 फरवरी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य



- 6 फरवरी, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'महिला जननांग विकृति के विरुद्ध शून्य सहनशीलता का अंतरराष्ट्रीय दिवस' (International Day of Zero Tolerance for Female Genital Mutilation) मनाया गया।
- वर्ष 2020 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)- "युवा शक्ति को एकजुट करें" (Unleashing Youth Power) है।
- महिला जननांग विकृति (FGM) ऐसा घृणित मानवाधिकार उल्लंघन है, जिससे विश्व की अनेक महिलाएं और लड़कियां प्रभावित हैं।
- यह दिवस लड़कियों और महिलाओं के लिए जननांग विकृति पर जागरूकता पैदा करने तथा उन्मूलन को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।
- महिला जननांग विकृति को जननांग खतना या जननांग को आंशिक और पूरी तरह हटाने या अचिकित्सा कारणों मुख्य रूप से सांस्कृतिक परंपरा के आधार पर महिला प्रजनन अंगों की क्षति के नाम से भी जाना जाता है।
- W.H.O. के अनुसार, लगभग 120- 140 मिलियन से अधिक लड़कियां और महिलाएं महिला जननांग विकृति के कुछ प्रकारों के तहत गुजरती हैं।
- इसके साथ प्रतिवर्ष लगलग 3 लाख महिला जननांग विकृति के जोखिम से पीड़ित होती हैं।

- वर्ष 2030 तक महिला जननांग विकृति को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.un.org/en/observances/female-genital-mutilation-day

विश्व कैंसर दिवस

प्रश्न-'विश्व कैंसर दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 3 फरवरी(b) 8 फरवरी(c) 4 फरवरी (d) 1 फरवरी

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व कैंसर दिवस' (World Cancer Day) मनाया गया।
- वर्ष 2020 में इस दिवस के अभियान का मुख्य विषय (Theme)-"I Am and I Will" है।
- यह दिवस विश्व कैंसर घोषणा (World Cancer Declaration) के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए 'अंतराष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ (UICC) द्वारा स्थापित किया गया था।
- यूआईसीसी की स्थापना वर्ष 1933 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में है।
- यह संपूर्ण विश्व में कैंसर के प्रति जागरूकता लाने और चिकित्सा अनुसंधान में सहायता एवं मरीजों के हितों का ख्याल रखने वाला संगठन है।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना और रोग के बारे में जल्दी पता लगाने की जरूरत तथा कैंसर के उपचार पर ध्यान केंद्रित करना है।
- ज्ञातव्य है कि इस दिवस की स्थापना 4 फरवरी, 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के विरुद्ध विश्व सम्मेलन में पेरिस चार्टर द्वारा की गई थी।
- वैश्विक स्तर पर कैंसर मौत का दूसरा प्रमुख कारण है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.uicc.org/what-we-do/convening/world-cancer-day

पुस्तकें

पुस्तक-डेथ; एन इनसाइड स्टोरीः ए बुक फॉर ऑल दोज हू शैल डाई

प्रश्न-डेथ; एन इनसाइड स्टोरीः ए बुक फॉर ऑल दोज हू शैल डाई' के लेखक कौन हैं?
(a) जग्गी वासुदेव (b) अमिय चक्रवर्ती (c) खुशवंत सिंह (d) रामेश्वर दयाल



उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 21 फरवरी, 2020 को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने पुस्तक 'डेथ; एन इनसाइड स्टोरीः ए बुक फॉर ऑल दोज हू शैल डाई' का विमोचन किया।
- इसका विमोचन उन्होंने कोयंबटूर, तमिलनाडु में स्थित ईशा योग केंद्र में आयोजित 26वें महाशिवरात्रि समारोह के दौरान किया।इस पुस्तक के लेखक जग्गी वासुदेव (सदगुरु) हैं।
- इस पुस्तक में लेखक ने मृत्यु के गहन पहलुओं के विषय में उल्लेख किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://penguin.co.in/book/self-help/death-an-inside-story/

पुस्तक-हू इज भारत माता

प्रश्न-पुस्तक-हू इज भारत माता (अंग्रेजी संस्करण) के लेखक कौन है?
(a) राजनरायन मिस्त्री (b) पुरुषोत्तम अग्रवाल (c) विनय रूगटा (d) अजय साहनी
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2020 को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों संस्करणों में प्रकाशित पुस्तक 'हू इज भारत माता' (Who is Bharat Mata) का विमोचन किया।
- इस पुस्तक के अंग्रेजी संस्करण के लेखक प्रोफेसर पुरुषोत्तम अग्रवाल हैं।
- इस पुस्तक का कन्नड़ भाषा में अनुवाद प्रोफेसर के.ई. राधा कृष्णन ने किया है।
- कन्नड़ भाषा में अनुवादित इस पुस्तक का शीर्षक 'यारू भारत माते' (Yaaru Bharat Maate) है।
- इस पुस्तक में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के भाषणों एवं लेखों का संग्रह है और इसमें इनकी पुस्तकों 'एन ऑटो बायोग्राफी', विश्व इतिहास की झलक','भारत की खोज' (डिस्कवरी ऑफ इंडिया) के विषय में जानकारी प्रदान की गई है।
- पुस्तक में महात्मा गांधी, सरदार वल्लभाई पटेल, मौलाना आजाद, अरुणा आसफ अली, शेख अब्दुल्ला, सुभाष चंद्र बोस, मोहम्मद आरिस सिंह, अली सरदार और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों की उपलब्धियों का उल्लेख है।
- इस पुस्तक में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के विषय में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/bharat-mata-ki-jai-being-misused-says-manmohan-singh/story-sx6cC9vyPAVuTWDQnIzx2J.html

पुस्तक-इंफिनिटी वेरायटी ऑफ आर्मी लाइफ

प्रश्न-पुस्तक 'इंफिनिटी वेरायटी ऑफ आर्मी लाइफ' किसने लिखी है?
(a) संध्या अग्रवाल(b) अर्पणा भाटी(c) वरुणा वर्मा (d) अंजलि शाश्वत
उत्तर—(c)
संबंधित तथ्य



- 16 फरवरी, 2020 को राजस्थान में झालाना डूंगरी संस्थानिक क्षेत्र स्थित टेक्नोहब में आईएएस एसोसिएशन के साहित्यिक कार्यक्रम में पुस्तक 'इंफिनिटी वैरायटी ऑफ आर्मी लाइफ' पर संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ।
- इस पुस्तक की लेखिका वरुणा वर्मा हैं।
- यह पुस्तक एक उपन्यास है जिसमें 18 अध्याय है।
- इस पुस्तक में सेना के अधिकारियों के जीवन वृतांत, अद्भुत कहानियों और उपाख्यानों, रोमांच और संघर्ष की विषय वस्तु, भारत और पाकिस्तान के बीच सैनिक जीवन को दर्शाया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.amazon.in/Infinite-Variety-Army-Varuna-Verma-ebook/dp/B07Y3WY1BS

पुस्तक-द थिन माइंड मैप

प्रश्न-पुस्तक 'द थिन माइंड मैप' के लेखक कौन हैं?
(a) धर्मेंद्र राय (b) तुषार मेहता (c) अभिषेक बनर्जी (d) सुरजीत भल्ला
उत्तर-(a)



संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में पुस्तक 'द थिन माइंड मैप' (The Thin Mind Map) को प्रकाशित किया गया।
- इस पुस्तक के लेखक माइंड मैप और ब्रेन लिटरेसी ट्रेनर धर्मेंद्र राय हैं।
- उन्होंने 10 वर्षों से कम अवधि में 380 से अधिक माइंड मैप सेमिनार आयोजित किए हैं, जो एक विश्व रिकॉर्ड है।
- धर्मेंद्र राय ने 1900 से अधिक स्टार्ट अप को माइंड मैपिंग का प्रशिक्षण दिया है।
- TEDX पर रचनात्मकता और माइंड मैपिंग पर बात करने वाले वह विश्व के पहले व्यक्ति हैं।
- उन्हें हाल ही में माइंड मैपिंग और ब्रेन लिटरेसी के लिए संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार प्रदान किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.firstpost.com/india/dharmendra-rai-launches-the-thin-mind-map-book-8050481.html

पुस्तक-द एयर, एक्ट 1981

प्रश्न-द एयर, एक्ट 1981 के लेखक कौन हैं?
(a) के.पी. सक्सेना, पराग मल्होत्रा (b) के.के. खंडेलवाल, अपूर्व कुमार सिंह
(c) अपूर्व कुमार सिंह, शशिकांत खंडेलवाल (d) के.के. खंडेलवाल, विभव त्रिपाठी
उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7 फरवरी, 2020 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पुस्तक 'द एअर, एक्ट 1981' का विमोचन किया।इस पुस्तक के लेखक के.के. खंडेलवाल और अपूर्व कुमार सिंह हैं।

- के.के. खंडेलवाल हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी गुरुग्राम के चेयरमैन और अपूर्व कुमार सिंह नगर एवं आयोजना विभाग के प्रधान सचिव हैं।
- इस पुस्तक में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए बनाए गए कानून का विस्तृत विवरण दिया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://prharyana.gov.in/hi/node/45362

पुस्तक-भारत में उद्यमिता

प्रश्न-'भारत में उद्यमिता' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(a) शांता कुमार(b) भरत झुनझुनवाला(c) रघुराम राजन (d) कलराज मिश्र
उत्तर—(d)
संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2020 को उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने पुस्तक-'भारत में उद्यमिता' का विमोचन किया।
- इस पुस्तक के लेखक राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र हैं।इस पुस्तक से नव उद्यमी उद्यमिता के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा संचालित विशेष योजनाओं व सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली विशेष सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।इस पुस्तक का प्राक्कथन पूर्व लोकसभा सदस्य शांता कुमार द्वारा लिखित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://vicepresidentofindia.nic.in/events

पुस्तक-कलकत्ता नाइट्स

प्रश्न-पुस्तक 'कलकत्ता नाइट्स' (मूल रूप से राटेर कोलकाता) का बंगाली भाषा से अंग्रेजी में अनुवाद किसने किया है?
(a) हिमांशु चौधरी(b) संदीप बनर्जी(c) रजत चौधरी (d) उपरोक्त में कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य



- 29 जनवरी, 2020 को पुस्तक 'कलकत्ता नाइट्स' (मूल रूप से राटेर कोलकाता) का अंग्रेजी में अनुवादित संस्करण नियोगी बुक्स ने प्रकाशित किया।बंगाली भाषा में लिखी गई इस पुस्तक का अंग्रेजी में अनुवाद रजत चौधरी ने किया है।प्रसिद्ध बंगाली लेखक हेमेंद्र कुमार रॉय द्वारा बंगाली भाषा में लिखी गई इस पुस्तक को वर्ष 1923 में प्रकाशित किया गया था।
- इस पुस्तक में रॉय ने तत्कालीन कलकत्ता के रहस्यों का उल्लेख किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ptinews.com/news/11182368_Book-reveals-Kolkata-s-best-kept-secrets.html

विविध

क्रशर एवं कन्वेयर सिस्टम की आधारशिला

प्रश्न-25 फरवरी, 2020 को केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने किस राज्य में स्थित नाल्को के खनन एवं रिफाइनरी परिसर में क्रशर एवं कन्वेयर सिस्टम की आधारशिला रखी?
(a) महाराष्ट्र (b) छत्तीसगढ़ (c) ओडिशा (d) झारखंड

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 25 फरवरी, 2020 को केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने ओडिशा में स्थित नाल्को के खनन एवं रिफाइनरी परिसर में क्रशर एवं कन्वेयर सिस्टम की आधारशिला रखी।
- इस परियोजना की संभावित पूर्णता अवधि अप्रैल, 2022 है।
- इसके निर्माण पर लगभग 483 करोड़ रुपये की लागत राशि आएगी।
- उल्लेखनीय है ओडिशा के कोरापुट जिले में स्थित पंचपटमाली बॉक्साइट खदान एशिया की सबसे बड़ी बाक्साइट खदान है।
- इस खदान में लगभग 310 मिलियन टन बॉक्साइट का भंडार है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199556

हिमाचल की पहाड़ी नस्ल की गाय

प्रश्न-नेशनल ब्यूरो ऑफ एनीमल जैनेटिक रिसोर्सेज ने हिमाचली पहाड़ी गाय का पंजीकरण 'हिमालयी पहाड़ी' के नाम से आधिकारिक नस्ल के रूप में किया है। पशुपालन विभाग ने इस गाय को किस नाम से पंजीकृत करवाने हेतु इस ब्यूरो के पास आवेदन किया था?
(a) गौरी(b) श्यामा(c) गौजरी (d) हिमाचली कामधेनु

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2020 को हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं पंचायती व पशुपालन मंत्री वीरेंद्र कंवर ने जानकारी प्रदान की कि हिमाचल की पहाड़ी नस्ल की गाय को नेशनल ब्यूरो ऑफ एनीमल जैनेटिक रिसोर्सेज ने देश की मान्यता प्राप्त नस्लों की सूची में शामिल कर लिया है।
- हिमाचली पहाड़ी गाय का पंजीकरण 'हिमालयी पहाड़ी' नाम से एक आधिकारिक नस्ल के रूप में किया गया है।
- जिससे अब यह नस्ल देसी नस्ल की अन्य गायों यथा-साहिवाल, रेड सिंधी, गिर जैसी नस्लों की श्रेणी में शामिल हो गई है।
- पशुपालन विभाग ने इस गाय को 'गौरी' नाम से पंजीकृत करवाने हेतु ब्यूरो के पास आवेदन किया था, किन्तु प्रदेश की यह देशी नस्ल पहाड़ी नाम से अत्यधिक प्रचलित होने के कारण इस नस्ल का नामकरण 'हिमाचली पहाड़ी' के रूप में किया गया है।

- मौजूदा समय में हिमाचली पहाड़ी गाय की संख्या 7.50 से 8 लाख से करीब आकलित की गई है।
- यह गाय मुख्यतः चंबा, मंडी, कुल्लू, कांगड़ा, सिरमौर और लाहौल-स्पीती जिलों में पाई जाती है।
- इसके अलावा उपरोक्त ब्यूरो द्वारा प्रदेश में पाई जाने वाली भैंस की विशेष नस्ल को भी मान्यता प्रदान की गई है, जिसे 'गौजरी' नाम दिया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.himachalpr.gov.in/OnePressRelease.aspx?Language=1&ID=16272

देश की पहली तैरने वाली जेटी और आव्रजन सुविधा केंद्र

प्रश्न-21 फरवरी, 2020 को कहां पर देश की पहली तैरनी वाली जेटी और आव्रजन सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया गया?

(a) हैदराबाद(b) कोलकाता(c) पुणे (d) पणजी
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 21 फरवरी, 2020 को केंद्रीय जहाजरानी राज्यमंत्री मनसुख मंडविया ने पणजी (गोवा) में देश की पहली तैरने वाली जेटी (Jetty) और आव्रजन सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया।
- जेटी राज्य के बंदरगाह विभाग के परिसर में मंडोवी नदी के तट पर, वहीं आव्रजन सुविधा केंद्र वास्को में क्रूज टर्मिनल पर स्थित है।
- देश की पहली तैरने वाली जेटी सीमेंट कंक्रीट से बनीं है।
- यह अंतर्देशीय जलमार्गों को बढ़ावा देगी।
- गोवा में ऐसे तीन जेटी और बनाएं जाएंगे।
- यह पर्यावरण अनुकूल है और इन्हें कम समय में बनाया जा सकता है।
- मोरमुगाओ बंदरगाह पर जहाजों के अड्डे पर आव्रजन केंद्र से विदेशी नागरिकों को क्रूज जहाजों पर पहुंचने पर मदद मिलेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/country-s-first-floating-jetty-inaugurated-in-goa-120022100689_1.html

धनुषकोडी में बनेगा एक नया प्रकाश स्तंभ

प्रश्न-हाल ही में धनुषकोडी में प्रकाश स्तंभ के निर्माण हेतु आधारशिला रखी गई। धनुषकोडी स्थित है- में उपरोक्त प्रश्न में रिक्त स्थान हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य उपयुक्त है?

(a) तमिलनाडु (b) कर्नाटक(c) केरल (d) आंध्र प्रदेश
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2020 को तमिलनाडु राज्य के धनुषकोडी (रामेश्वरम) में 50 मीटर ऊंचे प्रकाश स्तंभ (Lighthouse) की आधार-शिला रखी गई।
- यह प्रकाश स्तंभ 7 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा।
- इसे वहां एक पुराने चर्च के सम्मुख स्थापित किया जाएगा, जो वर्ष 1964 में यहां आए तीव्र चक्रवात के कारण नष्ट हो गया था।निगरानी के लिए प्रकाश स्तंभ (Lighthourse) के शीर्ष पर एक राडार भी स्थापित किया जाएगा।इस प्रकाश स्तंभ का संचालन पूर्ण रूप से सौर ऊर्जा (Solar energy) द्वारा किया जाएगा।
- प्रकाश स्तंभ मछुआरों का मार्गदर्शन करने के साथ-साथ पर्यटकों के आकर्षण के रूप में भी कार्य करेगा।
- नौसेना कमांड के लिए भी इस प्रकाश स्तंभ की बहुत उपयोगिता है।
- पर्यटकों के लिए इस प्रकाश स्तंभ में लिफ्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे इसके शीर्ष पर पहुंचकर रामेश्वरम द्वीप का मनोरम दृश्य देख सकेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/Madurai/minister-lays-stone-for-modern-lighthouse-at-dhanushkodi/article30852882.ece

बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र

प्रश्न-बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?
(a) फरवरी, 2020 में यूएई ने अपने इस संयंत्र में पहले रिएक्टर के लिए परिचालन लाइसेंस जारी किया।
(b) इस मंजूरी के साथ ही यूएई परमाणु ऊर्जा संयंत्र संचालित करने वाला पहला अरब देश बन गया है।
(c) इस संयंत्र का निर्माण कोरिया इलेक्ट्रिक पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा किया जा रहा है।
(d) इस संयंत्र के संचालन का अधिकार 25 वर्ष की अवधि के लिए नवाह एनर्जी कंपनी को प्रदान किया गया है।

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2020 को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अपने बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र (Barakah Nuclear Power PLant) में पहले रिएक्टर के लिए परिचालन लाइसेंस जारी किया।
- अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी में यूएई के प्रतिनिधि हमद-अल-काबी ने जानकारी प्रदान की कि राष्ट्रीय परमाणु नियामक द्वारा इस परमाणु केंद्र में 4 संयंत्रों में से पहले के लिए परिचालन लाइसेंस जारी करने हेतु मंजूरी प्रदान कर दी गई है।इस मंजूरी के साथ ही यूएई परमाणु ऊर्जा संयंत्र संचालित करने वाला पहला अरब देश बन गया है।इस परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कोरिया इलेक्ट्रिक पॉवर कॉर्पोरेशन (KEPCO) द्वारा अबूधाबी में किया जा रहा है।इस संयंत्र के संचालन का अधिकार 60 वर्ष की अवधि के लिए नवाह (Nawah) एनर्जी कंपनी को प्रदान किया गया है।बाराकाह परमाणु उर्जा संयंत्र के पूरा होने के बाद इसके चारों रिएक्टर की कुल उत्पादन क्षमता 56,000 मेगावॉट होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cnbc.com/2020/02/17/uae-gets-green-light-to-operate-the-arab-worlds-first-nuclear-power-plant.html

हिम्मत प्लस ऐप

प्रश्न-17 फरवरी, 2020 को दिल्ली पुलिस ने किस कैब प्रदाता के साथ मिलकर कैब में यात्रा करने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 'हिम्मत प्लस ऐप' लांच किया?
(a) ओला (b) उबेर(c) मेरु(d) मेगा
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2020 को दिल्ली पुलिस ने उबेर (Uber) के साथ मिलकर कैब में यात्रा करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु 'हिम्मत प्लस ऐप' लांच किया। इस ऐप को उन्होंने नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लांच किया। इस ऐप के माध्यम से आपातकालीन स्थिति में पुलिस मुख्यालय को संदेश भेजा जा सकता है, जिससे चालक या सवार की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त हो सकेगी और उन्हें तत्काल सहायता प्रदान करने हेतु पीसीआर वैन को भेजा जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://gadgets.ndtv.com/apps/news/delhi-lt-governor-launches-qr-code-scheme-safety-feature-for-commuters-on-himmat-plus-app-2089727

विश्व का सबसे छोटा सोने का सिक्का

प्रश्न-हाल ही में स्विट्जरलैंड के टकसाल में विश्व का सबसे छोटा सोने का सिक्का बनाया गया है, जिसे देखने के लिए मैग्निफाइंग ग्लास की जरूरत पड़ती है। इस सिक्के पर किसकी तस्वीर अंकित है?
(a) अल्बर्ट आइंस्टीन(b) न्यूटन(c) गैलीलियो (d) थॉमस अल्वा एडीसन
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2020 में स्विट्जरलैंड की सरकारी टकसाल ने विश्व का सबसे छोटा सोने का सिक्का लांच किया।
- विशेषताएं - इसका व्यास लगभग 2.96 मिलीमीटर है, जबकि वजन, 0.063 ग्राम है।इसे देखने के लिए एक विशेष मैग्नीफाइंग ग्लास की जरूरत पड़ती है।यह मैग्नीफाइंग ग्लास क्रेता को सिक्के के साथ ही उपलब्ध कराई जाएगी।सिक्के के एक पृष्ठ पर महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन की एक लोकप्रिय आकृति उकेरी गई है, जिसमें वह अपनी जीभ दिखा रहे हैं। स्विट्जरलैंड के टकसाल ने ऐसे 999 सिक्के ही बनाए है तथा प्रत्येक का क्रय मूल्य 199 फ्रैंक (14,624 रुपये) है, जिसमें मैग्नीफाइंग ग्लास की कीमत भी शामिल है।
- आइंस्टीन का स्विट्जरलैंड से जुड़ाव महान वैज्ञानिक आइंस्टीन का जन्म यद्यपि दक्षिणी जर्मनी के शहर उल्म में 1879 में हुआ था परंतु उन्होंने अपने जीवन का कुछ हिस्सा स्विट्जरलैंड में ही बिताया था।
- स्विस नागरिकता लेने के साथ ही उन्होंने अपने महान सिद्धांत (सापेक्षता का सिद्धांत) का प्रतिपादन भी बर्न (स्विट्जरलैंड की राजधानी) में ही किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/news/world/switzerland-mints-world-s-smallest-gold-coin-11579768628170.html

काशी-महाकाल एक्सप्रेस

प्रश्न-16 फरवरी, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र में अनेक परियोजनाओं के लोकार्पण, शिलान्यास और अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) प्रधानमंत्री ने तीसरे कॉर्पोरेट ट्रेन-महाकाल एक्सप्रेस को वाराणसी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
(b) यह ट्रेन तीन ज्योर्तिलिंग स्थलों वाराणसी, उज्जैन (महाकालेश्वर) और ओंकारेश्वर को जोड़ेगी।
(c) उन्होंने पड़ाव (चंदौली जिला) में नवनिर्मित पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्मृति स्थल का लोकार्पण किया और उसे राष्ट्र को समर्पित किया।
(d) स्मृति उपवन में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की रजत प्रतिमा (ऊंचाई 60 फीट) का अनावरण किया?

उत्तर—(d)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से तीसरी कॉर्पोरेटन ट्रेन-काशी महाकाल एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- यह ट्रेन तीन ज्योर्तिलिंग तीर्थ स्थलों वाराणसी, उज्जैन (महाकालेश्वर) और ओमकारेश्वर (इंदौर) को जोड़ेगी।
- प्रधानमंत्री ने पड़ाव (चंदौली जिला) में नवनिर्मित पंडित दीन दयाल स्मृति स्थल का लोकार्पण किया और उसे राष्ट्र को समर्पित किया।
- इसकी निर्माण लागत राशि 39.74 करोड़ रुपये है।
- साथ ही उन्होंने स्मृति उपवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की कांस्य प्रतिमा (ऊंचाई 63 फीट) का अनावरण किया।
- प्रधानमंत्री ने वाराणसी में 99709.56 लाख रुपये की लागत राशि की 34 परियोजनाओं का लोकार्पण किया।
- इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 19820.39 लाख रुपये की लागत राशि की 14 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया।
- इसी दिन प्रधानमंत्री ने वाराणसी में जंगमबाड़ी स्थित श्रीजगद्गुरु विश्वाराध्य गुरुकुल मठ के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम को संबोधित किया।
- उन्होंने इस मठ के मंच पर भी श्री सिद्धांत शिखामणि ग्रंथ के 19 भाषा में अनुवादित संस्करणों का विमोचन तथा श्रीसिद्धांत शिखामणि ग्रंथ के मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया।
- वाराणसी में स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय व्यापार सुविधा केंद्र में आयोजित 'काशी एक रूप अनेक' कार्यक्रम को भी संबोधित किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/files/5e496b8c-fba4-4c9d-a68c-5fa40af72573.pdf

सोनभद्र जिले में नई तहसील का सृजन

प्रश्न-11 फरवरी, 2020 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में सोनभद्र में किस नई तहसील के सृजन का निर्णय किया गया?

(a) घोरावल(b) रॉबर्सगंज(c) ओबरा(d) दुधि

उत्तर—(c)
संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2020 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में सोनभद्र जिले में नई तहसील 'ओबरा' के सृजन का निर्णय किया गया। इस नव सृजित तहसील का मुख्यालय ग्राम बिल्ली मारकुंडी में होगा।
- यह इस जिले में सृजित चौथी तहसील होगी।
- सोनभद्र जिले में पहले से सृजित 3 तहसीलें रॉबर्ट्सगंज घोरावल और दुदधी (Duddhi) हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sonbhadra.nic.in/notice/creation-of-new-tehsil-obra-in-sonbhadra-district/

दुनिया के सबसे पुराने बांस के जीवाश्म का शंकुधारी में परिवर्तन

प्रश्न-चुस्किया आक्सीफिला, जिसे गोंडवाना मूल के बांस का प्राचीनतम जीवाश्म माना जाता है, की खोज निम्न में से किस देश में हुयी थी?
(a) क्यूबा(b) संयुक्त राज्य अमेरिका(c) कनाडा (d) अर्जेंटीना

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- वर्ष 1941 में वर्णित अर्जेंटीना के पेटागोनिया से प्राप्त प्रारंभिक इयोसीन युग के एक पत्तेदार शाखा को अभी भी दुनिया के प्राचीनतम बांस के जीवाश्म और बांस के गोंडवाना मूल के लिए मुख्य जीवाश्म साक्ष्य के रूप में उद्धृत किया जाता है। इस जीवाश्म का नाम चुस्किया आक्सीफिला है।
- पैंसिलवानिया स्टेट यूनिवर्सिटी के डॉ. पीटर विल्फ द्वारा अर्जेंटीना के म्यूजिचो डी प्लाटा में रखे जीवाश्म के होलोटाइप नमूने का अध्ययन करने पर यह पता चला कि इस जीवाश्म बांस प्रकार के नोड्स, म्यान (Sheath) या लिगूल (Ligules) नहीं है। इस प्रकार यह जीवाश्म चुस्किया किसी अन्य बांस के सदस्य से मिलता जुलता नहीं है। डॉ. पीटर विल्फ की अध्ययन रिपोर्ट ओपेन एक्सेज जर्नल फाइटोकोच में प्रकाशित हुआ है।
- डॉ. विकल्फ के अध्ययन के अनुसार, जीवाश्म चुस्किया आक्सीफिला का संबंध कोनिफर जीनस रेट्रोफाइलम है।
- रेट्रोफाइलम वर्षा वन शंकुधर वृक्ष (Conifers) की जीवित छः प्रजातियों मे से एक है, जिसका निवास स्थान न्यूट्रोपिक्स एवं उष्ण कटिबंधीय पश्चिम प्रशांत है।
- ध्यातव्य है कि उत्तरी गोलार्द्ध में बांस के लिए सबसे पुराना माइक्रोफासिल साक्ष्य मध्य इयोसीन, जबकि अन्य दक्षिणी जीवाश्म प्लियोसीन से संबंधित हैं।
- डॉ. विल्फ के अनुसार, चुस्किया आक्सीफिला का लक्षण बांस के लक्षण से मेल नहीं खाते हैं, इसलिए उन्होंने इस जीवाश्म का नाम रेट्रोफाइलम ऑक्सीफाइलम रखा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.sciencedaily.com/releases/2020/02/200204091401.htm

पहला बुलेट प्रूफ बैलिस्टिक हेलमेट

प्रश्न-हाल ही में भारतीय सेना के एक मेजर ने बुलेटप्रूफ बैलिस्टिक हेलमेट का निर्माण किया है। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) बुलेट-प्रूफ बैलिस्टिक हेलमेट का निर्माण मेजर अनूप मिश्रा ने किया है।
(b) यह विश्व में पहला ऐसा बुलेट प्रूफ हेलमेट है, जो 10 मीटर की दूरी से एके-47 से चलाई गई गोली को रोकने में सक्षम है।
(c) इस हेलमेट को प्रोजेक्ट अभेद्य के तहत बनाया गया है।
(d) इससे पूर्व मेजर सुशांत बनर्जी ने बुलेट प्रूफ जैकेट का निर्माण किया था।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- भारतीय सेना के मेजर अनूप मिश्रा ने एक बुलेट प्रूफ बैलिस्टिक हेलमेट का निर्माण किया है।
- यह विश्व में पहला ऐसा बुलेट-प्रूफ हेलमेट है, जो 10 मीटर की दूरी से एके-47 से चलाई गई गोली को रोकने में सक्षम है।
- इससे पूर्व अनूप मिश्रा ने बुलेट-प्रूफ जैकेट का निर्माण किया था, जो स्नाइपर राइफल की गोलियों से सुरक्षा प्रदान कर सकती है।
- इस हेलमेट को प्रोजेक्ट अभेद्य के तहत बनाया गया है।
- अनूप मिश्रा भारतीय सेना के कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग (सीएमएस), पुणे में कार्यरत हैं।
- स्वदेशी सर्वत्र बुलेट प्रूफ जैकेट बनाने पर तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल विपिन रावत ने मेजर अनूप मिश्रा को आर्मी डिजाइन ऑफ ब्यूरो एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया था।
- कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग, पुणे एक प्रमुख सामरिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान कोर ऑफ इंजीनियर्स की मातृ संस्था है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/indian-army-major-develops-worlds-first-bulletproof-helmet-against-ak-47-bullets20200207194636

देश की पहली अंतर-शहर (**Inter-City**) इलेक्ट्रिक बस सेवा

प्रश्न-14 फरवरी, 2020 अ्को किन शहरों के बीच देश की पहली अंतर-शहर (Inter City) इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू हुई?

(a) नई दिल्ली और गुरुग्राम (b) मुंबई और पुणे (c) रांची और पटना (d) लखनऊ और कानपुर

उत्तर—(b)

संबंधित तथ्य

- 14 फरवरी, 2020 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मुंबई और पुणे के बीच देश की पहली अंतर-शहर (inter-city) इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत की।
- 43 सीटर क्षमता वाली लक्जरी इलेक्ट्रिक बस एक बार चार्ज होने पर 300 किमी. चलने में सक्षम है।
- इस बस का दोनों शहरों के बीच प्रतिदिन दो बार परिचालन किया जाएगा।

- मित्रा मोबिलिटी सॉल्यूशन द्वारा निर्मित बस का संचालन प्रसन्ना पर्पल मोबिलिटी सॉल्यूशंस द्वारा किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newdelhitimes.com/union-minister-nitin-gadkari-flags-off-indias-first-inter-city-electric-bus-service-between-mumbai-and-pune/

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक

प्रश्न-फरवरी, 2020 में किस संस्थान के शोधकर्ताओं द्वारा एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence: AI) तकनीक विकसित किए जाने का दावा किया गया है?
(a) आई.आई.टी., मुंबई(b) आई.आई.टी., कानपुर
(c) आई.आई.टी., मद्रास (d) प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद
उत्तर—(c)
संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2020 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के शोधकर्ताओं ने बोलने में असमर्थ लोगों की मदद के लिए मस्तिष्क संकेतों को भाषा में परिवर्तित करने के लिए एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक (AI Technology) विकसित की है।
- एआई तकनीक, मस्तिष्क के संकेतों को अंग्रेजी भाषा में बदलने हेतु उपयोगी सिद्ध होगी।
- एआई तकनीक, प्रौधे के प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया या बाह्य बलों के प्रति प्रतिक्रिया जैसे प्रकृति के संकेतों की संभावित व्याख्या कर सकते हैं।इस तकनीक द्वारा हमें मानसून, भूकंप, बाढ़, सूनामी और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी करने में मदद मिलेगी।
- ब्रेन सिग्नल आमतौर पर इलेक्ट्रिक सिग्नल होते हैं, जिन्हें AI तकनीक के माध्यम से सरल मानव भाषा के अर्थ में परिवर्तित किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/science/iit-madras-develops-ai-tech-to-convert-brain-signals-of-speech-impaired-humans-into-language/articleshow/73897183.cm

सबसे ऊंचे स्थान पर फैशन शो का रिकॉर्ड

प्रश्न-जनवरी, 2020 में किस देश ने सबसे अधिक ऊंचाई पर फैशन शो का आयोजन कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया?
(a) चीन (b) नेपाल(c) भारत (d) नार्वे
उत्तर—(b)
संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2020 में नेपाल ने सबसे अधिक ऊंचाई पर फैशन शो (माउंट एवरेस्ट फैशन नवे) का आयोजन कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।इस फैशन शो का आयोजन नेपाल पर्यटन बोर्ड की मदद से आरबी डायमंड एवं केएएसए फैशन वियर द्वारा किया गया था।इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया।

- यह फैशन शो नेपाल में एवरेस्ट के आधार शिविर काला पत्थर में किया गया था।
- इस फैशन शो में फिनलैंड, इटली, श्रीलंका और सिंगापुर समेत विश्व के कई देशों के मॉडलों ने हिस्सा लिया।
- गौरतलब है कि नेपाल पर्यटन बोर्ड ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'विजिट नेपाल ईयर 2020 'नाम से एक अभियान शुरू किया है।यह फैशन शो इसी अभियान का एक हिस्सा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/fashion-and-trends/nepal-sets-guinness-world-record-for-highest-altitude-fashion-show/story-8hxLtsONpoJSa8kNOlmySO.html

पर्वतारोहियों के लिए नीति

प्रश्न-31 जनवरी, 2020 को किस राज्य की सरकार ने माउंट एवरेस्ट सहित विश्व की 10 सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई करने वाले प्रदेश के पर्वतारोहियों के लिए एक नीति लागू करने का निर्णय किया है?
(a) उत्तराखंड (b) हरियाणा (c) हिमाचल प्रदेश (d) मध्य प्रदेश

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2020 को हरियाणा सरकार ने माउंट एवरेस्ट सहित विश्व की 10 सबसे ऊंची पर्वत चोटियों पर चढ़ाई करने वाले प्रदेश के पर्वतारोहियों के लिए एक नीति लागू करने का निर्णय किया है।
- यह निर्णय नई दिल्ली में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में किया गया है।
- इस बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, पर्वतारोहियों को 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और ग्रेट-सी खेल श्रेणीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।
- इससे पर्वतारोहियो को खेल कोटे के तहत सरकारी नौकरी प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.prharyana.gov.in/en/haryana-government-has-decided-to-implement-a-policy-for-mountaineers-from-haryana-who-scale-top-0

13वां अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (बांग्लादेश), 2020

प्रश्न-24-31 जनवरी, 2020 के मध्य 13वां अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (बांग्लादेश), 2020 कहां संपन्न हुआ?
(a) नई दिल्ली(b) अगरतला(c) गुवाहाटी (d) ढाका

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 24-31 जनवरी, 2020 के मध्य 13वां अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (बांग्लादेश), 2020 ढाका में संपन्न हुआ।इस महोत्सव के दौरान 39 देशों की कुल 179 फिल्मों को ढाका के पांच स्थानों पर प्रदर्शित किया गया।
- वर्ष 2008 में शुरू किया गया यह महोत्सव, बांग्लादेश के सबसे बड़े फिल्म समारोहों में से एक है।
- यह देश के बच्चों और युवा वयस्कों के लिए एक मात्र अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह भी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cfsbangladesh.org/festival2020

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला

प्रश्न-2 फरवरी, 2020 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किस जिले में 'मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला' का शुभारंभ किया?

(a) वाराणसी (b) लखनऊ (c) चंदौली (d) गोरखपुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2020 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंदौली जिले के नौगढ़ विकास खंड स्थित अमदहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से 'मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला' का शुभारंभ किया।
- एक साथ प्रदेश के सभी 4200 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इस मेले की शुरुआत की गई है।
- मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को आयोजित होगा।
- 2 वर्ष तक प्रत्येक रविवार को प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर योग चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श तथा दवाइयां प्रदान की जाएंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/files/5e36d78a-1908-4fa7-868a-761b0af72573.pdf

सरदार वल्लभभाई पटेल केंद्र

प्रश्न-29 जनवरी, 2020 को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुजरात के केवड़िया में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निकट सशक्तीकरण और आजीविका के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल केंद्र की आधारशिला रखी। इस केंद्र के विषय में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह केवड़िया में जनजातीय युवाओं के लिए एक आधुनिक कौशल विकास केंद्र होगा।

(b) इस आवासीय केंद्र में एक समय में लगभग 200 युवाओं के ठहरने सहित सभी आधुनिक बुनियादी ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

(c) यह केंद्र राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे के अनुसार निःशुल्क कौशल पाठ्यक्रम संचालित करेगा।

(d) इस केंद्र की स्थापना 15 करोड़ रुपये के निवेश से जीएमआर वारालक्ष्मी फाउंडेशन, सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड के साथ मिलकर करेगा।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 जनवरी, 2020 को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुजरात के केवड़िया में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निकट सशक्तीकरण और आजीविका के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल केंद्र (Sardar Vallabhbhai Patel Centre for Empowerment and Livelihoods) की आधारशिला रखी।
- यह इस जनजातीय क्षेत्र में जनजातीय युवाओं के लिए एक अत्याधुनिक कौशल विकास केंद्र होगा।

- इस आवासीय केंद्र में एक समय में लगभग 100 युवाओं के ठहरने सहित सभी आधुनिक बुनियादी ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।
- यह केंद्र राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे के अनुसार निःशुल्क कौशल पाठ्यक्रम संचालित करेगा।
- इस केंद्र में प्रारंभ में अधिकांश कार्यक्रम केवड़िया के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने पर केंद्रित होगा।
- इस केंद्र की स्थापना 15 करोड़ रुपये के निवेश से जीएमआर वारालक्ष्मी फाउंडेशन, सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड के साथ मिलकर करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=S-Jaishankar-lays-foundation-stone-of-Sardar-Vallabhbhai-Patel-Centre-at-Kevadia-in-Gujarat&id=379519